अधिकतम 21 डिग्री से.
न्यूनतम 09 डिग्री से.
सूर्योदय 7.15
सूर्यास्त 5.24
सोना 24 कैरेट: 1,34,660.00
चांदी (प्रति किलो): 2,08,000
सेंसेक्स : 84,559.65
अमेरिका : 90.43
कैनेडियन : 65.56
आस्ट्रेलिया : 59.82

# दैनिक अर्थ प्रकाश

खबरों की विश्वसनीयता, हमारी पहचान

चंडीगढ़, हरियाणा, पंजाब, दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश से प्रकाशितः हिमाचल, उत्तराखंड, बिहार, राजस्थान, छत्तीसगढ़ में भी प्रसारित




बातों बातों में मन की बात

उपाध्याय गुप्तिसागर मुनि

इन्सान सब कुछ कॉपी कर सकता है, लेकिन किस्मत और नसीब नहीं।


वर्ष 40 | चंडीगढ़, वीरवार, 18 दिसंबर, 2025 | पौष कृष्ण पक्ष: चतुर्दशी, विक्रमी संवत-2082 | www.arthparkash.com | YouTube/Arth Parkash TV | अंक: 348 | मूल्य 2.00 रुपये | पृष्ठ: 12


## न्यूज ब्रीफ

### पहलगाम आतंकी हमले में एनआईए ने दाखिल की चार्जशीट



**नई दिल्ली (अप्रस)।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पहलगाम हमले के मामले में 1,597 पन्नों की एक विस्तृत चार्जशीट दायर की है। यह चार्जशीट हमले के आठ महीने बाद दायर की गई। एनआईए अधिकारियों का कहना है कि चार्जशीट में ऐसे अहम सबूत हैं जो पाकिस्तान के शामिल होने की बात कह रहे है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने आतंकवादियों, हैंडलर्स और मास्टरमाइंड्स के नाम बताने के अलावा सभी ऑपरेशनल डिटेल्स भी लिस्ट किए हैं, लेकिन इस दस्तावेज का सबसे अहम पहलू पाकिस्तान से सीधा लिंक है, जिसे एजेंसी ने लिस्ट किया है। यह चार्जशीट भारत के लिए इंटरनेशनल कम्युनिटी में पाकिस्तान को फिर से बेनकाब करने के लिए एक अहम दस्तावेज का काम करेगी। एक अधिकारी ने कहा कि पाकिस्तान ने हमले में अपनी भूमिका से बार-बार इनकार किया है और कहा है कि भारत के आरोप बेबुनियाद हैं। जब भारत ने पहलगाम हमले का बदला लेने के लिए ऑपरेशन सिंदूर चलाया, तो पाकिस्तान ने भी हंगामा किया। जब पाकिस्तान ने आतंकी हमले की योजना बनाई, तो उसका इरादा साफ था। न सिर्फ वहां की सरकार घरेलू समस्याओं से ध्यान भटकाना चाहती थी, बल्कि वह जम्मू-कश्मीर में फलते-फूलते टूरिज्म इंडस्ट्री को भी नुकसान पहुंचाना चाहती थी। सरकार इस इंडस्ट्री को कुछ समय के लिए पटरी से उतारने में कामयाब रही, लेकिन आज यह फिर से पटरी पर आ गई है। इंटेलिजेंस ब्यूरो के एक अधिकारी ने कहा कि पाकिस्तान ने शुरू में यह कहकर हमले से पल्ला झाड़ने की कोशिश की कि इसे जम्मू-कश्मीर के स्थानीय लोगों ने अंजाम दिया था। अधिकारी ने कहा कि इसका मकसद कश्मीरियों के खिलाफ लोगों में गुस्सा भड़काना और जम्मू-कश्मीर और बाकी भारत को बांटना था। यह भी पाकिस्तान के लिए बहुत कम समय के लिए काम आया। एनआईए अधिकारियों का कहना है कि चार्जशीट में ऐसे अहम सबूत हैं जो पाकिस्तान को दोषी साबित करते हैं। ऑपरेशन महादेव वाली जगह से दो एंड्रॉयड मोबाइल बरामद किए गए। इसी मुठभेड़ के दौरान सुरक्षा एजेंसियों ने डाचीगाम में तीन पाकिस्तानी आतंकवादियों को मार गिराया था। एनआईए को अहम सबूत मिले जिससे यह साबित हुआ कि आतंकवादी पाकिस्तानी मूल के थे।




## पंजाब जिला परिषद-ब्लॉक समिति के रिजल्ट

# पंजाब निकाय चुनाव में 'आप' की आंधी

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** पंजाब में जिला परिषद और पंचायत समिति चुनावों के लिए वोटों की गिनती बुधवार सुबह 8 बजे कड़ी सुरक्षा के बीच शुरू हुई। राज्य भर में मतपत्रों की गिनती के लिए 154 केंद्र बनाए गए। जिला परिषद की 347 और ब्लॉक समिति की 2,838 सीटों के लिए जारी मतगणना में आम आदमी पार्टी (आप) सबसे बड़े दल के रूप में उभरकर सामने आई। अब तक घोषित परिणामों में 'आप' ने 1185 सीटों पर शानदार जीत दर्ज कर ली है। मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस 342 सीटों के साथ दूसरे स्थान पर है, जबकि शिरोमणि अकाली दल (शिअद) ने 244 सीटों पर जीत हासिल की है। भाजपा को अब तक 28 सीटे मिली है, जबकि अन्य के खाते में 78 सीटें गई। इन नतीजों ने स्पष्ट कर दिया है कि ग्रामीण इलाकों में सत्ताधारी दल की पकड़ मज़बूत बनी हुई है, हालांकि कई जिलों में अकाली दल और कांग्रेस ने भी कड़ा मुकाबला पेश किया है। खबर लिखे जाने तक वोटों की गिनती जारी थी।

गौरतलब है कि 14 दिसंबर को 22 जिला परिषदों के 347 जोन और 153 पंचायत समितियों के 2,838 जोन के सदस्यों को चुनने के लिए मतदान हुआ था। इसमें पूरे प्रदेश से 48 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया था।



### सर्वसम्मति से चुने गए 196 उम्मीदवार

वोटिंग से पहले ही जिला परिषद और ब्लॉक समिति के 196 उम्मीदवार बिना किसी विरोध के चुन लिए गए। इनमें जिला परिषद के 15 उम्मीदवार हैं। तरनतारन में 12 और अमृतसर में 3 उम्मीदवार को निर्विरोध चुनाव गया। जबकि, ब्लॉक समिति में 181 उम्मीदवार निर्विरोध चुने गए। इनमें तरनतारन में 98, अमृतसर में 63, होशियारपुर में 17, मलेरकोटला में 2 और एबीएस नगर में 1 शामिल हैं। सभी आम आदमी पार्टी (आप) से जुड़े हुए हैं।

### जालंधर में 94 जोन: आप 37, कांग्रेस 33 जोन में जीती

जालंधर में ब्लॉक समिति चुनाव के 94 जोन का रिजल्ट आ गया है। इसमें 37 सीट आम आदमी पार्टी को मिली हैं। कांग्रेस को 33, अकाली दल को 11, बसपा को 7 सीटें मिली हैं। इसके साथ की 7 उम्मीदवार निर्दलीय जीते हैं। जालंधर वेस्ट में आम आदमी पार्टी 19 जोन में 15 की सीटें जीतने में कामयाब रही। मेहतपुर में कांग्रेस ने उलटफेर करते हुए 15 में से 12 जोन में जीत हासिल की है।

### मोहाली में अकाली नेताओं का हंगामा

मोहाली के डेराबस्सी में काउंटिंग सेंटर में अकालियों ने हंगामा किया। उनका कहना था कि परगपुर जोन की वोटों में गड़बड़ी की गई है। अकाली नेता एनके शर्मा ने कहा कि बोहरा और बोहड़ी गांव की करीब 80 वोटों पर डबल स्टैंप लगी हुई है। खराब की गई ज्यादातर वोटें अकाली दल की हैं। शर्मा ने समर्थकों संग नारेबाजी भी की।

### आप ने दोबारा गिनती कराई तो अकाली उम्मीदवार की जीत का अंतर बढ़ा

काउंटिंग के दौरान मोगा ब्लॉक समिति के दौलतपुर जोन में रोचक स्थिति बन गई। यहां से अकाली दल (बादल) के उम्मीदवार गुरदर्शन सिंह 9 वोट से जीत गए। इस पर क्षउम्मीदवार ने रीकाउंटिंग की मांग कर दी। वोटों की दोबारा गिनती हुई तो अकाली दल की जीत का अंतर 9 से 34 वोट हो गया।

### लोगों ने मुझे फर्श से अर्श पर ला दिया। मैं उनका कर्जदार रहूंगा: सेखों



फिरोजपुर में पूर्व गैंगस्टर व समाज सेवी गुरप्रीत सेखों के आजाद ग्रुप ने जिला परिषद की 2 सीटें जीत ली हैं। उनकी पत्नी मनदीप कौर सेखों और कुलजीत कौर सेखों जिला परिषद का चुनाव जीती हैं। एक सीट पर साढ़े 8 हजार तो दूसरे पर साढ़े 3 हजार से जीत हुई। सेखों ने मीडिया से बातचीत में कहा कि लोगों ने मुझे फर्श से अर्श पर ला दिया। मैं उनका कर्जदार रहूंगा। अपना खून देकर भी कर्ज नहीं चुका सकता। सेखों की जीत इसलिए अहम है क्योंकि चुनाव प्रचार के दौरान पुलिस ने वोटरों को धमकाने का आरोप लगा उन्हें गिरफ्तार कर लिया था। इसके बाद हाईकोर्ट के आदेश पर उन्हें छोड़ा गया था।

### आप के दिग्गजों से गांव से हारी पार्टी

ब्लॉक समिति के चुनावों में आप के दिग्गजों को बड़ा झटका लगा है। सांसद गुरमीत सिंह मीत हेयर के गांव कुरड़ से आम आदमी पार्टी हार गई और अकाली दल की जसविंदर कौर जीत गई। संगरूर से विधायक विधायक नरिंदर कौर भराज के गांव भराज में भी आप हार गई। यहां कांग्रेस ने 25 वोटों से जीत हासिल की। प्रचार के दौरान भराज के 2 वीडियो वायरल हुए थे, एक में वह नेताओं को चेतावनी तो दूसरे में उनके करीबियों पर नशे बेचने जैसे आरोप लगा रहीं थीं। आप विधायक व पूर्व मंत्री कुलदीप सिंह धालीवाल के गांव के जगदेव कलां से आप के उम्मीदवार हार गए। कांग्रेस ने पोस्ट डालकर आप को तंज कसा है। कोटकपूरा से आप के विधायक और पंजाब विधानसभा के स्पीकर कुलतार संधवां के गांव संधवां से भी आम आदमी पार्टी ब्लॉक समिति का चुनाव हार गई। वहां से अकाली दल के उम्मीदवार महिंदर सिंह ने 171 वोटों से जीत हासिल की। हालांकि जिला संगरूर के ब्लॉक समिति चुनाव में ष्टरूभगवंत मान के गावं सतोज में आप को जीत मिली है।

## एक्शन में पंजाब पुलिस

# कबड्डी प्लेयर राणा बलाचौरिया का हत्यारा एनकाउंटर में ढेर

फायरिंग में 2 पुलिस कर्मी घायल, मास्टरमाइंड दिल्ली एयरपोर्ट से गिरफ्तार

2 शूटरों की फोटो आई सामने



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**मोहाली।** पंजाब के मोहाली में कबड्डी प्लेयर व प्रमोटर राणा बलाचौरिया की हत्या में शामिल एक आरोपी को पुलिस ने एनकाउंटर में ढेर कर दिया है। मोहाली में लालड़ू के नजदीक अंबाला हाईवे पर शूटर हरपिंदर सिंह उर्फ मिड्डू को पुलिस ने घेरा, तो पुलिस को देख उसने जिगाना पिस्टल से पुलिस पर फायरिंग कर दी। जिसमें 2 पुलिसवाले घायल हो गए। पुलिस की जवाबी फायरिंग में गोली लगने से उसकी मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक मरने वाले मिड्डू ने शूटरों को ग्राउंड सपोर्ट दिया था। मिड्डू तरनतारन जिले के नौशहरा पन्नुआं का रहने वाला था। वहीं इस मामले में कत्ल के मास्टरमाइंड एशदीप सिंह को भी दिल्ली एयरपोट से अरेस्ट कर लिया गया है। उसकी पूछताछ पर अमृतसर से जुगराज सिंह को पकड़ा गया है। वहीं इस मामले में आज सुबह ही दो शूटरों आदित्य कपूर और करण पाठक की फोटो सामने आई थी, जिन्होंने परफेक्ट प्लानिंग से बलाचौरिया का कत्ल किया था।

**मास्टरमाइंड की विदेश भागने की तैयारी थी: एसएसपी**

मोहाली के एसएसपी हरमनदीप हंस के मुताबिक एशदीप डोनी बल का हैंडलर और कोऑर्डिनेटर है। उसी ने मर्डर की योजना बनाई थी। कत्ल के बाद विदेश भागने के लिए वह टिकट भी बुक करवा चुका था। एसएसपी हरमनदीप हंस ने बताया कि जब मास्टरमाइंड एशदीप को पकड़ा गया तो पता चला कि वह 25 नवंबर को रूस से भारत आया था। यह पहले भी कई वारदातों में शामिल रहा है और बाहर जा चुका था। इसका डोनी बल के साथ सीधा संपर्क है। दो लड़के जोधा (इटली) और गुरलाल (यूएसए)डैनी बल के आदमी हैं और यह उनके संपर्क में था। आरोपी ने पूरी प्लानिंग के साथ बाहर जाने की तैयारी कर ली थी। 14 तारीख को इसने टिकट बुक करवा ली थी और 15 तारीख को प्लान पूरा होने के बाद यह दिल्ली के लिए निकला। 16 तारीख को सूचना मिलने पर इसे एयरपोर्ट से गिरफ्तार कर लिया गया। एसएसपी ने कहा कि जब एशदीप को पकड़ा गया तो कत्लकांड से जुड़े और लोगों के बारे में जानकारी मिली। इसके बाद अमृतसर से जुगराज सिंह नाम के एक और आरोपी को अमृतसर पुलिस के साथ मिलकर गिरफ्तार कर लिया गया। अब तक इस केस में दो लोग गिरफ्तार हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि पूरी पूछताछ में पता चला कि इस वारदात में पांच से छह लोग शामिल थे। इनमें दो एक्टिव शूटर थे, जबकि चार अन्य लोग उन्हें सपोर्ट कर रहे थे। इनमें से एक का आज एनकाउंटर हुआ है। यह आरोपी पांच से छह वारदातों में शामिल था और एक्टिव शूटरों को सपोर्ट कर रहा था।

## हरियाणा कैबिनेट बैठक का फैसला

# हांसी को 23वां जिला बनाने की दी मंजूरी

हांसी जिले में हांसी और नारनौंद विधानसभा क्षेत्रों के 110 गांव होंगे शामिल

जिले में 2 उपमंडल, 3 तहसील, 1 उप-तहसील और 3 ब्लॉक होंगे

अर्थ प्रकाश संवाददाता



चंडीगढ़, 17 दिसंबर हरियाणा कैबिनेट की आज यहां मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में हुई बैठक में हांसी को नया जिला बनाने की मंज़ूरी प्रदान की गई। इस निर्णय के साथ ही हांसी हरियाणा राज्य का 23वां जिला होगा। विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार की अध्यक्षता में गठित राज्य पुनर्गठन समिति ने 9 दिसंबर, 2025 को आयोजित अपनी बैठक में जिला हांसी के गठन को स्वीकृति देते हुए इसकी सिफारिश की थी, जिसे बाद में मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी द्वारा मंज़ूरी प्रदान की गई।

प्रस्तावित जिला हांसी में हांसी और नारनौंद विधानसभा क्षेत्रों के कुल 110 गांव शामिल किए जाएंगे, जो वर्तमान में हिसार जिले का हिस्सा हैं। नए जिले में दो उपमंडल होंगे-हांसी और नारनौंद-जिन्हें हिसार जिले से पृथक किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, प्रस्तावित जिले में तीन तहसीलें-हांसी, नारनौंद और बास-तथा एक उप-तहसील, खेड़ी जालब शामिल होगी। जिले में तीन ब्लॉक हांसी-1, हांसी-2 और नारनौंद भी होंगे। प्रस्तावित जिला हांसी का कुल भौगोलिक क्षेत्रफल लगभग 1,34,976 हेक्टेयर होगा तथा इसकी अनुमानित जनसंख्या लगभग 5,40,994 होगी। जिला हांसी के गठन के साथ ही हरियाणा में जिलों की कुल संख्या बढ़कर 23 हो जाएगी।

गौरतलब है कि नागरिक-केंद्रित सेवाओं तक बेहतर पहुंच सुनिश्चित करने, प्रशासनिक दक्षता बढ़ाने, अंतर-विभागीय समन्वय में सुधार तथा हांसी क्षेत्र के लोगों को सरकारी सेवाओं की प्रभावी और समयबद्ध उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से हिसार के उपायुक्त द्वारा यह प्रस्ताव हिसार मंडल आयुक्त के माध्यम से राज्य सरकार को भेजा गया था।

### हांसी और नारनौंद विस के अंतर्गत आने वाले गांव

1. हांसी शहर
2. अनीपुरा
3. बडाला
4. बांडा हेडी
5. बाडा जग्गा
6. बड़छपर
7. बास आजमशाहपुर
8. बास अकबरपुर
9. बास बादशाहपुर
10. बास खुर्द बिजान
11. भकलाना
12. भैणी अमीरपुर
13. भाटला
14. भाटोल जाटान
15. भाटोल रागडान
16. बीड हांसी
17. बुडाना
18. चानोत
19. डाटा
20. दयाल सिंह कॉलोनी
21. दैपल
22. धामियां
23. ढाणा खुर्द
24. ढाणा कलां
25. ढंढेरी
26. ढाणी ब्राह्मणान माजरा राजपुरा
27. ढाणी गुजरान
28. ढाणी केंदु
29. ढाणी कुम्हारान
30. ढाणी कुन्दनपुर
31. ढाणी पाल
32. ढाणी पीरान
33. खेड़ा रागडान
34. खेड़ी गगन
35. खेड़ी जालब
36. खेड़ी लोचब
37. खेड़ी रोज और खेड़ी श्योराण
38. किन्नर
39. कोथ कलां
40. कोथ खुर्द
41. कुलाना
42. कुम्भा
43. कुतुबपुर
44. लालपुरा
45. लोहारी राघो
46. मदन हेडी
47. माढा
48. मैहंदा
49. महजद
50. माजरा
51. मामनपुरा
52. मसूदपुर
53. मिलकपुर
54. मिर्चपुर
55. मोहला

शेष पेज-4 पर


# हरियाणा विधानसभा का शीतकालीन सत्र आज से

विधायक पूछेंगे साठ सवाल, कांग्रेस लाएगी अविश्वास प्रस्ताव

ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर स्पीकर आज लेंगे फैसला

सदन में पेश होंगे तीन विधेयक

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा का शीतकालीन सत्र गुरुवार से शुरू होने जा रहा है। विधानसभा की कार्यवाही सुबह 11 बजे शुरू होगी। विधानसभा की कार्यवाही दिवंगतों को श्रद्धांजलि भेंट करने तथा प्रश्नकाल से शुरू होगी। इस बीच कांग्रेस पूर्व निर्धारित योजना के तहत आज कई मुद्दों पर सदन में हंगामा कर सकती है। सरकार की तरफ से इसका जवाब देने की तैयारी की जा चुकी है।

बुधवार शाम चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई विधायक दल की बैठक में कांग्रेस के संभावित मुद्दों पर सरकार के जवाब को लेकर चर्चा की गई। कई ऐसे मुद्दे हैं, जिन्हें लेकर कांग्रेस तथा इनेलो ने एक जैसे ध्यानाकर्षण प्रस्ताव दिए हैं। सदन की कार्यवाही शुरू होने के बाद स्पीकर हरविंद्र कल्याण द्वारा चर्चा के लिए स्वीकार किए गए प्रस्तावों के बारे में सदन को बताया जाएगा। इसके अलावा कांग्रेस द्वारा लाए गए अविश्वास को लेकर भी स्पीकर सदन में जानकारी देंगे। इसके अलावा कांग्रेस कई मुद्दों पर काम रोको प्रस्ताव लेकर आई है। इस मुद्दे पर सदन में बहस होने की प्रबल संभावना है। स्पीकर काम रोको प्रस्ताव को ध्यानाकर्षण प्रस्ताव में बदल सकते हैं। इस बीच हरियाणा विधानसभा में सदन में पेश करने के लिए तीन विधेयकों को फाइल कर दिया है। इनमें हरियाणा पंचायती राज संशोधन विधेयक, हरियाणा दुकान तथा वाणिज्यिक प्रतिष्ठान संशोधन विधेयक तथा हरियाणा जन विश्वास विधेयक सदन में पेश किए जाएंगे।






## विकास

### हिमाचल की जनता को सुविधाएं देने की राज्य सरकार कर रही हर संभव कोशिश

# सीएम सुक्खू ने घुमारवीं विस को दी 69 करोड़ रुपए की विकासात्मक परियोजनाओं की सौगात

अर्थ प्रकाश/ देशराज



**धुमारवीं।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने बुधवार को ज़िला बिलासपुर के घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र के अपने एक दिवसीय प्रवास के दौरान जनता को लगभग 69 करोड़ रुपये के विकासात्मक कार्यों की सौग़ात दी। इनमें दो उद्घाटन तथा पांच शिलान्यास कार्य शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने 4.82 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित पुलिस थाना घुमारवीं तथा 3.67 करोड़ रुपये की लागत से सीर खड्ड में निर्मित चैक डैम एवं डाईक के कार्यों का उद्घाटन किया।

ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने टिक्करी हेलिपैड, घुमारवीं के समीप 6.08 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले बहुउद्देशीय खेल परिसर, पुलिस थाना, घुमारवीं में छह करोड़ रुपये की लागत से निर्मित होने वाले फैमिली क्वार्टर, 6.13 करोड़ रुपये की लागत से अपग्रेड होने वाली सात किलोमीटर लंबी अमरपुर-हड़सर-डाहड-जमन-घुमारवीं सड़क की आधारशिला रखीं। इसके अलावा उन्होंने 34.95 करोड़ रुपये की लागत से 31 किलोमीटर लंबी घुमारवीं-बरठीं-शाहतलाई सड़क के उच्चीकरण कार्य तथा बाड़ी मझेडवां में 6.80 करोड़ रुपये की लागत से सीर खड्ड के ऊपर बाड़ी मझेड़वां-डाहड-पनोल सड़क पर निर्मित होने वाले 68 मीटर जीप योग्य स्पैन पुल की आधारशिला भी रखीं।

इससे पूर्व, घुमारवीं पहुंचने पर लोगों ने मुख्यमंत्री का गर्मजोशी से स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने विभिन्न स्थानों पर लोगों से भेंट कर उनसे संवाद किया तथा उनकी समस्याएं भी सुनीं।

इस अवसर पर तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी, आयुष मंत्री यादविंद्र गोमा, मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्ठु, पूर्व विधायक तिलक राज और बंबर ठाकुर, डीआईजी राहुल नाथ, उपायुक्त राहुल कुमार, पुलिस अधीक्षक संदीप धवल, कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता, पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधि और गणमान्य उपस्थित थे।

# दशकों की प्रतीक्षा हुई खत्म: मेहंगोंवाल में टूटे पुल का निर्माण शुरू, 50 गांवों को मिलेगी राहत

**मान सरकार ने दिखाई संवेदनशीलता, जनता की सुरक्षा को बनाया प्राथमिकता**

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 17 दिसंबर।** पंजाब के मेहंगोंवाल क्षेत्र में एक ऐतिहासिक पहल करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत मान की सरकार ने दशकों से लंबित पड़े एक खतरनाक टूटे पुल के पुनर्निर्माण का कार्य शुरू कर दिया है। यह पुल लगभग 50 गांवों के निवासियों के लिए जीवन रेखा साबित होगा, जो सालों से इस टूटे हुए पुल के कारण गंभीर खतरों का सामना कर रहे थे। स्थानीय प्रशासन के अनुसार, यह परियोजना न केवल क्षेत्र की कनेक्टिविटी में सुधार करेगी, बल्कि हज़ारों ग्रामीणों की दैनिक यात्रा को सुरक्षित और सुगम बनाएगी।



इस पुल का निर्माण कार्य आम आदमी पार्टी की पंजाब सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों का एक और उदाहरण है। पिछले कई वर्षों से यह पुल जर्जर स्थिति में था और ग्रामीणों को रोजमर्रा की जरूरतों के लिए लंबे चक्कर लगाने पड़ते थे। स्थानीय लोगों के अनुसार, टूटे पुल के कारण आपातकालीन स्थिति में एंबुलेंस और अन्य वाहनों का आवागमन भी बाधित होता था। कई बार मरीजों को समय पर अस्पताल नहीं पहुंचाया जा सका, जिससे जान-माल का नुकसान हुआ। अब मान सरकार ने इस समस्या का स्थायी समाधान निकालते हुए पुल निर्माण को प्राथमिकता दी है।

मेहनगोवाल और आसपास के 50 गांवों के निवासियों ने इस पहल का स्वागत किया है और मुख्यमंत्री भगवंत मान की सराहना की है। स्थानीय पंचायत के प्रतिनिधियों ने कहा कि यह पुल कई दशकों से मरम्मत की मांग कर रहा था, लेकिन पिछली सरकारों ने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया। आम आदमी पार्टी की सरकार ने सत्ता में आते ही ग्रामीण क्षेत्रों के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने का संकल्प लिया था और यह परियोजना उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस पुल के निर्माण से न केवल यातायात सुगम होगा, बल्कि क्षेत्र के आर्थिक विकास को भी गति मिलेगी।

सरकारी सूत्रों के अनुसार, इस पुल निर्माण परियोजना में आधुनिक तकनीक और उच्च गुणवत्ता वाली सामग्री का उपयोग किया जा रहा है ताकि यह लंबे समय तक टिकाऊ रहे। निर्माण कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है और अनुमान है कि निर्धारित समय सीमा के भीतर यह पूरा हो जाएगा। स्थानीय ठेकेदारों और मजदूरों को भी इस परियोजना में रोजगार मिल रहा है, जिससे क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा मिल रहा है। सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि निर्माण कार्य के दौरान पर्यावरण संबंधी नियमों का पालन भी किया जाए।

पंजाब सरकार ने हाल के महीनों में ग्रामीण बुनियादी ढांचे के विकास पर विशेष ध्यान दिया है। मान सरकार ने सड़कों, पुलों, बिजली और पानी की आपूर्ति जैसी बुनियादी सुविधाओं को ग्रामीण क्षेत्रों में सुधारने के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं। मेहनगोवाल पुल परियोजना इसी व्यापक योजना का हिस्सा है। विशेषज्ञों का मानना है कि बुनियादी ढांचे में सुधार से पंजाब के ग्रामीण क्षेत्रों में जीवन स्तर में उल्लेखनीय सुधार आएगा और युवाओं के पलायन को भी रोका जा सकेगा।

स्थानीय निवासियों ने बताया कि पुराना पुल बरसात के मौसम में पूरी तरह से अगम्य हो जाता था, जिससे हजारों लोग अलग-थलग पड़ जाते थे। बच्चों को स्कूल जाने में कठिनाई होती थी और किसानों को अपनी उपज बाजार तक पहुंचाने में दिक्कतें आती थीं। अब नए पुल के निर्माण से इन सभी समस्याओं का समाधान हो जाएगा। ग्रामीणों ने कहा कि यह मान सरकार की जनहितैषी सोच का परिणाम है, जो धरातल पर दिखाई दे रहा है। महिलाओं और बुजुर्गों ने विशेष रूप से इस पहल की सराहना की है, क्योंकि उन्हें अब सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिलेगी।

आम आदमी पार्टी के स्थानीय विधायक ने इस मौके पर कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान ने हर गांव और हर नागरिक के विकास को प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा, 'यह पुल केवल ईंट और सीमेंट की संरचना नहीं है, बल्कि यह 50 गांवों के लोगों के सपनों और आकांक्षाओं को पूरा करने का माध्यम है। हमारी सरकार ने जनता से किए गए वादों को पूरा करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है।' उन्होंने आगे कहा कि पंजाब सरकार ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच की खाई को पाटने के लिए प्रतिबद्ध है और ऐसी कई परियोजनाएं पाइपलाइन में हैं।

### सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी इस पहल को सराहा

सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी इस पहल को सराहा है और कहा है कि यह दिखाता है कि सरकार जमीनी स्तर की समस्याओं के प्रति संवेदनशील है। एक स्थानीय शिक्षक ने कहा, 'दशकों से हम इस पुल की मरम्मत के लिए गुहार लगा रहे थे, लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया। मान सरकार ने हमारी आवाज सुनी और कार्रवाई की। यह वास्तविक जनतंत्र का उदाहरण है।' कई युवाओं ने सोशल मीडिया पर भी इस परियोजना की सराहना की है और कहा है कि यह पंजाब के विकास की दिशा में एक सकारात्मक कदम है। मेहनगोवाल पुल निर्माण परियोजना न केवल एक बुनियादी ढांचे का विकास है, बल्कि यह मान सरकार की उस सोच को दर्शाता है जो हर नागरिक को समान अवसर और सुविधाएं प्रदान करना चाहती है। यह परियोजना आने वाले समय में पंजाब के समग्र विकास में महत्वपूर्ण योगदान देगी। स्थानीय लोग पुल के जल्द पूरा होने की उम्मीद कर रहे हैं और सरकार से लगातार ऐसी जनकल्याणकारी योजनाओं की अपेक्षा रखते हैं। यह पहल साबित करती है कि जब सरकार जनता के प्रति संवेदनशील होती है, तो विकास स्वत: ही गति पकड़ लेता है।

# पंजाब में 'आप' का क्लीन स्वीप! जिला परिषद और ब्लॉक समिति चुनावों में दर्ज की प्रचंड जीत

**लोगों ने 'आप' सरकार के शासन के एजेंडे और जन-पक्षीय नीतियों पर लगाई मुहर: अमन अरोड़ा**

**यह फैसला हमारे काम और पंजाब के प्रति हमारी प्रतिबद्धता में लोगों के भरोसे की जीत है: अरोड़ा**

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 17 दिसंबर।** आम आदमी पार्टी (आप) पंजाब के अध्यक्ष अमन अरोड़ा ने जिला परिषद और ब्लॉक समिति चुनावों में पार्टी को बड़ा जनादेश देने के लिए पंजाब के लोगों का धन्यवाद किया। उन्होंने इस नतीजे को 'आप' सरकार के शासन और जन-पक्षीय नीतियों का स्पष्ट समर्थन बताया।

चंडीगढ़ में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पत्रकारों को संबोधित करते हुए अमन अरोड़ा ने पंजाब के लोगों को चुनावों के सफल आयोजन के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि 14 तारीख को हुए मतदान हाल के समय में सबसे शांतिपूर्ण और निष्पक्ष स्थानीय निकाय चुनावों में से एक थे, जो सुचारू रूप से और बिना किसी अप्रिय घटना के संपन्न हुए।

अरोड़ा ने कहा कि जिस तरह से नतीजे लगातार आ रहे हैं, उसके मुताबिक आम आदमी पार्टी के पक्ष में एकतरफा जनादेश साफ तौर पर दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि वह लोकतंत्र को मजबूत करने और सुशासन में विश्वास जताने के लिए सभी पंजाबियों को बधाई देते हैं।



उन्होंने 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, पार्टी नेताओं, विधायकों, उम्मीदवारों और खासतौर पर समर्पित वालंटियर्स को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह जीत 'आप' सरकार की पिछले कुछ सालों की कार्यप्रणाली और जमीनी स्तर पर वालंटियर्स की अथक मेहनत का नतीजा है।

जिला परिषद चुनावों में पूरे पंजाब के कुल 354 जोनों में से इस कॉन्फ्रेंस के दौरान 71 जोनों के नतीजे घोषित किए गए थे, जो आम आदमी पार्टी की मजबूत बढ़त को दर्शाते थे। 'आप' ने 60 जोनों में जीत दर्ज की, जो भारी बहुमत को दर्शाती है, जबकि कांग्रेस ने 7 जोन जीते। शिरोमणि अकाली दल ने 1 जोन, निर्दलीय उम्मीदवारों ने 2 और भाजपा ने 1 जोन में जीत हासिल की। अरोड़ा ने कहा कि घोषित जिला परिषद के लगभग 85त्न नतीजे 'आप' के पक्ष में आए हैं, जो पार्टी की नीतियों और नेतृत्व में लोगों के विश्वास को साफ दर्शाते हैं।

ब्लॉक समिति चुनावों में पूरे पंजाब के कुल 2,863 ब्लॉकों में से इस प्रेस कॉन्फ्रेंस तक 1,275 ब्लॉकों के नतीजे घोषित किए गए थे। 'आप' ने 867 ब्लॉकों में जीत हासिल की, जो घोषित नतीजों का लगभग 68त्न है। कांग्रेस ने 216 ब्लॉक, शिरोमणि अकाली दल ने 129, निर्दलीय उम्मीदवारों ने 63 और भाजपा ने 20 ब्लॉकों में जीत दर्ज की। इसे 'आप' की एकतरफा जीत करार देते हुए अमन अरोड़ा ने कहा कि हालांकि बैलेट पेपरों से गिनती एक धीमी प्रक्रिया है, लेकिन रुझान स्पष्ट तौर पर आम आदमी पार्टी और पंजाब सरकार की नीतियों की ओर पंजाब के झुकाव को दर्शाते हैं।

उन्होंने कहा कि पार्टी पिछले चार सालों के दौरान 'आप' सरकार द्वारा किए गए कामों को लेकर जनता की कचहरी में गई थी और पंजाब के लोगों ने सरकार के शासन पर मुहर लगा दी है।

### अरोड़ा ने मतदाताओं का धन्यवाद किया

अमन अरोड़ा ने मतदाताओं का उनके भरपूर समर्थन के लिए धन्यवाद किया और सभी विजेता जिला परिषद व ब्लॉक समिति सदस्यों को बधाई दी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि 'आप' पंजाब की उम्मीदों को पूरा करने के लिए ईमानदारी, पारदर्शिता और समर्पण के साथ काम करना जारी रखेगी।

## ट्रक से 847 पेटियां इनो चोरी, केस दर्ज

**जीरकपुर, 17 दिसंबर (अप्रस)।** पुलिस ने नालागढ़ निवासी एक ट्रक मालिक की शिकायत पर उसके ट्रक से 847 पेटियां इनो चोरी होने के मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

शिकायतकर्ता हिम्मत कुमार पुत्र कर्नैल सिंह निवासी गांव ढाणा, नालागढ़ ने बताया कि उसके पास एक ट्रक है, जिस पर उसने पंकज कुमार पुत्र मान सिंह निवासी गांव मंडोलू और मुकेश कुमार पुत्र देसराज निवासी गांव पतेली, जिला कांगड़ा को चालक के रूप में रखा हुआ है।

हिम्मत कुमार ने बताया कि 13 दिसंबर को उसने अपने ट्रक में इनो की 912 पेटियां लोड करवा कर बद्दी से राजपुरा के लिए रवाना किया था। ट्रक में जीपीएस सिस्टम लगा हुआ है।

15 दिसंबर को जीपीएस के जरिए ट्रक की लोकेशन ज़ीरकपुर-पटियाला रोड पर अजीजपुर टोल प्लाजा से आगे खड़ी दिखाई दी।

जब वह मौके पर पहुंचा तो ट्रक एक पेड़ से टकराया हुआ मिला और वहां दोनों चालक मौजूद नहीं थे। ट्रक में रखे सामान की जांच करने पर केवल 65 पेटियां ही पाई गईं। उसने आरोप लगाया कि अज्ञात चोर ट्रक से 847 पेटियां चोरी कर ले गए हैं।

पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# महाराजा रणजीत सिंह प्रैपरेटरी इंस्टीट्यूट ने किया पूर्व कैडेटों का अचीवर अवार्ड से सम्मान

**अमन अरोड़ा ने अचीवर अवार्ड प्राप्त करने वाले युवा अधिकारियों को बधाई दी**

**एमआरएसएएफपीआइ सशस्त्र बलों के लिए प्रमुख फीडर इंस्टीट्यूट के रूप में उभरा- मेजर जनरल अजय एच. चौहान**



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 17 दिसंबर।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार द्वारा युवाओं के सपनों को पंख लगाने की प्रतिबद्धता के तहत महाराजा रणजीत सिंह आर्म्ड फोर्सेज प्रैपरेटरी इंस्टीट्यूट (एमआरएसएएफपीआइ), एसएएस नगर ने अपने पूर्व कैडेटों की उपलब्धियों का जश्न मनाते हुए हाल ही में कमीशंड अधिकारी बने आठ कैडेटों को प्रतिष्ठित अचीवर अवार्ड से सम्मानित किया।

अचीवर अवार्ड समारोह के दौरान इस प्रतिष्ठित संस्था द्वारा 2025 में रक्षा सेवाओं में कमीशन प्राप्त करने वाले अपने आठ कैडेटों को मान्यता दी गई, जिनमें से सात कैडेटों ने नवंबर/दिसंबर 2025 में और एक कैडेट ने मार्च 2025 में कमीशन प्राप्त किया था। इन युवा अधिकारियों ने प्रशिक्षण अधीन कैडेटों से बातचीत करते हुए प्री-कमीशनिंग अकादमियों से अपने अनुभव साझा किए और कैडेटों को अपने प्रदेश तथा देश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया।

पंजाब के रोजगार उत्पत्ति, कौशल विकास एवं प्रशिक्षण मंत्री श्री अमन अरोड़ा ने अचीवर अवार्ड प्राप्त करने वाले आठ युवा अधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि उनकी सफलता पंजाब के अन्य युवाओं को भी रक्षा सेवाओं में सेवा निभाने तथा अपने देश और प्रदेश का नाम चमकाने के लिए प्रेरित करेगी।

महाराजा रणजीत सिंह आर्म्ड फोर्सेज प्रैपरेटरी इंस्टीट्यूट के निदेशक, मेजर जनरल अजय एच. चौहान, वीएसएम (सेवानिवृत्त) ने युवा अधिकारियों को उनके कमीशंड अधिकारी बनने पर बधाई दी और उम्मीद जताई कि एमआरएसएएफपीआइ में प्राप्त किये प्रशिक्षण उन्हें अपने करियर में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए एक लॉन्च पैड के रूप में काम करता रहेगा।

उन्होंने आगे कहा कि यह अनोखी संस्था, जो मुख्यमंत्री श्री भगवंत सिंह मान तथा रोजगार उत्पत्ति, कौशल विकास एवं प्रशिक्षण विभाग के कैबिनेट मंत्री श्री अमन अरोड़ा के नेतृत्व में पंजाब के युवाओं को रक्षा सेनाओं में शामिल होने के लिए उचित अवसर प्रदान कर रही है, को पंजाब सरकार द्वारा पूर्ण समर्थन दिया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि 2011 में शुरू हुई यह संस्था रक्षा बलों के लिए प्रमुख फीडर की भूमिका निभा रही है। अब तक इस संस्था के 278 कैडेट एनडीए तथा अन्य अकादमियों के लिए चुने जा चुके हैं जिनमें से 186 ने कमीशन भी प्राप्त कर लिया है। यहां यह भी बताया गया कि इस संस्था के 10 अन्य कैडेटों को एनडीए/अन्य अकादमियों के जॉइनिंग लेटर प्राप्त हो चुके हैं तथा 47 कैडेट अपने सर्विस सिलेक्शन बोर्ड (एसएसबी) इंटरव्यू के लिए तैयारी कर रहे हैं।

**DIRECTORATE OF SMALL SAVINGS, BANKING AND LOTTERIES, PUNJAB**

Draw Time: 04:00 PM ONWARDS DATE:17/12/2025

**RESULT OF PUNJAB STATE DEAR 50 BUSTER WEDNESDAY WEEKLY LOTTERY**

**MRP Rs 50/- Per Ticket**

1st Prize Amount (1) Rs. 25 Lakhs (On 5 digits with series)
(Seller Prize Amount Rs. 1 Lakh + Sub Stockist Prize Amount Rs. 25 Thousand, Total Prize Amount Rs. 26.25 Lakhs)

B 65337

2nd Prize Amount (25) Rs. 9,000/- (On 5 digits)
(Seller Prize Amount Rs. 900/-, Sub Stockist Prize Amount Rs. 100/-, Total Prize Amount Rs.10,000/- each)

52395 57257 64628 92181 94855

3rd Prize Amount (50) Rs. 4,000/- (On Last 4 digits)
(Seller Prize Amount Rs. 500/-, Sub Stockist Prize Amount Rs. 100/-, Total Prize Amount Rs. 4,600/- each)

0867 9966

4th Prize Amount (125) Rs. 2,000/- (On last 4 digits)
(Seller Prize Amount Rs. 200/-, Sub Stockist Prize Amount Rs.50/-, Total Prize Amount Rs. 2,250/-each)

0868 2972 3450 5288 7100

5th Prize Amount (125) Rs. 1000/- (On last 4 digits)
(Seller Prize Amount Rs. 100/-, Sub Stockist Prize Amount Rs. 50/-, Total Prize Amount Rs. 1,150/-each)

4081 6617 8008 8364 9162

6th Prize Amount (125) Rs. 500/- (On last 4 digits)
(Seller Prize Amount Rs. 50/-, Sub Stockist Prize Amount Rs. 20/-, Total Prize Amount Rs.570/- each)

2050 2488 8277 9534 9709

7th Prize Amount (17,500) Rs. 100/- (On last 4 digits)
(Seller Prize Amount Rs. 10/-, Sub Stockist Prize Amount Rs. 5/-, Total Prize Amount Rs.115/- each)

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 0008 | 0014 | 0015 | 0016 | 0030 | 0035 | 0043 | 0054 | 0068 | 0079 |
| 0095 | 0096 | 0189 | 0193 | 0196 | 0206 | 0209 | 0212 | 0222 | 0236 |
| 0275 | 0294 | 0338 | 0346 | 0358 | 0375 | 0396 | 0404 | 0422 | 0429 |
| 0434 | 0440 | 0449 | 0455 | 0465 | 0472 | 0477 | 0486 | 0491 | 0505 |
| 0516 | 0533 | 0558 | 0578 | 0603 | 0607 | 0608 | 0644 | 0680 | 0681 |
| 0686 | 0707 | 0726 | 0742 | 0750 | 0775 | 0797 | 0817 | 0829 | 0854 |
| 0858 | 0859 | 0875 | 0877 | 0879 | 0891 | 0915 | 0923 | 0925 | 0933 |
| 0937 | 0938 | 0979 | 0983 | 0984 | 0997 | 0999 | 1007 | 1030 | 1031 |
| 1032 | 1068 | 1094 | 1100 | 1107 | 1119 | 1130 | 1131 | 1144 | 1210 |
| 1220 | 1228 | 1275 | 1315 | 1317 | 1343 | 1361 | 1378 | 1384 | 1388 |
| 1394 | 1438 | 1452 | 1461 | 1470 | 1526 | 1540 | 1582 | 1607 | 1622 |
| 1642 | 1665 | 1667 | 1680 | 1688 | 1690 | 1704 | 1712 | 1719 | 1720 |
| 1734 | 1739 | 1749 | 1768 | 1772 | 1774 | 1782 | 1786 | 1793 | 1824 |
| 1840 | 1853 | 1865 | 1871 | 1872 | 1884 | 1894 | 1930 | 1943 | 1958 |
| 1977 | 1995 | 2025 | 2038 | 2042 | 2057 | 2058 | 2068 | 2081 | 2083 |
| 2085 | 2097 | 2100 | 2117 | 2123 | 2125 | 2135 | 2146 | 2162 | 2164 |
| 2171 | 2174 | 2207 | 2219 | 2234 | 2249 | 2253 | 2256 | 2262 | 2306 |
| 2317 | 2329 | 2350 | 2385 | 2410 | 2436 | 2437 | 2449 | 2468 | 2475 |
| 2487 | 2499 | 2506 | 2508 | 2521 | 2526 | 2536 | 2539 | 2562 | 2564 |
| 2566 | 2600 | 2601 | 2612 | 2625 | 2646 | 2648 | 2655 | 2687 | 2698 |
| 2703 | 2711 | 2737 | 2740 | 2742 | 2754 | 2760 | 2789 | 2799 | 2834 |
| 2837 | 2848 | 2864 | 2874 | 2876 | 2884 | 2885 | 2894 | 2900 | 2918 |
| 2951 | 2987 | 3010 | 3013 | 3039 | 3044 | 3053 | 3057 | 3061 | 3083 |
| 3134 | 3207 | 3218 | 3226 | 3230 | 3315 | 3317 | 3361 | 3363 | 3365 |
| 3374 | 3379 | 3391 | 3407 | 3425 | 3434 | 3453 | 3468 | 3493 | 3495 |
| 3516 | 3519 | 3520 | 3528 | 3541 | 3546 | 3561 | 3588 | 3596 | 3598 |
| 3624 | 3645 | 3650 | 3651 | 3656 | 3709 | 3733 | 3736 | 3738 | 3741 |
| 3781 | 3785 | 3786 | 3821 | 3822 | 3859 | 3865 | 3870 | 3871 | 3874 |
| 3883 | 3891 | 3905 | 3932 | 3947 | 3949 | 3950 | 3953 | 3960 | 3969 |
| 3977 | 3982 | 3983 | 3985 | 4013 | 4020 | 4053 | 4056 | 4089 | 4110 |
| 4119 | 4120 | 4129 | 4137 | 4146 | 4170 | 4172 | 4180 | 4223 | 4226 |
| 4252 | 4264 | 4267 | 4331 | 4336 | 4339 | 4352 | 4367 | 4371 | 4381 |
| 4384 | 4402 | 4421 | 4430 | 4444 | 4470 | 4516 | 4518 | 4589 | 4612 |
| 4614 | 4624 | 4643 | 4645 | 4646 | 4653 | 4687 | 4697 | 4716 | 4724 |
| 4729 | 4748 | 4757 | 4762 | 4771 | 4773 | 4781 | 4789 | 4795 | 4808 |
| 4812 | 4813 | 4814 | 4842 | 4849 | 4855 | 4865 | 4871 | 4872 | 4883 |
| 4940 | 4949 | 4954 | 4966 | 4977 | 5035 | 5038 | 5114 | 5119 | 5120 |
| 5125 | 5148 | 5150 | 5160 | 5173 | 5183 | 5196 | 5249 | 5256 | 5258 |
| 5271 | 5275 | 5279 | 5320 | 5334 | 5343 | 5389 | 5392 | 5404 | 5409 |
| 5413 | 5417 | 5449 | 5466 | 5485 | 5513 | 5514 | 5531 | 5562 | 5563 |
| 5579 | 5583 | 5586 | 5587 | 5595 | 5605 | 5664 | 5688 | 5712 | 5730 |
| 5739 | 5780 | 5799 | 5805 | 5820 | 5829 | 5842 | 5846 | 5851 | 5857 |
| 5863 | 5884 | 5908 | 5921 | 5933 | 5934 | 5938 | 5972 | 5978 | 5993 |
| 5999 | 6005 | 6014 | 6019 | 6022 | 6023 | 6027 | 6034 | 6051 | 6056 |
| 6077 | 6081 | 6084 | 6092 | 6096 | 6101 | 6118 | 6121 | 6144 | 6146 |
| 6148 | 6152 | 6174 | 6212 | 6214 | 6232 | 6267 | 6273 | 6288 | 6289 |
| 6293 | 6294 | 6296 | 6305 | 6333 | 6350 | 6378 | 6390 | 6396 | 6399 |
| 6403 | 6417 | 6418 | 6434 | 6446 | 6452 | 6478 | 6507 | 6529 | 6530 |
| 6572 | 6575 | 6604 | 6606 | 6623 | 6634 | 6654 | 6667 | 6673 | 6679 |
| 6705 | 6748 | 6758 | 6761 | 6763 | 6782 | 6800 | 6814 | 6815 | 6841 |
| 6843 | 6848 | 6854 | 6878 | 6887 | 6897 | 6901 | 6903 | 6916 | 6924 |
| 6942 | 6943 | 6950 | 6951 | 7001 | 7027 | 7033 | 7063 | 7078 | 7084 |
| 7095 | 7118 | 7138 | 7145 | 7173 | 7177 | 7190 | 7217 | 7223 | 7234 |
| 7249 | 7292 | 7307 | 7351 | 7367 | 7372 | 7374 | 7398 | 7413 | 7442 |
| 7444 | 7462 | 7501 | 7502 | 7527 | 7560 | 7570 | 7573 | 7608 | 7619 |
| 7620 | 7621 | 7634 | 7744 | 7762 | 7801 | 7805 | 7806 | 7814 | 7833 |
| 7863 | 7877 | 7882 | 7883 | 7886 | 7917 | 7918 | 7947 | 7955 | 7959 |
| 7980 | 8002 | 8007 | 8022 | 8030 | 8070 | 8086 | 8091 | 8098 | 8111 |
| 8128 | 8156 | 8163 | 8170 | 8189 | 8192 | 8199 | 8212 | 8215 | 8219 |
| 8223 | 8227 | 8248 | 8265 | 8315 | 8323 | 8338 | 8348 | 8356 | 8360 |
| 8386 | 8393 | 8396 | 8409 | 8449 | 8466 | 8474 | 8480 | 8531 | 8545 |
| 8548 | 8581 | 8592 | 8662 | 8663 | 8709 | 8761 | 8780 | 8798 | 8802 |
| 8834 | 8866 | 8872 | 8889 | 8909 | 8949 | 8955 | 8994 | 8998 | 9004 |
| 9006 | 9010 | 9022 | 9029 | 9041 | 9052 | 9087 | 9091 | 9100 | 9110 |
| 9116 | 9130 | 9151 | 9154 | 9176 | 9182 | 9186 | 9195 | 9232 | 9260 |
| 9286 | 9290 | 9295 | 9306 | 9332 | 9338 | 9346 | 9355 | 9372 | 9373 |
| 9392 | 9398 | 9444 | 9451 | 9455 | 9474 | 9491 | 9495 | 9525 | 9529 |
| 9560 | 9562 | 9571 | 9575 | 9579 | 9581 | 9611 | 9621 | 9635 | 9638 |
| 9642 | 9643 | 9651 | 9655 | 9662 | 9668 | 9676 | 9711 | 9725 | 9753 |
| 9760 | 9805 | 9813 | 9827 | 9900 | 9902 | 9907 | 9938 | 9942 | 9947 |

Issued by DIRECTORATE OF SMALL SAVINGS, BANKING AND LOTTERIES, PUNJAB
Kindly check the final result with Official Gazette Notification

# 'युद्ध नशों विरुद्ध' के 291वें दिन 5 किलो हेरोइन एवं 2 किलो अफीम सहित 103 नशा तस्कर काबू

**नशा छुड़ाने संबंधी प्रयासों के हिस्से के रूप में पंजाब पुलिस ने 42 व्यक्तियों को नशा छोड़ने का इलाज लेने के लिए राजी किया**

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 17 दिसंबर।** प्रदेश से नशों के पूर्ण उन्मूलन के लिए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों पर शुरू किए गए ÷युद्ध नशों विरुद्ध÷ के 291वें दिन पंजाब पुलिस ने आज 278 स्थानों पर छापेमारी की, जिसके बाद प्रदेश भर में 83 एफआईआर दर्ज करके 103 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया गया। इससे 291 दिनों में गिरफ्तार किए गए कुल नशा तस्करों की संख्या 40,591 हो गई है।



छापेमारी के परिणामस्वरूप गिरफ्तार किए गए नशा तस्करों के कब्जे से 5.03 किलोग्राम हेरोइन, 2.7 किलोग्राम अफीम, 1465 नशीली गोलियां/कैप्सूल एवं 2.6 लाख रुपये की ड्रग मनी बरामद की गई है।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने पुलिस कमिश्नरों, डिप्टी कमिश्नरों एवं एसएसपीज़ को पंजाब को नशा मुक्त प्रदेश बनाने के आदेश दिए हैं। पंजाब सरकार द्वारा नशों के विरुद्ध जंग की निगरानी के लिए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा की अगुवाई में 5 सदस्यीय कैबिनेट सब कमेटी भी गठित की गई है।

इस ऑपरेशन के दौरान 62 गजटेड अधिकारियों की निगरानी में 800 से अधिक पुलिस कर्मचारियों वाली 100 से अधिक पुलिस टीमों ने राज्य भर में 278 स्थानों पर छापेमारी की है। उन्होंने आगे बताया कि दिन भर चले इस ऑपरेशन के दौरान पुलिस टीमों ने 299 संदिग्ध व्यक्तियों की जांच भी की है।

बताने योग्य है कि पंजाब सरकार ने प्रदेश से नशों के उन्मूलन के लिए तीन-स्तरीय रणनीति - इन्फोर्समेंट, डी-एडिक्शन एवं प्रिवेंशन (ईडीपी) - लागू की गई है तथा पंजाब पुलिस ने इस रणनीति के हिस्से के रूप में आज 42 व्यक्तियों को नशा छोड़ने एवं पुनर्वास का इलाज लेने के लिए राजी किया है।

## बनूड़ प्रेस क्लब के अध्यक्ष भूपिंदर सिंह और पत्रकार राणा को सदमा, मां की मौत

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**बनूड़, 17 दिसंबर।** बनूड़ प्रेस क्लब के अध्यक्ष भूपिंदर सिंह भिंदा और पत्रकार रणजीत सिंह राणा को उस समय गहरा सदमा लगा, जब उनकी माता सुरिंदर कौर (77) का मंगलवार शाम को कैंसर की वजह से निधन हो गया। बड़ी संख्या में पहुंचे रिश्तेदारों, राजनीतिक, सामाजिक और धार्मिक संगठनों के नेताओं ने माता सुरिंदर कौर को आंसू भरी विदाई दी, जिनका अंतिम संस्कार आज वार्ड नंबर चार के श्मशान घाट में किया गया। इस मौके पर हलके के पूर्व विधायक हरदयाल सिंह कंबोज, सीनियर अकाली नेता साधु सिंह खलौर, नगर काउंसिल अध्यक्ष जगतार सिंह, बाबा दिलबाग सिंह बागा, बाबा गुरदेव सिंह, बसपा नेता जगजीत सिंह छड़बड़, शहरी कांग्रेस अध्यक्ष कुलविंदर सिंह भोला, पार्षद सोनी संधू, गुरप्रीत सिंह हनी, खुशविंदर सिंह नंबरदार, अवतार सिंह बबला, पार्षद लछमन सिंह चंगेरा, बोहड सिंह, वरिंदर लीला, हरविंदर सिंह, मास्टर राजिंदर सिंह राजा, कैप्टन जगजीत सिंह, नायब सिंह मनौली सूरत, सीपीएम नेता गुरदर्शन सिंह खासपुर, सरपंच सतपाल सिंह राजोमाजरा, आप ब्लॉक प्रेसिडेंट लकी संधू, सोनू बाजवा, एसपी स्वर्णजीत सिंह, पूर्व इंस्पेक्टर महिंदर सिंह, अजैब सिंह भट्टी, टिंकू खटरा और प्रेस क्लब बनूड़ के पदाधिकारियों ने पीड़ित परिवार के साथ दुख बांटा। माता सुरिंदर कौर की अंतिम प्रार्थना रविवार, 21 दिसंबर को गुरुद्वारा अकालगढ़ साहिब मेमोरियल बाबा बंदा सिंह बहादुर में दोपहर 12 से 1 बजे तक होगी।

# डेराबस्सी ब्लॉक समिति चुनाव: आम आदमी पार्टी ने मारी बाजी, 22 में से 12 सीटें जीतीं

अर्थ प्रकाश/चौहान

**डेराबस्सी, 17 दिसंबर।** ब्लॉक समिति चुनावों में आम आदमी पार्टी को भारी सफलता मिली। पार्टी ने 22 क्षेत्रों में से 12 सीटों पर अपने उम्मीदवारों को जीत दिलाई। कांग्रेस ने 8 सीटों पर जीत हासिल की, जबकि अकाली दल केवल 2 सीटों पर संतोष कर रहा। भाजपा और बसपा खाता खोलने में नाकाम रही। भाजपा पहली बार अपने दम पर ब्लॉक समिति चुनावों में उतरी थी और 22 में से 20 क्षेत्रों में उम्मीदवार खड़े किए थे।



**आम आदमी पार्टी के विजेता उम्मीदवार इस प्रकार हैं:** गीता रानी (समगौली), नवनीत सिंह (हंडेसरा), बलजीत कौर (पंडवाला), पुष्पा (परागपुर), जसविंदर कौर (जवाहरपुर), राज रानी (खेड़ी गुज़रां), प्रदीप कुमार (त्रिवेदी कैंप), परमजीत कौर (अमलाला), अलका रानी (चडियाला), मनजीत कौर (भागसी), सुरिंदर कौर (सरसीणी), मुकेश कुमार (गुरु नानक कॉलोनी)।

**कांग्रेस के विजेता उम्मीदवार:** बलकार सिंह (बासौली), सीमा देवी (कुड़ावाला), रघुबीर सिंह (मलकपुर), दलबीर सिंह (रानी माजरा), ऊधम सिंह (भांखरपुर), नसीब सिंह (जिओली), मोहन सिंह (खेलण), किर्पाल सिंह (धर्मगढ़)।

**अकाली दल के विजेता:** हरप्रीत कौर (झरमड़ी), गुरजीत सिंह (हमायूपुर)।

कांग्रेस क्षेत्रीय इंचार्ज दीपेन्दर सिंह ढिल्लों और उनके पुत्र उदैवीर सिंह ढिल्लों ने गिनती के दौरान अपने उम्मीदवारों का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी की दबंगई के बावजूद कांग्रेस के 8 उम्मीदवार विजयी रहे और यदि चुनाव पूरी तरह निष्पक्ष होते, तो कांग्रेस और अधिक सीटें जीत सकती थी।

अकाली दल के पूर्व विधायक एन.के. शर्मा ने कहा कि सरकार ने स्पष्ट हिदायत दी थी कि अकाली दल का कोई उम्मीदवार जीत न सके, बावजूद इसके पार्टी ने अच्छा प्रदर्शन किया। क्षेत्रीय विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने कहा कि डेराबस्सी क्षेत्र के इतिहास में यह पहली ब्लॉक समिति चुनावें थीं जो पूरी पारदर्शिता के साथ हुईं।

# नवजात बीमार बच्चों को चिकित्सा सुविधाओं से महरूम नहीं रहने दिया जाएगा: आरती सिंह राव

- पीजीआईएमएस रोहतक में 28 बेड का नियोनेटल आईसीयू आज हुआ शुरू
- पीजीआईएमएस से बाहर पैदा होने वाले नवजात शिशुओं को मिलेंगे आईसीयू बेड

अर्थ प्रकाश संवाददाता


फाइल फोटो

**चंडीगढ़, 17 दिसंबर।** हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि गरीब परिवारों के नवजात बीमार बच्चों को चिकित्सा सुविधाओं से महरूम नहीं रहने दिया जाएगा, प्रदेश सरकार राज्य के प्रत्येक बच्चे से लेकर बुजुर्ग तक स्वस्थ रखने के लिए प्रयासरत है। आज पीजीआईएमएस रोहतक के पीडियाट्रिक विभाग में 28 बेड की नियोनेटल आईसीयू की शुरुआत हो गई है। इससे गरीब तबके को विशेष लाभ होगा।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि अक्सर देखने में आता था कि जिन बच्चों का पीजीआईएमएस से बाहर जन्म होता है और किसी बीमारी के कारण उन्हें आईसीयू की जरूरत पड़ती थी तो यहां पर आईसीयू न होने के कारण नवजात शिशुओं और उनके परिजनों को काफी परेशानियों का सामना करना पडता था। काफी वर्षो से रोहतक पीजीआईएमएस में बाहरी नवजात शिशुओं के लिए आईसीयू की कमी महसूस की जा रही थी।

उन्होंने कहा कि पीजीआईएमएस में पूरे प्रदेश से मरीज आते हैं ऐसे में गरीब मरीजों के हितों को ध्यान में रखते हुए प्रदेश सरकार द्वारा अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस आईसीयू तैयार करवाया गया है। आज यह आईसीयू गंभीर नवजात शिशुओं की सेवा के लिए सौंप दिया गया हैं।

आरती सिंह राव ने बताया कि जो बच्चे समय से पहले पैदा हो जाते हैं, उनमें अक्सर देखा जाता है कि उनका वजन कम मिलता है और उन्हें सांस लेने में भी कई बार दिक्कत हो जाती है, जिसके चलते उन्हें नियोनेटल आईसीयू केयर की जरूरत पड़ती है। उन्होंने बताया कि इस नई सुविधा के शुरू होने से अब गंभीर रूप से बीमार बच्चों और नवजातों को इलाज के लिए निजी अस्पतालों या अन्य शहरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि पहले संस्थान में नियोनेटल आईसीयू बेड की सुविधा बहुत ही कम थी, जिस कारण एक महीने से छोटे बच्चों को भर्ती करने में काफी दिक्कतें आती थीं। अब आधुनिक मशीनों से लैस इस वार्ड में बच्चों को तत्काल और बेहतर उपचार मिलेगा।

पीजीआईएमएस रोहतक के कुलपति डॉ.एच.के. अग्रवाल ने 28 बेड के नियोनेटल आईसीयू का उद्घाटन करने के बाद जानकारी दी कि इसमें चिकित्सा जगत की सभी अत्याधुनिक मशीनें उपलब्ध करवाई गई हैं, जिसके लिए वे हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी तथा स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव का विशेष तौर पर धन्यवाद व्यक्त करते हैं।

डॉ अग्रवाल ने बताया कि आपातकाल विभाग में प्रतिमाह करीब 200 नवजात शिशु आते हैं जिन्हें आईसीयू की जरूरत पड़ती है। इस आईसीयू के शुरू हो जाने से प्रदेश में नवजात मृत्यु दर में भी काफी सुधार होगा जो कि राष्ट्र उत्थान के लिए बहुत बडी चीज है।

# पैंतालीस वीं वर्ष में भाजपा ने बना दिया पैंतालीस साल के नितिन नवीन को सुप्रीमो

- पीएम मोदी के एक निर्णय से विपक्ष सदमे में राजनीतिक जानकार सकते में

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन



**करनाल, 17 दिसंबर।** भारतीय जनता पार्टी अपनी स्थापना की पैंतालीस वीं वर्ष गांठ मना रही हैं। वहीं पर भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने 45 साल से कम उम्र के नेता नितिन नवीन को पार्टी की लीडशिप सौंप कर एक नए युग की शुरूआत की हैं। पार्टी की स्थापना पूर्व पीएम अटलविहारी वाजपेई और लाल कृष्ण आडवाणी की टीम ने की थी। भाजपा की वागडोर दूसरी पीढ़ी नेंद्र मोदी और अमित शाह के युवा हाथों में सौंप दी। उसके बाद अब पीएम औरपार्टी की लीडरशिप ने पार्टी की कमान पैंतालीस साल से कम उम्र के नितिन नवीन के हाथों में सौंप कर एक तीसरे युग की शुरूआत की हैं। हरियाणा में भी नई और युवा लीडरशिप के हाथों कमान सौंपने की तैयारी की जा रही हैं। संभावनहै कि हरियाणा में भी युवा हाथों में पार्टी की कमान दी जा सकती हैं। देश में जिस तरह भाजपा नई लीडरशिप को आगे ला रही है। उसके चलते पार्टी के काम काज में भी तेंजी आर रही हैं। कांग्रेस में लीडरशिप में ठहराव देखा जा रहा है। नई लीडरशिप को कांग्रेस में महत्व नहीं मिल रहा हैं। कांग्रेस को मात देने के लिए भाजपा में जिस तरह से सोशल इंजीनियरिंग के साथ अन्य संतुलन को लेकर नई रणनीति बना रही हैं। पार्टी जिस तरह से आम जनता द्वारा नापसंद नेताओं को हांशिए पर लाकर खड़ा कर रही हैं। उससे पार्टी को मजबूती मिली हैं। हरियाणा में मनोहर लाल को सीएम के पद से हटा कर नई पीढ़ी के नायाब सिंह सैनी को सीएम बना दिया। वही पर मध्यप्रदेश में शिवराज सिंह को हटा कर मोहन यादव को सीएम बना दिया जाता हैं। छत्तीसगढ़ और राजस्थान में नए चेहरों को सीएम के पद से नवाजा। भाजपा के इस कदम से विपक्ष भे सदमे में हैं। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष की दौड़ में मनोहरलाल, शिवराज सिंह चौहान जैसे बड़े चेहरे थे। नितिन नवीन का नाम कहीं पर भी नहीं था। नितिन कायस्थ हैं। जिसकी आवादी कम हैं। उसके बाद भी मोदी की टीम ने नितिन नवीन को पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया। भाजप की राजनीति में कायस्थों का अपना ही स्थान रहा हैं। भाजपा जिस तरह ये युवाओं के साथ नए चेहरों को आगे ला रही हैं। उससे राजनीतिक प्रेक्षक सकते में हैं। प्रधानमंत्री नेंद्र मोदी और केंद्रीय ग्रह मंत्री नेंद्र मोदी जिस तरह से चौंकाने वाले निर्णय लेते हैं उसके रहते उनके विरोधियों को संभलने का अवसर भी नहीं मिलता हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### बलबीर जौरासी किसान यूनियन के सर्वसम्मति से अध्यक्ष नियुक्त



**समालखा (अप्रस/मनदीप कुमार)।** नई अनाज मंडी स्थित दीनबंधु सर छोटू राम किसान भवन में किसान यूनियन के तत्वाधान में विशेष बैठक आयोजित की गई। जिसमें सर्व सम्मति से खंड समालखा बलबीर जौरासी कों किसानों नें प्रधान मनोनीत किया। वहीं नवनियुक्त प्रधान बलबीर जौरासी नें बताया कि संगठन ने मुझे जो विश्वास और जिम्मेदारी दी है, उसे मैं तन-मन-धन से निभाऊंगा और संगठन के सदस्यों को सफल बनाने के लिए हर संभव प्रयास करूंगा। उन्होंने कहा कि मेरा मुख्य उद्देश्य किसानों के अधिकारों की रक्षा, उनकी समस्याओं का समाधान और सरकार तक उनकी आवाज़ को मजबूती से पहुंचाना रहेंगा। पूरी तरह से किसानों के हित में कार्य करते हु हर स्तर पर उनकी लड़ाई लडूंगा। उन्होंने बताया कि बढ़ती महंगाई, खेती की लागत, न्यूनतम समर्थन मूल्य एमएसपी की अनिश्चितता, और सरकारी उपेक्षा जैसे मुद्दों पर गांव-गांव तक पहुंचाकर किसानों को जागरूक किया जाएगा। बैठक में किसानों के साथ मिलकर कार्य करने की शपथ ली और एकजुट होकर सभी रणनीति बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर बिजेन्दर आट्टा, राजबीर आट्टा, सतपाल रामचंद्र राजवीर कर्मवीर पालेराम धर्मवीर महा सिंह नरेश नरेंद्र अनिल राजकुमार सुरेंद्र आदि सहित अन्य गण मान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### मनरेगा मेट मजदूर संघ का प्रतिनिधि ने सौंपा विधायक को ज्ञापन



**जींद (अप्रस/रेखा)।** आज हरियाणा मनरेगा मेट मजदूर संघ का प्रतिनिधित्व मॉडल प्रतिनिधित्व मंडल विधायक उचाना श्री देवेंद्र अत्री से मिला और उन्होंने उन्होंने विधायक से मनरेगा बन्द कार्यों को दुबारा चालू करने व 266 मनरेगा कार्यों की सूची में सफाई के नए कार्य जुड़वाने मेटो का न्यूनतम वेतन लागू करने। करने के लिए विज्ञापन दिया और माननीय विधायक जी ने भी मुख्यमंत्री से बात करके जल्द दोबारा काम चालू करवाने का वादा किया इस मौके पर हरियाणा मनरेगा मेट मजदूर संघ के प्रदेश अध्यक्ष नवीन कुमार रंगा, राज्य सचिव रविंद्र कुमार, राज्य मीडिया प्रभारी जसविंदर सिंह, राज्य सह उपाध्यक्ष सुनीता, सलाहकार सिंदर सिंह, संयोजक बख्शी राम, संयोजक महावीर, बलवान, उचाना ब्लॉक प्रधान राम सिंह, उचाना ब्लॉक मीडिया प्रभारी रफीक, उचाना ब्लॉक सदस्य सुमन, उचाना ब्लॉक सचिव संदीप, संयोजक सतीश कुमार, सभी पदाधिकारीयो ने विधायक जी से मिलकर बहुत खुशी व्यक्त की और दोबारा काम करवाने की मांग पर विधायक जी की प्रशंसा की।

# संस्कारहीन गीत-संगीत से बचें और स्वस्थ मनोरंजन को अपनाएं: लाभ सिंह जांबा

अर्थ प्रकाश/कृष्ण प्रजापति

**पुंडरी, 17 दिसंबर।** जांबा गांव के सरपंच लाभ सिंह कान्यान ने मनोरंजन उद्योग में बढ़ते अश्लील और नशे को बढ़ावा देने वाले गीत-संगीत के प्रति गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि स्टेज शो और सार्वजनिक कार्यक्रमों में ऐसे गाने युवा पीढ़ी के मानसिक, नैतिक और सामाजिक विकास पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहे हैं। उनका कहना है कि यह केवल मनोरंजन नहीं बल्कि युवा मन पर नकारात्मक प्रभाव डालने वाला एक गंभीर सामाजिक मुद्दा बन चुका है। सरपंच लाभ सिंह जांबा ने कहा कि सरकार को चाहिए कि वह ऐसे कलाकारों और आयोजकों पर कड़ा कानून लागू करे जो समाज और युवा वर्ग को गलत दिशा में ले जा रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि मनोरंजन जगत में प्रतिभाशाली, संस्कारी और सकारात्मक संदेश देने वाले कलाकारों को बढ़ावा दिया जाना चाहिए, ताकि युवा पीढ़ी को सही मार्गदर्शन मिले और उन्हें रचनात्मक एवं सकारात्मक विकल्प मिल सकें। उन्होंने कहा कि यदि आवश्यक हुआ तो संबंधित विभागों को सख्त कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि स्टेज शो और सार्वजनिक कार्यक्रमों का स्तर सुधारा जा सके और समाज में नैतिकता और स्वस्थ मनोरंजन को बढ़ावा मिले। लाभ सिंह जांबा ने आयोजकों, सामाजिक संगठनों और आम जनता से अपील करते हुए कहा कि वे ऐसे कार्यक्रमों में सहयोग करें, जहाँ अश्लीलता और नशे को बढ़ावा देने वाले गीत-संगीत को जगह न मिले।

# ऑनलाइन ट्रांसफर नीति में संशोधन पर ग्राम सचिवों को बड़ी राहत

- एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष सुनील गोयत ने जताया पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार का आभार

अर्थ प्रकाश/कृष्ण प्रजापति



**पूंडरी, 17 दिसंबर।** हरियाणा सरकार द्वारा ऑनलाइन ट्रांसफर नीति में किए गए महत्वपूर्ण संशोधन से प्रदेशभर के ग्राम सचिवों को बड़ी राहत मिली है। इस नीति के तहत अब ग्राम सचिवों का तबादला जिला स्तर से हटाकर ब्लॉक स्तर पर किए जाने का निर्णय लिया गया है। इस फैसले का ग्राम सचिव एसोसिएशन ने स्वागत करते हुए इसे कर्मचारियों के हित में एक ऐतिहासिक कदम बताया है। ग्राम सचिव एसोसिएशन कैथल के जिलाध्यक्ष सुनील गोयत ने इस निर्णय के लिए हरियाणा के पंचायत मंत्री कृष्णा लाल पंवार का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पहले ऑनलाइन ट्रांसफर नीति के तहत सात वर्ष बाद जिला बदलने की बाध्यता थी, जिससे कर्मचारियों को पारिवारिक और सामाजिक स्तर पर काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। अब सरकार द्वारा इस शर्त को हटाकर केवल ब्लॉक परिवर्तन की व्यवस्था लागू करना एक सराहनीय और कर्मचारी हितैषी निर्णय है।

हरियाणा ग्राम सचिव एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष सुनील गोयत ने कहा कि इस मांग को लेकर ग्राम सचिव वेलफेयर एसोसिएशन लगातार प्रयासरत थी और हाल ही में एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने प्रदेश सरकार में पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार से मुलाकात करके इस समस्या से अवगत कराया था। मंत्री द्वारा कर्मचारियों की भावनाओं को समझते हुए तुरंत सकारात्मक निर्णय लिया गया, जिसके लिए ग्राम सचिव वर्ग उनका सदैव ऋणी रहेगा।

उन्होंने कहा कि यह फैसला न केवल प्रशासनिक कार्यों में स्थिरता लाएगा, बल्कि ग्राम सचिवों को अपने कार्यक्षेत्र में बेहतर ढंग से योजनाओं को लागू करने का अवसर भी देगा। इससे पंचायत व्यवस्था और अधिक मजबूत होगी तथा आम जनता को भी सीधा लाभ मिलेगा। अंत में ग्राम सचिव सुनील गोयत ने कहा कि ग्राम सचिव एसोसिएशन भविष्य में भी सरकार के साथ सहयोग करते हुए ग्रामीण विकास और पंचायत सशक्तिकरण के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करती रहेगी।

# युवाओं में उपभोक्ता जागरूकता, राष्ट्र निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम: डॉ. रोहित दत्त

**अम्बाला (अप्रस)।** गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज (जी.एम.एन. कॉलेज), अंबाला कैंट के अर्थशास्त्र विभाग एवं वाणिज्य विभाग द्वारा सीसिल कॉन्वेंट स्कूल, अंबाला कैंट में उपभोक्ता संरक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत एक उपभोक्ता जागरूकता व्याख्यान एवं क्विज प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, उपभोक्ता अधिकारों तथा उपभोक्ता कर्तव्यों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। क्विज प्रतियोगिता में सीसिल कॉन्वेंट स्कूल के विद्यार्थियों ने अत्यंत उत्साह एवं सक्रिय सहभागिता प्रदर्शित की। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए भूमिका अग्रवाल ने प्रथम स्थान, अर्शनूर सिंह ने द्वितीय स्थान तथा निर्भय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर जी.एम.एन. कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. रोहित दत्त ने इस गतिविधि के सफल आयोजन हेतु गतिविधि संयोजिका (कन्वीनर) सहायक प्राध्यापक गीति बिंद्रा, विभागाध्यक्ष, अर्थशास्त्र विभाग तथा सह-प्राध्यापक डॉ. सुरेंद्र कुमार कुंडू को बधाई दी।

# घुसपैठियों को चुन-चुनकर डिलीट करना ही एसआईआर: अनीता चौधरी

## आरोप- कांग्रेस की पॉलिसी घुसपैठियों को मतदाता सूची में शामिल करना है

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



**कैथल, 17 दिसंबर।** भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष अनीता चौधरी ने कांग्रेस पर एसआईआर के संचालन में बाधा डालने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि एसआईआर देश में पारदर्शी और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए जरूरी है, लेकिन कांग्रेस एसआईआर पर झूठा भ्रम फैलाकर जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि विपक्ष का असली मकसद अवैध घुसपैठियों को मतदाता सूचियों में बनाए रखना है जिसे भाजपा कभी भी पूरा नहीं होने देगी। जिलाध्यक्ष अनीता चौधरी ने यहां महिलाओं से बात करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की घुसपैठियों के लिए सख्त पॉलिसी डिटेक्ट, डिलीट और डिपोर्ट है। वही विपक्ष की पॉलिसी है घुसपैठियों को सामान्य बताकर मतदाता सूची में मान्यता देना है। अनुच्छेद 325 का प्रावधान है कि किसी भी पात्र मतदाता को मतदाता सूची से बाहर नहीं रखा जाए। अनुच्छेद 326 मताधिकार को परिभाषित करता है जिसकी पहली शर्त यह है कि मतदाता भारत का नागरिक होना चाहिए और विदेशी नहीं होना चाहिए। अनीता चौधरी ने कहा कि विपक्ष ने एक तरफा चार महीने से झूठ फैला रहा रखा है और देश की जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह तो अच्छा हुआ कि सदन में चुनाव सुधार पर चर्चा हो गई और कांग्रेस एवं इंडी गठबंधन का झूठ की पोल खुल गई। उन्होंने कहा कि मृत्यु होने या दो जगह पर मतदाता होने पर नाम काटना, 18 वर्ष की आयु होने पर नाम जोडना और घुसपैठियों को चुन-चुन कर डिलीट करना ही एसआईआर है। अनीता ने कहा कि मतदाता सूची का शुद्धिकरण करने का सीधा-सीधा मतलब है घुसपैठिये पीएम और सीएम का चुनाव कर, देश को असुरक्षित न बना पायें, इसीलिए मतदाता सूची का शुद्धिकरण जरूरी है और उसी का नाम एसआईआर है। इस मौके पर उनके साथ रमनदीप कौर, निधि मोहन, पूनम सौदा सहित अन्य महिलाएं भी उपस्थित थीं।

## गुरु गोबिंद सिंह, माता गुजर कौर और चार साहिबजादों की शहादत को किया नमन

# गुरबाणी की है अपरमपार महिमा: ज्ञानी मान सिंह

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**कैथल, 17 दिसंबर।** श्री दरबार साहिब के पूर्व हैड ग्रंथी सिंह साहिब ज्ञानी मान सिंह ने कहा कि गुरबाणी की महिमा अपरमपार है। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को नित्य नियम कर गुरबाणी की शिक्षाओं को जीवन में आत्मसात करना चाहिए। वे हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी द्वारा दशमेश पिता श्री गुरु गोबिंद सिंह जी महाराजा, माता गुजर कौर और चार साहिबजादों की शहादत को समर्पित गुरमत समागम में संगत का मार्गदर्शन कर रहे थे। गुरुद्वारा श्री नीम साहिब कैथल में करवाए गए समागम में हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के प्रधान जत्थेदार जगदीश सिंह झींडा, संयुक्त सचिव बलविंदर सिंह भिंडर, मैंबर बलदेव सिंह हाबड़ी, मेजर सिंह, गुरमेज सिंह, पूर्व मैंबर अंग्रेज सिंह, धर्म प्रचार के एडिशनल सैक्रेटरी परमजीत सिंह शेरगढ़, धर्म प्रचार प्रभारी प्रगट सिंह, गुरुद्वारा साहिब के मैनेजर हरकीरतन सिंह सहित भारी गिनती में संगत ने हाजिरी भरी। सरबंसदानी धन-धन साहिब श्री गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज, माता गुजर कौर और छोटे व बड़े साहिबजादों के शहीदी इतिहास का जिक्र करते हुए ज्ञानी मान सिंह ने साहिब श्री गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज द्वारा श्री आनंदपुर साहिब का किला छोडने और किला छोडने उपरांत दुश्मन के हमले से बचने के लिए कुशल युद्ध योजना तैयार करने का प्रसंग सुनाया। इसके साथ ही बड़े साहिबजादों के युद्ध कौशल के प्रसंग सुनाते हुए उन्होंने उनकी वीरता का इतिहास भी सुनाया। धर्म प्रचार के प्रचारक ज्ञानी बचित्तर सिंह और ज्ञानी साहिब सिंह ने भी सरबंसदानी श्री गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज, माता गुजर कौर और साहिबजादों के शहीदी इतिहास के प्रसंग सुनाए। समागम में ज्ञानी गुरप्रीत सिंह हजूरी रागी जत्थे ने भी शबद कीर्तन करते हुए संगत को गुरु इतिहास से जोड़ा। सहजधारी प्रदीप सिंह मदान व पंथ प्रसिद्ध ढाडी जत्था भाई गुरप्रीत सिंह लांडरा ने दशमेश पिता जी की महिमा का गुणगान किया।

# 34वीं हरियाणा मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पति-पत्नी राजेश खन्ना व दीपा खन्ना का शानदार प्रदर्शन

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन




**करनाल, 17 दिसंबर।** ताऊ देवी लाल स्टेडियम, सेक्टर-25, पंचकूला में 13 से 14 दिसंबर 2025 तक आयोजित 34वीं हरियाणा मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 50+ आयु वर्ग में राजेश खन्ना और दीपा खन्ना ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर करनाल का नाम रोशन किया। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हरियाणा भर से करीब 350 खिलाडि?ों ने भाग लिया। भारतीय वायुसेना से सेवानिवृत्त एवं अनुभवी एथलीट राजेश खन्ना ने प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 400 मीटर दौड़ में रजत पदक तथा 200 मीटर दौड़ में कांस्य पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। उल्लेखनीय है कि राजेश खन्ना इससे पहले भी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में पदक जीतकर देश-प्रदेश का नाम रोशन कर चुके हैं। वहीं उनकी धर्मपत्नी दीपा खन्ना, जो सेंट थेरसा कॉन्वेंट स्कूल, करनाल में शिक्षिका के रूप में कार्यरत हैं, ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए 400 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक तथा 200 मीटर एवं 100 मीटर दौड़ में रजत पदक अपने नाम किए। पति-पत्नी दोनों द्वारा एक ही प्रतियोगिता में पदक जीतना खेल जगत के लिए प्रेरणादायक उपलब्धि है। उनकी इस सफलता पर खेल प्रेमियों, विद्यालय प्रबंधन, सहकर्मियों एवं शहरवासियों ने दोनों को हार्दिक बधाई दी। दंपति ने अपनी सफलता का श्रेय निरंतर अभ्यास, अनुशासन और पारिवारिक सहयोग को दिया। यह उपलब्धि यह संदेश देती है कि दृढ़ इच्छाशक्ति और मेहनत से किसी भी आयु में उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं।

# प्रदेश में पीआर धान खरीद में हुआ 5 हजार करोड़ का घोटाला: रामपाल माजरा

## ओमप्रकाश चौटाला की पुण्यतिथि को लेकर लगाई कार्यकर्ताओं की ड्यूटियां

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



**कैथल, 17 दिसंबर।** आगामी 20 दिसंबर को तेजाखेड़ा फार्म पर चौ. ओमप्रकाश चौटाला की पुण्यतिथि मनाई जाएगी। इसको लेकर कैथल में बुधवार को इनेलो पार्टी कार्यालय में इनेलो प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा ने कार्यकर्ताओं की बैठक ली। यहां माजरा ने बताया कि प्रदेश भर से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता 20 दिसंबर को तेजाखेड़ा फार्म पर चौ. ओमप्रकाश चौटाला की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि देने पहुंचेंगे। यहां बैठक में कांग्रेस को झटका देते हुए दर्जनों लोगों दलवीर घराड़सी, जीताराम चंदलाना, कर्ण सिंह धनौरी, पवन भाणा, धर्मपाल मलिक खुराना आदि ने इनेलो पार्टी ज्वांइन की। यहां पत्रकार वार्ता में रामपाल माजरा ने कहा कि सरकार ने बीजेपी के ऐसे लोगों को सिक्योरिटी दी है जो कोई कंट्रोवर्सी में नहीं है, न ही उनकी जान को खतरा है। केवल जानबूझकर रौब जमाने के लिए ऐसे लोगों को सिक्योरिटी दी हुई है। यहां दिग्विजय चौटाला द्वारा डीजीपी को सुधर जाओ कहने के आरोपों पर माजरा ने कहा कि वो कुछ भी कह सकता है। इनेलो के प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा ने कहा कि मंडियों में किसानों की पीआर धान को एमएसपी से कम भाव में खरीदा गया। बीजेपी ने किसानों की आमदन दोगुणा करने का वादा किया था, अब किसानों की फसलों को एमएसपी पर नहीं खरीदा जा रहा है। किसानों को खाद और बीज के लिए लंबी लाइनों में लगना पड़ा, ब्लैक पर खाद की खरीद करनी पड़ी। प्रदेश में 30 लाख एकड़ में फसलें खराब हो गई, बावजूद इसके प्रदेश की मंडियों में नौ लाख मीट्रिक टन धान की ज्यादा आवक हो गई, इस बार झाड़ भी कम निकला है। माजरा ने कहा कि प्रदेश में पीआर धान खरीद में पांच हजार करोड़ रुपए का घोटाला हुआ है। अब सरकार भ्रष्ट अधिकारियों को बचाने में लगी है। इस अवसर पर इनेलो जिलाध्यक्ष अनिल तंवर क्योड?, पूंडरी हलका प्रधान सुरजीत पबनावा, गुहला हलका प्रधान बलकार बल्लू, कैथल हल्का प्रधान महावीर पट्टी अफगान, शशि भूषण वालिया, देवेंद्र पुजारी, ईश्वर मैहला, रामेश्वर पहलवान, सोनू वर्मा, बलराज नौच, भूप सिंह नैना, रघबीर शिमला, बलबीर मटौर, संजय कुराड़, प्रवीण किच्छाना, सन्नी चौशाला, सलिंद्र राणा, जसमेर तितरम पप्पू, सतीश गर्ग शहरी प्रधान, प्रवीण चौधरी, राजाराम माजरा, भूप सिंह नैना, राममेहर खुराना, इंद्र पाई सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

### अभय चौटाला को बदनाम करने का किया जा रहा है षडयंत्र: तंवर

इनेलो जिलाध्यक्ष अनिल तंवर क्योडक ने कहा कि प्रदेश में इनेलो का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है। प्रदेश में आए दिन लोग दूसरी पार्टियों को छोड़कर इनेलो में शामिल हो रहे हैं। इसलिए इनेलो नेता अभय सिंह चौटाला के खिलाफ दुष्प्रचार कर रहे हैं। पूर्व आईपीएस आरएस यादव ने पहले छित्तर मारने के आरोप लगाए और बाद में माफी मांगी। विधायक रामकुमार गौतम, सांसद रामचंद्र जागड़ा और पूर्व सांसद राजकुमार सैनी ने सोची समझी रणनीति के तहत अभय सिंह चौटाला को बदनाम करने का षडयंत्र किया लेकिन ये कामयाब नहीं हुए। उन्होंने कहा कि इनेलो की बढ़ती हुई लोकप्रियता को ये लोग पचा नहीं पा रहे हैं, इसलिए प्रदेश का भाईचारा भी खराब करने में लगे हैं।

## पैरी हत्याकांड मामले को दिल्ली पुलिस ने सुलझाया

# लारेंस गैंग के 5 शार्प शूटरों को किया गिरफ्तार

पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों से कुल 04 हथियार और गोला-बारूद बरामद

पैरी हत्याकांड के अलावा अन्य मामलों में चल रहे थे फरार

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी



**चंडीगढ़/दिल्ली।** दिल्ली स्पेशल सैल पुलिस ने पैरी हत्याकांड के अलावा अन्य मामलों में फरार चल रहे 5 शातिर शार्प शूटरो को किया गिरफ्तार कर एक बड़ी कामयाबी हासिल की है।पकड़े गए शूटरों की पहचान पंचकूला निवासी 28 वर्षीय पीयूष पिपलानी मुख्य शूटर,अंकुश सोलंकी,पंजाब के अमृतसर निवासी 30 वर्षीय गुवरबीर और अलग मामले में नारायणगढ़ निवासी 26 वर्षीय लवप्रीत सिंह, पंजाब के जिला तरनतारन के रहने वाले 29 वर्षीय संतोख उर्फ कपिल खत्री के रूप में हुई है।दिल्ली पुलिस के स्पैशल सैल के एसीपी धर्मेंद्र कुमार के नेतृत्व में उनकी टीम ने इस महत्वपूर्ण मामले को सुलझा है। दिल्ली स्पेशल सैल पुलिस के अनुसार पकड़े गए शूटर पीयूष पिपलानी जिसने 01 दिसंबर 2025 को सेक्टर 26 चंडीगढ़ में इंदरप्रीत सिंह उर्फ पैरी की हत्या में मुख्य शूटर था। जिसके खिलाफ थाना 26 में मामला दर्ज है। वही उक्त शूटर राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी सोनू नोल्टा की हत्या में भी मुख्य शूटर था। जिसने 05 जून 2025 को पिंजौर में हत्या की थी। जिसके खिलाफ थाना पिंजौर में भी मामला दर्ज है।शूटर पीयूष पिपलानी के खिलाफ कुल 6 मामले दर्ज पाए गए। जिसमें पंचकूला के थाना 5 में, हिमाचल के कसौली, बलदेव नगर हरियाणा, हरियाणा के जिला अंबाला मामले दर्ज है।शूटर अंकुश सोलंकी वह इंदरप्रीत सिंह ञ्च पैरी की हत्या में शूटरों में से एक था। इसके अलावा सोनू नोल्टा की हत्या में भी शूटर था। जिसके खिलाफ थाना पिंजौर में 4,हरियाणा के जिला कुरुक्षेत्र, पंचकूला के थाना 5 में भी मामले दर्ज पाए गए है।आरोपी कुंवरबीर वह इंदरप्रीत सिंह उर्फ पैरी की हत्या के मामले में वांटेड है।क्योंकि वह उस गाड़ी का ड्राइवर था। जिसमें पीयूष और अंकुश इंदरप्रीत सिंह उर्फ पैरी को मारने के लिए गए थे। जिसके खिलाफ पंजाब के जिला अमृतसर के थाना में 6 अलग अलग मामले दर्ज है। आरोपी लवप्रीत सिंह वह एक सक्रिय अपराधी है।जिसे हाल ही में जमानत पर रिहा किया गया।और वह आगे अपराध करने के लिए अर्जू और अनमोल बिश्नोई ड्ड हैरी बॉक्सर सिंडिकेट से जुड़े अपने साथियों के साथ शामिल हो गया था। जिसके खिलाफ पंजाब जिला बठिंडा और अमृतसर के थाना में दो अलग अलग मामले दर्ज है। आरोपी संतोख सितंबर 2025 में अमृतसर, पंजाब में लायन बार एंड रेस्टोरेंट के मालिक आशुतोष महाजन उर्फ आशु की हत्या में वांछित था।दिल्ली स्पेशल सैल के अतिरिक्त कमिश्नर की सुपरवीजन में इन गिरफ्तारियों के साथ, इंदरप्रीत सिंह पैरी,आशु महाजन और सोनू नोल्टा की कम से कम तीन सनसनीखेज हत्याओं में वांछित शूटरों को पकड़ लिया गया है। यह ऑपरेशन एक इनपुट मिलने के बाद शुरू हुआ कि इंदरप्रीत सिंह पैरी की हत्या में शामिल अपराधियों में से एक हाल ही में कानून प्रवर्तन एजेंसियों से बचते हुए दिल्ली के पहाड़गंज इलाके में आया था। पुलिस को गहन फील्डवर्क और गहन डेटा माइनिंग से इनपुट की पुष्टि करने में मदद मिली। साथ ही कार्रवाई योग्य सुराग भी मिले। पुलिस ने उसी पर धैर्यपूर्वक काम करते हुए आरोपी (1) कुंवरबीर सिंह, (2) कपिल, और (3) लवप्रीत सिंह उर्फ लव को रिंग रोड,शांति वन के पास से गिरफ्तार किया गया।जहाँ वे कुंवरबीर द्वारा पहले इस्तेमाल किए गए आवास की तलाश में आए थे। वही अलग मामले में संसाधनों की अतिरिक्त तैनाती और टेली-सेलेक्टरों की रियल टाइम निगरानी से एक और टीम दिल्ली के सराय काले खां बस स्टैंड इलाके में पहुँची, जहाँ से आरोपी पीयूष पिपलानी, और (5) अंकुश सोलंकी को गिरफ्तार किया गया। जब वे दिल्ली पहुँचे थे और पहले से ही पुलिस हिरासत में मौजूद अपने साथियों के साथ गैंग बनाने के लिए जा रहे थे। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों से कुल 04 हथियार और बड़ी मात्रा में गोला-बारूद बरामद किया गया है। शुरुआती पूछताछ के अनुसार, आरोपियों को सिंडिकेट से धमकी और जबरन वसूली कॉल के शिकार हुए कई लोगों में से, अभी तक अज्ञात टारगेट को अंजाम देने के लिए दिल्ली में एक साथ आने का निर्देश दिया गया था। इस तरह पुलिस की कार्रवाई से राष्ट्रीय राजधानी में एक संभावित जघन्य अपराध को रोका गया है।

जानकारी के अनुसार यूटी पुलिस ने दिल्ली पुलिस के स्पेशल सैल द्वारा पकड़े गए आरोपी पीयूष पिपलानी और अंकुश और अन्य को गाड़ी प्रोवाइड करवाने वाले खरड़ निवासी राहुल और पनाह देने वाले आरोपी लुधियाना निवासी सनी को लुधियाना के पास से गिरफ्तार किया था।तलाशी के दौरान आरोपी के पास देशी पिस्टल और कारतूस बरामद किया था। पूछताछ में पता चला कि सन्नी ने लारेश बिश्नोई के कहने पर पैरी की हत्या करने वाल शूटर पीयूष पिपलानी और अंकुश को अपने लुधियाना स्थित खभी कला गांव में ठहराया था। इसके अलावा उसने पैरी की हत्या में इस्तेमाल पिस्टल पीयूष पिपलानी और अंकुश को मुहैया करवाई थे। एक दिसंबर तक दोनों हत्यारे सन्नी के घर पर ठहरे थे। जांच में पता चला कि सन्नी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट समेत चार केस दर्ज हो रखे है। वह कई बार जेल जा चुका है। लारेश बिश्नोई गिरोह से सन्नी काफी समय से जुटा हुआ है।

पुलिस की टीम ने हत्यारे पीयूष पिपलानी और अंकुश को मुहैया को करेटा गाड़ी देने वाले आरोपी राहुल को खरड़ से गिरफ्तार किया था। राहुल ने ही हत्यारों को लुधियाना जाकर गाड़ी दी थी। पूछताछ में उसने बताया था कि गाड़ी लारेश बिश्नोई और हैरी बाक्सर के कहने पर गाड़ी मुहैया करवाई थी।

**क्या था मामला:** सैक्टर 33 निवासी इंद्रप्रीत सिंह पैरी की हत्या दो दिसंबर को टिंबर मार्केट में लारेश बिश्नोई ने पिजौर निवासी पीयूष पिपलानी और अकुश से करवाई थी। लारेंश बिश्नोई से बात करवाने के लिए पीयूष पिपलानी की गाड़ी में बैठकर इंद्रप्रीत सिंह को सैक्टर 26 टिंबर मार्केट ले गया था। वहां पर सात गोली मारने के बाद अंकुश के साथ करेटा गाड़ी से फरार हो गया था। पंचकूला में गाड़ी छोड?र दोनों पैदल ही फरार हो गए थे। जबकि पुलिस को क्रेटा गाड़ी अगले दिन सुबह पंचकूला ले पास पार्किंग में खड़ी मिली थी।सैक्टर 26 थाना पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज किया था। पैरी की हत्या की जिम्मेवारी लारेश बिश्नोई गिरोह के सदस्य हैरी बाक्सर ने ली थी। हत्या के पीछे सिप्पा मर्डर की रंजिश बताई जा रही थी। हत्या के बाद गोल्डी बराड़ और हैरी बाक्सर ने आडियो जारी कर एक दूसरे को मारने की धमकी दी थी।

# हरियाणा विधानसभा में कार्य सलाहकार समिति की बैठक सम्पन्न

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 17 दिसंबर।** हरियाणा विधान सभा की कार्य सलाहकार समिति की बैठक बुधवार को विस अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में आगामी शीतकालीन सत्र के कार्य एवं कार्यसूची पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।

इस दौरान सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि हरियाणा विधान सभा का शीतकालीन सत्र 18 दिसंबर से प्रारम्भ होकर 22 दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा। इस दौरान कुल 3 बैठकें होंगी। 20 और 21 दिसंबर को अवकाश रहेगा। सत्र में महत्वपूर्ण विधायी एवं जनहित से जुड़े विषयों पर चर्चा की जाएगी।

बैठक में मुख्यमंत्री नायब सिंह, ऊर्जा मंत्री अनिल विज, संसदीय कार्य मंत्री महिपाल ढांडा, सामाजिक न्याय, सशक्तिकरण, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण तथा अंत्योदय (सेवा) मंत्री कृष्ण कुमार, नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा तथा विधायक गीता भुक्कल उपस्थित रहे।

बैठक में विशेष आमंत्रित के रूप में विधान सभा उपाध्यक्ष डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा तथा विधायक सावित्री जिंदल भी शामिल हुईं।

कार्य सलाहकार समिति की बैठक में सत्र को सुचारू, सार्थक एवं जनहितकारी बनाने के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं एवं कार्य संचालन से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर भी चर्चा की गई।

## 'धान घोटाले' को लेकर भाकियू करेगी बड़े आंदोलन का आगाज : विक्रम कसाना

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 17 दिसंबर।** युवा भाकियू चढूनी हरियाणा प्रदेशाध्यक्ष अधिवक्ता विक्रम कसाना ने कहा कि धान खरीद और भुगतान प्रक्रिया में बड़े स्तर पर अनियमितताएं हुई हैं, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। भाकियू (चढूनी) ने इसे किसानों के हक पर सीधा हमला बताते हुए प्रदेशव्यापी आंदोलन का फैसला लिया है। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र की जाट धर्मशाला में भारतीय किसान यूनियन (चढूनी) की राज्यस्तरीय बैठक संपन्न हुई हुई, जिसमें प्रदेशभर से पहुंचे किसान नेताओं और पदाधिकारियों ने धान सीजन के दौरान किसानों के साथ हुई कथित बड़ी लूट पर गंभीर मंथन किया। बैठक का मुख्य केंद्र बिंदु रहा 'धान घोटाला', जिसे किसान संगठन ने प्रदेश का एक महा घोटाला करार दिया। कस्बे में बस स्टैंड के पास स्थित भाकियू कार्यालय में बातचीत करते हुए किसान नेता विक्रम कसाना ने कहा कि भाकियू (चढूनी) ने घोषणा की कि यह आंदोलन अगले दो महीनों तक चलेगा। इस दौरान प्रदेश के हर जिले में बड़े प्रदर्शन किए जाएंगे और सरकार पर दबाव बनाया जाएगा कि वह इस घोटाले पर तुरंत कार्रवाई करे। घोटाले में शामिल लोगों को किसी भी सूरत में बखशा नहीं जाऐगा और जब तक सरकार द्वारा दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में नहीं लाई जाऐगी भाकियू का आंदोलन जारी रहेगा। किसानों के हितों के लिए भाकियू कुर्बानी देने को तैयार है। भाकियू (चढूनी) किसान नेता विक्रम कसाना ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सरकार ने समय रहते कोई ठोस कदम नहीं उठाया, तो मार्च महीने में पिपली में एक बड़ी किसान महापंचायत आयोजित की जाएगी।

## विधायक सुरजेवाला ने धरने पर बैठकर की सफाई कर्मियों की आवाज बुलंद

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 17 दिसंबर।** नगर पालिका कर्मचारी संघ ब्लॉक कमेटी कैथल के बैनर तले सफाईकर्मियों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में कैथल से कांग्रेस विधायक आदित्य सुरजेवाला शामिल हुए और कर्मचारियों का समर्थन करते हुए भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। विधायक आदित्य सुरजेवाला ने धरने को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार कर्मचारियों के साथ भेदभाव और आक्रमण कर रही है। सफाईकर्मी शहर की सफाई व्यवस्था की रीढ़ हैं, लेकिन उनकी मांगों को लगातार अनदेखा किया जा रहा है। उन्होंने आश्वासन दिया कि विधानसभा सत्र में सफाईकर्मियों की समस्याओं को जोर-शोर से उठाया जाएगा और उनकी मांगों के लिए लड़ाई लड़ी जाएगी। नगर पालिका कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि उनकी मुय मांगें वेतन विसंगतियों का समाधान, पिछले 10 वर्षों से ईमानदारी से कार्य कर रहे 160 कच्चे सफाई कर्मचारियों का नया टेंडर तुरंत जारी किया जाए। जब तक नया टेंडर जारी नहीं होता, तब तक कम से कम 2 महीने की एप्रूवल दी जाए ताकि उनकी नौकरी बनी रहे और अन्य लंबित मुद्दों से जुड़ी हैं। धरना प्रदर्शन में बड़ी संख्या में सफाईकर्मी शामिल हुए और उन्होंने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। कर्मचारी नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि मांगें जल्द पूरी नहीं की गई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।


स्टोर्स ई-प्रॉक्योरमेन्ट

ई-प्रॉक्योरमेन्ट निविदा सूचना संख्या: S/32/2025-26, दिनांक: 15-12-2025. निम्नवर्णित कार्य हेतु अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

क्र.सं.:1. निविदा संख्या: 50/25/5015A/OT/192/2025-26;
बंद होने/खोलने की तिथि: 31-12-2025

संक्षिप्त विवरण : (1) विनिर्देश संख्या - आईआरएस : एस-63/2014 (रेव. 4) या नवीनतम के अनुसार आकार 12 कोर x 1.5 वर्ग मिमी कॉपर कंडक्टर वाली अंडरग्राउंड रेलवे सिग्नलिंग केबल या पीवीसी इंसुलेटेड आर्मर्ड, अनस्क्रीनड, अंडर ग्राउंड केबल की आपूर्ति। (वारंटी अवधि : डिलीवरी की तारीख से 30 महीने तक) यूवीएम आइटम रेफ़ : आइटम आईडी :- 3100054-3100054 - पीवीसी इंसुलेटेड आर्मर्ड, अनस्क्रीनड, अंडर ग्राउंड रेलवे सिग्नलिंग केबल, उप आइटम आईडी:- 3100054001 - पीवीसी इंसुलेटेड आर्मर्ड, अनस्क्रीनड, अंडरग्राउंड रेलवे सिग्नलिंग केबल। एसएसई/एसआईजी/आईडी/गुवाहाटी, एनएफआर (असम) के लिए मात्रा - 550.00 किलोमीटर। पी.एल. संख्या- 400500800289. (2) विनिर्देश संख्या - आईआरएस:एस-63/2014 (रेव. 4) या नवीनतम के अनुसार आकार 12 कोर x 1.5 वर्ग मिमी कॉपर कंडक्टर वाली अंडरग्राउंड रेलवे सिग्नलिंग केबल या पीवीसी इंसुलेटेड आर्मर्ड, अनस्क्रीनड, अंडर ग्राउंड केबल की आपूर्ति। (वारंटी अवधि : डिलीवरी की तारीख से 30 महीने तक) (आइटम आईडी :- 3100054 - पीवीसी इंसुलेटेड आर्मर्ड, अनस्क्रीनड, अंडरग्राउंड रेलवे सिग्नलिंग केबल, उप आइटम आईडी:- 3100054001 - पीवीसी इंसुलेटेड आर्मर्ड, अनस्क्रीनड, अंडरग्राउंड रेलवे सिग्नलिंग केबल)। एसएसई/सिलीगुड़ी जंक्शन, एनएफआर (पश्चिम बंगाल) के लिए मात्रा - 50 किलोमीटर। पी.एल. संख्या - 400500800290. (3) विनिर्देश संख्या - आईआरएस:एस-63/2014 (रेव. 4) या नवीनतम के अनुसार आकार 12 कोर x 1.5 वर्ग मिमी कॉपर कंडक्टर वाली अंडरग्राउंड रेलवे सिग्नलिंग केबल या पीवीसी इंसुलेटेड आर्मर्ड, अनस्क्रीनड, अंडर ग्राउंड केबल की आपूर्ति। (वारंटी अवधि : डिलीवरी की तारीख से 30 महीने तक) आइटम आईडी :- 3100054 - पीवीसी इंसुलेटेड आर्मर्ड, अनस्क्रीनड, अंडरग्राउंड रेलवे सिग्नलिंग केबल, उप आइटम आईडी:- 3100054001 - पीवीसी इंसुलेटेड आर्मर्ड, अनस्क्रीनड, अंडरग्राउंड रेलवे सिग्नलिंग केबल)। एसएसई/एसआईजी/बंगाईगांव, एनएफआर (असम) के लिए मात्रा - 6.00 किलोमीटर। पी.एल. संख्या - 539809411127. (4) विनिर्देश संख्या - आईआरएस:एस-63/2014 (रेव. 4) या नवीनतम के अनुसार आकार 12 कोर x 1.5 वर्ग मिमी कॉपर कंडक्टर वाली अंडरग्राउंड रेलवे सिग्नलिंग केबल या पीवीसी इंसुलेटेड आर्मर्ड, अनस्क्रीनड, अंडर ग्राउंड केबल की आपूर्ति। (वारंटी अवधि : डिलीवरी की तारीख से 30 महीने तक) आइटम आईडी :- 3100054 - पीवीसी इंसुलेटेड आर्मर्ड, अनस्क्रीनड, अंडरग्राउंड रेलवे सिग्नलिंग केबल, उप आइटम आईडी :- 3100054001 - पीवीसी इंसुलेटेड आर्मर्ड, अनस्क्रीनड, अंडरग्राउंड रेलवे सिग्नलिंग केबल। एसएसई/एसआईजी/गोवालपारा टाउन, एनएफआर (असम) के लिए मात्रा - 5.00 किलोमीटर। पी.एल. संख्या - 539809945078. (5) विनिर्देश संख्या - आईआरएस:एस-63/2014 (रेव. 4) या नवीनतम के अनुसार आकार 12 कोर x 1.5 वर्ग मिमी कॉपर कंडक्टर वाली अंडरग्राउंड रेलवे सिग्नलिंग केबल या पीवीसी इंसुलेटेड आर्मर्ड, अनस्क्रीनड, अंडर ग्राउंड केबल की आपूर्ति। (वारंटी अवधि : डिलीवरी की तारीख से 30 महीने तक) आइटम आईडी :- 3100054 - पीवीसी इंसुलेटेड आर्मर्ड, अनस्क्रीनड, अंडरग्राउंड रेलवे सिग्नलिंग केबल, उप आइटम आईडी:- 3100054001 - पीवीसी इंसुलेटेड आर्मर्ड, अनस्क्रीनड, अंडरग्राउंड रेलवे सिग्नलिंग केबल। एसएसई/एसआईजी/गोवालपारा टाउन, एनएफआर (असम) के लिए मात्रा - 3.00 किलोमीटर। पी.एल. संख्या - 539809945091. (6) विनिर्देश संख्या - आईआरएस:एस-63/2014 (रेव. 4) या नवीनतम के अनुसार आकार 12 कोर x 1.5 वर्ग मिमी कॉपर अनस्क्रीनड वाली अंडरग्राउंड रेलवे सिग्नलिंग केबल या अंडरग्राउंड केबल की आपूर्ति। (वारंटी अवधि : डिलीवरी की तारीख से 30 महीने तक) (आइटम आईडी :- 3100054 - पीवीसी इंसुलेटेड आर्मर्ड, अनस्क्रीनड, अंडरग्राउंड रेलवे सिग्नलिंग केबल, उप आइटम आईडी:- 3100054001 - पीवीसी इंसुलेटेड आर्मर्ड, अनस्क्रीनड, अंडरग्राउंड रेलवे सिग्नलिंग केबल)। एसएसई/एसआईजी/मालदा टाउन, एनएफआर (पश्चिम बंगाल) के लिए मात्रा - 12.00 किलोमीटर। पी.एल. संख्या - 505099591.

क्र.सं.:2. निविदा संख्या: 61/25/5453A/OT/193/2025-26;
बंद होने/खोलने की तिथि: 12-01-2026

संक्षिप्त विवरण : विनिर्देश संख्या टीएम/एनएम/6/320 (रेव-3) जुलाई 2019 के अनुसार डीटीई मशीनों के लिए डीटीई मशीनों के लिए टंगस्टन कार्बाइड टैम्पिंग टूल और एक सेट में शामिल है - 1. ड्राइंग नंबर - आरडीएसओ/टीएम 158/16, प्लास्टर पीटी. नंबर : CU30.8820.-FR I= 32 संख्या। 2. ड्राइंग नंबर - आरडीएसओ/टीएम 158/16, प्लास्टर पीटी. नंबर : CU30.8820.W-FR V=16 संख्या। निर्माता : प्लासर या इसके बराबर। वारंटी- एक सेट में टीपीटीटी की लाइफ की गारंटी कम से कम 2,50,000 इंसर्शन की टैम्पिंग के लिए दी जाती है। हालांकि, किसी भी एक टीपीटीटी की न्यूनतम शामिल लाइफ 50,000 इंसर्शन से कम नहीं होगी। वारंटी अवधि डेलिवरी/डिलीवरी के 24 (चौबीस) महीने बाद या मशीन पर फिटमेंट की तारीख से 18 (अठारह) महीने बाद, जो भी पहले हो, समाप्त हो जाएगी। (वारंटी अवधि : डिलीवरी की तारीख से 24 महीने तक) (निरीक्षण एजेंसी : डीपीआई, स्टेज इंस्पेक्टर : नहीं, स्टेज: 0)। (यूवीएएम लिंकिंग:) आइटम प्रकार: सामान (आपूर्ति)। एसएसई/टीएम/मालीगांव, एनएफआर (असम) के लिए मात्रा - 4 सेट। पी.एल. संख्या- 622900590043.

टिप्पणी : निविदा सूचना और निविदा दस्तावेजों के पूर्ण विवरण के लिए, निविदाकर्ता वेबसाइट (www.ireps.gov.in) पर लॉग ऑन कर सकते हैं। संभावित बोलीकर्ता जो उपरोक्त निविदाओं में भाग लेने का इरादा रखते हैं, उन्हें उपरोक्त वेबसाइट पर स्वयं लॉग इन करना होगा और इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपना प्रस्ताव प्रस्तुत करना होगा. यदि वे पहले से ही आईआरईपीएस के तहत पंजीकृत हैं। यदि वे आईआरईपीएस के साथ पंजीकृत नहीं है, तो उन्हें सलाह दी जाती है कि वे भारत सरकार के आईटी अधिनियम 2000 के अधीन प्रमाणन एजेंसियों से श्रेणी-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र प्राप्त करें और निविदाओं में भाग लें।

प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, मालीगांव

पूर्वोत्तर सीमा रेल

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

AP-6257


## मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक

# जनसेवा शासन की मूल भावना, हर शिकायत का सम्मानपूर्वक समाधान सुनिश्चित हो : सैनी

16 में से 12 मामलों का हुआ समाधान

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**गुरुग्राम।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जनसेवा को शासन की मूल भावना बताते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यालयों में शिकायत लेकर आने वाला हर नागरिक सम्मान और संतोष के साथ लौटे। जनसमस्याओं का त्वरित, पारदर्शी और संवेदनशील निवारण करना केवल प्रशासनिक दायित्व नहीं, बल्कि एक नैतिक जिम्मेदारी भी है, जिसे सर्वोच्च प्राथमिकता पर निभाया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री बुधवार को गुरुग्राम में जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह, पटौदी विधायक श्रीमती बिमला चौधरी, सोहना विधायक श्री तेजपाल तंवर तथा गुरुग्राम विधायक श्री मुकेश शर्मा भी उपस्थित रहे। बैठक में कुल 16 परिवाद रखे गए, जिनमें से मुख्यमंत्री ने 12 का मौके पर ही निपटारा किया, जबकि 4 मामलों को आगामी बैठक तक लंबित रखने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन लंबित मामलों की स्टेटस रिपोर्ट अगली बैठक में प्रस्तुत करें।

### समाधान शिविरों से आमजन को मिल रहा त्वरित न्याय

मुख्यमंत्री ने कहा कि आमजन से जुड़ी समस्याओं के त्वरित निवारण के उद्देश्य से जिला एवं उपमंडल स्तर पर प्रत्येक सोमवार और वीरवार को नियमित रूप से समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इन समाधान शिविरों में अब तक कुल 40 हजार शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनमें से लगभग 30 हजार शिकायतों का सफलतापूर्वक समाधान किया जा चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके पास सीधे तौर पर प्राप्त हुई 1 लाख 42 हजार शिकायतों में से 1 लाख 35 हजार शिकायतों का निवारण किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि सीएम विंडो पोर्टल पर भी शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। वर्तमान में वहां केवल वही शिकायतें लंबित हैं, जो न्यायालय से संबंधित हैं या जिनमें पारिवारिक विवाद शामिल हैं, जिनका समाधान कानूनी प्रक्रिया के तहत किया जाना आवश्यक है।

**शहर में सीवर, स्वच्छता और बिजली व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देशः** मुख्यमंत्री ने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहर में कहीं भी सीवर के ढक्कन टूटे हुए न हों और न ही किसी स्थान पर सीवर ओवरफ्लो की स्थिति बने। उन्होंने कहा कि सीवर प्रणाली की नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए, ताकि आमजन को किसी भी प्रकार की असुविधा या दुर्घटना का सामना न करना पड़े। मुख्यमंत्री ने नगर निगम के अधिकारियों को शहर में स्वच्छता के स्तर को और बेहतर बनाने के लिए आवश्यक और प्रभावी कदम उठाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि नियमित सफाई, कचरा प्रबंधन और स्वच्छ वातावरण बनाए रखने पर विशेष ध्यान दिया जाए। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने बिजली विभाग को भी निर्देश दिए कि वे यह सुनिश्चित करें कि कहीं भी रास्तों के बीच में बिजली के खंभे न हों, जिससे आमजन को आवागमन में परेशानी या किसी प्रकार का जोखिम न हो। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय से कार्य करते हुए नागरिक सुविधाओं को प्राथमिकता दें।

**जटौली मंडी पैक्स मैनेजर के खिलाफ जांच के निर्देश:** बैठक के दौरान मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने पटौदी क्षेत्र के छिल्लरकी एक शिकायत पर संज्ञान लेते हुए जटौली मंडी पैक्स के मैनेजर के खिलाफ जांच के निर्देश दिए। शिकायतकर्ता ने बताया कि मैनेजर की कार्यशैली के कारण किसानों को खाद प्राप्त करने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है तथा किसानों के साथ उसका व्यवहार भी संतोषजनक नहीं है। इसके अलावा खाद वितरण में मनमानी किए जाने के आरोप भी लगाए गए। मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर रिपोर्ट जिला उपायुक्त के समक्ष शीघ्र प्रस्तुत की जाए।

**15 दिन में पूरा होगा धनवापुर अंडरपास का रिपेयर वर्क:** बैठक के दौरान मुख्यमंत्री के समक्ष धनवापुर रेलवे अंडरपास में जल रिसाव एवं उससे उत्पन्न जलभराव के कारण राहगीरों को हो रही परेशानियों का मामला रखा गया। इस पर मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि अंडरपास का रिपेयर कार्य आगामी 15 दिनों के भीतर पूर्ण कर आमजन के लिए सुगम और सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिए कि अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि भविष्य में इस प्रकार की समस्या दोबारा उत्पन्न न हो, ताकि आम नागरिकों को किसी भी तरह की असुविधा का सामना न करना पड़े।

## ओपीएस इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिकोत्सव 'फेस्टिवल ऑफ फन' हुआ

**करनाल (शैलेंद्र जैन)।** ओपीएस इंटरनेशनल स्कूल के प्रांगण में विद्यालय का वार्षिकोत्सव 'फेस्टिवल ऑफ फन' बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रकाश बंसल जी* द्वारा किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि सुमन बंसल, श्तरुण बंसल , तथा सहोदय परिसर के सम्मानित सदस्य राजन लाम्बा द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की शैक्षिक निदेशिका *श्रीमती ईशा बंसल, शैक्षिक सलाहकार श्रीमती नीरू सेतिया एवं प्रधानाचार्या श्रीमती गीता कुमारी सहित शिक्षक गण, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत गणेश वंदना एवं स्वागत गीत से हुई। इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत नृत्य, गीत, नाटक आदि सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों ने सामाजिक मूल्यों, देशभक्ति एवं सांस्कृतिक विरासत का सशक्त प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण *'सुमन प्रकाश अवॉर्ड रहा, जिसके अंतर्गत गत वर्ष की बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इसमें *प्रथम स्थान* प्राप्त करने वाली *कुमारी शुभी को स्कूटी, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले धीरज एवं *तृतीय स्थान* प्राप्त करने वाले वंश मुंडे को पुरस्कृत किया गया। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के मनोरंजन हेतु *मैजिक शो, मपेट शो, वीआर (ड्क्र), हॉन्टेड हाउस* तथा *हरियाणा मंडप* जैसे आकर्षण भी लगाए गए, जिनका सभी ने भरपूर आनंद लिया।


उत्तर रेलवे

ई–टेंडरिंग

खुली निविदा सूचना संख्या एनआईटी–17/2025–26 दिनांक 15/12/2025

सीनियर डिविजनल इलेक्ट्रिकल इंजीनियर/जी, उत्तर रेलवे, अंबाला द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई–निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिए 15.00 बजे तक या कार्य के सामने दिखाई गई समाप्ति की तिथि तक खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

| क्र सं | निविदा संख्या | कार्य का नाम | लगभग लागत (रू.) | बोली प्रतिभूति (रू.) | पूर्ण होने की अवधि | बंद करने और खोलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 30–विद्युत–23/2025–26 (ओपन टेंडर) | चंडीगढ़ स्थित गुड्स शेड में औद्योगिक साइडिंग। और।। में शेष कार्यों के उन्नयन से संबंधित विद्युत कार्य, बरवाला (बीएक्ससी) में 3 मीटर चौड़े एफओबी का प्रावधान, (संगरूर) एसएजी में ब्लॉक संख्या टी–7/2, लाहरा गागा (एलएचए) में गैंग हट संख्या 15/7 यूनिट टाइप–।। और (छाजली) सीजेएल में ब्लॉक संख्या टी–7/2 के जर्जर निम्न–स्तरीय क्वार्टरों को एडीईएन/पीटीए अनुभाग में मानक टाइप–।। क्वार्टरों से प्रतिस्थापित करना और एसएसई/डब्ल्यू/आरपीआर अनुभाग में (जीएएनएल–बजे) के बीच गैंग संख्या 9 के स्टाफ क्वार्टरों (।। टाइप–II क्वार्टर) को प्रतिस्थापित करना, बचे हुए यांत्रिक लिफ्टिंग बैरियर के स्थान पर इलेक्ट्रिक लिफ्टिंग बैरियर की व्यवस्था, इंटरलॉक्ड लेवल क्रॉसिंग गेटों पर रोड सिग्नल की व्यवस्था, अंबाला डिवीजन के अंतर्गत सुनाम रेलवे स्टेशन पर एफओबी के शेष कार्य की व्यवस्था, केसरी रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म संख्या 1 और 2 की व्यवस्था पर उच्च स्तरीय, एडीईएन/यूएमबी के अंतर्गत पुरानी रेलवे कॉलोनी में निम्न–स्तरीय स्टाफ क्वार्टरों (एसएसई डब्ल्यू/एम/यूएमबी अनुभाग में टाइप–II: 2 इकाइयों, टाइप–III: 3 इकाइयों और टाइप–IV: 1 इकाई) के स्थान पर मानक टाइप–।। 6 इकाइयों, टाइप–।।।: 4 इकाइयों और टाइप–IV: 1 इकाई का निर्माण। एडीईएन/यूएमबी के अंतर्गत पुरानी रेल विहार कॉलोनी, अंबाला कैंट में निम्न–स्तरीय स्टाफ क्वार्टरों (टाइप–I, 10 इकाइयों, टाइप–II: 4 इकाइयों और टाइप–III: 1 इकाई) के स्थान पर मानक टाइप–II, 14 इकाइयों और टाइप–III: 1 इकाई का निर्माण, खरर रेलवे स्टेशन पर एफओबी (फुट ओवर) और सहारनपुर, बठिंडा और कालका के एआरटी और एसपीएआरएमएआरएमवी के लिए बुनियादी ढांचा सुविधाओं के निर्माण का प्रावधान तथा लेवल क्रॉसिंग पर स्वयुक्त लेवल क्रॉसिंग सड़क सतह का प्रावधान (कुल 13) तथा एडीईएन/पटियाला खंड में गैर–मानक ड्यूटी हट संख्या सी–40बी को जीर्ण–शीर्ण स्थिति में स्थित ड्यूटी हट संख्या सी–19ए, सी–34, सी–45, सी–46 से प्रतिस्थापित करना | Rs. 26052846.60 | Rs. 280300.00 | 06 महीने | 07.01.2026 |

1) निविदाकर्ताओं को शर्तों के अनुसार PAN/TIN/GST सहित सभी संबंधित पात्र दस्तावेजों की स्कैन की हुई प्रतियों को अपलोड करना आवश्यक है। 2) आवश्यक बोली सुरक्षा नेट बैंकिंग/या भुगतान गेटवे के माध्यम से केवल निविदा की अंतिम तिथि और समय के 15.00 बजे से पहले ही ऑनलाइन भुगतान स्वीकार्य होगी। 3) कार्य निविदाओं की ई–निविदा में भाग लेने के लिए निविदाकर्ताओं के पास तृतीय श्रेणी का डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए। 4) विवरण के लिए, कृपया आईआरईपीएस वेबसाइट WWW.IREPS.Gov.in पर लॉग ऑन करें। 5) जीएसटी अधिनियम 2017 के अनुसार जीएसटी लगाया जाएगा। 3897/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

AP-6284


## पेज-1 का शेष


**हांसी और नारनौंद...**

56. मोठ करनैल साहब
57. मोठ रांगडान
58. मुजादपुर
59. नाडा
60. नारनौंद
61. नारनौंद औंगशाहपुर
62. पाली
63. पेटवाड़
64. प्रेमनगर
65. ढाणी पीरावाली
66. ढाणी पुरिया
67. ढाणी राजू
68. ढाणी सकरी
69. ढाणी ठाकरिया
70. धर्म खेड़ी
71. गढ़ी
72. गढ़ी अजिमा
73. गामड़ा
74. घिराय
75. गुराना
76. हैबतपुर
77. हाजमपुर
78. जमावड़ी
79. जामनी खेड़ी
80. जीतपुरा
81. कांगसर
82. कंवारी
83. कापड़ो
84. खाण्डा खेड़ी
85. खानपुर
86. खरबला
87. खरकड़ा
88. पुट्ठी मंगलखां
89. पुट्ठी समैण
90. राजपुरा
91. राजथल
92. राखी खास
93. राखी शाहपुर
94. रामायण
95. रामपुरा
96. रोशन खेड़ा माजरा खरबला
97. सैनीपुरा
98. शेखपुरा
99. सिंधर
100. सिंघवा खास
101. सिंघवा राघो
102. सीसर
103. सिसाय बोला
104. सिसाय कालीरावण
105. सोरखी
106. सुलचानी
107. सुल्तानपुर
108. थुराना
109. उगालन
110. उमरा

# मोदी सरकार और ईडी के खिलाफ चंडीगढ़ कांग्रेस का जोरदार प्रदर्शन

एच.एस. लक्की के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने किया विरोध-प्रदर्शन

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 17 दिसंबर।** चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने आज अपने प्रदेश अध्यक्ष हरमोहनिंदर सिंह लक्की के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की मोदी सरकार और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के खिलाफ सेक्टर-35, चंडीगढ़ में एक जोरदार विरोध-प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हाथों में पार्टी के झंडे और तख्तियां लेकर भाग लिया, जिन पर लिखा था– ÷मोदी जब-जब डरता है, ईडी को आगे करता है। सच का बोल बाला, बीजेपी, ईडी का मुंह काला। सत्य जीत गया, झूठ की हार हुई। जब जब मोदी डरता है, पुलिस को आगे करता है इत्यादि नारों के साथ प्रदर्शनकारी भाजपा कार्यालय सेक्टर-33 तथा ईडी कार्यालय की ओर कूच कर रहे थे, लेकिन चंडीगढ़ पुलिस द्वारा भारी पुलिस बल की तैनाती और बैरिकेडिंग के चलते उन्हें रास्ते में ही रोक दिया गया। इसके बाद कांग्रेस कार्यकर्ता वहीं डटे रहे और मोदी सरकार व ईडी के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते रहे।

प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एच.एस. लक्की ने कहा कि मोदी सरकार पूरी तरह से बदले की राजनीति पर उतर आई है। उन्होंने आरोप लगाया कि राजनीतिक विरोधियों की आवाज दबाने के लिए झूठे और फर्जी मुकदमे दर्ज किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि नेशनल हेराल्ड मामला इसका जीता-जागता उदाहरण है, जिसमें कांग्रेस की वरिष्ठ नेता श्रीमती सोनिया गांधी, श्री राहुल गांधी और पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को बेबुनियाद आरोपों में फंसाने की कोशिश की गई।

एच.एस. लक्की ने कहा कि कल राउस एवेन्यू कोर्ट के फैसले ने यह साबित कर दिया है कि आज भी इस देश में न्याय जीवित है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी जहां एक ओर मोदी सरकार की बदले की राजनीति के खिलाफ यह प्रदर्शन कर रही है, वहीं ईडी को भी यह स्पष्ट संदेश देना चाहती है कि वह किसी राजनीतिक दल का औजार बनकर काम न करे, बल्कि कानून के दायरे में रहकर निष्पक्षता और न्याय की स्थापना के लिए कार्य करे।

उन्होंने आगे कहा कि वर्षों के संघर्ष के बाद इस मामले में आया यह फैसला कांग्रेस कार्यकर्ताओं के लिए अत्यंत संतोष और खुशी का विषय है। इससे न केवल सच्चाई की जीत हुई है, बल्कि मोदी सरकार का असली चेहरा भी जनता के सामने बेनकाब हुआ है। इसी खुशी के माहौल में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा मौके पर मिठाइयां भी बांटी गईं।

एच.एस. लक्की ने कहा कि पिछले कई वर्षों से कांग्रेस कार्यकर्ता सड़क से लेकर संसद तक लगातार संघर्ष कर रहे थे। आज उनके लिए यह खुशी का अवसर है और ऐसे अवसर पर मिठाई बांटना स्वाभाविक है। उन्होंने दशहरे का उदाहरण देते हुए कहा कि जिस तरह रावण, कुंभकरण और मेघनाद के पुतले जलाने के बाद खुशी में मिठाइयां बांटी जाती हैं, उसी तरह आज मोदी सरकार और ईडी के खिलाफ संघर्ष में सच्चाई की जीत पर मिठाई बांटना बनता था।

### इन्होंने लिया प्रदर्शन में भाग

इस प्रदर्शन में सीनियर डिप्टी मेयर जसबीर सिंह बंटी, पवन शर्मा, डिप्टी मेयर तरुना मेहता, पार्षद गुरप्रीत गाबी, कांग्रेस नेता नरिंदर नंदी, सुरजीत ढिल्लों, राजदीप सिद्धू, अमन विपणनजोत, धर्मवीर, राजीव मोदगिल, विक्रम चोपड़ा, जाहिद परवेज खान, रमेश आहूजा, अच्छे लाल गौड़, राजीव शर्मा, अजय शर्मा, अमन स्लैच, सोनिया जायसवाल, प्रवीण शर्मा, राहुल, रमेश गुप्ता, बिंदु ठाकुर, गुरचरण सिंह, ममता डोगरा, विक्टर सिद्धू, सर्वजीत कौर, कविता, बलविंदर कौर, सुनील सूद, सुभाष पॉल, लेख पाल, राजेंद्र कुमार नीटू, अजय कुमार, अमृत लाल, कुलदीप, नरेश गोल्डी, वासुदेवन, महेश शर्मा, अजीत चौहान सहित अनेक वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# सिटी ब्यूटीफुल में मौसम का पहला 'घना कोहरा' रिकॉर्ड

मौसम विभाग का एलो अलर्ट 20 दिसंबर तक छायेगा घना कोहरा

अर्थ प्रकाश/आदित्य शर्मा



**चंडीगढ़, 17 दिसंबर।** सिटी ब्यूटीफुल में आज इस मौसम का पहला 4घना कोहरा' रिकॉर्ड किया गया। जिसे देखते हुए मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है।

चंडीगढ़ के मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, इस मौसम में यह पहली बार था जब सेक्टर 39 की आब्जर्वेटरी में कोहरा रिकॉर्ड किया गया। कोहरा सुबह 4 बजे शुरू हुआ और सुबह 10 बजे तक पूरी तरह गायब हो गया।

विजिबिलिटी 150 मीटर तक कम हो गई, जिससे आने-जाने वालों के लिए गाड़ी चलाना और राइडिंग करना मुश्किल हो गया। हालांकि, यह रिपोर्ट लिखे जाने तक, देर शाम तक, केंद्र पर कोई कोहरा रिकॉर्ड नहीं किया गया था। इसके अलावा, मौसम विभाग ने एक येलो अलर्ट जारी किया है, जिसमें अनुमान लगाया गया है कि 20 दिसंबर तक घना कोहरा बना रहेगा। येलो अलर्ट का मतलब है कि 50-75 प्रतिशत घना कोहरा छाने की संभावना है और यह बहुत संभव है।

इन दिनों विजिबिलिटी और भी कम होकर 50 मीटर तक हो सकती है। जब विजिबिलिटी 50 मीटर से कम हो जाती है, तो विभाग बहुत घना कोहरा घोषित करता है। आज अधिकतम तापमान 23एष्ट था, जो सामान्य से दो डिग्री ज़्यादा था, जबकि न्यूनतम तापमान 8.3एष्ट था, जो सामान्य से एक डिग्री ज़्यादा था। पिछले दो-तीन दिनों से, पिछले दो-तीन दिनों से तापमान में सुधार हो रहा है। कुछ दिन पहले, दिन का तापमान सामान्य से पांच डिग्री ज्यादा था।

### अगले 5 दिनों में बदलाव के संकेत नहीं

अगले 5 दिनों में तापमान में कोई बड़ा बदलाव होने की उम्मीद नहीं है। पूर्वानुमान के अनुसार, एक या दो डिग्री का बदलाव हो सकता है। ऐसे में घने से बहुत घने कोहरे के संभावित प्रभाव और उपाय भी सुझाए गए हैं।

### परिवहन और विमानन

घने कोहरे से मौसम विज्ञान उप-प्रभाग के कुछ हवाई अड्डों, राजमार्गों और रेलवे मार्गों पर असर पड़ सकता है। इससे ड्राइविंग की स्थिति मुश्किल हो सकती है, यात्रा का समय धीमा हो सकता है और कुछ सड़क दुर्घटनाएँ हो सकती हैं।

### पावर सेक्टर

बहुत ज्यादा घने कोहरे वाले रास्तों पर पावर लाइन ट्रिप होने की संभावना है।

### लोगों का स्वास्थ्य

घने कोहरे में पार्टिकुलेट मैटर और दूसरे प्रदूषक होते हैं, जो फेफड़ों में जमा हो सकते हैं, उन्हें ब्लॉक कर सकते हैं और उनकी काम करने की क्षमता को कम कर सकते हैं। इससे सांस लेने में दिक्कत, खांसी और सांस फूलने की समस्या बढ़ जाती है। घने कोहरे के लंबे समय तक संपर्क में रहने से अस्थमा, ब्रोंकाइटिस और फेफड़ों से जुड़ी अन्य स्वास्थ्य समस्याओं वाले लोगों को सांस लेने में दिक्कत हो सकती है। घने कोहरे में कई तरह के प्रदूषक भी होते हैं जो आंखों की झिल्लियों में जलन पैदा कर सकते हैं, जिससे इन्फेक्शन, लालिमा या सूजन हो सकती है।

# दुकानदारों को बड़ी राहत: चंडीगढ़ व्यापार मंडल ने शॉप एक्ट के नए नियमों का किया स्वागत

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 16 दिसंबर।** चंडीगढ़ व्यापार मंडल (सीबीएम) ने शॉप एक्ट के तहत दुकान पंजीकरण से जुड़े नए प्रो-कॉमर्स नियमों का स्वागत करते हुए इसे शहर में व्यापार को बढ़ावा देने की दिशा में एक अहम कदम बताया है। सीबीएम के प्रतिनिधिमंडल ने अध्यक्ष संजीव चड्ढा और उपाध्यक्ष बलजिंदर गुर्जाल के नेतृत्व में सहायक श्रम आयुक्त अक्षय मित्तल से मुलाकात कर इन नए दिशा-निर्देशों के लिए आभार व्यक्त किया।

नए नियमों के अनुसार 20 कर्मचारियों तक की दुकानों को अब अनिवार्य पंजीकरण से छूट दी गई है। ऐसे प्रतिष्ठानों को केवल अपने कर्मचारियों की जानकारी श्रम विभाग को सूचित करनी होगी। सीबीएम का कहना है कि इस फैसले से छोटे और मध्यम वर्ग के दुकानदारों को बड़ी राहत मिलेगी और वे प्रशासनिक औपचारिकताओं के बजाय अपने व्यापार पर अधिक ध्यान दे सकेंगे।

इस प्रतिनिधिमंडल में मुख्य सलाहकार किरण नारद, सलाहकार भारत भूषण कपिला, सचिव नवदीप शर्मा के अलावा राम लाल, रविंदर सिंह बिल्ला, विनय बाबा और अजय घई जैसे प्रमुख व्यापारी नेता एवं कार्यकारिणी सदस्य शामिल रहे। सभी सदस्यों ने श्रम विभाग के इस निर्णय की सराहना की और इसे व्यापारिक माहौल को सरल बनाने वाला कदम बताया।

सीबीएम पदाधिकारियों ने केंद्र सरकार से भी आग्रह किया कि व्यापारिक समुदाय को और अधिक सहूलियत देने के लिए इसी तरह के सुधारात्मक कदम उठाए जाएं, ताकि व्यापारी वर्ग देश की अर्थव्यवस्था में और प्रभावी योगदान दे सके।

# चंडीगढ़ सेक्टर-39 सब्जी मंडी पर सुप्रीम कोर्ट की मुहर, आढ़ती वेलफेयर एसोसिएशन की याचिका खारिज

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा



**चंडीगढ़, 17 दिसंबर।** सेक्टर-39 स्थित सब्जी मंडी को लेकर लंबे समय से चला आ रहा विवाद अब समाप्त हो गया है। सुप्रीम कोर्ट ने सब्जीमंडी आढ़ती वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा दायर याचिका को खारिज करते हुए मंडी में ऑक्शन प्रक्रिया को जारी रखने की अनुमति दे दी है। इस फैसले के बाद चंडीगढ़ प्रशासन और मार्केट कमेटी को बड़ी राहत मिली है।

सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में साफ किया है कि सेक्टर-39 सब्जी मंडी के विकास, दुकानों और साइट्स के आवंटन में कोई कानूनी बाधा नहीं है। तय नियमों और सरकारी दिशा-निर्देशों के तहत ऑक्शन प्रक्रिया को पूरी तरह वैध बताया गया है।

### ऑक्शन प्रक्रिया रहेगी जारी

अदालत के आदेश के अनुसार, सेक्टर-39 सब्जी मंडी में दुकानों और साइट्स का ऑक्शन पहले की तरह जारी रहेगा। पहली ऑक्शन प्रक्रिया में जो बोलीदाता सफल होगा, उसे नियमानुसार अलॉटमेंट दिया जाएगा। इससे मंडी में कारोबार शुरू होने को लेकर बनी अनिश्चितता भी खत्म हो गई है। मार्केट कमेटी के अधिकारियों का कहना है कि ऑक्शन प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी है और सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद अब इसे और तेज किया जाएगा।

### सभी लाइसेंसी आढ़तियों को मिलेगा ऑफिस

फैसले का एक अहम पहलू यह भी है कि मार्केट कमेटी के सभी लाइसेंसी आढ़तियों को सेक्टर-39 सब्जी मंडी परिसर में ऑफिस की सुविधा दी जाएगी। इससे आढ़तियों को अपने कारोबार के संचालन में सुविधा मिलेगी और मंडी की व्यवस्थाएं और सुदृढ़ होंगी। प्रशासन के अनुसार, सेक्टर-39 सब्जी मंडी को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जा रहा है, ताकि व्यापारियों के साथ-साथ किसानों और ग्राहकों को भी बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

### लंबे समय से चल रहा था विवाद

गौरतलब है कि सब्जीमंडी आढ़ती वेलफेयर एसोसिएशन ने ऑक्शन और अलॉटमेंट प्रक्रिया को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। एसोसिएशन की मांग थी कि ऑक्शन पर रोक लगाई जाए और आढ़तियों के हितों की सुरक्षा की जाए। हालांकि, कोर्ट ने सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद याचिका को खारिज कर दिया।

### व्यापारियों की मिली-जुली प्रतिक्रिया

सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद मंडी से जुड़े व्यापारियों में मिली-जुली प्रतिक्रिया देखने को मिली। कुछ आढ़तियों ने फैसले का स्वागत किया, जबकि कुछ ने भविष्य की रणनीति पर विचार करने की बात कही। फिलहाल, इस फैसले के साथ ही सेक्टर-39 सब्जी मंडी के विकास और संचालन को लेकर बनी अनिश्चितता समाप्त हो गई है और आने वाले समय में मंडी में कारोबार के पूरी रफ्तार पकड़ने की उम्मीद जताई जा रही है।

# चंडीगढ़ को राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी उपलब्धि

## ग्रीन मोबिलिटी में चंडीगढ़ बना देश का अग्रणी केंद्रशासित प्रदेश, मिला गोल्ड अवॉर्ड

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 17 दिसंबर।** स्वच्छ और सतत शहरी परिवहन की दिशा में चंडीगढ़ ने एक और ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। मोटरिंग वर्ल्ड ग्रीन मोबिलिटी अवॉर्ड्स 2025 में चंडीगढ़ प्रशासन को सभी केंद्रशासित प्रदेशों में ÷बेस्ट यूनियन टेरिटरी फॉर ईवी ओवरऑल÷ श्रेणी में गोल्ड अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान चंडीगढ़ को देश के अग्रणी इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) अपनाने वाले शहरों में स्थापित करता है। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार चंडीगढ़ प्रशासन की नोडल एजेंसी क्रेस्ट (छ्त्रक्ष्श्चस्ञ्ज) को प्रदान किया गया, जो शहर में नवीकरणीय ऊर्जा और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभा रही है। पुरस्कार भारत सरकार के माननीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर सीईओ, क्रेस्ट श्री नवनीत श्रीवास्तव तथा प्रोजेक्ट डायरेक्टर श्री सुखविंदर अब्रोल उपस्थित रहे। मोटरिंग वर्ल्ड ग्रीन मोबिलिटी अवॉर्ड्स दिल्ली प्रेस समूह की प्रतिष्ठित पत्रिका मोटरिंग वर्ल्ड द्वारा टीईआरआई, नई दिल्ली के सहयोग से आयोजित किए जाते हैं। इन पुरस्कारों का उद्देश्य देशभर में हरित और सतत परिवहन के क्षेत्र में किए जा रहे प्रभावी प्रयासों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान देना है। चयन प्रक्रिया पारदर्शी और बहु-स्तरीय रही, जिसमें सत्यापित सरकारी आंकड़ों, आरटीआई प्रतिक्रियाओं और सार्वजनिक शोध पर आधारित मूल्यांकन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री श्री नितिन गडकरी ने कहा कि इलेक्ट्रिक वाहनों और वैकल्पिक ईंधनों के माध्यम से भारत ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में तेज़ी से आगे बढ़ रहा है और आने वाले समय में देश ऊर्जा का शुद्ध निर्यातक बन सकता है।

यह पुरस्कार 16 दिसंबर 2025 को त्रावणकोर पैलेस, नई दिल्ली में आयोजित समारोह में प्रदान किया गया, जिसमें देशभर से नीति-निर्माता, उद्योग विशेषज्ञ और शोधकर्ता शामिल हुए। विभिन्न राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को ईवी चार्जिंग अवसंरचना, टैरिफ, ईवी टैक्सी फ्लीट और ईवी अपनाने जैसी कई श्रेणियों में सम्मानित किया गया। चंडीगढ़ को मिला यह गोल्ड अवॉर्ड शहर में ईवी अपनाने की तेज़ रफ्तार, चार्जिंग अवसंरचना के विस्तार, स्वच्छ परिवहन नीतियों और नागरिक-केंद्रित योजनाओं के सफल क्रियान्वयन का प्रमाण है। इस उपलब्धि से चंडीगढ़ न केवल एक राष्ट्रीय बेंचमार्क ईवी सिटी के रूप में उभरा है, बल्कि अन्य राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के लिए भी प्रेरणा बना है।

# चंडीगढ़ नगर निगम का वार्ड नंबर 34 होगा जगमग

पार्षद गुरप्रीत सिंह गाबी ने विकास कार्यों को दी गति

सेक्टर 46 के रामलीला मैदान सहित वार्ड के अन्य इलाकों में एलईडी लाइटें लगाने का कार्य शुरू करवाया

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह



**चंडीगढ़, 17 दिसंबर।** चंडीगढ़ नगर निगम के वार्ड नंबर 34 में लाइटिंग व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। वार्ड पार्षद गुरप्रीत सिंह गाबी ने सेक्टर 46 स्थित रामलीला ग्राउंड में बुधवार को आधुनिक एलईडी लाइटें लगाने का कार्य शुरू करवाया। पार्षद गुरप्रीत सिंह गाबी द्वारा इस कार्य की शुरुआत प्रसिद्ध समाजसेवी रहे स्वर्गीय तरुण सुनेजा के पिता श्री हंस राज सुनेजा के हाथो व वार्ड की मातृशक्ति की उपस्थिति में करवाया गया। इस अवसर पर पार्षद गुरप्रीत सिंह गाबी ने कहा कि सेक्टर 46 में लगभग पिछले 30 साल से रामलीला का मंचन किया जा रहा है लेकिन अभी तक वहां पर लाइटिंग की उचित व्यवस्था करने का किसी ने भी प्रयास नहीं किया। पार्षद बनने से पूर्व उन्होंने क्षेत्रवासियों से वादा किया था कि श्री रामलीला ग्राउंड में समुचित लाइटिंग की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने बताया कि अब तक पर्याप्त रोशनी न होने के कारण रामलीला मंचन के बाद कुछ असामाजिक तत्व अंधेरे का फायदा उठाकर गलत गतिविधियों में संलिप्त हो जाते थे, जिससे धार्मिक स्थल की पवित्रता प्रभावित होती थी। अब यहां पर्याप्त लाइटिंग व्यवस्था होने से इन असामाजिक गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगेगी। गाबी ने कहा कि श्री रामलीला का मंचन सनातन धर्म की एक महत्वपूर्ण और पवित्र परंपरा है, ऐसे में इसके आयोजन स्थल पर बेहतर रोशनी की व्यवस्था अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने जानकारी दी कि 20 दिन में एलईडी लाइटें लगाने का कार्य पूरा हो जाएगा तथा आगामी वर्ष रामलीला मंचन नई लाइटों में होगा और श्रद्धालुओं और कलाकारों को किसी भी प्रकार की असुविधा नही होगी। इसके साथ ही पार्षद गुरप्रीत सिंह गाबी ने बताया कि वार्ड नंबर 34 के अंतर्गत आने वाले सेक्टर 45 और सेक्टर 46 के अन्य क्षेत्रों में भी आवश्यकता अनुसार लाइटिंग कार्य शुरू करवाया जा रहा है। इन विकास कार्यों से क्षेत्र की सुरक्षा बढ़ेगी और आम नागरिकों को रात्रि के समय बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। वार्ड में लाइटिंग को लेकर करवाया जा रहे विकास कार्यों को लेकर वार्ड वासियों की ओर से पार्षद गुरप्रीत सिंह गाबी का आभार व्यक्त किया । इस अवसर पर राजेश विमल, सुदर्शन बत्रा, बलविंदर सिंह, कुलदीप सिंह, राजमीत कौर, मिसेज़ बाजवा, पूनम दीदी, निक्की कौर, सुशील सोवत, डिंपल चावला, गुरविंदर सिंह, नरेंद्र भाटिया, जतिन सुनेजा, नगर निगम के जेई इलेक्ट्रिकल मनप्रीत, सेक्टर 46 की सुपर मार्केट के प्रधान सतपाल सिंह चौधरी, महासचिव गुरमीत सिंह, कैशियर हरचरण सिंह, संयुक्त सचिव धर्मेंद्र और बलविंदर, हर्ष कुमार प्रधान श्री सनातन धर्म मंदिर सेक्टर और वार्ड के प्रबुद्ध लोग उपस्थित रहे।

इंस्पेक्टर राजीव कुमार की टीम को फिर बड़ी कामयाबी

# चाकू की नोक पर लूटमार करने वाले तीन आरोपी काबू

पकड़े गए आरोपियो के कब्जे से लूटमार किया गया मोबाइल फोन, आधार कार्ड और दो कमानीदार चाकू के अलावा वारदात के समय इस्तेमाल एक्टिवा स्कूटर को भी अपने कब्जे में लिया

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी





**चंडीगढ़, 17 दिसंबर।** यूटी साउथ डिविजन का अहम थाना माने जाने वाले और हरदम से मुस्तैद रहने वाले थाना 31 पुलिस को फिर उस वक्त एक बड़ी कामयाबी मिली।जब पुलिस ने एरिया से चाकू की नोक पर लूटमार करने वाले एक्टिवा स्कूटर पर सवार तीन शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है।पकड़े गए आरोपियो की पहचान राम दरबार निवासी 21 वर्षीय बंटी,19 वर्षीय अभिजीत कुमार उर्फ गोलू और 22 वर्षीय नितिन उर्फ चिंटू के रूप में हुई है।पुलिस ने पकड़े गए आरोपियो के कब्जे से लूटमार किया मोबाइल फोन,आधार कार्ड और वारदात के समय इस्तेमाल दो कमानीदार चाकू के अलावा वारदात के समय इस्तेमाल एक्टिवा स्कूटर को भी अपने कब्जे में लिया।आरोपियों के खिलाफ 304(2), 351(2), 351 (3), 3 (5) एडेड 317(2) भारतीय न्याय संहिता के तहत थाना 31 में मामला दर्ज है।पकड़े गए आरोपी लुटेरों को पुलिस जिला अदालत में पेश करेगी। जानकारी के अनुसार पता चला कि थाना 31 पुलिस को गुप्त सूचना और टेक्निकल तकनीक के जरिए पता चला था कि एरिया से लूटमार करने वाले तीन एक्टिवा स्कूटर पर सवार आरोपी सक्रिय है।मामले को गंभीरता से लेते हुए और यूटी पुलिस की एसएसपी कंवरदीप कौर के दिशा निर्देशों के चलते थाना 31 के प्रभारी इंस्पेक्टर राजीव कुमार की टीम ने आरोपियो को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो पूरे मामले का खुलासा हुआ।पुलिस ने तीनों आरोपियों को तुरंत गिरफ्तार कर मामले को सुलझा लिया है।

जानकारी के अनुसार पीड़िता शिकायतकर्ता गांव फेदा निजामपुर चंडीगढ़ निवासी ने पुलिस को बताया कि वह 14 दिसबर को शाम करीब 4 बजकर 20 मिनट पर साइकिल पर सवार होकर सेक्टर 47 सी में काम पर जा रही थी। जैसे ही पीड़िता महिला सैक्टर 47 स्थित एक घर के पास पहुंची तो इसी दौरान एक्टिवा स्कूटर पर सवार तीन शातिर आरोपी पीछे से आए।और उसका रास्ता रोक दिया।उनमें से एक ने अपनी जेब से चाकू निकाला उसे धमकी दी कि उसके पास जो कुछ भी है। वह सब दे दे। पीड़िता डर गई और दूसरे दो युवकों ने उसकी साइकिल पकड़ ली। जिस युवक के हाथ में चाकू था।उसने साइकिल की टोकरी से ओप्पो कंपनी का मोबाइल फोन और डॉक्यूमेंट वाला पर्स ले लिया।उन्होंने पीड़िता को धमकी भी दी कि अगर उसने पुलिस में शिकायत की तो वे उसे जान से मार देंगे। पुलिस के अनुसार पकड़े गए आरोपी बंटी के खिलाफ थाना 31 में तीन अलग अलग अपराधिक मामले दर्ज है।जांच के दौरान थाना पुलिस की टीम ने आरोपियों की तलाशी ली।और उनकी तलाशी के दौरान आरोपी बंटी से एक कमानीदार चाकू,आरोपी अभिजीत से एक चाकू और पीड़िता का मोबाइल फोन और आरोपी नितिन से पीड़िता का आधार कार्ड बरामद किया गया।और दो कमानीदार चाकू बरामद होने के बाद उक्त मामले में आर्म्स एक्ट की धारा 25-54-59 जोड़ी गई।अपराध में इस्तेमाल किया गया एक्टिवा भी पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है।

### पहले भी कई अहम मामलों को सुलझा चुकी है थाना 31 पुलिस

जानकारी के अनुसार पता चला कि थाना 31 के प्रभारी इंस्पेक्टर राजीव कुमार की टीम एरिया में हुई अपराधिक वारदातो को अंजाम देने वाले आरोपियो की धरपकड़ कर चुकी है ।जिसमें गोल्ड चैन और अन्य स्नैचिंग,लूटमार,घरों और वाहन चोरी,शराब की सप्लाई,हत्या और हत्या का प्रयास,अन्य आपराधिक वारदातो और खासतौर पर नशीले पदार्थों की सप्लाई करने वाले आरोपियों की लगातार धरपकड़ कर उन्हें जेल की सलाखों के पीछे पहुंचाया है। थाना प्रभारी का कहना है कि अगर किसी अपराधी ने एरिया में किसी भी तरह की किसी भी वारदात या फिर नशीले पदार्थों की सप्लाई की तो पुलिस किसी को भी बख्शेगी नहीं सख्त से सख्त कारवाई करेगी ।यूटी पुलिस के आला अधिकारियों के दिशा निर्देशों के चलते उनका अभियान लगातार जारी रहेगा।

सम्पादकीय

# हांसी को जिला बनाकर क्षेत्र वासियों को दिया नायाब तोहफा

हरियाणा में मुख्यमंत्री नायब सैनी ने हांसी को 23वां जिला बनाकर इलाके के लोगों को जो तोहफा दिया है, वह नायाब ही समझा जाएगा। साल 2016 में हांसी को पुलिस जिला बनाया गया था, उसके बाद अब इसे राजस्व जिला भी घोषित कर दिया गया। निश्चित रूप से क्षेत्र के संपूर्ण विकास के लिए नए जिले की स्थापना आवश्यक थी। इस समय प्रदेश में कई अन्य इलाके भी हैं, जहां से जिला बनाने की मांग उठ रही हैं। संभव है, राज्य सरकार इस दिशा में भी जल्द निर्णय लेगी। हांसी जिले का जन्म हिसार से अलग करके हुआ है। हिसार ऐतिहासिक क्षेत्र एवं जिला है, 1 नवंबर 1966 को जब हरियाणा, पंजाब से अलग हुआ तब से हिसार ही जिला था। हिसार लोकसभा क्षेत्र के तहत 7 विधानसभा सीटें आती थी, लेकिन अब यहां महज 5 सीटें रह गई हैं और हांसी में दो हलके हो गए हैं। निश्चित रूप से हांसी के लोगों की आवाज अब और ज्यादा बेहतर तरीके से सरकार और विधानसभा में बुलंद हो सकेगी। चरखी-दादरी और पंचकूला के बाद हांसी वह तीसरा जिला होगा, जहां पर महज दो हलके होंगे। वास्तव में हरियाणा तेजी से विकसित होता प्रदेश बन चुका है और इसके प्रत्येक कोने की समुचित तरक्की आवश्यक है। नए जिले से क्षेत्र में सभी सुविधाओं का विस्तार होगा। गौरतलब है कि अभी तक हांसी और जिला मुख्यालय हिसार के बीच 30 किलोमीटर की दूरी है। लोगों को जिला मुख्यालय तक जाने में लंबा सफर करना पड़ता था, लेकिन हांसी के जिला बनने से प्रशासनिक कार्य तेजी से और समुचित तरीके से हो सकेंगे।

**दरअसल, हरियाणा वह प्रदेश है, जोकि आज देश के आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और शैक्षिक विकास का आईना बन चुका है। प्रदेश तमाम चुनौतियों और विडम्बनाओं को पार करते हुए आगे बढ़ रहा है और विजन 2047 में इसकी झलक मिल रही है। मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में राज्य सरकार निरंतर विकास के नए आयाम छू रही है और अब विजन डॉक्यूमेंट 2047 को सामने लाकर सरकार ने यह साबित कर दिया है कि भविष्य के भारत का आधार हरियाणा बनने जा रहा है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री नायब सैनी की देखरेख में तैयार इस विजन डॉक्यूमेंट में बताया गया है कि किस प्रकार प्रदेश की अर्थव्यवस्था को साल 2047 तक एक ट्रिलियन डॉलर एक लाख करोड़ रुपये की बनाया जाएगा।**

इतिहास में दर्ज है कि अंग्रेजी शासनकाल के समय हांसी ही राजस्व जिला होता था, लेकिन अंग्रेजों को हांसी के आसपास स्थित तालाब और दोमट मिट्टी रास नहीं आई। यह साल 1803 की बात है, जब हांसी से बतौर जिला कामकाज चलाया जाता था, लेकिन फिर अंग्रेजों ने साल 1832 में हांसी की बजाय हिसार को जिला बना दिया, क्योंकि उन्हें यहां का रेतीला वातावरण ज्यादा उपयुक्त लगा था। ऐसे में अंग्रेजों द्वारा की गई भूल को आखिरकार भाजपा सरकार ने साल 2025 में सुधार दिया। इससे बड़ी बात और क्या हो सकती है कि हांसी अब फिर से जिला हो गया। मुख्यमंत्री नायब सैनी का यह कथन सराहनीय है कि बीते 11 वर्षों में हांसी में एक हजार करोड़ के विकास कार्य हुए हैं और अब जनभावनाओं का सम्मान करते हुए हांसी का खोया प्रशासनिक सम्मान उसे लौटाया गया है।

दरअसल, हरियाणा वह प्रदेश है, जोकि आज देश के आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और शैक्षिक विकास का आईना बन चुका है। प्रदेश तमाम चुनौतियों और विडम्बनाओं को पार करते हुए आगे बढ़ रहा है और विजन 2047 में इसकी झलक मिल रही है। मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में राज्य सरकार निरंतर विकास के नए आयाम छू रही है और अब विजन डॉक्यूमेंट 2047 को सामने लाकर सरकार ने यह साबित कर दिया है कि भविष्य के भारत का आधार हरियाणा बनने जा रहा है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री नायब सैनी की देखरेख में तैयार इस विजन डॉक्यूमेंट में बताया गया है कि किस प्रकार प्रदेश की अर्थव्यवस्था को साल 2047 तक एक ट्रिलियन डॉलर एक लाख करोड़ रुपये की बनाया जाएगा। इस लक्ष्य के तहत राज्य सरकार शिक्षा, कृषि, चिकित्सा आदि पर फोकस करेगी वहीं युवाओं के लिए 50 लाख नए रोजगार विकसित किए जाएंगे। निश्चित रूप से एक सरकार के भविष्य के संदर्भ में इस प्रकार के प्रयास काबिले तारीफ हैं। हरियाणा की राजनीति में अनेक उतार-चढ़ाव देखे गए हैं, और प्रदेश के संबंध में यह प्रचलित है कि यहां कोई भी पहले से राजनीतिक परिणाम निकाल कर नहीं बैठ सकता। यहां अंतिम समय तक भारी फेरबदल संभव है। लेकिन इतना जरूर है कि जितने भी मुख्यमंत्री प्रदेश में आए हैं, सभी ने इस प्रदेश के विकास में चार-चांद लगाए हैं। तत्कालीन मुख्यमंत्री बंसीलाल ने अपने कार्यकाल में प्रदेश में छह जिले बनाए थे, हालांकि उनके बाद चौ. देवीलाल ने चार और उनसे पहले भजनलाल ने दो और भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने भी दो जिलों का निर्माण किया था। तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने दादरी को जिला बना कर इलाके को सौगात दी थी। अब मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में राज्य सरकार सेवारत है और प्रदेश के विकास के लिए विजन डॉक्यूमेंट लेकर आई है। यानी जनता के समक्ष उन योजनाओं का खुलासा आवश्यक है, जिन्हें लेकर एक सरकार आगे बढ़ेगी। एक-एक नागरिक से राज्य और देश बनता है, ऐसे में प्रत्येक नागरिक का विकास और कल्याण सरकार के लिए सर्वोपरि होना ही चाहिए।

# भाजपा में युवा नेतृत्व की नई आहट पर भरोसा



भारतीय राजनीति में लंबे समय से जिस क्षण की प्रतीक्षा थी, वह अब एक निर्णायक मोड़ पर आ खड़ी हुई है। दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भारतीय जनता पार्टी ने अपने राष्ट्रीय नेतृत्व की बागडोर युवा हाथों में सौंपने की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाते हुए नितिन नबीन को पार्टी का नया कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया है। यद्यपि यह नियुक्ति औपचारिक रूप से अस्थायी कही जा रही है, किंतु जिस प्रकार से इस निर्णय का पार्टी के भीतर और बाहर स्वागत हो रहा है, उससे यह संकेत स्पष्ट हैं कि भविष्य में उन्हें ही पूर्णकालिक राष्ट्रीय अध्यक्ष घोषित किया जा सकता है। यह नियुक्ति केवल एक संगठनात्मक बदलाव नहीं, बल्कि भारतीय राजनीति की कार्यशैली, नेतृत्व-चयन और भविष्य-दृष्टि में आए एक बड़े परिवर्तन का उद्घोष है। भारतीय जनता पार्टी संसदीय बोर्ड का यह निर्णय न केवल चौंकाने वाला है, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अब तक लिए गए साहसिक, अप्रत्याशित और दूरगामी परिणाम देने वाले निर्णयों की श्रृंखला का एक नया और महत्वपूर्ण अध्याय भी है।

नितिन नबीन बिहार की राजनीति में कोई नया नाम नहीं हैं। वे पांच बार विधायक रह चुके हैं और जमीनी राजनीति की बारीकियों से भलीभांति परिचित हैं। संगठन और सरकार-दोनों के अनुभव से संपन्न नितिन नबीन ने भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय महासचिव जैसे महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन किया है। इसके साथ ही संगठन के विभिन्न स्तरों पर उन्होंने जिस अनुशासन, रणनीतिक समझ और नेतृत्व क्षमता का परिचय दिया है, वही उन्हें इस पद के लिए स्वाभाविक विकल्प बनाता है। उनका राजनीतिक व्यक्तित्व केवल भाषणों तक सीमित नहीं, बल्कि संगठन खड़ा करने, कार्यकर्ताओं को जोड़ने और वैचारिक प्रतिबद्धता बनाए रखने की क्षमता से परिपूर्ण है। यही गुण भाजपा की आत्मा भी है-जहां व्यक्ति नहीं, संगठन सर्वोपरि होता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की राजनीति का एक स्थायी गुण रहा है-नए चेहरों पर भरोसा और पीढ़ीगत नेतृत्व का निर्माण। चाहे वह केंद्र सरकार में मंत्रियों का चयन हो, राज्यों में मुख्यमंत्रियों की नियुक्ति हो या संगठन में बदलाव-मोदी ने बार-बार यह साबित किया है कि वे भविष्य की राजनीति को आज गढ़ने में विश्वास रखते हैं। नितिन नबीन का चयन भी इसी विचारधारा का प्रतिफल है। यह निर्णय संकेत देता है कि भाजपा अब केवल चुनाव जीतने की पार्टी नहीं रहना चाहती, बल्कि अगले दो-तीन दशकों के लिए एक स्थायी वैचारिक और संगठनात्मक नेतृत्व तैयार कर रही है। युवा पीढ़ी, विशेषकर पहली बार वोट देने वाले मतदाताओं को आकर्षित करने की दृष्टि से यह कदम अत्यंत महत्वपूर्ण है।

भाजपा में राष्ट्रीय अध्यक्ष का पद केवल संगठनात्मक नहीं, बल्कि वैचारिक संतुलन का केंद्र भी होता है। इस पद पर नियुक्ति के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सहमति और समर्थन अनिवार्य माना जाता है। भाजपा की चुनावी सफलताओं में संघ की भूमिका सदैव निर्णायक रही है-चाहे वह विचार-प्रसार हो, कार्यकर्ता निर्माण हो या सामाजिक संपर्क। पिछले कुछ चुनावों में जिन परिस्थितियों का सामना पार्टी को करना पड़ा, उन्होंने यह स्पष्ट कर दिया कि भाजपा संगठन और संघ के बीच पूर्ण सामंजस्य कितना आवश्यक है। ऐसे में नितिन नबीन का चयन यह संकेत देता है कि संघ और पार्टी नेतृत्व के बीच गहन विमर्श और सहमति के बाद ही यह निर्णय लिया गया है। यह नियुक्ति भाजपा को वैचारिक रूप से और अधिक सुदृढ़ करने की दिशा में एक ठोस प्रयास है।

नितिन नबीन के सामने सबसे बड़ी और तात्कालिक चुनौती पश्चिम बंगाल के आगामी चुनाव हैं। यह राज्य लंबे समय से भाजपा के लिए रणनीतिक और वैचारिक दोनों ही दृष्टियों से महत्वपूर्ण रहा है। यहां केवल सत्ता की लड़ाई नहीं, बल्कि राजनीतिक संस्कृति, राष्ट्रवाद और सामाजिक संतुलन की भी परीक्षा होती है। एक संगठनात्मक अध्यक्ष के रूप में नितिन नबीन की वास्तविक कसौटी यहीं होगी। यदि वे बंगाल में संगठन को नई धार देने, कार्यकर्ताओं में ऊर्जा भरने और जनता के बीच विश्वास स्थापित करने में सफल होते हैं, तो उनका नेतृत्व स्वतः ही प्रमाणित हो जाएगा। यही वह मंच है, जहां उनका रुतबा, कौशल और रणनीतिक दृष्टि राष्ट्रीय राजनीति के सामने स्पष्ट होगी।

भाजपा की राजनीति में एक विशेष परंपरा रही है-जहां कयास कुछ और होते हैं और निर्णय बिल्कुल अलग दिशा से आता है। अनेक नाम चर्चा में रहते हैं, अनेक चेहरे मंजिल के निकट आकर भी ठहर जाते हैं, किंतु अंतिम निर्णय अक्सर सबको चौंकाने वाला होता है। यही भाजपा की 'चमत्कार करने वाली' संगठनात्मक शैली है। नितिन नबीन का मनोनयन भी इसी परंपरा का हिस्सा है। यह निर्णय उन तमाम अटकलों पर विराम लगाने की क्षमता रखता है, जो लंबे समय से अध्यक्ष पद को लेकर पार्टी के भीतर चल रही थीं। इससे यह भी स्पष्ट होता है कि भाजपा में पद नहीं, क्षमता निर्णायक होती है।

नितिन नबीन भारतीय राजनीति की उस पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करते हैं, जिसने संगठनात्मक निष्ठा, वैचारिक स्पष्टता और सतत जनसंपर्क को अपनी राजनीतिक पहचान बनाया है। छात्र राजनीति से लेकर सक्रिय सार्वजनिक जीवन तक उनका सफर अनुशासन, कर्मठता, राष्ट्रीयता और संघर्ष की पाठशाला रहा है। वे जमीनी कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद स्थापित करने वाले, जनता की समस्याओं को संवेदनशीलता से समझने वाले और उन्हें प्रशासनिक व राजनीतिक मंचों तक प्रभावी ढंग से पहुँचाने वाले नेता के रूप में पहचाने जाते हैं। नितिन नबीन की कार्यशैली में युवाओं के प्रति विश्वास, विकासोन्मुख सोच और पारदर्शिता स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। उनके राजनीतिक जीवन की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि वे पद को नहीं, दायित्व को प्राथमिकता देते हैं और संगठन के मूल्यों के अनुरूप निरंतर आगे बढ़ते रहे हैं।

नितिन नबीन सिन्हा कायस्थ समुदाय के एक भारतीय राजनीतिज्ञ और सामाजिक कार्यकर्ता हैं। वह दिग्गज भाजपा नेता नवीन किशोर सिन्हा के बेटे हैं। अभी उन्हें जेपी नड्डा की जगह पर भाजपा का कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया है जो अध्यक्ष के चुनाव तक कार्यभार संभालेंगे। वे वर्तमान में बिहार सरकार में सड़क निर्माण मंत्री है। उन्होंने 2020 के बिहार विधानसभा चुनावों में लगभग 84,000 वोटों से जीत हासिल की। पिछले चुनाव में उन्होंने शत्रुघ्न सिन्हा के बेटे लव सिन्हा को भारी अंतर से हराया था। पुष्पम प्रिया चौधरी भी इस चुनाव में भारी अंतर से हार गई। वे पटना जिले के बांकीपुर निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले बिहार विधान सभा के सदस्य हैं। 2 मार्च 2017 को, नबीन ने बिहार कांग्रेस के नेता अब्दुल जलील मस्तान के खिलाफ देशद्रोह का मामला दर्ज किया और उनकी नागरिकता पर सवाल उठाया। मस्तान ने कथित तौर पर एक रैली में भीड़ से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीर को जूतों से मारने के लिए कहा था।

भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि एक सशक्त संगठनात्मक आंदोलन है, जिसकी आत्मा उसका अनुशासित, समर्पित और वैचारिक रूप से सजग कार्यकर्ता है। पार्टी का संगठनात्मक ढाँचा बूथ स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक सहभागिता, संवाद और सामूहिक निर्णय की परंपरा को मजबूत करता है। संगठन नेतृत्व के प्रति कार्यकर्ताओं का अटूट विश्वास, स्पष्ट दिशा और नेतृत्व की पारदर्शिता भाजपा की सबसे बड़ी ताकत है। यहाँ कार्यकर्ता स्वयं को सत्ता का साधन नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का सहभागी मानता है। यही कारण है कि भाजपा में नेतृत्व और कार्यकर्ता के बीच विश्वास, प्रतिबद्धता और परस्पर सम्मान का संबंध दिखाई देता है, जो पार्टी को निरंतर सशक्त और गतिशील बनाए रखता है।

नितिन नबीन का कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में मनोनयन केवल एक व्यक्ति की नियुक्ति नहीं, बल्कि भाजपा के भविष्य की राजनीति का स्पष्ट संकेत है। यह युवा नेतृत्व, वैचारिक प्रतिबद्धता, संगठनात्मक अनुशासन और संघ-समन्वय का संगम है। यदि नितिन नबीन इस जिम्मेदारी को सफलतापूर्वक निभाते हैं-विशेषकर पश्चिम बंगाल जैसी कठिन राजनीतिक भूमि पर-तो वे न केवल भाजपा के इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ेंगे, बल्कि भारतीय राजनीति में युवा नेतृत्व की नई परिभाषा भी गढ़ेंगे। यही वह क्षण है, जहां राजनीति केवल सत्ता का खेल नहीं, बल्कि दृष्टि, धैर्य और दूरदर्शिता का प्रमाण बन जाती है।

अर्थ प्रकाश में **34 साल पहले** आज का दिन


## दूसरे दिन बहस जारी, सदन में अल्पसंख्यकों के अधिकारों की सुरक्षा का आश्वासन

नई दिल्ली। केन्द्रीय गृहमंत्री एसबी चव्हाण ने सदन के सभी वर्गों से अपील की कि हमें अल्पसंख्यकों के अधिकारियों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए सामूहिक रूप से कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि सरकार इस कार्य की ओर विशेष ध्यान देते हुए अल्पसंख्यक समुदाय की स्वतंत्रता की सुरक्षा एवं उनके अधिकारों को सुरक्षित रखने के लिए बचनबद्ध है। अयोध्या में रामजन्म भूमि बाबरी मस्जिद के विवादित स्थल पर राजनैतिक एवं धार्मिक नेताओं द्वारा मस्जिद गिराए जाने की कड़ी निंदा करते हुए उन्होंने कहा कि सरकारें मस्जिद के पुर्ननिर्माण पर बयान देगी। मंदिर के निर्माण की बात को देखते हुए उन्होंने कहा कि सरकार उचित कदम उठाकर इस मसले को सुलझाने में लगी है। उन्होंने इस बात पर दुख व्यक्त किया कि देश की आजादी के दंगों के बाद की यह हमारे समुख दूसरी त्रासदी है। इस विवाद को पूरी तरह से उत्तर प्रदेश सरकार को दोषी बताते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि केंद्र ने राज्य मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव को पहले ही भाजपा द्वारा अयोध्या में अन्य धार्मिक संगठनों सहित एकत्र होने एवं कार सेवा का कार्य आरंभ करने की बात से अवगत कराया था, किन्तु उत्तर प्रदेश सरकार ने इसे नरमाई से लिया और परिणाम स्वरूप देश में हिंसा की वारदाते हुई। गृहमंत्री ने जोर देकर कहा कि केंद्र पहले ही विवादित स्थल पर राज्य सरकार की अर्धसैनिक बलों की आवश्यकता को देखते हुए उन्होंने स्वयं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के फोन पर बात की किन्तु दुख की बात है कि स्थिति की भलीभांती समीक्षा करते हुए भी मुलायम सिंह सरकार पिछले छह तारीख को कार सेवकों द्वारा की गई कार्यवाही को न रोक सकी। इस प्रकार गृहमंत्री ने कहा कि भाजपा एवं उत्तर प्रदेश सरकार ही इस हिंसा पूर्ण घटना के लिए पूरी तरह जिम्मेदार है। लोकसभा में आज दूसरे दिन भी भाजपा द्वारा पेश किया गया अविश्वास प्रस्ताव पर बहस जारी रखते हुए भाजपा के चिन्न मान्य स्वामी ने कहा कि अगर उच्च न्यायालय का फैसला पहले आ जाता तो अयोध्या की 6 दिसम्बर की घटना को टाला जा सकता था। इस घटना की जिम्मेवारी को स्वीकार करते हुए उन्होंने कहा कि सभी संतों में मुझे विश्वास दिलवाया था कि उच्चतम न्यायालय का उल्लंघन नहीं किया जाएगा लेकिन स्थिति के खराब होने के कारण यह घटना हुई। अविश्वास प्रस्ताव पर बहस कल भाजपा के अटल बिहारी वाजपेई ने शुरु की थी।

## ज्ञान सागर : देखें आज के दिन क्या घटा

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1777 | अमेरिका में पहली बार राष्ट्रीय धन्यवाद दिवस मनाया गया। | 1935 | एडवर्ड बैंस चेकोस्लोवाकिया के राष्ट्रपति बने। |
| 1787 | न्यू जर्सी अमेरिका का तीसरा राज्य बन गया। | 1945 | दक्षिण अमेरिकी देश उरुग्वे संयुक्त राष्ट्र का सदस्य बन गया है। |
| 1799 | संयुक्त राज्य अमेरिका के पहले राष्ट्रपति जॉर्ज वाशिंगटन के पार्थिव शरीर को माउंट वर्नोन में दफनाया गया था। | 1958 | संयुक्त राज्य अमेरिका ने दुनिया का पहला दूरसंचार उपग्रह स्कोर लॉन्च किया। |
| 1839 | जॉन ड्रेपर द्वारा खींची गई चंद्रमा की पहली खगोलीय तस्वीर (अमेरिका में निर्मित)। | 1958 | संयुक्त राज्य अमेरिका ने दुनिया का पहला संचार उपग्रह, स्ष्टह्रञ्ज्र लॉन्च किया। |
| 1839 | अमेरिका के जॉन ड्रेपर ने सबसे पहले चंद्रमा नामक खगोलीय पिंड की तस्वीर खींची थी। | 1960 | राष्ट्रीय संग्रहालय का उद्घाटन राजधानी दिल्ली में किया गया। |
| 1849 | विलियम बॉन्ड ने दूरबीन के माध्यम से चंद्रमा की पहली तस्वीर ली थी। | 1966 | खगोलशास्त्री रिचर्ड वॉकर ने शनि के उपग्रह एपिमेथियस की खोज की थी। |
| 1865 | अमेरिका में पशु आयात से संबंधित पहला कानून पारित किया गया। | 1971 | इतिहास में दूसरी बार अमेरिकी डॉलर का मूल्य घटा है। |
| 1866 | ओहायो में वूस्टर कॉलेज की स्थापना हुई। | 1994 | कॉमेडी टुनाइट का उद्घाटन न्यूयॉर्क शहर के लंट-फॉन्टन थिएटर में 8 प्रदर्शनों के साथ होगा। |
| 1892 | परीकथा पर आधारित नाटक 'बल्ले द नटाकरवास' का पहला प्रदर्शन रूस के सेंट पीटर्सबर्ग स्थित मैरिस्की थिएटर में हुआ था। | 1994 | नॉर्मन, कपल्स और एजिंगर ने एलपीजीए वेंडी की 3-टूर गोल्फ चुनौती जीती। |
| 1899 | फील्ड मार्शल लॉर्ड रॉबर्ट्स को दक्षिण अफ्रीका में पहला ब्रिटिश सुप्रीम कमांडर नियुक्त किया गया था। | 1996 | जिम्बाब्वे और इंग्लैंड के बीच पहला टेस्ट क्रिकेट मैच शुरू होता है |
| 1902 | इटली के प्रसिद्ध आविष्कारक मार्कोनी ने पहला रेडियो स्टेशन बनाया था। | 2005 | चाड में हाल ही में हुए गृहयुद्ध की शुरुआत तब हुई जब विद्रोही समूहों ने, जिन पर पड़ोसी देश सूडान का समर्थन होने का आरोप है, आद्रे में हमले शुरू कर दिए। |
| 1923 | मोरक्को में टैंजियर अंतर्राष्ट्रीय क्षेत्र की स्थापना की गई थी। | 2006 | संयुक्त अरब अमीरात में पहली बार चुनाव हुए। |
| 1932 | जोसेफ पॉल-बॉनकोर फ्रांस के प्रधान मंत्री बने। | 2009 | जलवायु परिवर्तन पर कोपेनहेगन शिखर सम्मेलन का समापन गैर-बाध्यकारी कोपेनहेगन समझौते के साथ हुआ। |

बोल ब्यूटीफुल



**नबीला जमालः** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का एक समारोह में मुस्लिम महिला का हिजाब हटाना यकीनन कुछ अखर सकता है, लेकिन ईमानदारी से कहूं तो उनका यह कृत्य किसी अभिभावक के भाव से भरा प्रतीत हुआ कि वे एक युवा डाक्टर को यह संदेश दे रहे हो कि उन्हें अपना चेहरा छिपाने की जरूरत नहीं। वहां वह गरिमा और बराबरी के दर्जे के साथ मौजूद रहने की अधिकारी है।

**हर्ष गोयनकाः** यदि आप भारतीय विमनन क्षेत्र का वर्तमान संदर्भो में मूल्यांकन कर रहे हो तो उससे पहले कुछ तथ्य भी याद रखने होंगे। जैसे पिछले 45 वर्षों में एटीएफ की कीमतें करीब 20 गुना बढ़ी है, विमान भी 20 गुना महंगे हुए है, पायलटों के वेतन 50 गुना बढ़े है। विभिन्न स्तरों पर ऐसे महंगाई समायोजन के बाद हवाई किराए कम ही हुए है।

**हर्ष वर्धन त्रिपाठीः** जिन लोगों को नितिन नवीन के भाजपा का कार्यकारी अध्यक्ष बनने में वंशवाद दिखता है, उनमें से तमाम लोगों को भी नितिन नवीन के पिता का नाम हाल में ही पता चला होगा।

# मानसिकता और कार्यक्षमता को प्रभावित करती वर्चुअल मीटिंग्स

डिजिटल क्रांति ने कार्यदिवस के परंपरागत समय सीमा को बदलकर ही रख दिया है। कहने को तो छह या सात घंटे का कार्यदिवस होता है पर वर्चुअल युग में कर्मचारी 24 गुणा 7 के दौर में आ गया है। इससे कार्मिकों की मानसिकता और सामाजिक-इकोनोमिक ताने-बाने को भी प्रभावित किया है। एक समय था जब शीर्ष या पहली दूसरी कतार के अधिकारियों की जिम्मेदारी अधिक होती थी और उनके लिए समय सीमा नहीं होती थी पर अब तो वर्चुअल सुविधाओं के चलते दिन हो या रात रविवार हो या शनिवार कभी भी कहीं भी एक मैसेज मात्र से आपको एक्टिव होकर कैमरे के सामने आना पड़ता है। दरअसल कोरोना काल ने यह परिवर्तन दिया है। भारत सहित दुनिया के देशों में अभी भी कार्मिकों के लिए कार्यदिवस पांच या छह दिवस के हैं तो कार्यसमय भी मानने को तो सुबह 9.30 से सायं बजे 6 या दूसरे शब्दों में औसतन लगभग सात घंटे का है पर डिजिटल क्रान्ति ने सबकुछ बदल कर रख दिया है। देखा जाए तो अब असीमित कार्य दिवस का दौर आ गया है। वास्तविकता तो यह है कि डिजिटल डिवाइसों के उपयोग के बाद से कमोबेस कार्यदिवस 24 गुणा 7 हो गये हैं तो कार्य समय भी तय समय सीमा के बंधन से मुक्त हो गया है। माइक्रोसॉफ्ट द्वारा कराये गये वर्क ट्रेंड इंडेक्स स्पेशल रिपोर्ट 2025 में यह खुलासा हो गया है कि अब कार्मिक चाहे वह किसी भी स्तर का हो के लिए चाहे निजी क्षेत्र में हो या सरकारी क्षेत्र में तय समय सीमा बीते जमाने की बात हो गई है। ई-मेल, चैट, वर्चुअल या हाईब्रिड मीटिंग्स, सोशल मीडिया संदेश आदि को समग्र रुप से देखने से अब कार्मिक 24 घंटे का कार्मिक हो गया है। रिपोर्ट के अनुसार सुबह छह बजे से ही व्यक्ति अपनी ई-मेल टटोलने लगता है तो सर्वाधिक प्रोडक्टिविटि का समय 11 बजे के लगभग में काम के स्थान पर ई-मेल का प्रेशर 54 प्रतिशत तक बढ़ जाता है सायं तीन बजे बाद ई-मेल, चैट या अन्य संदेशों की आवक कम होने लगती है। वैश्विक औसत की बात की जाये तो 100 से अधिक ई-मेल से दो चार होना पड़ता है कार्मिक को। हर दो मिनट में मेल, चैट या अन्य संदेश कार्मिक के कार्य में बाधा उत्पन्न करता है। इसका कारण यह होता है कि उसे काल, ई-मेल या संदेश चैक करने या उससे दो चार होना ही पड़ता है। हालात यह है कि रात को भी ई-मेल या संदेश का सिलसिला जारी रहने से अब कार्यालयीय वातावरण से दूर परिवार के व्यैयक्तिक क्षण तो कल्पना की बात होती जा रही है।

डिजिटल क्रांति के चलते मीटिंग्स खासतौर से वर्चुअल या हाईब्रिड मीटिंग्स सुविधाजनक होने के साथ ही कार्मिकों के तनाव का कारण भी बनती जा रही है। हांलाकि वैश्विक ट्रेंड के अनुसार मंगलवार को सर्वाधिक मीटिंग्स होती है इनमें खासतौर से एडहॉक मीटिंग्स अधिक होती है तो शुक्रवार को अपेक्षाकृत मीटिंग्स का दबाव कम होता है। सबसे खास बात यह कि औसतन 10 में से एक मिटिंग तो बिना किसी पूर्व सूचना के अचानक तय होती है। एक और खास यह कि वर्चुअल मीटिंग्स सुविधाजनक होने और अपना संदेश संबंधित सभी तक पहुंचाने का बेहतरीन माध्यम होने के बावजूद यह तनाव का कारण तो बनता ही है इसके साथ ही गुणवत्ता पर भी प्रश्न लगाये जाने लगे हैं। इसको इस तरह से समझा जा सकता है कि दस में से एक मीटिंग लास्ट टाइम बुक की जाती है तो मीटिंग्स में प्रस्तुत होने वाले पॉवर प्वाइंट प्रजेंटेशन में मीटिंग के दस मिनट पहले तक आंषिक बदलाव या अपडेशन होता है। यह कोई किसी एक पक्ष यानी सरकारी या गैर सरकारी प्रतिष्ठान की बात या किसी देष विशेष की बात ना होकर वैश्विक वास्तविकता है। विशेषज्ञों की माने तो अंतिम समय तक प्रजेंटेशन में बदलाव का मतलब ही यह है कि गुणवत्ता कहीं ना कही प्रभावित हो रही है। वैश्विक आंकड़े तो यही कहते हैं कि अंतिम समय में पीपीटी में अपडेशन या संशोधन में 122 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी देखी जा रही है। वर्चुअल मीटिंग का सिलसिला दरअसल कोरोना महामारी के दौर से अधिक सामने आया है और इसे समय और धन बचाने में सहायक माना जाता है पर मीटिंग्स के दौर जिस तरह से बढ़ने लगे हैं उससे कार्मिक सूचनाएं संग्रहित करने और उसमें अपने बचाव के उपाय खोजने में ही अपनी अधिकांश कार्यक्षमता व्यय कर देता है और परिणाम स्वरुप कार्य में गुणवत्ता और उत्पादकता में कमी आना स्वाभाविक माना जाने लगा है।



माइक्रोसॉफ्ट की हालिया रिपोर्ट से यह साफ हो गया है कि डिजिटल युग को देखते हुए अब कार्मिकों के कार्यदिवस को नए सिरे से रिडिजाइन करने की आवश्यकता महसूस की जाने लगी है। इसका प्रमुख कारण कार्मिकों शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ना और सामाजिकता और वैयक्तितता पर विपरीत प्रभाव पडना प्रमुख हो जाता है। समय बेसमय मोबाइल या इसी तरह की डिवाइस पर अंगुलियां चलाने से प्रभावित हो रहे हैं। काम का दबाव, सूचनाओं के संग्रहण में ही समय जाया होने, वर्चुअल मीटिंग्स में सार्वजनिक रुप से जलालत की संभावना, आंखों में सूखापन और सामाजिक व व्यक्तिगत संबंध बाधित होना आम होता जा रहा है। इसका साइड इफेक्ट संत्रास, कुंठा, तनाव, डिप्रेशन आदि के रुप में सामने आने लगा है। इसके समाधान के लिए हांलाकि विशेषज्ञों ने फ्रंटियर फर्म की आवश्यकता प्रतिपादित की है। इसमें आर्टिफिसियल इंटेलीजेंस के माध्यम से विश्लेषण की बात की जाने लगी है। पर समय की मांग और आवश्यकता यह महसूस की जाने लगी है कि वर्क कल्चर को रिडिजाइन किया जाएं। अन्यथा देर सबेर इसके नकारात्मक प्रभावों से बचना मुश्किल हो जाएगा। दरअसल यह अपने आपमें गंभीर समस्या हो गई है। इसका समाधान हर स्तर पर खोजना होगा। यह कोई कार्यालयीय समस्या, सामाजिक समस्या, मनोवैज्ञानिक समस्या या शारीरिक मानसिक समस्या ना होकर पूरे ताने-बाने को ही प्रभावित करने वाली समस्या है। ऐसे में विशेषज्ञों, गैरसरकारी संगठनों, मनोविज्ञानियों के साथ ही मानव संसाधन विशेषज्ञों और नियोक्ताओं को भी इस समस्या का समाधान खोजना होगा।

### मुख्यमंत्री ने पेंशनरों के योगदान को किया नमन, बोले- कर्मचारियों एवं पेंशनरों के एरियर पर कुल 2,155 करोड़ रुपये खर्च

# पेंशनरों ने अपने सेवाकाल में सरकार की नींव को मजबूत किया : सुक्खू

अर्थ प्रकाश/अजय मल्होत्रा



**बिलासपुर।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने पेंशनर्स दिवस के अवसर पर आज बिलासपुर जिला के घुमारवीं में हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स संयुक्त मोर्चा द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में संबोधित करते हुए कहा कि यह दिवस केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं है, बल्कि उन सेवाओं, त्याग और समर्पण को नमन करने का अवसर है, जिनके बल पर हिमाचल प्रदेश की प्रशासनिक व्यवस्था सशक्त और सुचारू बनी हुई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पेंशनरों ने अपने सेवाकाल में ईमानदारी, निष्ठा और कर्तव्यबोध के साथ कार्य करते हुए प्रदेश और सरकार की नींव को मजबूत किया है। आज जो संस्थाएं सुदृ? हैं और व्यवस्थाएं प्रभावी ढंग से कार्य कर रही हैं, उसके पीछे सेवानिवृत्त कर्मचारियों का अथक परिश्रम और बहुमूल्य अनुभव निहित है। प्रदेश सरकार उनके इस अमूल्य योगदान के प्रति सदैव कृतज्ञ रहेगी।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार कर्मचारियों और पेंशनरों के कल्याण के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। सत्ता संभालते ही पहली कैबिनेट बैठक में अपने वायदे को निभाते हुए पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) को बहाल किया गया। उन्होंने कहा कि ओपीएस बहाली से प्रदेश के 1.36 लाख कर्मचारियों को सम्मान, सुरक्षा और भरोसे का संबल मिला है। उन्होंने कहा कि पूर्व सरकार के दौरान वेतन और पेंशन से जुड़ी जो बड़ी बकाया राशि प्रदेश पर छोड़ी गई थी, उसे भी वर्तमान सरकार चरणबद्ध और व्यवस्थित तरीके से अदा कर रही है।

राज्य सरकार ने प्राथमिकता के आधार पर 75 वर्ष या इससे अधिक उम्र के पेंशनरों/पारिवारिक पेंशनरों को उनके बकाया पेंशन/पारिवारिक पेंशन एरियर का पूरा भुगतान कर दिया है। पिछली सरकार ने केवल 20 प्रतिशत एरियर का भुगतान किया था। प्रदेश सरकार ने 80 प्रतिशत एरियर का भुगतान किया है। सरकार ने 70 वर्ष से अधिक उम्र के पेंशनरों/पारिवारिक पेंशनरों को उनके कुल पेंशन/पारिवारिक पेंशन के एरियर का 70 प्रतिशत का भुगतान कर दिया है। पिछली सरकार ने 20 प्रतिशत एरियर का भुगतान किया था, जबकि प्रदेश सरकार ने इस वर्ग के पेंशनरों को 50 प्रतिशत एरियर का भुगतान किया है। इन पेंशनरों के बकाया एरियर का भुगतान 40 दिन के भीतर कर दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि 65 से 70 वर्ष की आयु वर्ग के पेंशनर्स के कुल एरियर का 38 प्रतिशत भुगतान कर दिया है। पिछली सरकार ने 20 प्रतिशत एरियर का भुगतान किया गया था, जबकि हमारी सरकार ने गंभीर वित्तीय स्थिति के बावजूद अतिरिक्त 18 प्रतिशत एरियर का भुगतान किया है। इस पर 75 करोड़ रुपये खर्च हुआ है।

उन्होंने कहा कि 65 वर्ष से कम आयु के पेंशनर्स को 35 प्रतिशत एरियर का भुगतान कर दिया गया है। पिछली सरकार ने 20 प्रतिशत एरियर का भुगतान किया है, जबकि हमारी सरकार ने अब तक अतिरिक्त 15 प्रतिशत एरियर का भुगतान किया है। इस पर कुल 110 करो? रुपये खर्च हुए हैं।

ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार ने 1 जनवरी, 2016 से 31 दिसम्बर, 2021 तक के सेवानिवृत कर्मचारियों को उनके ग्रेच्युटी एरियर के 20 प्रतिशत भाग का भुगतान कर दिया गया है। बकाया एरियर का भुगतान चरणबद्ध तरीके से किया जायेगा और प्रदेश सरकार इस बारे में आगामी बजट से पहले निर्णय लेगी।

उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा कर्मचारियों के वेतन के एरियर की किश्त के तौर पर 50 हजार रुपये प्रथम श्रेणी से तृतीय श्रेणी के कर्मचारियों तथा 60 हजार रुपये चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को भुगतान किया जा चुका है। इस पर 800 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। राज्य सरकार द्वारा चतुर्थ श्रेणी के सभी कर्मचारियों को उनके वेतन एरियर का अतिरिक्त 20 हजार रुपये का भुगतान 19 अक्तूबर, 2024 को किया गया। इस पर 100 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। अब तक प्रदेश सरकार द्वारा कर्मचारियों व पेंशनरों के एरियर पर कुल 2155 करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं।

### भाजपा नेता आर्थिक मदद के सही आंकड़े प्रस्तुत नहीं कर रहे

ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा कि भाजपा नेता व केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा केंद्र सरकार द्वारा प्रदेश की आर्थिक मदद करने के सही आंकड़े प्रस्तुत नहीं कर रहे हैं। वास्तविकता यह है कि केंद्र द्वारा हिमाचल के हितों की अनदेखी की जा रही है। इस अवसर पर पेंशनर संयुक्त मोर्चा की मंडी स्थित शाखा ने मुख्यमंत्री राहत कोष के लिए एक लाख रुपए का चेक भेंट किया। नगर एवं ग्राम नियोजन व तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने घुमारवीं पधारने पर मुख्यमंत्री का स्वागत किया और क्षेत्र के लिए 69 करो? रुपए लागत की विकासात्मक परियोजनाएं समर्पित करने के लिए उनका आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आर्थिक चुनौतियों के बावजूद मुख्यमंत्री ने वित्तीय अनुशासन सुनिश्चित किया और आय के नए संसाधन भी सृजित किए। उन्होंने प्रदेश सरकार द्वारा लागू की गई विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की भी विस्तृत जानकारी दी। हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स संयुक्त मोर्चा के राज्य अध्यक्ष आत्मा राम शर्मा ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। उन्होंने वर्तमान प्रदेश सरकार द्वारा कर्मचारियों को दिए जा रहे विभिन्न वित्तीय लाभों की विस्तार से जानकारी दी और पेंशनर्स की मांगों के बारे में भी अवगत करवाया।

### ऊना पुलिस की बड़ी कार्रवाई

## चिट्टा बरामद, सड़क हादसों में कई घायल, सार्वजनिक स्थानों पर चालान

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा

**ऊना।** जिला ऊना में पुलिस ने नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए चिट्टा/हेरोइन बरामद की है, वहीं अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में कई लोग घायल हुए हैं। इसके अलावा सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करने वालों के भी चालान काटे गए हैं।

**7.19 ग्राम चिट्टा बरामद, तीन आरोपी नामजद :** पुलिस थाना सदर ऊना की स्ढ्ढ टीम ने संतोषगढ़ वार्ड नंबर-08 में एक मकान की तलाशी के दौरान 7.19 ग्राम चिट्टा/हेरोइन बरामद की। इस मामले में कमरे में मौजूद सुखविंद्र सिंह, प्रवीण कुमार व कुलदीप सिंह के खिलाफ हृष्ठ×क्क्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस द्वारा मामले की गहन जांच जारी है।

**मलांगड में दर्दनाक सड़क हादसा, पांच लोग घायल :** थाना बंगाणा क्षेत्र के मलांगड में एक कार चालक द्वारा लापरवाही से वाहन चलाने के कारण मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी गई। हादसे में मोटरसाइकिल सवार दो युवक सहित सड़क किनारे खड़े तीन अन्य लोग घायल हो गए। सभी घायलों को पहले ष्ठ॥ बंगाणा और बाद में ऋ॥ ऊना रेफर किया गया। आरोपी चालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया गया है।

### खड़े ट्रैक्टर से टकराई बाइक, युवक गंभीर

बंगाणा क्षेत्र में एक अन्य हादसे में तेज रफ्तार मोटरसाइकिल चालक खड़े ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गया। घायल युवक को ष्ट॥ बंगाणा से ऋ॥ ऊना रेफर किया गया है। पुलिस ने मोटरसाइकिल चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान पर कार्रवाई

पुलिस ने सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करने पर 4 व्यक्तियों के चालान काटकर कुल 400 रुपये जुर्माना वसूला।

*पुलिस अधीक्षक ऊना अमित यादव ने कहा कि नशे, यातायात नियमों के उल्लंघन और सार्वजनिक स्थानों पर अवैध गतिविधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।*

## समस्याओं को लेकर प्रशासन से मिला ऊना का व्यापारी वर्ग

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा



**ऊना।** ऊना मे ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार किए जाने के बाद कारोबार पर पड़ रहा है इसका बड़ा असर,व्यापारियों पर पड़ा है। व्या प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया, चालान किए जाने को लेकर व्यापारियो ने प्रशासन के खिलाफ बुलंद की आवाज, प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर येलो लाइन मे गाडी पार्क और चालान ना किए जाने की लगाई गुहार, प्रशासनिक अधिकारी ने जिलाधीश के साथ वार्तालाप कर समस्या का समाधान किए जाने का आश्वासन दिया।

जिला प्रशासन द्वारा ऊना शहर में ट्रैफिक और नो वेंडर जोन के आदेश पारित किए जाने के बाद एक तरफ जहां ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार देखा जा रहा है वहीं शहर में नो वेंडर जॉन लागू होने के बाद अतिक्रमण और रेहडी-फड़ी वाले भी अब सड़क पर नहीं दिखाई दिए जाने से स?के का?ी खुली दिखाई दे रही है पुलिस द्वारा ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार किए जाने को लेकर चालानो का काम भी तेजी से हो रहा है बाजार में सामान लेने आने वाले ग्राहकों के चालान किए जाने को लेकर इसका बड़ा असर कारोबार पर भी प? रहा है । क्योंकि पुलिस कर्मचारियों द्वारा येलो लाइन के अंदर खड़े वाहनों के भी चालान किए जा रहे हैं और चालान के डर से बाजार मे ग्राहक नहीं आ रहा है ।

जिस कारण व्यापारियों का कारोबार भी बड़ी धीमी गति से चल रहा है प्रशासन द्वारा लगातार चालान किए जाने को लेकर व्यापारी काफी नाराज है और व्यापारियों ने आज इकट्ठे होकर प्रशासन के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद की है ।उन्होंने प्रशासनिक अधिकारी एडीसी महेंद्र पाल गुर्जर को ज्ञापन सौंप कर आ रही समस्याओं से उन्हें अवगत करवाया है मीडिया से रूबरू होते हुए व्यापारियों ने बताया कि येलो लाइन के अंदर वाहनों को ख? किए जाने के कारण उनके चालान किए जा रहे हैं । जिसका सीधा असर उनके कारोबार पर पढ़ रहा है चालान किए जाने के चलते ग्राहक मार्केट में नहीं आ रहा है और जिस कारण व्यापारी आर्थिक मंदी के दौर से गुजर रहे हैं ।

उन्होंने कहा कि अगर इसी प्रकार प्रशासन का रवैया रहा और हमारी कोई सुनवाई नहीं हुई तो सभी व्यापारी अपनी दुकानों को बंद करके चाबियां प्रशासन को सौंप देंगे और वह धरने पर बैठ जाएंगे उन्होंने कहा कि शहर में जो आदेश व्यवस्था सुधार और नो वेंडर वेंडर जॉन को लेकर पारित किए हैं वह उनका स्वागत करते हैं लेकिन येलो लाइन के अंदर खड़े वाहनों की चालान किए जाने को लेकर उनका कारोबार चौपट हो रहा है ।

इसलिए उन्होंने मांग की है कि प्रशासन इसका कोई हल निकाले और येलो लाइन के अंदर खड़े वाहनों के जबरन चालान ना किय जाए उन्होंने कहा की प्रशासन का काम शहर वासियों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराना है लेकिन जिस प्रकार शहर वासियों के साथ हो रहा है उससे उनका कारोबार भी चौपट हो रहा है ।उन्होंने कहा कि प्रशासन व्यापारियों के साथ मिलकर इस समस्या का समाधान निकाले ।

वहीं नगर निगम कमिश्नर और एडीसी ऊना महेंद्र पाल गुर्जर ने कहा कि व्यापारियों का एक वर्ग अपनी समस्याओं को लेकर उनसे मिला है और उन्होंने अपनी समस्याओं को लेकर एक मांग पत्र दिया है।

## हिमाचल प्रदेश को चिट्टा मुक्त बनाने के लिए मुख्यमंत्री ने उठाए कड़े कदम : नरेश ठाकुर

नशा निवारण बोर्ड के संयोजक एवं सलाहकार ने मैगा वॉकथॉन की कामयाबी के लिए सभी का आभार जताया

अर्थ प्रकाश/शिल्पा शर्मा



**हमीरपुर 17 दिसंबर।** राज्य नशा निवारण बोर्ड के संयोजक एवं सलाहकार नरेश ठाकुर ने कहा है कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने हिमाचल प्रदेश को चिट्टे जैसे खतरनाक नशीले पदार्थों से मुक्त करने के लिए एक ब?ी जंग का ऐलान करते हुए बहुत ही क? कदम उठाए हैं। इस नशा विरोधी जंग में सफलता हासिल करने के लिए जनसहयोग बहुत जरूरी है।

बुधवार को यहां सर्किट हाउस में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए नरेश ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री ने चिट्टे के विरुद्ध प्रदेश एवं जिला स्तर पर बहुत ब?ा अभियान शुरू किया है और इसी अभियान के तहत मंगलवार को हमीरपुर में आयोजित मैगा वॉकथॉन में हजारों लोगों ने ब? जोश के साथ भाग लिया। मैगा वॉकथॉन के लिए सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों और मीडियाकर्मियों सहित सभी लोगों का आभार व्यक्त करते हुए नरेश ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री के इस अभियान को उपमंडल, ब्लॉक और पंचायत स्तर तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक चरण में प्रदेश की 234 पंचायतों में क्षेत्र के शिक्षण संस्थानों के प्रधानाचार्यों या मुख्यध्यापकों की अध्यक्षता में नशा निवारण कमेटियों का गठन किया गया है जोकि नशे की स्थिति पर क?ी नजर रखेंगी।

उन्होंने कहा कि राज्य नशा निवारण बोर्ड इस अभियान में समाज के सभी वर्गों एवं संगठनों को लामबंद करने का प्रयास करेगा। अगर सभी लोग अपने-अपने क्षेत्रों में क?ी नजर रखेंगे तो मुख्यमंत्री का यह अभियान अवश्य कामयाब होगा। इस दिशा में लोगों से प्राप्त महत्वपूर्ण सुझावों एवं फीडबैक पर बोर्ड की बीओडी की बैठक में भी चर्चा की जाएगी तथा इन्हें लागू किया जाएगा।

नरेश ठाकुर ने बताया कि चिट्टे की तस्करी के तंत्र को पूरी तरह ध्वस्त करने के लिए मुख्यमंत्री ने इसकी सूचना देने वाले लोगों के लिए पहली बार ईनाम की घोषणा की है। ये ईनाम चिट्टे की बरामदगी की मात्रा के अनुसार तय किए गए हैं और सूचना देने वाले की जानकारी पूर्णतयः गोपनीय रखी जाएगी।


## न्यूज ब्रीफ

### किसान मोर्चा के पदाधिकारी प्रो. प्रेम कुमार धूमल से मिले



**हमीरपुर (शिल्पा शर्मा)।** जिला किसान मोर्चा ऊना के अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह राणा के नेतृत्व में किसान मोर्चा के एक प्रतिनिधिमंडल ने पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता प्रो. प्रेम कुमार धूमल से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर किसानों से जुड़े विभिन्न विषयों पर सार्थक चर्चा हुई तथा संगठनात्मक मजबूती को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया। प्रतिनिधिमंडल में जिला महामंत्री विश्वजीत पटियाल व इकबाल सिंह, उपाध्यक्ष नरेंद्र सिंह, विनोद ठाकुर एवं कार्यालय सचिव दिनेश कुमार शामिल रहे। इसके अतिरिक्त आईटी संयोजक कैलाश चंद्र राणा, आईटी सह-संयोजक आकाश राणा, सोशल मीडिया संयोजक रोहित शर्मा, मीडिया प्रभारी वरुण महान तथा सदस्य संजीव ठाकुर, राकेश कुमार, शिवपाल, प्रिंस सहित अन्य कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे। भेंट के दौरान प्रो. धूमल ने किसान मोर्चा के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि किसानों की समस्याओं को संगठन के माध्यम से मजबूती से उठाना समय की आवश्यकता है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को जनसेवा और संगठन हित में निरंतर सक्रिय रहने का आह्वान किया।

### हिमाचल प्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड की बैठक आयोजित



**शिमला।** उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने आज यहां हिमाचल प्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड की 246वीं बैठक की अध्यक्षता की। बैठक के दौरान बोर्ड से संबंधित विभिन्न विभागीय एवं नीतिगत मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई तथा खादी एवं ग्रामोद्योग क्षेत्र को और अधिक सशक्त बनाने के लिए महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक के दौरान उद्योग मंत्री ने खादी एवं ग्रामोद्योग से जु? कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन, रो?गार सृजन तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने पर विशेष बल दिया। उद्योग मंत्री ने इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि यह वेबसाइट विभाग की योजनाओं, कार्यक्रमों, गतिविधियों एवं उपलब्धियों की जानकारी आमजन तक सरल एवं पारदर्शी तरीके से पहुंचाने में सहायक सिद्ध होगी। विभागीय वेबसाइट के माध्यम से लाभार्थियों, उद्यमियों तथा आम नागरिकों को विभाग से जु?ी जानकारियां उपलब्ध हो सकेंगी। अतिरिक्त मुख्य सचिव उद्योग आर.डी. नजीम, मुख्य कार्यकारी अधिकारी खादी एवं ग्रामोद्योग जितेंद्र कुमार, उप-सचिव (वित्त) भुवनेश शर्मा, संयुक्त निदेशक उद्योग रमेश वर्मा, राज्य नोडल अधिकारी-सह ?िला अधिकारी (डी.ओ.) संजीव जस्टा इस अवसर पर उपस्थित थे।

## घने कोहरे और शीतलहर के दृष्टिगत जनहित में एडवाइजरी जारी

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा

**ऊना।** जिला प्रशासन ऊना ने घने कोहरे और शीतलहर के दृष्टिगत जनहित में एडवाइजरी जारी की है। इसके जरिए प्रशासन ने ब?ती ठंड और घने कोहरे के मद्देनजर लोगों से स्वास्थ्य और सुरक्षा को लेकर कुछ आवश्यक सावधानियां बरतने का आग्रह किया है।

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने कहा कि तापमान में लगातार गिरावट के चलते आगामी दिनों में शीतलहर और धुंध का असर और ब? सकता है। ऐसे में सुरक्षा और बचाव की दृष्टि से आवश्यक सावधानियां बरतना जरूरी है।

**यातायात के लिए जरूरी सावधानियां :** यातायात के लिए जरूरी सावधानियों की बात करते हुए उपायुक्त ने सभी वाहन चालकों से गति नियंत्रित रखने की अपील की है। उन्होंने कहा कि घने कोहरे में वाहन धीमी गति से चलाएं ताकि दुर्घटनाओं से बचा जा सके। साथ ही लाइट का सही उपयोग करें। गा?ी की लाइट को लो बीम पर रखें। यदि दृश्यता बहुत कम हो, तो फॉग लाइट का प्रयोग करें। वाहनों के बीच पर्याप्त दूरी रखें ताकि अचानक रुकने की स्थिति में दुर्घटना न हो। स?क पर पेंट की गई लाइन का उपयोग एक गाइड के रूप में करें। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन और तेज आवाज में संगीत न सुनें।

**स्वास्थ्य संबंधी सावधानियां :** उपायुक्त ने लोगों से स्वास्थ्य लेकर भी सजग रहने को कहा है। उन्होंने कहा कि शरीर के अंगों का सुन्न होना, हाथ-पैर की उंगलियों, कान और नाक पर सफेद या पीले दाग दिखना शीतदंश के लक्षण हो सकते हैं। अत्यधिक ठिठुरना, सुस्ती, थकान, स्मृति कमजोर होना या तुतलाना हाइपोथर्मिया के संकेत हैं। यदि किसी प्रकार की स्वास्थ्य समस्या महसूस हो, तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

उपायुक्त ने सभी नागरिकों से मौसम की गंभीरता को समझने, सुरक्षा और स्वास्थ्य को लेकर सतर्कता बरतने और प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की है।

### शीतलहर से बचाव के उपाय

एडवाइजरी में जिला वासियों से यह भी आग्रह किया गया है कि शीतलहर के दौरान यथासंभव घर के अंदर ही रहें। बाहर निकलते समय सिर, कान, हाथ, पैर और नाक को अच्छी तरह ढक कर निकलें। रेडियो, टीवी और समाचार पत्रों से मौसम के पूर्वानुमान की जानकारी लेते रहें। कई स्तरों वाले ऊनी कप? पहनें ताकि शरीर की गर्मी बरकरार रहे। शरीर को गर्म रखने के लिए पोषक आहार और गर्म पेय का सेवन करें। हीटर, कोयले की अंगीठी या केरोसिन के उपयोग के दौरान कमरे में वेंटिलेशन का उचित प्रबंध करें। अपने सिर को ढक कर रखें, क्योंकि ठण्ड में सिर के माध्यम से ऊष्मा का अभाव हो सकता है। अपने मुंह को भी ढक कर रखें, इससे आपके फेफ?ों को ठण्ड से सुरक्षा मिलेगी। कम तापमान में कठिन काम न करें, क्षमता से अधिक शारीरिक कार्य न करें, इससे हृदयघात का खतरा उत्पन्न हो सकता है।

## मनरेगा पर कुठाराघात हुआ तो बर्दाश्त नहीं होगा : राजीव



अर्थ प्रकाश/शिल्पा शर्मा

**हमीरपुर।** असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस (केकेसी), हिमाचल प्रदेश के प्रदेश चेयरमैन राजीव राणा ने केंद्र की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) से गांधी जी का नाम हटाने का प्रयास केवल एक प्रशासनिक फैसला नहीं, बल्कि यह गरीब, मजदूर और गांवों की रीढ़ पर सीधा हमला है। यह कदम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के विचारों, उनके संघर्ष और देश के श्रमिक वर्ग के सम्मान को मिटाने की साजिश है।

राजीव राणा ने कहा कि मनरेगा करोड़ों ग्रामीण परिवारों के लिए जीवनरेखा है, जिसने बेरोजगारी, पलायन और भुखमरी के खिलाफ मजबूत सुरक्षा कवच प्रदान किया। लेकिन भाजपा सरकार लगातार बजट में कटौती, मजदूरी भुगतान में देरी और काम के अवसर घटाकर इस योजना को कमजोर करने में लगी है। अब गांधी जी का नाम हटाकर सरकार अपनी मंशा साफ कर रही है कि वह गरीबों और श्रमिकों से जुड़े हर प्रतीक को समाप्त करना चाहती है।

उन्होंने कहा कि आज गांधी चौक में आयोजित धरना प्रदर्शन के माध्यम से यह स्पष्ट संदेश दिया है कि मजदूरों के अधिकारों से कोई समझौता नहीं होगा। गांधी जी का नाम हटाना केवल शब्दों का बदलाव नहीं, बल्कि यह देश की आत्मा पर प्रहार है, जिसे कांग्रेस पार्टी किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं करेगी।

राजीव राणा ने केंद्र सरकार से पुरजोर मांग की कि मनरेगा का मूल स्वरूप और पूर्ण नाम तत्काल बहाल किया जाए, उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने अपनी जनविरोधी नीतियां नहीं बदलीं, तो केकेसी और कांग्रेस पार्टी पूरे प्रदेश में आंदोलन को और तेज करेगी।

### जनसभा — ग्रामीण आर्थिकी को सम्बल प्रदान करने की कवायद

## सामाजिक सुरक्षा को दिया जा रहा सर्वोच्च अधिमान : डॉ. शांडिल

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर



**सोलन।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण आर्थिकी को सम्बल प्रदान करने के साथ-साथ सामाजिक सुरक्षा को सर्वोच्च अधिमान प्रदान कर रही है। डॉ. शांडिल आज सोलन विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत कोट में 22 लाख रुपए से अधिक की विकासात्मक परियोजनाओं के लोकार्पण करने के उपरांत एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

स्वास्थ्य मंत्री ने ग्राम पंचायत कोट में 15 लाख रुपए की लागत से नवनिर्मित पंचवटी पार्क, 3.50 लाख रुपए की लागत से नवनिर्मित सामुदायिक भवन कटोह तथा 3.50 लाख रुपए की लागत से नवनिर्मित सामुदायिक भवन लछोग का लोकार्पण किया।

डॉ. शांडिल ने कहा कि सामाजिक सुरक्षा के तहत गत 03 वर्षों में प्रदेश में 12,095 लाभार्थियों को 28 करो? रुपए की सहायता प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना के तहत 6000 बेसहारा बच्चों को चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट के रूप में अपनाकर उनका भविष्य सुरक्षित किया गया है। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी सुख शिक्षा योजना के तहत प्रदेश में 19,479 विधवा, निराश्रित तथा दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों को प्रतिमाह 1000 रुपए की आर्थिक सहायता दी जा रही है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को म?बूत बनाने के लिए गाय के दूध पर 51 रुपए और भैंस के दूध पर 61 रुपए प्रति लीटर न्यूनतम समर्थन मूल्य प्रदान किया है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश दूध पर न्यूनतम समर्थन मूल्य प्रदान करने वाला देश का पहला राज्य बना है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण आर्थिकी की म?बूती के लिए विभिन्न प्रयास किए जा रहे हैं।

डॉ. शांडिल ने कहा कि प्रदेश सरकार गुणात्मक शिक्षा पर विशेष ध्यान केंद्रित कर रही है। प्रदेश सरकार के प्रयासों से राष्ट्रीय स्तर के सर्वेक्षण में हिमाचल प्रदेश की शिक्षा क्षेत्र में रैंकिंग में 21वें से पांचवें स्थान पर आ गई है। उन्होंने कहा कि सरकार ने 100 सरकारी स्कूलों में सी.बी.एस.ई. पाठ्यक्रम शुरू करने का महत्त्वपूर्ण निर्णय लिया है। 20 विधानसभा क्षेत्रों में राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूलों का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों में छात्रों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा एवं बेहतर सुविधाएं प्रदान करने की दृष्टि से राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल स्थापित किए जा रहे हैं। उन्होंने क्षेत्र की समस्याओं को सुना तथा आगामी वित्त वर्ष में नए बजट में सभी मांगों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने का आश्वासन दिया।


**"NOTICE INVITING E-Tenders"**

The Executive Engineer Jal Shakti Division Chamba, invites following E-Tenders on behalf of Governor of Himachal Pradesh, from approved eligible contractors for the following work through E-Tendering process :-

| Sr. No. | Description of work | Estimated cost | Bid security | Time | Cost of Bid |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Providing LWSS to Pt. Jawahar Lal Nehru Govt. Medical College and Hospital at Sarol, Chamba in Tehsil and Distt.Chamba H.P (SH Fencing around WTP, C/o B/wall at WTP, MBR near Abdullah's house, C/o Chlorinator hut, C/o interconnecting path, tile work in RSF, S/E of submersible pump with allied accessories for lifting water from Sal Khad to Raw water Tank) | Rs. 72,40,913 /- | Rs. 1,33,614/- | Six Months | Rs. 2000 |

Last date of filling / uploading the tender through E-Tendering:-27-12-2025. The tender form and other detailed conditions can be obtained from the web site www.hpiph.org

RO No. 5103_2025-2026 | AP No. 6268

Executive Engineer
Jal Shakti Division Chamba

## पंचकूला का विकास चारों विकास एजेंसियों में आपसी समन्वय ना होने की भेंट चढ़ा : मनोज अग्रवाल

**पंचकूला।** पंचकूला के विकास के लिए सरकार ने नगर निगम, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण, पीएमडीए तथा हरियाणा ओद्योगिक विकास निगम सहित चार एजेंसीयां लगाई हुई हैं। लेकिन इन में आपसी तालमेल ना होने से भ्रम की स्थिति में शहर का विकास प्रभावित हो रहा है। यह आरोप लगाते हुए इंडियन नेशनल लोकदल के पंचकूला जिलाध्यक्ष शहरी एवं प्रदेश कोषाध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने कहा कि सेक्टरों की विभाजक सड? पीएमडीए के पास है जबकि स्ट्रीट लाइट नगर निगम द्वारा संचालित की जाती हैं। इसी तरह सेक्टरों की मार्केटों से अतिक्रमण हटाने तथा रेहड़ी फड़ी वालों से नगर निगम तथा एचएसवीपी संयुक्त रूप निपटते हैं। वहीं औद्योगिक क्षेत्र की सडकें, साफ सफाई तथा अन्य मसले एचएसआईडीसी देखता है। मनोज अग्रवाल ने कहा कि सेक्टर 1,3,5,23,24,27,31 की सड़कें, स्ट्रीट लाइट, सेनिटेशन आदि के लिए एचएसवीपी जिम्मेदार है। सेक्टरों के अंदर की सड़कें , सेनिटेशन, पार्क, स्ट्रीट लाइट आदि नगर निगम के दायरे में आते हैं।

### उत्तर प्रदेश में बना एक अवैध देसी कट्टा पंचकूला में 12,000-15,000 रुपये में, पिस्टल की कीमत 50 से 65 हजार रुपये

# ऑपरेशन ट्रैकडाउन से दोगुनी संख्या में पकड़े पिस्तौल और देसी कट्टे

अर्थ प्रकाश/आदित्य शर्मा

**पंचकूला।** साल 2025 बीतने में कुछ अब समय ही बाकी रह गया है। पंचकूला में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए चलाए गए ऑपरेशन ट्रैक डाउन में जहां एक तरफ अपराधियों की गिरफ्तारी का सिलसिला जारी है तो दूसरी तरफ हथियारों की तस्करी के मामलों की संख्या भी दोगुनी हो गई है।

हैरानी की बात यह है कि उत्तर प्रदेश में बना एक अवैध देसी कट्टा पंचकूला में 12,000-15,000 रुपये में मिलता है, जबकि आजकल एक पिस्टल की कीमत 50,000-65,000 रुपये है। हथियारों के फैलने की बात को ध्यान में रखते हुए, जिला पुलिस ने इस साल दोगुनी संख्या में पिस्तौल और देसी कट्टे बरामद किए हैं। पंचकूला पुलिस के अनुसार, इस साल 10 दिसंबर तक 36 पिस्तौल और 20 कट्टे बरामद किए गए हैं।



### जितनी लंबी दूरी उतना महंगा हथियार

पुलिस सूत्रों ने बताया कि बदमाश इन बिना लाइसेंस वाले हथियारों का इस्तेमाल या तो आपसी दुश्मनी के लिए या जिले में अपराध करने के लिए कर रहे हैं। क्राइम ब्रांच के सूत्रों की माने तो जैसे-जैसे कट्टे और पिस्तौल के बनने की जगह से दूरी बढ़ती है, कीमत भी बढ़ जाती है। एक कट्टा जिसकी कीमत यूपी में लगभग 7,000-8,000 रुपये होगी, वह पंचकूला या चंडीगढ़ पहुंचने पर लगभग 15,000-20,000 रुपये का हो जाएगा। इसी तरह, यूपी में लगभग 15,000-20,000 रुपये की पिस्तौल यहां लगभग 50,000-65,000 रुपये की मिलेगी।

### ऑपरेशन ट्रैकडाउन निशाने पर खास अपराध

डिप्टी कमिश्नर ऑफ पुलिस (क्राइम) मनप्रीत सिंह सूदन का कहना है कि हमने इस साल हथियारों की बड़ी बरामदगी की है क्योंकि हमने ऑपरेशन ट्रैकडाउन चलाया था, जिसके तहत कई दिनों तक हमने खास अपराधों से निपटने पर ध्यान केंद्रित किया। इसके अलावा, हमने उन लोगों पर नजर रखी जिन पर पहले भी कई मामले दर्ज थे और पाया कि उन्होंने फिर से ये बिना लाइसेंस वाले हथियार खरीदे थे। हमारी पहले से की गई कार्रवाई के कारण, हम चार हत्याओं को रोकने में कामयाब रहे। चार आरोपियों ने हमें बताया कि उन्होंने खास लोगों को मारने के लिए हथियार खरीदे थे।

### एक महीने में 10 पिस्तौल-20 कारतूस पकड़े

सेक्टर 26 क्राइम ब्रांच ने लगभग एक महीने के छोटे से समय में 10 पिस्तौल, देसी कट्टे और 20 कारतूस बरामद किए हैं, जो एक बड़ी रिकवरी है। रामगढ़ में एक टैक्सी ड्राइवर के अपहरण, मारपीट और हथियारबंद लूट में शामिल तीन आरोपियों की हालिया गिरफ्तारी में, एक आरोपी हथियारों का सप्लायर था। पुलिस ने कई देसी पिस्तौल और जिंदा कारतूस बरामद किए। पुलिस अपनी खास मुहिम के अलावा, खुफिया जानकारी इकट्ठा करके और बदमाशों के सोशल मीडिया पर नजर रखकर उन्हें ट्रैक करने में कामयाब रही।

जबकि पिछले साल 2024 में यह आंकड़ा आधा था।

पिछले साल 20 पिस्तौल और 9 कट्टे बरामद किए गए थे। 2023 में भी 20 पिस्तौल बरामद की गई थीं, जबकि सिर्फ तीन देसी कट्टे बरामद हुए थे। इस साल मामलों और गिरफ्तार आरोपियों की संख्या भी दोगुनी हो गई है। 10 दिसंबर, 2025 तक 77 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया और 49 मामले दर्ज किए गए। जबकि पिछले साल 24 मामलों में 35 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। 2023 में भी 16 मामलों में 35 लोगों को पकड़ा गया था।



## मेयर के सम्मान में समारोह : पार्षद संग सफाई मित्रों ने विकास कार्यों जताया संतोष

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** सेक्टर-10 में पार्षद सोनिया सूद की अध्यक्षता में पंचकूला के महापौर कुलभूषण गोयल का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। यह समारोह सफाई मित्रों द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें पिछले लगभग पांच वर्षों में शहर में कराए गए विकास कार्यों की सराहना की गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सफाई मित्रों, जनप्रतिनिधियों और शहर के गणमान्य लोगों ने भाग लिया। पार्षद सोनिया सूद ने कहा कि महापौर कुलभूषण गोयल के नेतृत्व में पंचकूला में हर वर्ग के हितों को ध्यान में रखते हुए विकास कार्य किए गए। उन्होंने कहा कि बिना किसी भेदभाव के सभी वार्डों में समान रूप से काम कराया गया, जिससे शहर का समग्र विकास संभव हो सका। उन्होंने यह भी कहा कि आज पंचकूला स्वच्छता के क्षेत्र में अन्य शहरों की तुलना में आगे है, जिसका श्रेय सफाई मित्रों और नगर निगम की टीम को जाता है। सम्मान समारोह में सफाई मित्रों ने महापौर कुलभूषण गोयल के प्रयासों से मिले बकाया एरियर के भुगतान के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि शहर की स्वच्छता बनाए रखने के लिए वे अपना शत-प्रतिशत योगदान दे रहे हैं।

कुलभूषण गोयल ने कहा कि शहर की स्वच्छता में सफाई मित्रों का योगदान अमूल्य है, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि अपने कार्यकाल के दौरान उन्हें जो भी वेतन मिला, वह उन्होंने सफाई मित्रों और अच्छे कार्य करने वाले कर्मचारियों में वितरित कर दिया।

## अंबाला डाक विभाग ने मौली में लगाई डाक चौपाल, 17300 बैंक योजनाओं के खाते खोले

अर्थ प्रकाश संवाददाता




**पंचकूला 17 दिसम्बर।** अंबाला डाक विभाग द्वारा आज गांव मौली के सामुदायिक केंद्र में एक डाक चौपाल का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में डाक सेवा बोर्ड की सदस्य (वित्तीय सेवाएं) सुश्री मनीषा सिन्हा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थीं।

?डाक चौपाल का उद्देश्य डाक जीवन बीमा, ग्रामीण डाक जीवन बीमा, आवर्ती जमा, मासिक आय योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, सावधि जमा, राष्ट्रीय बचत योजना, किसान विकास पत्र, आधार संबंधी विभिन्न सेवाओं आदि जैसी विभागीय योजनाओं को जनता के बीच प्रचारित करना था।

सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित इस चौपाल के माध्यम से विभिन्न विभागीय योजनाओं और आधार संबंधी सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर के दौरान रिकॉर्ड संख्या में खाते खोले गए, जिसमें 17300 बैंक योजनाओं के खाते एवं आईपीपीबी के खाते ,266 पीएलआई/आरपीएलआई खाते और 60 आधार से संबन्धित सेवाएं शामिल हैं।

चौपाल में ही आम जनता को विभागीय योजनाओं का लाभ उठाने के लिए एक लाइव प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराया गया था। चौपाल में आधार शिविर का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले डाक अधिकारियों को पुरस्कृत किया गया।

?आधार शिविर 18 दिसंबर को इसी स्थान पर जारी रहेगा। गांव और आसपास के गांवों के सभी स्थानीय निवासी शिविर में उपलब्ध आधार सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं।

## स्कूल के शुभारम्भ पर श्री गुरु ग्रंथ साहिब का पाठ करवाया

अर्थ प्रकाश/जेके बत्ता

**न्यू- चंडीगढ़।** न्यू चंडीगढ़ मुल्लापुर में नए खुले स्कूल गुरु तेग बहादुर स्मार्ट स्कूल की प्रसीपल हिमानी शर्मा ने बताया कि श्री गुरु ग्रंथ साहिब का पाठ करवाया गया जिसमें स्थानीय समाज सेवक श्री कमलजीत अरोड़ा को विशेष~ बुलाया गया । समाज सेवक श्री कमलजीत अरोडा भी परिवार सहित नतमस्तक होने पहुंचे। कमलजीत अरोडा ने कहा कि यह एक सकारात्मक और धार्मिक कार्यक्रम है, जो न्यू चंडीगढ़ के मुल्लापुर में नए खुले गुरु तेग बहादुर स्मार्ट स्कूल में आयोजित किया गया।

गुरु तेग बहादुर स्मार्ट स्कूल की प्रसीपल हिमानी शर्मा ने कहा कि यहां श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के पाठ में सभी को शामिल होने के लिए सभी को आमंत्रित किया गया, जो स्कूल के शुभारंभ या किसी महत्वपूर्ण अवसर पर सिख परंपरा और सामुदायिक एकता को दर्शाता है।



यह कार्यक्रम निश्चित रूप से स्कूल के उद्घाटन के अवसर पर या किसी विशेष सिख पर्व के उपलक्ष्य में हुआ होगा, जो बच्चों और स्थानीय समुदाय को धार्मिक विरासत से जोड़ने का एक अच्छा प्रयास है। इस मोके पर स्कूल की कोऑर्डिनेटर मेडम हरप्रीत कौर,मेडम अमनदीप कौर सहित सारा स्कूल का स्टाफ हाजिर था । श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के पाठ में नतमस्तक होने पहुंचे सभी ने गुरु तेग बहादुर स्मार्ट स्कूल की तरक्की के लिये गुरु जी से प्रार्थना की।

## ट्रैफिक पुलिस प्रोएक्टिव : सैकड़ों वाहनों पर लगाए रिफ्लेक्टर टेप, उल्लंघन करने वालों के काटे चालान

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** सर्दियों के आगमन के साथ ही सुबह और देर शाम घनी धुंध के कारण सड़कों पर दृश्यता कम हो जाती है, जिससे सड़क दुर्घटनाओं का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। इसी खतरे को समय रहते कम करने और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पंचकूला ट्रैफिक पुलिस ने आज एक व्यापक अभियान चलाया।

सिटी ट्रैफिक एसएचओ वरिन्द्र कुमार तथा सूरजपुर ट्रैफिक एसएचओ अभिषेक के नेतृत्व में कालका-शिमला हाईवे, पंचकूला-यमुनानगर हाईवे और माजरी चौक जैसे प्रमुख एवं अत्यधिक यातायात वाले मार्गों पर ट्रक चालको के साथ मीटिंग की गई। एसीपी ट्रैफिक सुरेन्द्र सिंह के अनुसार अभियान के दौरान ट्रक चालकों एवं अन्य भारी वाहन चालकों के साथ मौके पर ही संवाद स्थापित कर उन्हें धुंध के मौसम में सुरक्षित ड्राइविंग के प्रति जागरूक किया गया। ट्रैफिक पुलिस टीम ने न



केवल यातायात नियमों की जानकारी दी, बल्कि सैकड़ों भारी वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाकर उन्हें अधिक सुरक्षित बनाया, ताकि कम रोशनी और धुंध के दौरान वाहन दूर से ही स्पष्ट दिखाई दें और पीछे से आने वाले वाहन समय रहते सतर्क हो सकें। चालकों को लेन ड्राइविंग का पालन करने, निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने, अनावश्यक रूप से सड़क पर वाहन खड़ा न करने, रॉन्ग साइड ड्राइविंग से बचने तथा वाहन की हेडलाइट, इंडिकेटर व रिफ्लेक्टर को हमेशा दुरुस्त रखने की सख्त हिदायत दी गई।

इस दौरान पुलिस ने सड़क किनारे अवैध रूप से खड़े भारी वाहनों, लेन ड्राइविंग का उल्लंघन करने वालों तथा रॉन्ग साइड चल रहे 69 वाहन चालको के चालान किए गए।

इस अवसर पर डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक मनप्रीत सिंह सूदन ने कहा कि धुंध के मौसम में एक छोटी-सी लापरवाही भी किसी परिवार के लिए बड़ा हादसा बन सकती है। पंचकूला ट्रैफिक पुलिस का उद्देश्य केवल चालान करना नहीं, बल्कि हर वाहन चालक को सुरक्षित घर तक पहुंचाना है।

### न्यूज ब्रीफ

#### चंडीगढ़ के पास युवक ने की बुजुर्ग से मारपीट पानी का छींटा पड़ने से शुरू हुआ था विवाद

**चंडीगढ़।** नयागांव में शादी समारोह में जा रहे परिवार को युवकों ने पीट दिया। परिवार शादी समारोह में जा रहा था। वह गा?ी में सवार होकर जा रहे थे। गा?ी चला रहे बुजुर्ग ने जब शीशा साफ करने के लिए वाइपर चलाया तो पानी के कुछ छींटे पीछे मोटरसाइकिल पर ख? एक युवक पर प? गए। वह कार के पास आया और गाली-गलौच करने लगा। बात इतनी ब?ी कि हाथा पाई तक की नौबत आ गई। वहां पर ख? लोगों ने इसकी वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दी है। दशमेश नगर निवासी इंजीनियर अनुप्रिया ने बताया कि मंगलवार शाम वह अपने पिता रामस्वार्थ सिंह और साढ़े तीन साल की भतीजी के साथ सेक्टर-24 स्थित एक होटल में शादी कार्यक्रम में शामिल होने जा रही थीं। नयागांव बैरियर पर पहुंचते ही पिता ने कार का शीशा साफ करने के लिए वाइपर चलाया, जिससे पीछे चल रहे बाइक सवार पर पानी के छींटे पड़ गए। बाइक सवार युवक भड़क गया और कार के पास आकर गाली-गलौज करने लगा। उसके साथ उसकी मां भी थी। युवक ने बाइक कार के आगे लगाकर रास्ता रोक लिया। जब रामस्वार्थ सिंह बाहर निकले तो आरोपी ने उनका कॉलर पकड़कर मुक्का मार दिया। जवाब में सिंह ने भी विरोध जताया, जिस पर युवक ने उन्हें घसीटते हुए सड़क पार ले जाकर गिरा दिया और हेलमेट से चेहरे व सिर पर कई बार हमले किए। हमले के बाद आसपास मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर किसी तरह पीड़ित को वहां से हटाया। परिवार ने इसकी शिकायत पुलिस को नहीं की है।

## सोने व चांदी के गहने चुराने की आरोपी गिरफ्तार

**न्यू- चंडीगढ़ (जेके बत्ता)।** नयागांव के थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सतनाम सिंह ने बताया कि नवजीत सिंह पुत्र बलवंत सिंह निवासी शिवालिक विहार, नयागांव के घर में 10-11-2025 को चोरी हुई थी । जिस पर मुकदमा नम्बर 126 अपराध 305 ऐ,331-3 नयागांव थाना में अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। एएसआई बलबीर सिंह 1533/एसएएस नगर ने जांच करके नवजीत सिंह पुत्र बलवंत सिंह निवासी शिवालिक विहार, नयागांव के घर से सोने और चांदी के गहने चुराने वाली आरोपी रूमी यूसुफ पुत्री मोहम्मद जान नाइक गाँव रखपुरा सोफिया तहसील व जिला सोफिया जम्मू और कश्मीर को गिरफ्तार किया गया है। जिसके पास से चोरी हुए सोने और चांदी के सारे गहने बरामद किए गए हैं।

## सरकारी स्कूलों के बच्चों में हो रहे सकारात्मक परिवर्तन

प्रधानाचार्यों के लिए लाइफ स्किल ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सेक्टर 7 में लाइफ स्किल प्रोग्राम को लेकर सभी प्रधानाचार्यों का ओरिएंटेशन प्रोग्राम किया गया। जिसमें खंड पिंजौर के शहरी स्कूलों के प्रधानाचार्य एवं मुख्य अध्यापकों ने भाग लिया।

यह प्रोग्राम मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन की तरफ से करवाया गया। मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन के डायरेक्टर विकास खन्ना ने बताया कि स्कूलों में लाइफ स्किल कार्यक्रम का प्रोग्राम पिछले दो वर्षों से निरंतर चल आ रहा है प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी ओरिएंटेशन कार्यक्रम में सभी प्रधानाचार्य से



राज्य स्तर, जिला स्तर, व ब्लॉक स्तर की प्रगति रिपोर्ट सांझा की गई व नवीन जानकारियां भी दी गई साथ में वार्षिक मूल्यांकन का परिणाम भी प्रस्तुत किया गया।

विद्यार्थियों के सीखने की स्थिति प्रगति व सुधार के ऊपर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुमन चौधरी ने मैजिक बस के कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रोग्राम से बच्चों के अंदर सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिले हैं।

खण्ड शिक्षा अधिकारी सीमा रानी ने भी मैजिक बस इंडिया के लाइफ स्किल प्रोग्राम की प्रसंशा की। इस अवसर पर मैजिक बस इंडिया की तरफ से स्कूल स्पोर्ट ऑफिसर तलविंदर कौर, ताज़ीम व दिव्या ने आगामी वर्ष की रूपरेखा व कार्य योजना भी प्रस्तुत की।



## सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया की ओर से 115वें स्थापना दिवस पर वॉकथान का आयोजन

**चंडीगढ़।** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के 115वें स्थापना दिवस के अवसर पर आंचलिक कार्यालय एवं क्षेत्रीय कार्यालय, चंडीगढ़ द्वारा शहर की सुखना झील के समीप एक भव्य वॉकथान का आयोजन किया गया। वॉकथान की थीम ÷स्ड्ड1द्ग श्वड्डह्लद्ध ङ्क स्ह्लड्ड4 स्न्रद्बह्ल÷ रही, जिसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना तथा स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करना था।

वॉकथान का शुभारंभ अंचल प्रमुख श्री अरविन्द कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर उप आंचल प्रमुख श्री टी.सी. मीना, क्षेत्रीय प्रमुख श्री राम कुमार यादव सहित बैंक के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। आंचल प्रमुख ने अपने संबोधन में कहा कि सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया न केवल बैंकिंग सेवाओं के माध्यम से आर्थिक विकास में योगदान दे रहा है, बल्कि सामाजिक एवं पर्यावरणीय दायित्वों के निर्वहन में भी सक्रिय भूमिका निभा रहा है।

बैंक के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, हरित भविष्य एवं फिटनेस से जुड़े संदेशों वाले बैनर एवं पोस्टर प्रदर्शित किए। कार्यक्रम का समापन सकारात्मक ऊर्जा और उत्साह के साथ हुआ।

## निष्क्रिय खातों की जमा राशि के निपटान हेतु 19 दिसम्बर को बरनाला एवं मानसा में जन-जागरूकता अभियान

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगड़, 17 दिसंबर।** भारत सरकार, वित्त मंत्रालय द्वारा जारी ÷आपकी पूंजीङ्कआपका अधिकार÷ जन-जागरूकता अभियान 1 अक्टूबर 2025 से 31 दिसम्बर 2025 तक संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति के नेतृत्व में अग्रणी जिला प्रबंधकों द्वारा सभी वित्तीय संस्थाओं के सहयोग से, भारत सरकार एवं भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशा-निर्देशों के अनुसार जागरूकता शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।

पंजाब नेशनल बैंक के महाप्रबंधक एवं राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, पंजाब के संयोजक श्री परमेश कुमार ने बताया कि पंजाब में विभिन्न बैंकों के 83.32 लाख खातों में लगभग ?3197 करोड़ की राशि जमाकर्ताओं द्वारा समय पर दावा न किए जाने के कारण भारतीय रिज़र्व बैंक को स्थानांतरित की जा चुकी है। इन राशियों के वास्तविक मालिकों की पहचान कर उन्हें वापस लौटाने के उद्देश्य से अब तक पंजाब के 21 जिलों में विशाल शिविर आयोजित किए जा चुके हैं। अभियान के अगले चरण में 19 दिसम्बर 2025 को बरनाला एवं मानसा में विशाल शिविर आयोजित किए जाएंगे, जिनमें बैंक, बीमा, पेंशन एवं म्यूचुअल फंड विभागों के वरिष्ठ अधिकारी भाग लेंगे। राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, पंजाब के उप-महाप्रबंधक श्री रामकिशोर मीना ने बताया कि यदि बैंक खातों में निर्धारित अवधि तक कोई लेन-देन नहीं होता है, तो खाता निष्क्रिय हो जाता है तथा 10 वर्षों के बाद उसमें जमा राशि भारतीय रिज़र्व बैंक को हस्तांतरित कर दी जाती है। उन्होंने बताया कि बरनाला में 1,23,868 खातों में ?35.48 करोड़ तथा मानसा में 1,61,159 खातों में ?37.40 करोड़ की राशि वर्तमान में बिना दावे के पड़ी हुई है।

उन्होंने यह भी बताया कि इसी प्रकार म्यूचुअल फंड एवं बीमा में निवेशित राशि को भी परिपक्वता तिथि पर प्राप्त करना आवश्यक होता है। जिन पुरानी दावा-रहित जमा राशियों, म्यूचुअल फंड एवं बीमा निवेशों का अब तक दावा नहीं किया गया है, उन्हें प्राप्त करने की विस्तृत जानकारी शिविरों में प्रदान की जाएगी। ऐसे जागरूकता शिविर देशभर में आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि दावा-रहित राशि उसके वास्तविक मालिक, नामित व्यक्ति अथवा कानूनी उत्तराधिकारियों को वापस की जा सके।

## एफसीआर डा. सुमिता मिश्रा पहुंचीं तहसील कार्यालय, जांची नई डिजिटल रजिस्ट्रियां

### नई पेपरलेस रजिस्ट्री प्रणाली के कामकाज की समीक्षा की, 50,000 से अधिक पंजीकरण हुए पूरे

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** हरियाणा की राजस्व और आपदा प्रबंधन वित्त आयुक्त डॉ. सुमिता मिश्रा ने बुधवार को तहसील कार्यालय में अचानक पहुंचकर वहां डिजिटल रजिस्ट्रियों की जांच की। साथ ही निरीक्षण के दौरान उन्होंने वित्त आयुक्त ने पंचकूला स्थित उपायुक्त कार्यालय में चल रहे एग्रीस्टैक प्रशिक्षण की समीक्षा भी की। उन्होंने प्रशिक्षण सत्र में भाग लेकर मॉड्यूल की समीक्षा की और प्रशिक्षार्थियों से बातचीत की।


डॉ. मिश्रा ने नई डिजिटल प्रणाली व राजस्व कार्यालय के कामकाज से संतुष्ट होकर, वित्त आयुक्त ने नई प्रणाली को सुचारू रूप से लागू करने में अधिकारियों और कर्मचारियों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने



राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिया कि आवेदकों के अनुरोध पर उन्हें मौके पर ही ई-हस्ताक्षरित प्रतियां उपलब्ध कराई जाएं ताकि उन्हें बार-बार कार्यालय न आना पड़े। उन्होंने कहा कि तहसील कार्यालयों में एक समर्पित हेल्प डेस्क स्थापित की गई है ताकि जनता की प्रतिक्रियाओं को व्यवस्थित रूप से दर्ज किया जा सके और शिकायतों का तुरंत समाधान किया जा सके। उन्होंने प्रदेश के सभी उपायुक्तों को हेल्प डेस्क से संबंधित रिपोर्ट भेजने का भी निर्देश दिया।

डा. मिश्रा ने कहा कि प्रदेश में कागज रहित पंजीकरण प्रणाली के माध्यम से लगभग 50,000 संपत्ति पंजीकरण सफलतापूर्वक पूरे किए गए हैं, जो छह दशक पुरानी राजस्व प्रक्रियाओं में ऐतिहासिक परिवर्तन का प्रतीक बन रही है। हरियाणा सरकार ओटीपी आधारित आधार प्रमाणीकरण प्रक्रिया के माध्यम से किसान रजिस्ट्री (एग्रीस्टैक) के तहत 1.38 करोड़ किसानों का पंजीकरण करने जा रही है, जो सीधे पीएम-किसान योजना और अन्य लाभार्थी योजनाओं से जुड़ी होगी।

> वितायुक्त ने कहा कि अचानक किए गए निरीक्षण और समीक्षा का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि जमीनी स्तर पर किए गए सुधार नागरिकों के लिए वास्तविक लाभ में तब्दील हों, साथ ही पारदर्शी, कुशल और प्रौद्योगिकी-सक्षम प्रशासन के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को मजबूत करना था।



डॉ. सुमिता मिश्रा, वित्त आयुक्त हरियाणा राजस्व और आपदा प्रबंधन

एग्रीस्टैक का उचित कार्यान्वयन सटीक डेटा, कुशल सेवा वितरण और बेहतर नीति नियोजन सुनिश्चित करके किसानों को अत्यधिक लाभ पहुंचाएगा। डा. मिश्रा ने सभी प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण को गंभीरता से लेने का निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि एग्रीस्टैक का कार्य तेज गति से किया जाएगा, क्योंकि यह प्रौद्योगिकी-आधारित शासन और किसान-केंद्रित सेवाओं के लिए प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण का एक महत्वपूर्ण घटक है।

राजकीय विद्यालय बडौली में भव्य वार्षिक उत्सव आयोजित

# हरियाणा अपने धाकड़ खिलाड़ियों के लिए पूरी दुनिया में जाना जाता है: बड़ौली



## भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने विद्यार्थियों का बढ़ाया हौसला

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि हरियाणा अपने धाकड़ खिलाड़ियों के लिए पूरी दुनिया में जाना जाता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की नायब सिंह सैनी सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। नायब सिंह सैनी सरकार की सर्वश्रेष्ठ खेल नीति के चलते युवाओं को बेहतर सुविधाएं, प्रोत्साहन और मंच उपलब्ध हो रहे हैं, जिससे हरियाणा के खिलाड़ी राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली बुधवार को अपने पैतृक गांव बड़ौली में स्थित गवर्नमेंट स्कूल बडौली में आयोजित वार्षिक उत्सव कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में विद्यालय स्टाफ, अभिभावक, ग्राम पंचायत प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली ने इस दौरान कार्यक्रम में सहभागिता कर रहे विद्यार्थियों एवं युवाओं का उत्साहवर्धन किया।

उन्होंने कहा कि मुझे अत्यंत प्रसन्नता है कि मेरे गांव के बच्चे शिक्षा, खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों में निरंतर प्रगति कर रहे हैं। उन्होंने सभी युवाओं को मेहनत, अनुशासन और समर्पण के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर श्री बड़ौली ने विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया। बड़ौली ने कहा कि पीएम मोदी के 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को पूरा करने के लिए हरियाणा की नायब सैनी सरकार ने शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाया है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाने के लिए अग्रसर है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में युवाओं को योग्यता के आधार पर नौकरियां मिल रही है।मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि शिक्षा जीवन की चुनौतियों का सामना करने और सही निर्णय लेने की क्षमता देती है, इसलिए वे खूब पढ़े और आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि शिक्षा का महत्व केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जीवन जीने की सही दिशा भी देती है। उन्होंने कहा कि शिक्षा से व्यक्ति में आत्मविश्वास पैदा होता है जो जीवन की दिशा तय करने का साहस देता है। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष सोनीपत अशोक भारद्वाज, जिला महामंत्री तरूण देवीदास व नीरज ठरू, हरदीप सिंह सहित विद्यालय का स्टाफ व गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# असहाय व पीड़ित बच्चों की मदद करना हर व्यक्ति के जीवन का लक्ष्य होना चाहिए: जसवीर दोदवा



अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। सोनीपत में श्रवण एवं वाणी निशक्त जन कल्याण केंद्र में मूक बधिर बच्चों से मिलने का सौभाग्य प्राप्त हुआ सभी बच्चों से मिलकर एक अलग अनुभूति का स्मरण हुआ और एक नई ऊर्जा का संचार हुआ इस मौके पर हरिओम जी मोहित डागर नीतीश कुमार पवन आंतिल नरेंद्र मलिक संजू सुरा सुरेंद्र श्योराण आदि सम्मानित साथी मौजूद रहे।

### खोया और पाया

इसके द्वारा सूचित किया जाता है कि मैं, नसीब सिंह पुत्र जैमल सिंह, मकान नंबर- 889 गली- सेक्टर 13 कॉलोनी- हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी जिला- कुरुक्षेत्र (हरियाणा), पुलिस थाना थानेसर, तहसील थानेसर-136118 (कुरुक्षेत्र) ने अपना अलॉटमेंट और कन्वेंस डीड जो जगजीत सिंह के नाम पर था, मकान नंबर 889 MIG सेक्टर 13 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, कुरुक्षेत्र (हरियाणा) में 02/12/2025 को सेक्टर 13 में कहीं खो दिया है। इस संबंध में पुलिस थाना थानेसर में आवेदन संख्या 132320732501936 के तहत DDR दर्ज की गई है। यदि किसी को मिले तो कृपया उपरोक्त पते पर दें।

AP-6255

### दि टेलीहोस इम्पलॉइज को-ऑपहाउस बिल्डिंग फर्स्ट सोसाइटी लि., सेक्टर 50-सी, चंडीगढ़

#### सार्वजनिक सूचना

आम जनता और सभी संबंधित की जानकारी हेतु एतदद्वारा अधिसूचित किया जाता है कि विनोद कुमार और मनमोहन चौधरी पुत्र श्री प्रीतम चंद निवासी फ्लैट सं. 2425, श्रेणी-बी, प्रथम तल, दि टेलीहोस सोसाइटी, सेक्टर 50-सी, चंडीगढ़ ने पंजाब सहकारी समिति अधिनियम, 1961 की धारा 21 के अधीन फ्लैट सं. 2425 के हस्तांतरण हेतु आवेदन किया है। यदि किसी व्यक्ति को फ्लैट हस्तांतरण में अधिकार शीर्षक अथवा हित के हस्तांतरण के विरुद्ध कोई आपत्ति हो तो वह इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर समर्थक दस्तावेजों के साथ लिखित में समिति को प्रस्तुत करें।

अध्यक्ष/सचिव

AP-6283

### सूचना

खण्ड नारायणगढ की ग्राम पंचायत चांदसौली, लखनौरा में जलकर्मी के अस्थाई पदों को भरने के लिए दिनांक 18.12.2025 से दिनांक 02.01.2026 तक सभी कार्य दिवसों में प्रातः 10:00 बजे से सांय 3:00 बजे तक आवेदन पत्र साधारण कागज पर आमंत्रित किये जाएंगे, जिसकी शर्तें निम्न प्रकार से हैं:-

1. इच्छुक उम्मीदवार किसी भी मान्यता प्राप्त स्कूल से मैट्रिक पास होना चाहिए।
2. जलकर्मी का कार्य करने में सक्षम होना चाहिए व सरकार द्वारा सौंपे गए अन्य किसी भी कार्य को करने में सक्षम होना चाहिए।
3. जलकर्मी को प्रतिदिन 8 घंटे कार्य करना होगा।
4. उम्मीदवार के पास परिवार पहचान पत्र होना चाहिए।
5. जलकर्मी को सरकार द्वारा निर्धारित मु0 13052/- रू0 मासिक मानदेय दिया जाएगा। जिसमें से ई0पी0एफ0 व ई0एस0आई0 की कटौती की जाएगी।

खण्ड विकास एंव पंचायत अधिकारी नारायणगढ।

AP-6281

### सार्वजनिक सूचना

इस सूचना के माध्यम से ... Sh. Raj Kumar, Smt. Pushpa, Deepika, Devki, Payal, Litesh and Sahil care of Late Smt. Shakuntla Devi ... 1ELM9QF2 ... 368, Gosai Mohalla, Sabji Mandi, 132001 ... [illegible]

AP-6282

### संपदा प्रबंधक हाउसिंग बोर्ड हरियाणा पंचकूला

सं. एचबीएच/ईएम/पीकेएल/2025/4575

दिनांकः 09.10.2025

#### सार्वजनिक सूचना

विषय:-स्व. श्रीमती काजल मित्तल पत्नी श्री संजय कुमार मित्तल, जीवित बिना वसीयत संपत्ति, की मृत्यु के कारण श्री शुभम मित्तल पुत्र श्री संजय कुमार मित्तल निवासी मकान सं. 159-ए, एलआईजी, हाउसिंग बोर्ड कालोनी, सेक्टर-19, पंचकूला के नाम में मकान सं. 159-ए, एलआईजी, हाउसिंग बोर्ड कालोनी, सेक्टर-19 पंचकूला, हरियाणा का हस्तांतरण।

आम जनता और सभी संबंधित की जानकारी हेतु अधिसूचित किया जाता है कि संपति सं. मकान सं. 159-ए, एलआईजी हाउसिंग बोर्ड कालोनी, सेक्टर-19,पंचकूला, इस कार्यालय के रिकॉर्ड के अनुसार स्व. श्रीमती काजल मित्तल पत्नी श्री संजय कुमार मित्तल के नाम में दर्ज है।

आवेदक द्वारा सूचित किया गया है कि स्व. श्रीमती काजल मित्तल पत्नी श्री संजय कुमार मित्तल, इस संपति की स्वामिनी थी, जिनकी 27.07.2025 को मृत्यु हो गई है। श्री शुभम मित्तल पुत्र श्री संजय कुमार मित्तल निवासी मकान सं. 159-ए, एलआईजी, हाउसिंग बोर्ड कालोनी, सेक्टर-19, पंचकूला ने स्व. श्रीमती काजल मित्तल पत्नी श्री संजय कुमार मित्तल की बिना वसीयत मृत्यु के आधार पर अपने नाम में कथित संपति के हस्तांतरण हेतु दावा/आवेदन किया है।

यदि किसी व्यक्ति को आवेदक श्री शुभम मित्तल पुत्र श्री संजय कुमार मित्तल निवासी मकान सं. 159-ए, एलआईजी, हाउसिंग बोर्ड कालोनी, सेक्टर-19, पंचकूला के पक्ष में कथित संपति के हस्तांतरण मंड कोई आपत्ति हो तो वह इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे, जिसमें असफल रहने पर, यह संपत्ति तदनुसार हस्तांतरित की जाएगी और आगे बाद में कोई दावा विचारणीय नहीं होगा।

संपदा प्रबंधक
हाउसिंग बोर्ड हरियाणा पंचकूला

AP-6270

grtr mhwll erlAw ivkws AQwirtl, p~fw Bvn, sktr 62, As.e.As.ngr (mhwll) jnqk scnw

isgl ivf n: 456884 imql 11.09.2025 rwhl GMADA/25-26/LP/1035 LOI No. GMADA/2025-2026/LOI/1263, Size 275 Sq Yard, Sector 101 Industrial Park As.e.As ngr d mwlk 1) Gurmukh Singh S/o Kasmeera Singh (Share79.69%) R/o Village- Raipur Khurd, SAS Nagar vl Sh. Bhupinder Singh S/o Mukhtiar Singh R/o Village Chaumajra, SAS Nagar ƒ Awpxw jl pl e inXkq klqw h, j ik vslkw n. Document No 2022-2023/3/4/15 Book No 4 imql 01.04.2022, ƒ dPqr sb-rijstrwr, As.e.As.ngr ivK rijstrf hel h, pS klql h[

2) Kamal Kumwr Alias Kamal Kaushal (share 11.22%) R/O C54, The Crest,park Drive Golf course Road, Gurugram 122011 ƒ Awpxw jlple inXkq klqw h, j ik Registration No. 1310 year 2022-2023 book No. imql 15.02.2023 ƒ dPqr sb-rijstrwr, vjlrwvwd ivK rijstrf hel h, pS klql h[

ies jlple d AwDwr q Sh. Bhupinder Singh S/o Mukhtiar Singh Aq Sh. Bhupinder Singh S/o Mukhtiar Singh vl akq Al E Awel d ihs ƒ Kamaljit Singh S/o Baljit Singh through GPA Sh. Baljit Singh S/o Swaran Singh R/o SCO 106, Sector 47 C, Chandigarh d nwm trwsPr krn lel dsqwvj pql bnql isgl ivf n. 456884 imql 11.09.2025 ƒ id~ql h[ hx ieh ks imlK APsr (p), gmwfw, As.e.As.ngr (mhwll) d dPqr iv~c ivcwr ADln h[ ies lel GMADA / 25-26 / LP/1035 LOI No. GMADA/2025-2026/LOI/1263, Size 275 Sq Yard, Sector 101 Industrial Park, As.e.As.ngr ƒ Al.E.Awel.trwsPr krn ql pihlw sicq klqw jwdw h ik ies bwr iks ƒ kel ieqrwj hv qw ies ivigApn dl imql qw 15 idnw d Adr-Adr Awpxw ieqrwj imlK APsr gmwfw, mhwll pws ilKql rp iv~c d skdw h[ inSicq imql Aq smw qw bwAd pwpq he ieqrwjw q kel ivcwr nhl klqw jwvgw akq rijstrf hel jlple d AwDwr q GMADA/25-26/LP/1035 LOI No. GMADA/ 2025- 2026/LOI/1263, Size 275 Sq Yard, Sector 101 Industrial Park, As.e.As ngr dl Al .E.Awel trwsPr akq ibnkwr d nw jwrl kr id~ql jwvgl[

imLK APsr (p)
gmwfw, As.e.As.ngr

AP-6280

### सार्वजनिक सूचना

मैं ... 2521, सेक्टर 15बी, फरीदाबाद ... [illegible] ... 98889-38393 पर सम्पर्क करें।

AP-6256

### आवश्यक सूचना

... PUID No. New ID ... Online NDC Portal ... PUID No. New ID ... [illegible]

कार्यकारी अधिकारी/सचिव, नगर परिषद गोहाना

AP-6264

### सार्वजनिक सूचना



**श्री नवीन, डेनिक्स, सहायक संपदा अधिकारी, यूटी, चंडीगढ़ के समक्ष।**

**विषय:-** स्व. सुश्री चंद्र कांता खोसला की पंजीकृत वसीयत के आधार पर 100.00 प्रतिशत हिस्से के विस्तार तक रिहायशी स्थल सं. 382-पी, सेक्टर 30-ए, चंडीगढ़ (आरपी 12843) के संबंध में स्वामित्व का हस्तांतरण।

आम जनता एवं सभी संबंधित की जानकारी हेतु एतदद्वारा अधिसूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के रिकार्ड के अनुसार, सुश्री चंद्र कांता खोसला 100.00 प्रतिशत हिस्से के विस्तार तक रिहायशी स्थल सं. 382-पी, सेक्टर 30-ए, चंडीगढ़ की स्वामिनी है।

रेखा खोसला द्वारा सूचित किया गया है कि सुश्री चंद्र कांता खोसला की 17.10.2025 को मृत्यु हो गई है तथा उसने मृतक स्वामिनी के निम्नलिखित कानूनी उत्तराधिकारियों को भी सूचित किया है:- (1) रेखा खोसला-भाभी (सिस्टर इन लॉ), (2) नंद कुमार खोसला-भाई (मृतक), (3) बृजेश खोसला-भतीजा

अब, रेखा खोसला ने पंजीकृत वसीयत दिनांक 14.02.2020 के आधार पर अपने पक्ष में स्व. सुश्री चंद्र कांता खोसला द्वारा आयोजित 100.00 प्रतिशत हिस्से के विस्तार तक रिहायशी स्थल सं. 382-पी, सेक्टर 30-ए, चंडीगढ़ के संबंध में स्वामित्व के हस्तांतरण हेतु आवेदन किया है। यदि किसी व्यक्ति को मृतक के उक्त वर्णित के अलावा किसी अन्य कानूनी उत्तराधिकारी के बारे में कोई जानकारी हो तो वह तत्काल संपदा अधिकारी, यूटी., चंडीगढ़ को सूचित करें। यदि किसी व्यक्ति को उक्त नामतः आवेदक के पक्ष में कथित संपत्ति में कथित हिस्से के हस्तांतरण के विरूद्ध कोई आपत्ति है, तो वह इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से30 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में (मजीस्ट्रेट/नोटरी द्वारा पूर्ववत सत्यापित शपथपत्र के साथ समर्थित) लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता/सकती/सकते हैं, जिसमें असफल होने पर कथित संपत्ति में कथित हिस्सा उक्त नामतः लाभार्थी के नाम में उक्त अनुसार हस्तांतरित कर दिया जाएगा एवं बाद में कोई दावा विचारणीय नही होगा।

**नवीन, डेनिक्स, सहायक संपदा अधिकारी, संपदा अधिकारी, यूटी., चंडीगढ़ की शक्तियों का निर्वहन करते हुए**

AP-6266


अर्थ प्रकाश क्लासीफाइड CLASSIFIED ADS

आज ही बुक करें
PH. : 0172-2638515, 98883-03520
Email : arthparkashadvt29@gmail.com


## सार्वजनिक सूचना

I Babita Rani w/o Balram Chauhan r/o # 145 VPO bahlana Chandigarh I have changed my name from Pabita to Babita Rani.

I Balram Chauhan S/o Ved Prakash R/o #145 VPO bahlana Chandigarh have changed my name from Balram chhiba to Balram Chauhan

**मैं,** भजन लाल पुत्र स्व. सुरता राम निवासी वीपीओ जलोली, तहसील बरवाला, जिला पंचकुला, हरियाणा ने अपना नाम भजन लाल से बदलकर भजन राम कर लिया है।
एपी-6258

**मैं,** सलोनी (Saloni) पत्नी श्री संदीप कुमार, निवासी ग्राम भील छप्पर, तहसील व्यासपुर, जिला यमुनानगर बयान करती हूं मैंने अपना नाम सरोज बाला से बदलकर सलोनी (Saloni) रख लिया है।
एपी-6260

I hitherto known as BHAGA RAM ALIAS BHAGMAL S/O Sh. RAM SARUP residing at GAV BANSUDHAR POST KHEREKAN TEHSIL AND DISTRICT SIRSA (125077) Haryana have changed my name and shall hereafter be known as BHAGA RAM. It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.
एपी-6261

**मैं,** सुनीता पत्नी बाल चंद, निवासी # 71, राजीव कॉलोनी, सेक्टर 17, पंचकूला जिला, हरियाणा ने अपना नाम नीतू से बदलकर सुनीता रख लिया है। सभी संबंधित कृपया ध्यान दें।
एपी-6262

I, ANJANI DUBEY W/O No. 8037523N, Rank L/NK, Name: ASHOK KUMAR Residing- VILLAGE- UMARIYA, PO: UNJI, TEH- HARRIYA, DIST. BASTI, STATE- U.P PIN-272131 That I have changed my name from ANJANI DUBEY (old name) to ANJANI MISHRA(new name) hence the affidavit sworn before Notary Advocate Col.APS Chahal dated 17/12/2025
एपी-6263

I Pawan Kumar Vashishth S/o Dhani Ram R/o # 156 United cooperative Society sector 68 SAS Nagar ( Mohali) Punjab have changed my name to pawan kumar
एपी-6265

I Jenus Goel S/o Parmod Kumar R/o # 1131/1, Gobindpura Manimajra Chandigarh inform all concerned that my date of birth has been wrongly recorded as 28/04/1989 in 10th Class certificate. My correct date of birth is 08/04/1989 which is same in Aadhar Card, Pan Card & Passport.
एपी-6267

**मैं,** करुनाथ मुंडा, C/o डॉ. वी. आनंद स्वामी, निवासी स्वामी रामा फाउंडेशन ट्रस्ट, भुरेवाला, अंबाला, हरियाणा, वर्तमान पता साइट नंबर 2, सेक्टर-10, पंचकूला, हरियाणा, यह घोषणा करता हूँ कि मैंने अपना नाम करुनाथ मुंडा से बदलकर कृष्णा कर लिया है।
एपी-6263

**मैं,** श्याम सुंदर महता पुत्र कृष्ण लाल महता वासी मकान नं. 243, ओल्ड हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी करनाल ने अपना नाम बदलकर श्याम सुंदर से श्याम सुंदर महता रखा है।

**मैं,** त्रिशला गर्ग उर्फ पिंकी रानी पत्नी विजेंद्र गुप्ता निवासी मकान न0.381, वार्ड नं.6, अग्रसेन कॉलोनी, घरौड़ा जिला करनाल दोनों नाम की एक ही व्यक्ति के है।

**मैं,** मुकेश रानी गढ़वाल पत्नी संदीप सिंह गढ़वाल वासी गांव भोड़िया खेड़ा, फतेहाबाद ने अपना नाम बदलकर मुकेश रानी रखा है।

**मैं,** साक्षी पुत्री सतपाल वासी दुर्गा मदिंर के पास, डाक रजोंद, जिला कैथल ने अपना नाम बदलकर साक्षी से साक्षी शर्मा रखा है।

**मैं,** आतिफ पुत्र श्री जरनैल सिंह C/o श्रीमती सुमन निवासी ऐबली खालसा डाकखाना ऐबला जागीर जिला करनाल ने अपना नाम आतिफ से बदलकर आतिफ आरन रख लिया है।

**मैं,** मीनाक्षी पत्नी रजनेश कुमार निवासी मकान न0.106, गली न0. 3, R.K पुरम करनाल ब्यान करती हूं कि मैंनें अपना नाम बदलकर मीनाक्षी काम्बोज से मीनाक्षी रखा है।

**मैं,** कमलेश पत्नी बलजीत सिंह वासी गांव Barana तहसील नीलोखेड़ी, जिला करनाल ने अपना नाम बदलकर कमलेश देवी से कमलेश रखा है।

**मैं,** मनदीप सिंह खख पुत्र राजपाल सिंह वासी 74, Bhattu रोड़, ग्रीन पार्क कॉलोनी, फतेहाबाद ने अपना नाम बदलकर मनदीप सिंह रखा है।

**मैं,** गुरप्रीत कौर खख पत्नी मनदीप सिंह वासी 74, Bhattu रोड, ग्रीन पार्क कॉलोनी, फतेहाबाद ने अपना नाम बदलकर गुरप्रीत कौर रखा है।
एपी-6269

**मैं,** सहनाज पुत्री मोहम्मद इस्लाम, निवासी क्रमांक 143, वीपीओ-शेफनी रामपुर बुर्ज, डाकघर रामपुर, जिला रामपुर (यूपी), घोषणा करती हूं कि मैंने अपना धर्म इस्लाम से हिंदू धर्म में परिवर्तित कर लिया है और अपना नाम भी सहनाज से बदलकर प्रीति रख लिया है। भविष्य में मुझे प्रीति के नाम से जाना जाएगा।
एपी-6270

**मैं,** Hament Rawat पुत्र विक्रम रावत निवासी मकान नंबर 101, बलवान कॉलोनी, सुनिल नगर, जस्सियां रोड़, लुधियाना ने अपना नाम Hemant Rawat से बदल कर Hament Rawat रख लिया हैं।
एपी-6271

**मैं,** पवन कुमार वशिष्ट पुत्र अमर सिंह निवासी # 2195/8, छोटा बाजार, थानेसर जिला कुरुक्षेत्र, ने अपना नाम पवन कुमार वशिष्ट से बदलकर पवन कुमार रख लिया है। भविष्य में मुझे पवन कुमार के नाम से ही जाना जाए।
एपी-6275

**मैं,** ओम वती देवी (Om Wati Devi) सैन्य संख्या- 6396512L, रैंक- हवलदार (CPTR) नाम- ऋषि पाल सिंह की माता हूं जो वर्तमान में यूनिट- 795 एएससी बटालियन, सी/ओ 56 एपीओ में तैनात है स्थायी पता- ग्राम- मुडसेनिया, पोस्ट- खिरारी, तहसील- महावन, जिला- मथुरा, राज्य- उत्तर प्रदेश, पिन- 281204, घोषणा करती हूं कि मैंने अपना नाम ओम वती देवी ( Om Wati Devi) से बदलकर ओम वती देवी ( Om Vati Devi) कर लिया है। शपथ पत्र संख्या- 11AA 219879, दिनांक- 17/12/2025

**मैं,** रेजिमेंट संख्या- 2674312पी, हॉनरी हवलदार देवी सिंह (सेवानिवृत्त), पिता चरण सिंह, निवासी संख्या 547, चुनाभट्टी, चंडीमंदिर, पंचकुला, चंडीमंदिर कैंट, हरियाणा, पिन कोड- 134107 घोषणा करता हूँ कि मैं अपनी पत्नी का नाम आधार कार्ड और पैन कार्ड के अनुसार अपने स्पर्श/पीपीओ में शशि से बदलकर शशि बाला करना चाहता हूँ, जो कि सत्य और सही है, लेकिन मेरे स्पर्श/पीपीओ क्रमांक में गलती से शशि लिखा गया है। मैं अपनी पत्नी शशि बाला की जन्मतिथि उनके आधार कार्ड और पैन कार्ड के अनुसार 1 जनवरी 1965 को अपने स्पर्श/पीपीओ में दर्ज करवाना चाहता हूँ।

**मैं,** आईसी नंबर एनएल-16286के, लेफ्टिनेंट, कांति देवी राणा (सेवानिवृत्त), पत्नी वी.एस.एस. राणा, निवासी फ्लैट नंबर 401, जीएच-26, मानसा देवी कॉम्प्लेक्स, सेक्टर-5, पंचकुला, हरियाणा, पिन कोड- 134114, घोषणा करती हूं कि मैं अपने आधार कार्ड और पैन कार्ड के अनुसार अपने स्पर्श/पीपीओ में अपना नाम कुंती देवी राणा से बदलकर कांति देवी राणा करना चाहती हूं, जो कि सत्य और सही है, लेकिन मेरे स्पर्श/पीपीओ में मेरा नाम गलती से कुंती देवी राणा लिखा हुआ है।

**मैं,** रेजिमेंट संख्या- जेसी-143526पी, सूबेदार है हॉर्नी लेफ्टिनेंट, बीर सिंह (सेवानिवृत्त), पुत्र मुल्तान सिंह, निवासी ग्राम एवं डाकघर टंकरी, तहसील- बावल, जिला- रेवाड़ी, हरियाणा, पिन कोड- 123412 घोषणा करता हूँ कि मैं अपनी पत्नी का नाम, उनके आधार कार्ड और पैन कार्ड के अनुसार, मेरे स्पर्श/पीपीओ में मुराती रानी से 'मूर्ति रानी' में सुधारना चाहता हूँ, जो कि सत्य और सही है, लेकिन स्पर्श/पीपीओ क्रमांक में गलती से 'मुराती रानी' लिखा गया है।

**मैं,** महेश एम के, सैन्य संख्या- 4481707F, रैंक- हवलदार, नाम- खेड़कर माणिकप्रभु किशनराव का बेटा हुं स्थायी पता- ग्राम- शेखराजुरा, डाकघर- शेखराजुरा, जिला- परभणी, राज्य- महाराष्ट्र, पिन- 431720, घोषणा करता हूँ कि मैंने अपना नाम महेश एम के से बदलकर महेश माणिकप्रभु खेड़कर कर लिया है। शपथ पत्र संख्या- 11AA 219882, दिनांक- 17/12/2025

**मैं,** प्रतिभा, सैन्य संख्या- 4481707F, रैंक- हवलदार, नाम- खेड़कर माणिकप्रभु किशनराव की कानूनी रूप से विवाहिता पत्नी हुं स्थायी पता- ग्राम- शेखराजुरा, डाकघर- शेखराजुरा, जिला- परभणी, राज्य- महाराष्ट्र, पिन- 431720 घोषणा करती हूँ कि मैंने अपना नाम प्रतिभा से बदलकर प्रतिभा माणिकप्रभु खेड़कर कर लिया है। शपथ पत्र संख्या- 11AA 219881, दिनांक- 17/12/2025

I, VIMAL am Mother of Army No- JC-462584M Rank-Nb/Sub Name-Naik Satish Vishnu Permanent Address: Karoli t, Kavathe mahakal, Karoli (t), Sangli, Maharashtra-416405 declare that I have changed my name from VIMAL to VIMAL VISHNU RAMOSHI and Also Correct my Date of birth from 12/08/1961 to 01/01/1949. Vide Affidavit No: 11AA 219196, Dated: 17/12/2025

I, LAKSHMIBAI am Mother of Army No: 2820991N Rank- Sep Name- Kadam Bhagvat Ramrao Permanent Address: Post - Dhanger Takli, Tehshil - Purna Dist – Parbhani, State: Maharashtra, Pin- 431511 declare that I have changed my name from LAKSHMIBAI to LAXMIBAI RAMARAO KADAM and Also Correct my Date of birth from 01/05/1968 to 01/01/1968. Vide Affidavit No: 11AA 219194, Dated: 17/12/2025

I, KADAM RAMRAO am Father of Army No: 2820991N Rank- Sep Name- Kadam Bhagvat Ramrao Permanent Address: Post - Dhanger Takli, Tehshil - Purna Dist – Parbhani, State: Maharashtra, Pin-431511 declare that I have changed my name from KADAM RAMRAO to RAMRAO LIMBAJI KADAM and Also Correct my Date of birth from 07/03/1964 to 01/01/1975. Vide Affidavit No: 11AA 219195, Dated: 17/12/2025

I, SUNITA am Mother of Army No: 2816895F Rank: Sep Name: Sangole Aniket Ashokrao Permanent Address: At. Post: Arala, Tq: Daryapur, Dist: Amravati, State: Maharashtra, Pin-444803 declare I have changed my name from SUNITA to SUNITA ASHOK SANGOLE. Vide Affidavit No: 11AA 219181, Dated: 17/12/2025

I, ASHOKRAO SANGOLE am Father of Army No: 2816895F Rank: Sep Name: Sangole Aniket Ashokrao Permanent Address: At. Post: Arala, Tq: Daryapur, Dist: Amravati, State: Maharashtra, Pin-444803 declare that I have changed My Name from ASHOKRAO SANGOLE to ASHOK RAMBHAU SANGALE. Vide Affidavit No: 11AA 219182, Dated: 17/12/2025
एपी-6273

**मैं,** अक्षय मलिक पुत्र श्री राजीव मलिक, निवासी मकान नंबर 1088/3, भारत नगर, कालका, जिला पंचकुला, हरियाणा, सर्वसाधारण को सूचित करता हूँ कि मेरे एफडी खाता संख्या 30212652250 में मेरा नाम गलत रूप से 'शानू' दर्ज है, जबकि आधार कार्ड एवं अन्य सभी आधिकारिक अभिलेखों में मेरा सही नाम 'अक्षय मलिक' है। 'शानू' तथा 'अक्षय मलिक' दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं।

**मैं,** श्रीमती मुनेश धर्मपत्नी श्री शेर सिंह निवासी टगरा हंसुआ, तहसील कालका, जिला पंचकूला (हरियाणा), यह घोषित करती हूँ कि मैंने अपना नाम मुनेश कुमारी से बदलकर मुनेश रख लिया है।
एपी-6274

**मैं,** पूनम, स्वर्गीय श्री सोनू कुमार की पत्नी, मकान नंबर 1075, राम दरबार, फेज-2, चंडीगढ़ निवासी, ने अपनी नाबालिग बेटी का नाम नायरा उर्फ वंशिका से बदलकर वंशिका रख दिया है।

**मैं,** विनोद कुमार बिष्ट, स्वर्गीय गोविंद राम बिष्ट का पुत्र, मकान नंबर 1513/2, एचआईजी फ्लैट्स, सेक्टर 43-बी, चंडीगढ़ निवासी, सूचित करता हूं कि विनोद कुमार बिष्ट, विनोद कुमार और विनोद बिष्ट एक ही व्यक्ति के नाम हैं।

**मैं,** सुरेश पत्नी सत प्रकाश, मकान नंबर 183, ग्राम कंसल, जिला एसएएस नगर (मोहाली), पंजाब, ने अपना नाम सुरेश से बदलकर सुरेश देवी रख लिया है।

**मैं,** स्वाति जोशी, पुत्री रविंदर कुमार, निवासी मकान नंबर 2554, सेक्टर 37-सी, चंडीगढ़, ने अपना नाम स्वाति जोशी से बदलकर स्वाति अरोड़ा रख लिया है।

**मैं,** कविता देवी पत्नी जितेंद्र कुमार, निवासी मकान नंबर 2015, भूतल, सेक्टर 45-बी, सैनी गुरुद्वारा के पास, बुडैल, सेक्टर 47, चंडीगढ़, ने अपना नाम कविता देवी से बदलकर कविता रख लिया है।

**मैं,** कमलम, सेना क्रमांक 8037258एच, रैंक हवलदार (जीडी), प्रमोद सी, यूनिट - 1840 पीएनआर, यूनिट C/o 56 एपीओ, पिन कोड 918540 की माता, ने अपना नाम कमलम से बदलकर कमलम.एम कर लिया है और अपनी जन्मतिथि भी 16.07.1970 से बदलकर 04.07.1965 कर ली है, दिनांक 17.12.2025 को नोटरी चंडीगढ़ के समक्ष दिए गए शपथ पत्र के माध्यम से।
एपी-6266

**मैं,** सीमा पत्नी अनिल सिंह रावत निवासी # 164 न्यू कॉलोनी-2, खुड्डा लाहौरा, चंडीगढ़, ने अपना नाम सीमा से बदलकर सीमा ठाकुर रावत रख लिया है।
एपी-6277

**मैं,** अली हिम्मत हुसैन पुत्र श्री रतन सिंह, गांव बुआना तहसील जुलाना जिला जीन्द का स्थाई निवासी हूं। मैंने अपना नाम अली हिम्मत हुसैन से बदलकर हिम्मत रख लिया है।
एपी-6278

**मैं,** UPESH GROVER पुत्र THAKUR DASS निवासी मकान नंबर 367, सैक्टर 20 हुडा कैथल, जिला कैथल (हरियाणा), अपनी नाबालिग पुत्री का नाम YAGANYA से बदल कर YAGANYA GROVER रखता हूँ । कृपया भविष्य में उसे YAGANYA GROVER नाम से जाना जाये । सम्बंधित कृपया नोट करें ।

**मैं,** THAKUR DASS GROVER पुत्र LEKH RAJ निवासी मकान नंबर 367, सैक्टर 20 हुडा कैथल, जिला कैथल अपना नाम THAKUR DASS GROVER से बदलकर THAKUR DASS रखता हूँ । कृपया भविष्य में मुझे THAKUR DASS नाम से जाना जाये । सभी संबंधित कृपया नोट करें ।

**मैं,** PARUL पत्नी UPESH GROVER निवासी मकान नंबर 367 सैक्टर 20 हुडा कैथल, जिला कैथल (हरियाणा), अपना नाम PARUL से बदलकर PARUL GROVER रखती हूँ । कृपया भविष्य में मुझे PARUL GROVER नाम से जाना जाये । सम्बंधित कृपया नोट करें ।
एपी-6279

**मैं,** मनोज कुमार पुत्र श्री वेद प्रकाश, निवासी # 119, सेक्टर -4, हुडा, नारायणगढ़, तहसील नारायणगढ़, जिला अंबाला, हरियाणा घोषणा करता हूं कि मेरी बेटी का नाम Hatal Khurana से बदलकर Hetal Khurana कर दिया गया है।
एपी-6281

## बेदखली सूचना

**मैं,** कृष्ण कुमार पुत्र श्री देई चन्द सिंह निवासी गांव गढ़ी उजाले खां, गोहाना, सोनीपत में अपनी लड़की किरण उम्र 23 वर्ष को अपनी तमाम चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं क्योंकि यह मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर है भविष्य में इससे लेनदेन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा।
एपी-6258

**मैं,** संजीव कुमार पुत्र जमुना प्रसाद और कुसुम देवी पत्नी संजीव कुमार निवास 2125 इंदिरा कॉलोनी मनीमाजरा चंडीगढ़ घोषणा करते है कि हमारा बेटा बाल किशन बहु कंचन और बेटा राम किशन बहु पूजा हमारे कहने सुनने से बाहर है। इसीलिए हम इन सभी को अपनी चल-अचल सम्पति से बेदखल करते है। जो कोई भी उससे लेन-देन करेगा खुद जिम्मेवार होगा।
एपी-6259

**मैं,** सावित्री देवी (आधार नंबर- 503554154363) पत्नी बलबीर सिंह, चंडी कोटला, कैलाश नर्सिंग इंस्टीट्यूट के पास, पंचकूला, चंडी मंदिर कैंट, पंचकूला, हरियाणा 134107, यह घोषणा करती हूँ कि मैंने अपने बेटे भूपिंदर कुमार और उसकी पत्नी सोनिया और उनके बच्चों जयंतिका और रितेश को अपनी सभी चल और अचल संपत्ति और अपने परिवार के सभी रिश्तों से बेदखल कर दिया है। भविष्य में मैं उसके सभी कामों और गतिविधियों/देनदारियों के लिए जिम्मेदार नहीं रहूँगी।
एपी-6263

**मैं,** सुरेश कुमार पुत्र हवा सिंह पुत्र माईचन्द निवासी गांव मंगलपुर तह. उचाना जिला जीन्द अपने हल्फ से बयान करता हूं कि मेरी पत्नी अनु रानी मेरे कहने-सुनने से बाहर है। मैं उसे अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। आज के बाद जो भी कोई उससे लेन-देन या व्यवहार रखेगा, वह स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे बाकि परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**मैं,** संतोष पत्नी स्व. श्री सूरज मल निवासी ऑल पट्टी गांव कैलरम तह. कलायत व जिला कैथल अपने हल्फ से बयान करती हूं कि मेरी लड़की रीनू देवी मेरे कहने-सुनने से बाहर है। मैं उसे अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। आज के बाद जो भी कोई उससे लेन-देन या व्यवहार रखेगा, वह स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे बाकि परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।
एपी-6270

I , Smt. Chander Pati Devi, aged about 77 years, wife of Late Sh. Raghubir Singh Bharrhan, R/o House No. 4809, Ground Floor, Sector 38-West, Housing Board Colony, Chandigarh, declare That I de-bar/Disown my son Ranbir Singh and daughters namely Ms. Renu and Ms. Rakhee from my all movable and immovable properties because they are out of my control if anybody deal with them he/She will be responsible himself/ herself
एपी-6272

**मैं,** कैलाश रानी, स्वर्गीय श्री ओम प्रकाश की पत्नी, मकान संख्या 435-पी, सेक्टर 2, पंचकुला, हरियाणा की निवासी, घोषणा करती हूँ कि मेरी पुत्री वीणा कुमारी, स्वर्गीय श्री सोम नाथ की पत्नी, मकान संख्या 243, प्रथम मंजिल, सेक्टर 44 ए, चंडीगढ़ की निवासी, मेरे नियंत्रण से बाहर है। मैं अपनी पुत्री को अपनी चल और अचल संपत्तियों से बेदखल करती हूँ। जो कोई भी उससे संबंध रखेगा, वह उसके सभी वैध और अवैध कार्यों के लिए स्वयं जिम्मेदार होगा; मैं और मेरा परिवार इसके लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

**मैं,** कुशल सिंह पुत्र, स्वर्गीय श्री सुंदर सिंह, निवासी मकान संख्या 41, सेक्टर-14, मंडी बोर्ड कॉलोनी, पंचकुला घोषणा करता हूँ कि मेरी पुत्री मनीषा मेरे कहने सुनने से बाहर है। दिनांक 27.03.2025 को कहने सुनने से बाहर होने के कारण मैं अपनी पुत्री को अपनी चल और अचल संपत्तियों से बेदखल करता हूँ। जो कोई भी उससे लेन देन करेगा, वह उसके सभी वैध और अवैध कार्यों के लिए स्वयं जिम्मेदार होगा मैं और मेरा परिवार इसके लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
एपी-6273

हम मोहन लाल पुत्र शेखर चंद ओर अनीता रानी पत्नी मोहन लाल निवासी मकान नंबर 169, फेस 3, बापूधाम कॉलोनी, सेक्टर 26, चंडीगढ़ सूचित करते हैं कि हमारी बेटियां मनीषा, रूबल और हमारा पुत्र संदीप हमारे कहने सुनने से बाहर है। इसलिए हम इनको अपनी सभी चल अचल संपत्तियों से बेदखल करते हैं। इनसे लेन देन करने वाला खुद जिम्मेदार होगा।

**मैं,** हरि ओम सुपुत्र जगदीश राम और राज रानी पत्नी हरि ओम, मकान नंबर 214, ग्राउंड फ्लोर, सेक्टर 41-ए, चंडीगढ़ सूचित करते है कि हमारा पुत्र राकेश कुमार हमारे कहने सुनने से बाहर है। इसलिए हम उसे अपनी सभी चल और अचल संपत्तियों से बेदखल करते हैं। उसके साथ लेन देन करने वाला खुद जिम्मेदार होगा ।
एपी-6266

**मैं,** ऊषा रानी विधवा बलदेव राज निवासी मकान नंबर 270, संजय कॉलोनी, वार्ड नंबर 8 चीका तहसील गुहला जिला कैथल (हरियाणा) सूचित करती हूं कि मेरी पुत्री सोनू मेरे नियंत्रण से बाहर हैं। मैं इसे अपनी संपूर्ण चल अचल जायदाद से बेदखल करती हूं। इनके किसी भी कृत्य, लेनदेन अथवा संबंध की मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं है। भविष्य में इससे संबंध रखने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा।
एपी-6276


**आवश्यक सूचना**

अर्थ प्रकाश में क्लासीफाइड विज्ञापन देने के लिए 9988934664 पर संपर्क करें।

**अर्थ प्रकाश**

समाचार पत्र में अपना विज्ञापन लेकर अपने व्यापार को लाभांवित करें



**आवश्यक सूचना**

अर्थ प्रकाश (हाउस ऑफ प्रिंट एंड डिजिटल मीडिया) का इस समाचार पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाइड) के तथ्यों संबंधी कोई दायित्व नहीं है। हमारा समाचार पत्र इनको सत्यापित नहीं करता है। किसी भी प्रकार के विज्ञापनों में पाठकों से विनती है कि वह कोई भी प्रतिक्रिया करने से पहले, विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पूर्व तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें। यह समाचार पत्र उपरोक्त किसी भी विज्ञापन के प्रति उत्तरदायी नहीं होगा।

# परिवहन मंत्री अनिल विज की अम्बाला छावनी को सौगात

# बस स्टैंड व रेलवे स्टेशन के बीच राह होगी आसान, बनेगा आधुनिक अंडरपास


**अंडरपास लगभग 60 मीटर लंबा होगा जो बस स्टैंड के 'आउट गेट' से लेकर रेलवे स्टेशन के 'एस्केलेटर' तक बनेगा**

नेशनल हाईवे ने योजना तैयार की, एनओसी का प्रस्ताव रेलवे व हरियाणा रोडवेज को भेजा - मंत्री अनिल विज

सुरक्षित आवागमन - जीटी रोड को पार किए बिना यात्री सीधे रेलवे स्टेशन से बस स्टैंड तक आ-जा सकेंगे: अनिल विज

परिवहन मंत्री अनिल विज की मांग पर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने इस प्रोजेक्ट को दी थी हरी झंडी

अर्थ प्रकाश संवाददाता




**चंडीगढ़, 17 दिसंबर।** हरियाणा के परिवहन मंत्री श्री अनिल विज ने कहा कि अम्बाला छावनी में आमने-सामने स्थित बस स्टैंड व रेलवे स्टेशन के मध्य पैदल आने-जाने की राह अब पहले से सुगम व आसान होगी। जीटी रोड के नीचे आधुनिक अंडरपास का निर्माण किया जाएगा जिससे लाखों यात्रियों व स्थानीय लोगों को सुविधा मिलेगी।

श्री विज ने बताया कि नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा रेलवे स्टेशन व बस स्टैंड के मध्य अंडरपास बनाने के लिए नेशनल हाईवे अथॉरिटी द्वारा योजना तैयार कर ली गई है। चूंकि अंडरपास रेलवे और हरियाणा रोडवेज की सीमा में भी बनना है इसलिए हाईवे अथॉरिटी द्वारा दोनों विभागों से एनओसी ली जा रही है। इसके मिलते ही जल्द अंडरपास निर्माण प्रक्रिया प्रारंभ कर दी जाएगी।

गौरतलब है कि परिवहन मंत्री अनिल विज ने रेलवे स्टेशन व बस स्टैंड के समक्ष यात्रियों को हो रही असुविधा से केंद्रीय स?क परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को अवगत कराते हुए उनसे यहां अंडरपास निर्माण की मांग करी थी। इस मांग पर केंद्रीय मंत्री द्वारा नेशनल हाईवे अथॉरिटी को मामले में योजना तैयार कर अंडरपास निर्माण करने के दिशा-निर्देश दिए गए थे।

### सुरक्षित आवागमनः जीटी रोड को पार किए बिना यात्री सीधे रेलवे स्टेशन से बस स्टैंड तक आ-जा सकेंगेः अनिल विज

परिवहन मंत्री अनिल विज ने बताया कि अंडरपास का निर्माण होना यात्री सुविधा में एक बड़ा कदम होगा। अम्बाला छावनी रेलवे स्टेशन उत्तर भारत का व्यस्तम रेलवे स्टेशन है जहां प्रतिदिन लाखों यात्री ट्रेनों से आवागमन रहता हैं। इसी प्रकार, स्टेशन के ठीक सामने जीटी रोड पर अम्बाला छावनी बस स्टैंड जहां सैकड़ों बसों से हजारों यात्री आते-जाते हैं। रेलवे स्टेशन व बस स्टैंड दोनों महत्वपूर्ण जंक्शन होने की वजह से रेलवे स्टेशन से बस स्टैंड आने जाने वाले यात्रियों की संख्या बहुत ज्यादा रहती है। दोनों के बीच व्यस्तम नेशनल हाईवे रोड है जहां ट्रेफिक का भारी दबाव रहता है। बस स्टैंड व रेलवे स्टेशन आने-जाने के लिए यात्रियों व स्थानीय लोगों को परेशानी होती है और इसी वजह से अंडरपास उनकी इस समस्या को हल करेगा। अंडरपास बनने से लोग नेशनल हाइवे रोड पर जाए बिना अंडरपास से सीधा रेलवे स्टेशन व बस स्टैंड आ-जा सकेंगे।

### अंडरपास पर लाइटें व पानी निकासी के लिए पम्प सेट भी लगेंगे

नेशनल हाईवे अथॉरिटी द्वारा तैयार की गई योजना के अनुसार अंडरपास बस स्टैंड के जीटी रोड की तरफ आउट गेट के पास बनेगा जोकि जीटी रोड से नीचे से होता हुआ रेलवे एस्केलेटर के पास तक होगा। इसकी लंबाई लगभग 60 मीटर होगी। अंडरपास में लाइट व अन्य सुविधाएं होगी, साथ ही यहां पर जलभराव की समस्या न उत्पन्न हो, इसके लिए यहां वॉटर डिस्पोजल के लिए पंप भी लगाएं जाएंगे।

## यातायात नियमों के पालन से सड़क दुर्घटनाओं पर लगाई जा सकती है रोक: डीएसपी

अर्थ प्रकाश/सुशील कुमार

**नारायणगढ़, 17 दिसंबर।** डीएसपी सूरज चावला ने कहा कि यातायात नियमों का सही ढंग से पालन करने से सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी रूप से रोक लगाई जा सकती है। उन्होंने बताया कि सर्द मौसम में धुंध व कोहरे के कारण दृश्यता कम हो जाती है, जिससे सड़क दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है। ऐसे में वाहन चालकों को विशेष सतर्कता बरतने की आवश्यकता है।

डीएसपी सूरज चावला ने कहा कि वाहन चालक ड्राइविंग से पहले मौसम के पूर्वानुमान की जानकारी अवश्य लें और उसके बाद ही अपने गंतव्य के लिए प्रस्थान करें। धुंध व कोहरे के समय सावधानीपूर्वक वाहन चलाने से न केवल स्वयं बल्कि अन्य सड़क उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा भी सुनिश्चित की जा सकती है। उन्होंने वाहन चालकों को धीमी और रक्षात्मक ड्राइविंग करने, यातायात नियमों का पालन करने तथा वाहनों के बीच सुरक्षित दूरी बनाए रखने की सलाह दी।

उन्होंने बताया कि कोहरे के दौरान फॉग लाइट और इंडिकेटर का सही उपयोग करें। दृश्यता अत्यंत कम होने की स्थिति में सड़क पर बनी पेंट की गई लाइनों को मार्गदर्शक के रूप में अपनाते हुए वाहन चलाएं। इसके साथ ही लो-बीम हेडलाइट का प्रयोग करते हुए वाहन की गति नियंत्रित रखें।

डीएसपी सूरज चावला ने कहा कि पुलिस विभाग द्वारा वाहन चालकों को यातायात नियमों के पालन और वाहनों पर रेट्रो रिफ्लेक्टर टेप लगाने के लिए लगातार जागरूक किया जा रहा है। इसके अलावा पीडब्ल्यूडी विभाग को दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में यातायात संकेतक बोर्ड लगाए तथा वन विभाग सड़क के मोड़ों पर खड़े पेड़ों व झाड़ियों के कारण होने वाली संभावित दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए आवश्यक कदम उठाए, इस बारे में सम्बंधित विभागों को कहा गया है, जिससे कि सड़क दुर्घटनाएं न होने पाए। उन्होंने कहा कि इन प्रयासों से वाहन चालकों को पहले ही दुर्घटना संभावित क्षेत्रों की जानकारी मिल सकेगी और वे सावधानीपूर्वक वाहन चलाकर किसी भी अनहोनी से बच सकेंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### जगदीप कौर व मेघा ने पाया प्रथम स्थानः हरनेक सिंह



**लाडवा (अप्रस/विकास कश्यप)।** लाडवा के चेतन्या करियर कंसल्टेंट्स में एक दिवसीय जोनल इंग्लिश स्कॉलरशिप टेस्ट का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य मेधावी विद्यार्थियों की पहचान कर उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में वास्तविक आर्थिक सहयोग प्रदान करना है। यह संस्था की पहली और अनूठी छात्रवृत्ति पहल है। इसकी सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसके अंतर्गत विजेता विद्यार्थियों की आगामी शैक्षणिक सत्र की करीब 60 हजार रुपए पूरी स्कूल की ट्यूशन फीस संस्था द्वारा वहन की जाती है। यह पहल विद्यार्थियों को अपने माता-पिता के लिए सहयोग का अवसर देगी। यह जानकारी चेतन्या के डायरेक्टर हरनेक ङ्क्षसह ने दी। उन्होंने बताया कि चेतन्या करियर कंसल्टेंट्स द्वारा आयोजित जोनल इंग्लिश स्कॉलरशिप टेस्ट का राउंड-2 ग्रैंड फिनाले को आज सेंटर पर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस ग्रैंड फिनाले में विभिन्न विद्यालयों के चयनित विद्यार्थियों ने भाग लिया। कक्षा 6-7 वर्ग में जगदीप कौर, दशमेश विद्या मंदिर स्कूल मथाना तथा कक्षा 8-9 वर्ग में मेघा डिवाइन पब्लिक स्कूल शाहाबाद ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि आगामी वर्ष इस कार्यक्रम का आयोजन जिला स्तर पर किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक विद्यालयों और विद्यार्थियों को इस छात्रवृत्ति योजना का लाभ मिल सके।

### योग हमें तनाव, चिंता और डिप्रेशन से दिलाता है मुक्तिः डा. गणेश दत्त



**लाडवा (अप्रस/विकास कश्यप)।** मार्कीट कमेटी लाडवा के चेयरमैन डा. गणेश दत्त ने कहा कि योग हमारे शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद है। योग हमें तनाव, चिंता और डिप्रेशन से मुक्ति दिलाता है। योग हमें आत्म-ज्ञान और आत्म-शांति प्राप्त करने में मदद करता है और हमें ऊर्जा और उत्साह प्रदान करता है। हमें अपने दैनिक जीवन में योग को शामिल करना चाहिए। डा. गणेश दत्त बुधवार को लाडवा की अनाज मंडी में आयुष मंत्रालय की तरफ से आयोजित योग शिविर में बोल रहे थे। भारत सरकार, हरियाणा योग आयोग और आयुष विभाग, हरियाणा के दिशा-निर्देश अनुसार सभी सरकारी विभाग और सरकारी विभाग के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को वाई-ब्रेक का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण जिला आयुर्वेद अधिकारी डा. मंजू शर्मा के मार्गदर्शन में चलाया जा रहा है। योगाचार्य कमल किशोर ने बताया कि सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को 5 मिनट योग करने का समय निर्धारित किया गया है। कर्मचारी अपने कार्यालय पर अपनी कुर्सी पर बैठ कर सर्वाइकल, कमर दर्द और मानसिक तनाव को कम किया जा सके, इसलिए सरकार ने यह निर्देश दिए हैं कि सभी अधिकारी और सभी कर्मचारियों को आसन और प्राणायाम का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसमें पुलिस विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, बिजली विभाग, सभी विभागों के कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस मौके पर उप चेयरमैन सुरेंद्र सिंगला, अनाज मंडी प्रधान राजीव आर्य, मार्कीट कमेटी सचिव संत लाल सैनी मुख्य रूप से मौजूद थे।

### चार साहिबजादों की याद में नगर कीर्तन 20 को

**पिहोवा (अप्रस/मोहित पौलस्त्य)।** माता गुजर कौर और चारों साहब जादो की याद में चल रहे 10 दिवसीय शहीदी समागम में भारी संख्या में श्रद्धालुओं का आना जारी है। इस बारे जानकारी देते हुए प्रधान जोगेंद्र सिंह बेदी ने बताया कि शहीदी समागम के अवसर पर 16 दिसंबर से 25 दिसंबर तक अखंड पाठ किए जाएंगे । तथा कीर्तन दरबार सजाए जाएंगे। 20 दिसंबर को शहर में नगर कीर्तन निकाला जाएगा। प्रतिदिन साम के समय दीवान सजाए जाएंगे। जिसमें अनेक धर्म प्रचारक गुरबाणी का प्रचार करेंगे। इस मौके पर लंगर का आयोजन किया जाएगा।

### रक्तदान शिविर में 30 युवाओं ने किया रक्तदान

**करनाल (अप्रस/शैलेंद्र जैन)।** डीसी एवं जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष उत्तम सिंह के मार्गदर्शन में बुधवार को रक्तदान शिविर लगाया गया। जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव कुलबीर मलिक ने बताया थैलेसीमिया ग्रस्त बच्चो को रक्त की कमी ना हो इसके लिए जिला रेडक्रॉस निरंतर रक्तदान शिविर आयोजित करती रहती है ताकि रक्त की कमी के कारण किसी की जान ना जाए। इसमें जिला के सभी सामाजिक संस्थाओं का भी समय-समय पर सहयोग रेडक्रॉस को मिलता रहता हैं। उन्होंने बताया कि आज इसी कड़ी में रेड क्रॉस कार्यालय में एक निजी संस्थान के सहयोग से एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 30 युवाओं ने रक्तदान किया। रेडक्रॉस कार्यालय से प्रवीण सिंगला ने भी 12वीं बार रक्तदान कर युवाओं को रक्तदान के प्रति प्रेरित किया।

## विश्व ध्यान दिवस के उपलक्ष्य में हरियाणा योग आयोग के तत्वावधान में ध्यान योग प्रशिक्षण शिविर आयोजित

अर्थ प्रकाश/राजकुमार वालिया

**कुरुक्षेत्र, 17 दिसंबर।** विश्व ध्यान दिवस के उपलक्ष्य में हरियाणा योग आयोग के ऊर्जावान एवं कर्मठ चेयरमैन डॉ जयदीप आर्य के निर्देशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक के कुशल नेतृत्व एवं जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी इंदु कौशिक के निर्देशन में शिक्षा विभाग, कुरुक्षेत्र द्वारा जिला के सभी खंडो के विभिन्न विद्यालयों में 17 से 24 दिसंबर तक ध्यान योग शिविर आयोजित किए जा रहे हैं । इन शिविरों में विद्यार्थियों व शिक्षकों को ध्यान साधना का प्रशिक्षण दिया जाएगा । शिक्षा विभाग की ओर से योग के लिए समर्पित सहायक शिक्षा अधिकारी (खेल) जसबीर सिंह को जिले का समन्वयक अधिकारी नियुक्त किया गया है ।

हरियाणा योग आयोग की ओर से आयोग के वाइस चेयरमैन डॉ रोशन लाल को शाहाबाद खंड, आयोग के सदस्य डॉ मनीश कुकरेजा को थानेसर खंड, आयुष विभाग, कुरुक्षेत्र के जिला योग समन्वयक डॉ जागीर सिंह को पेहवा खंड, आयोग द्वारा गठित जिला योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा संवर्धन समिति के सचिव एवं भारतीय योग संस्थान, हरियाणा के प्रांतीय संगठन मंत्री गुलशन कुमार ग्रोवर को लाडवा खंड में ध्यान योग प्रशिक्षण की जिम्मेवारी सौंपी गई है । शिक्षा विभाग की ओर से राजेश व प्रमोद को थानेसर खंड, सुमित व जसप्रीत को शाहबाद खंड, किरण कुमार व नवीन को पेहवा खंड, अमित व नसीब सैनी को लाडवा खंड के विद्यालयों में समन्वय की जिम्मेदारी सौंपी गई है । जिला शिक्षा विभाग के सभी अधिकारी, विद्यालय प्रमुख, शारीरिक शिक्षक एवं अन्य स्टाफ इस आयोजन में पूरी रुचि ले रहे हैं ।

## तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर हुआ सम्पन्न

**उचाना मंडी (अप्रस/मित्तल)।** महिला एवं बाल विकास विभाग की तरफ से पोषण भी पढ़ाई भी विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण भी शिवं मंदिर सनातन धर्म वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय उचाना कलां में आयोजित हुआ। प्रशिक्षण में 205 आंगनवाड़ी वर्करों ने भाग लिया। इसका उद्देश्य बच्चों के पोषण स्तर में सुधार, प्रारंभिक बाल शिक्षा को मजबूत करना, कुपोषण की रोकथाम व बच्चों का चहुंमुखी विकास को लेकर आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की कार्यक्षमता को और अधिक सुदृढ बनाना रहा। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को बच्चों के सर्वांगीण विकास में पोषण और शिक्षा की भूमिका को सरल एवं प्रभावी तरीके से समझाया। महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी कांता यादव ने आंगनवाड़ी कार्यकत्ताओं से पात्र लाभार्थियों को समय पर सरकारी योजनाओं का लाभ दिलवाने के लिए प्रेरित किया।

## दिव्यांगों और बुजुर्गों को विधायक भड़ाना ने बांटे सहायक उपकरण

समालखा क्षेत्र के दिव्यांगजनों और बुजुर्गो कों मिनिस्ट्री ऑफ़ सोशल जस्टिस और अपॉइंटमेंट के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विधायक मनमोहन भड़ाना ने सहायक उपकरण वितरित किए

अर्थ प्रकाश/मनदीप कुमार



**समालखा, 17 दिसंबर।** हल्का समालखा क्षेत्र के दिव्यांगजनों और बुजुर्गो कों मिनिस्ट्री ऑफ़ सोशल जस्टिस और अपॉइंटमेंट के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विधायक मनमोहन भड़ाना के निजी सचिव शारिक, विधायक मामा सुधीर, पार्षद अजय शर्मा ने सहायक उपकरण वितरित किए।

विधायक मनमोहन भड़ाना कार्यालय से क्षेत्र के पात्र दिव्यांगों और बुजुर्गों को को व्हील चेयर, कानों की मशीन, कमर और घुटनो की बेल्ट, डोगे जैसे सहायक उपकरण वितरित किए।


विधायक मनमोहन भड़ाना ने कहा कि इन उपकरणों से दिव्यांगजनों की दिव्यांगता का असर कम होगा। उनका शारीरिक, सामाजिक और मानसिक पुनर्वास होगा। साथ ही उनकी आर्थिक क्षमता भी बढ़ेगी। वे सम्मान के साथ जीवन जी सकेंगे।

वहीं निजी सचिव शारिक नें कहा कि विधायक मनमोहन भड़ाना के दिशा निर्देशों से कार्यालय परिसर में दिव्यांगजनों और बुजुर्गों को जरूर का सामान वितरित किया गया।

पार्षद अजय शर्मा ने बताया कि विधायक मनमोहन भड़ाना के दिशा निर्देशों पर शारीरिक रूप से अक्षम और वृद्धावस्था से जूझ रहे व्यक्तियों को सहायता पहुंचाना है, ताकि उनके जीवन में सुधार हो सके। यह केवल उपकरणों का वितरण नहीं, बल्कि उनके जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## दुकानों और छोटी फैक्ट्री में घरेलू गैस सिलेंडर का इस्तेमाल हो रहा सरे आम बिना रोकटोक

अर्थ प्रकाश/संजीव सिंगला



**टोहाना, 17 दिसंबर।** सर्दी शुरू होते ही टोहाना में घरेलू गैस सिलेंडर की किल्लत सामने आने लग जाती है। गैस एजेंसी वाले सभी उपभोक्ताओं को परेशान करने लग जाते हैं जो गैस सिलेंडर रेहडी वाले गर्मियों में बिना मंगवाये सिलेंडर हर वक्त देते दिखाई देते थे वह अब गैस बुकिंग कर सिलेंडर देने की बात करते दिखाई देते हैं। वहीं दूसरी ओर शहर में हर मिठाई की दुकान वह दूध की डायरियां वह शहर में चल रही छोटी-छोटी फैक्ट्री में सभी में घरेलू गैस सिलेंडरो द्वारा सरेआम बिना रोक-टोक के चलाई जा रही हैं शहर की मेन मार्केट में हर गली में रेहडी वाले घरेलू गैस का इस्तेमाल सरेआम बिना रोक-टोक के इस्तेमाल करते देखे जा सकते हैं गैस एजेंसी वालों से जब गैस की कमी के लिए पूछा गया तब उन्होंने उपभोक्ता को के वाई सी करवाने के लिए आने को कहा और कई उपभोक्ता गैस एजेंसी वालों का के वाई सी के नाम पर गैस पाइप वगैरा लेने के लिए मजबूर करते देखे गए कई घरेलू गैस सिलेंडरों में गैस कम होने की शिकायत भी करते देखे गए। खाद्य पूर्ति विभाग सिर्फ अपने दफ्तर में ही बैठे-बैठे बातें मारता दिखाई देता है कभी भी शहर में घरेलू गैस सिलेंडर के हो रहे दुरुपयोग पर कोई भी कार्यवाही करना उचित नहीं समझता है शहर में कोई भी मिष्ठान भंडार या दूध की डरिओ मे चल रही भठीया और कई छोटी-छोटी फैक्ट्रियां सभी घरेलू गैस सिलेंडर कार्य में धड़ले से घरेलू गैस सिलेंडर इस्तेमाल कर रही हैं कोई भी कमर्शियल गैस सिलेंडर इस्तेमाल करता दिखाई नहीं देता इसलिए सर्दी शुरू होते ही शहर में गैस सिलेंडर की कमी शुरू हो जाती है जिससे मार्केट में घरेलू गैस की कालाबाजारी बढ़ती है इसका मुख्य कारण खाद्य पूर्ति विभाग अधिकारियों का समय-समय पर कार्यवाही न करना है यदि यह अपनी ड्यूटी समय पर सही निभाए तो शहर में गैस सिलेंडरों की कोई दिक्कत नहीं आएगी।

## राज्य किड्स एथलेटिक्स में विजेता खिलाड़ियों को किया सम्मानित

**उचाना मंडी (अप्रस/मित्तल)।** शिवानिया पब्लिक स्कूल उचाना मंडी के विद्यार्थियों ने सोनीपत में आयोजित हरियाणा राज्य किड्स एथलेटिक्स प्रतियोगिता में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया। ये खिलाड़ी शिवानिया पब्लिक स्कूल एवं शिवानिया खेल अकादमी से संबंधित है। प्राचार्या प्रोमिला मलिक ने बताया की विद्यालय की ओर से छात्र चेतन ने 80 मीटर हर्डल रेस में प्रथम, अनिकेत ने लंबी कूद एवं 80 मी हर्डल रेस में दूसरा, संगम ने लंबी कूद में तीसरा स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की ओर से सभी छात्रों को सम्मानित किया गया। प्रबंध समिति के अध्यक्ष नफे सिंह खटकड़, प्रोमिला मलिक की ओर सभी छात्रों एवं उनके कोच विवेक सांगवान को बधाई दी। इस अवसर पर देव मित्तल, विकास खटकड़, सुनील, सोहन शर्मा, विकास मेहरवाल, भूपेंद्र संधू, संगीता खटकड़, सुमन कौशिक उपस्थित रहे।

## जूनियर रेड क्रॉस प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन मानव सेवा व प्राथमिक सहायता पर दिया गया प्रशिक्षण

अर्थ प्रकाश/सुशील कुमार

**शहजादपुर, 17 दिसंबर।** जिला रेड क्रॉस सोसाइटी अंबाला द्वारा पीएम श्री गवर्नमेंट गर्ल सीनियर सेकेंडरी स्कूल शहजादपुर माजरा में आयोजित पांच दिवसीय जिला स्तरीय जूनियर रेड क्रॉस प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन विद्यार्थियों को मानव सेवा, सामाजिक दायित्व और प्राथमिक सहायता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई।

कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार सैनी ने बताया कि उपायुक्त महोदय के निर्देशन में जिला रेड क्रॉस सोसाइटी अंबाला मानव हित में विभिन्न कल्याणकारी गतिविधियां निरंतर चला रही है। उन्होंने बताया कि जिला रेड क्रॉस समिति की सचिव विजयलक्ष्मी के मार्गदर्शन में वृद्धजनों के लिए वृद्धाश्रम, बेघर व्यक्तियों के लिए आश्रम का संचालन किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड तिपहिया साइकिल, व्हीलचेयर, कान की मशीन, वॉकर व बैसाखी निःशुल्क उपलब्ध करवाई जाती हैं।

उन्होंने कहा कि रेड क्रॉस द्वारा स्कूलों में फर्स्ट एड बॉक्स और वाटर कैंपर उपलब्ध करवाए जाते हैं तथा बुजुर्गों के सम्मान, जरूरतमंदों व बीमार व्यक्तियों की सहायता, पौधारोपण और नशे के विरोध में जागरूकता अभियान भी नियमित रूप से चलाए जाते हैं।

सिविल अस्पताल से आई काउंसलर सिमरन ने विद्यार्थियों को खुशहाल जीवन के चार स्तंभ- अपनी क्षमता की पहचान, समस्या का समाधान, जीवन का उद्देश्य तथा परिवार एवं समाज में योगदान-पर विस्तार से जानकारी दी। वहीं आंशिका ने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने तथा एचआईवी के शरीर पर पडने वाले दुष्प्रभावों और उससे बचाव के उपायों के प्रति जागरूक किया।

## धुंध के दौरान वाहन चलाते समय बरतें विशेष सावधानी

अर्थ प्रकाश/सुभाष जैन

**पानीपत, 17 दिसंबर।** पुलिस अधीक्षक श्री भूपेंद्र सिंह आईपीएस के कुशल नेतृत्व में जिला यातायात पुलिस धुंध में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए पर्यासरत है। यातायात पुलिस ने सोमवार को जीटी रोड़ पर 100 से अधिक वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाकर वाहन चालकों को जागरूक किया।

ट्रैफिक थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर सुभाष ने बताया कि आने वाले दिनों में मौसम में कोहरे व धुंध के चलते सड़कों पर दृश्यता कम होगी। ऐसे में सड़कों पर वाहन का प्रयोग करते समय अधिक सावधानी बरतनी होगी। वाहन मालिक एवं चालक अपने-अपने वाहनों के पीछे रिफ्लेक्टर जरूर लगाएं। धुंध के मौसम में रिफ्लेक्टिव टेप बहुत ही कारगर साबित होती है।

**धुंध के दौरान वाहन चलाते समय निम्न बातों का रखें ध्यान**

-वाहनों के बीच उचित दूरी बनाए रखें
-गाड़ी चलाते समय इंडिकेटर को भी ऑन रखें ताकि दूसरे वाहन को भी आपके वाहन का पता चल सके
-कोहरे के दौरान यात्रा करते समय वाहन चालक लो-बीम हेड लाइट का इस्तेमाल करें, धुंध में हाई-बीम हेड लाईट कारगर नहीं होती है। यदि कोहरे के कारण विजिबिलिटी कम हो जाती है तो ऐसी स्थिति में फॉग लाइट का उपयोग अवश्य करें
-विजिबिलिटी बेहद खराब होने की स्थिति में वाहन चालक सड़क पर पेंट की गई लाइन को गाइड के रूप में उपयोग करते हुए वाहन चलाएं
-धुंध के दौरान गाड़ियों की गति सीमा नियंत्रित रखें, मोबाइल फोन, म्यूजिक सिस्टम का उपयोग करने से बचें
-घना कोहरा होने पर सुरक्षित स्थान पर वाहन को रोककर धुंध कम होने तक प्रतीक्षा करें
-बाहर की आवाज का ध्यान रखने के लिए वाहनों के शीशे थोड़ा नीचे रखें

## सांसद खेल महोत्सव में महिला शक्ति का शानदार प्रदर्शन

### कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय और द्रोणाचार्य स्टेडियम में विभिन्न खेलों के सेमीफाइनलिस्ट तय

18 दिसंबर से अन्य प्रतियोगिताओं का होगा शुभारंभ

अर्थ प्रकाश/राजकुमार वालिया



**कुरुक्षेत्र, 17 दिसंबर।** सांसद खेल महोत्सव के तीसरे चरण के अंतर्गत लोकसभा स्तरीय प्रतियोगिताओं में आज कुरुक्षेत्र के विभिन्न खेल स्थलों पर महिला खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन करते हुए खेल प्रेमियों का उत्साह बढ़ाया। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, द्रोणाचार्य स्टेडियम और विश्वविद्यालय वरिष्ठ माध्यमिक मॉडल स्कूल में आयोजित मुकाबलों में वॉलीबॉल, कबड्डी, तीरंदाजी, क्रिकेट, खो-खो, कुश्ती और बॉक्सिंग की स्पर्धाएं हुईं, जिनमें विधानसभा स्तर पर जीतकर आए खिलाड़ियों ने भाग लिया।

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में आयोजित वॉलीबॉल प्रतियोगिता में चार टीमों ने भाग लिया। रोमांचक मुकाबलों के बाद अमीन की टीम ने पहला और पुण्डरी की टीम ने दूसरा स्थान प्राप्त कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। वहीं कबड्डी प्रतियोगिता में कलायत (ए), कलायत (बी), पुण्डरी (ए) और पुण्डरी (बी) की टीमों ने अपने-अपने मुकाबले जीतते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाई।

विश्वविद्यालय के आर्चरी ग्राउंड में हुई तीरंदाजी प्रतियोगिता का शुभारंभ कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के खेल विभाग के निदेशक डॉ. दिनेश राणा ने किया। इस प्रतियोगिता में शिवानी ने प्रथम, सिमरन ने द्वितीय और सेजल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर डॉ. दिनेश राणा ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों और युवाओं में खेल भावना को मजबूत करते हैं और उन्हें राष्ट्रीय स्तर तक आगे बढ़ने का मंच प्रदान करते हैं।

क्रिकेट प्रतियोगिता विश्वविद्यालय के वरिष्ठ माध्यमिक मॉडल स्कूल में आयोजित की गई, जहां पुण्डरी () और कुरुक्षेत्र () की टीमों ने सेमीफाइनल में स्थान सुनिश्चित किया। इन मुकाबलों का शुभारंभ स्कूल की वाइस चेयरपर्सन डॉ. सुनीता दलाल और प्रिंसिपल डॉ. सुखविंद्र सिंह ने किया। डॉ. सुनीता दलाल ने कहा कि खेल बच्चों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम हैं, जबकि डॉ. सुखविंद्र सिंह ने युवाओं को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

द्रोणाचार्य स्टेडियम में आयोजित खो-खो प्रतियोगिता में नौ टीमों ने भाग लिया। कड़े मुकाबलों के बाद द्रोणाचार्य स्टेडियम की टीम ने पहला और दुलियाणी गांव की टीम ने दूसरा स्थान प्राप्त करते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया। वहीं कुश्ती प्रतियोगिता में 68 किलोग्राम भार वर्ग में मनजोत कौर प्रथम, आयुषी द्वितीय तथा रुपिंदर कौर और महक संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहीं। 72 किलोग्राम भार वर्ग में सिमरनजीत कौर ने पहला, मनप्रीत कौर ने दूसरा तथा कनिष्क और वैष्णवी ने तृतीय स्थान हासिल किया। 76 किलोग्राम भार वर्ग में रीटा प्रथम, हरमीत कौर द्वितीय और नताशा राणा व दीपिका तृतीय स्थान पर रहीं।

# श्रद्धा और सुविधा का संगम शिरडी: साईं बाबा के दर्शन से पहले जान लें यह खास बातें

शिरडी एक प्रमुख धार्मिक स्थल है, जोकि महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले में स्थित है। दूर-दूर तक शिरडी के साईं की प्रसिद्धि है। हर साल लाखों की संख्या में श्रद्धालु साईं बाबा के दर्शन के लिए आते हैं। वहीं जो लोग पहली बार शिरडी जाने का प्लान कर रहे होते हैं, उनके दिमाग में तरह-तरह के सवाल आते हैं। ऐसे में अगर आपके जहन में भी यह सवाल आ रहे हैं कि कैसे जाएं, कहां रुकें तो आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। माना जाता है कि शिरडी साईं बाबा की धरती है, जहां पर साईं ने अपने चमत्कारों से लोगों को विस्मृत कर दिया था। साईं बाबा की जीवन शिरडी में बीता और वहां पर उन्होंने कई लोक कल्याणकारी कार्य किए हैं।

शिरडी में साईं बाबा का एक विशाल मंदिर है। धार्मिक मान्यता है कि चाहे गरीब हो या अमीर, साईं बाबा के दर्शन करने वाला कोई भी शख्स कभी खाली हाथ नहीं लौटता है। मंदिर में दर्शन करने मात्र से भक्तों की मनोकामना पूरी होती है। साईं बाबा के दर्शन मात्र से लोगों के कष्ट दूर हो जाते हैं। इस पावन धाम में साईं बाबा का एक विशाल मंदिर



है, जिसको विश्व के अमीर मंदिरों में से एक माना जाता है। माना जाता है कि इस मंदिर से कई बड़े चमत्कार जुड़े हुए हैं। इन चमत्कारों को सुनने के बाद हर कोई यहां खिंचा चला आता है।

**पहुंचे शिरडी:** बता दें कि शिरडी जाने के लिए आप कई तरह की सुविधाओं का आनंद ले सकते हैं। आप चाहें तो वायुमार्ग, सड़क मार्ग और ट्रेन तीनों से ही आ सकते हैं। वहीं आप रेलवे स्टेशन या फिर एयरपोर्ट ये टैक्सी या कैब आदि कर सकते हैं। जोकि आपको सीधे साई मंदिर ले जाएंगी। वहीं साईं मंदिर से एयरपोर्ट और रेलवे स्टेशन दोनों ही 10-12 किमी दूर है। वहीं अगर आप ट्रेन से आ रहे हैं, तो कोपरगांव उतरें। लेकिन अगर फ्लाइट से आ रहे हैं, तो शिरडी एयरपोर्ट उतरें।

**कहां रुकें:** आपको शिरडी में रुकने के लिए एक से बढ़कर एक जगह मिल जाएगी। यहां पर रुकने के लिए आपको कई होटल मिल जाएंगे। वहीं यहां कई संस्थानों की ओर से कई धाम बनाए गए हैं, जहां पर एडवांस बुकिंग करवाकर आप यहां पर आराम से रुक सकते हैं। आप यहां पर साईं धाम और होटल दोनों जगहों में से कहीं भी रुक सकते हैं। आप चाहें तो साईं बाबा संस्थान की बुकिंग ऑनलाइन करवाकर जाएं। यहां पर रुकने के लिए बुकिंग सुविधा उपलब्ध है।

**जाने का समय:** वैसे तो आप कभी भी साईं बाबा के दर्शन के लिए प्लान बना सकते हैं। लेकिन धार्मिक स्थल होने की वजह से अक्सर यहां पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ होती है। खासकर गर्मियों में यहां पर काफी भीड़ देखने को मिलती है। बता दें कि अगर आप शिरडी जाने का प्लान कर रहे हैं, तो अक्तूबर से मार्च यहां आने का अच्छा समय है। आप इस दौरान आकर साईं बाबा के दर्शन कर सकते हैं। इसके अलावा सोमवार और शुक्रवार को भी मंदिर में कम भीड़ होती है। वहीं हर गुरुवार को यहां पर साईं बाबा की पालकी निकलती है। इस दिन मंदिर में काफी भीड़ होती है।

# असफलताओं से लड़ें और बनें सशक्त: मुनिश्री विनय कुमार जी

चंडीगढ़। हमारा मन नकारात्मकता से जुड़ा रहना चाहता है। इससे मुक्त होने के लिए युवाओं को स्वयं की जिम्मेदारी लेनी होगी और यह सुनिश्चित करना होगा कि उनका मन पूर्वाग्रहों के साथ नहीं भरा हुआ हो। हमें न तो अपनी नकारात्मक भावनाओं के साथ लडना है और न ही उनसे दोस्ती करनी है। नियमित तौर पर युक्ति, श्वास, और चीजों को सही संदर्भ में देखने पर नकारात्मकता को हटाया जा सकता है। युवाओं के जीवन में असफलता का डर नहीं होना चाहिए। वे बस यह स्वीकार कर लें कि असफल होने में कोई बुराई नहीं है। असफल होने के बावजूद वे काम कर सकते हैं। खेल के हार-जीत की तरह ही जीवन के निर्णय को लें। असफलता से डरें नहीं। अगर आप असफल हैं, तो कोई बात नहीं, तब भी अपने कर्म करते जाएं। जीवन असफलता और सफलता सब का मिश्रण है। वे एक-दूसरे के पूरक हैं। ये शब्द मनीषीश्री संत विनय कुमार जी आलोक ने अणुव्रत भवन सैक्टर-24 के तुलसी सभागार मे आयोजित सभा को संबोधित करते हुए कहे।

मनीषीसंत ने अंत मे फरमाया शिक्षा के बल पर दुनिया जीती जा सकती है, परन्तु आज की शिक्षा व्यवस्था और उससे जुड़े लोग यह कथन असत्य कर रहे है ! आज



कल घूस, दलाली, चोरी, एक खुला व्यापर सब शिक्षा जगत में आसानी से प्रवेश कर चूका है, और हो न हो ये कहीं न कहीं नैतिक मूल्यों की कमी और उसके हनन का ही एक ज्वलंत परिणाम हमारे सामने उभर कर आया है! ज्ञान के नाम पर हम आज क्या परोस रहे है, जिससे आनेवाले भविष्य में क्या परिणाम होगा इसका शायद किसीको अंदाजा भी नहीं है या फिर अंदाजा कभी लगाया ही न गया हो,जरा भी विचार हुआ होता तो शायद कुछ सुधार हो गए होते! इन सबके बीच नैतिक मूल्य तो कही भी दिखाई ही नहीं पड़ते है !

मनीषीश्रीसंत ने आगे कहा अगर आप जीवन में असफल होते हैं, तभी आप सफलता की कीमत जान पाते हैं। यह सीढ़ी पर सिर्फ एक कदम के समान है। यदि आगे बढ़ना है, तो अपने आप से पूछना होगा कि मैंने अतीत से क्या सीखा और फिर भविष्य के प्रति मेरे क्या दृष्टिकोण हैं? ये बातें ही आपको आगे बढने् के लिए प्रेरित करेंगी। इसके लिए मन में सजगता होनी चाहिए, जो तनाव समाप्त करने के बाद ही मिलती है। शतरंज के खिलाड़ी बनें, उसके प्यादे नहीं। आपको खिलाड़ी बनकर सशक्त बनना होगा। याद रखें कि जो कुछ आप प्राप्त कर सकते हैं या अपना बना सकते हैं उसकी तुलना में जीवन कहीं अधिक बड़ा है।

### जीवन में खुश रहने के लिए बेहद जरूरी: अतुल मुनि जी

अतुल मुनि जी जीवन में खुश रहने के लिए जरूरी है कि हम अपने जीवन से नीरस रंगों को दूर करके उसमें उजले रंग भरें। सफलता और असफलता हमारे जीवन का हिस्सा हैं। इसलिए सफलता मिलने पर व्यक्ति को न तो ज्यादा अभिमान करना चाहिए और न ही असफलता मिलने पर व्यक्ति को निराश होना चाहिए। दोनों ही स्थिति में मनुष्य को सामान्य बने रहना चाहिए। खुश रहने के लिए सबसे ज्यादा जरूरी है कि हमें नकारात्मक सोच को दूर करके सकारात्मक विचारों को अपने पास रखना चाहिए।

# बिजली कर्मचारियों नें ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में किया रोष प्रकट



अर्थ प्रकाश/मनदीप कुमार

समालखा। उत्तरी हरियाणा बिजली वितरण निगम समालखा सब-डिवीजन कार्यालय में कर्मचारियों द्वारा ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में रोष प्रकट कर सरकार विरोधी नारे लगाए। इस दौरान कर्मचारियों ने सब-यूनिट प्रधान मनदीप आर्य के नेतृत्व में सरकार की नीतियों के खिलाफ रोष जताते हुए जमकर नारेबाजी की। इस धरने प्रदर्शन में सचिव विक्रम रावल ने मंच का संचालन किया। पूर्व राज्य उप प्रधान राधाकृष्ण, पूर्व सर्कल सचिव महावीर शर्मा, पूर्व यूनिट प्रधान सुरेंद्र दुहन, चारो सब यूनिटो के प्रधान, उप प्रधान, सेक्रेटरी आदि सहित हेड ऑफिस भिवानी से आए साथियों ने रोष प्रदर्शन में बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए संयुक्त रूप से सरकार की गलत नीतियों की कड़ी आलोचना की और कहा कि ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी पूरी तरह से कर्मचारी हितों के खिलाफ है।

सब यूनिट प्रधान मनदीप आर्य ने जानकारी देते हुए बताया कि सबडिवीजन समालखा में एक्शन कार्यालय के बाहर कर्मचारियों ने करीब दो घंटे तक नारेबाजी कर अपना रोष प्रकट किया और चेतावनी दी कि मांगें पूरी नहीं हुई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। वहीं उन्होंने बताया कि कर्मचारी विरोधी ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने इस नीति को तत्काल प्रभाव से रद्द करने की मांग करते हुए कहा कि यह भेदभाव को बढ़ावा देने वाली है और इससे कर्मचारियों को भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि इस संबंध में यूनियन पहले ही अधिकारियों के समक्ष अपनी आपत्तियां दर्ज करा चुकी है।

# मानव जीवन का उद्देश्य सत्य को जानना

मानव जीवन का यही उद्देश्य है, यही प्रयोजन है कि हर इन्सान इस सत्य को, इस हरि का, इस निरंकार को प्राप्त करें जो कल भी था, आज भी है और आगे भी रहने वाला है। जा कभी कम ज्यादा होने वाला नहीं। बाकी सब चीजें तो कम-ज्यादा होने वाली हैं। एकरस रहने वाली नहीं। जितनी भी चीजें इससंसार में देख रहे हैं, सूरज है, धरती है, पानी है। पानी कभी गर्म होता है, कभी ठण्डा होता है सर्दियों में बरफ भी बन जाता है और गर्म करने से तो वह भाप भी बन जाता है। वह कभी एकरस नहीं रहता। इसी तरह से सूरज भी एकरस नहीं रहता। सूरज भी एक समय पर है, लेकिन थोड़ी देर के बाद वहां पर सूरज नहीं होता, उसकी रोशनी नहीं होती। जैसे अभी आप देखते हैं कि इस समय सूरज की रोशनी यहां पर नहीं, यह धरती के दूसरी तरफ चली गई है। इसी तरह से सभी चीजें जो हम देते हैं, ये एकरस नहीं रहती हैं। स्थिर नहीं रती हैं। अगर इन्सान इन्हीं के ऊपर निर्भर करता है तो जिस तरह से ये डुलायमान है, एकरस नहीं रहती, इसी तरह से इन्सन के मन को भी चैन नहीं मिलता, इसको भी स्थिरता प्राप्त नहीं होती। यह सहज अवस्था कब प्राप्त होती है? जब इस सहज प्रभु के साथ



सद्गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज

हमारा नाता जुड़ जाता है, जो एकरस रहने वाला है। चाहे समय कैसा भी आ जाए, चाहे हम किसी भी स्थान पर चले जायें, यह एकरस ही रहता है। हमेशा कायम-दायम रहता है। इस कायम-दायम रहने वाली सत्ता के साथ जितना भी नाता जोड़ लिया जाता है, वह हमेशा के लिए एकरस अवस्था वाला संत बन जाता है।

इस आत्मा (चेतन सत्ता) के कारण ही इस शरीर का चलना फिरना है, यही जीवन है। इसी की वास्तव में हमने पहचान करनी हे कि हम यह शरीर नहीं, बल्कि एक आत्मा हैं। आत्मा की ही महत्ता है। अगर आत्मा को हमने पाया नहीं और सभी काम हम करते रहे, शरीर को सजाते श्रृंगारते रहे, इसको धष्ट-पुष्ट करते रहे, लेकिन इस आत्मा का हमने कुछ नहीं किया, इस मन को हमने इस प्रभु के साथ नहीं जोड़ा, तो हमारा इस संसार में आना व्यर्थ ही चला जाएगा। तभी तो महापुरुषों ने कहा है कि-

रैणि गवाई सोई कै दिवसु गवाइआ खाइ।

हीरे जैसा जनमु है कउडी बदले जाइ।

हीरे जैसा अमोलक जन्म भी कौड़ियों के भाव चला जाता है। महापुरुषों ने जो भी इस प्रभु के बारे में कहा है, इस पर हमें विचार करना है। इसे अपनाना है। इस परमात्मा का केवल नाम ही नहीं लेना है। जैसे, कुछ तोते कहीं से सीख गए कि- शिकारी आयेगा, जाल बिछाएगा, हमें फंसाना चाहेगा, हम नहीं फसेंगे। ऐसी बातें वे बोलते थे, तो शिकारी ने समझा कि मैं तो इनको अब नही पकड़ पाऊंगा। शिकारी बहुत उदास हो गया। सोचने लगा कि तोते बेचकर ही तो मैं अपने परिवार का गुजारा करता हूं, परन्तु अब तो ये समझ गए हैं, अब मैं भूखा मरुंगा। वह उदास होकर बैठ गया।

जब शाम होने लगी, तो उसने सोचा कि मेरे पास जाल भी है, मेरे पास दानें भी है। मैं बिछाकर तो देखूं। उसने जाल बिछा दिया और दाने वहां बिखेर दिये। तोते आए और जाल के ऊपर बैठ गए और दाने चुगने लगे ।

## पंचांग

बृहस्पतिवार, 18 दिसम्बर, 2025, सूर्योदयः 07:08 ए एम, सूर्यास्तः 05:28 पी एम, चन्द्रोदयः 06:33 ए एम, दिसम्बर 19, चन्द्रास्तः 03:53 पी एम, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, विक्रम सम्वतः 2082 कालयुक्त, गुजराती सम्वतः 2082 पिङ्गल, अमान्त महीनाः मार्गशीर्ष, पूर्णिमान्त महीनाः पौष, वारः गुरुवार, पक्षः कृष्ण पक्ष, तिथिः चतुर्दशी - 04:59 ए एम, दिसम्बर 19 तक, नक्षत्रः अनुराधा - 08:07 पी एम तक, योगः धृति - 03:06 पी एम तक, करणः विष्टि - 03:47 पी एम तक, द्वितीय करणः शकुनि - 04:59 ए एम, दिसम्बर 19 तक, सूर्य राशिः धनु, चन्द्र राशिः वृश्चिक, राहुकालः 01:35 पी एम से 02:53 पी एम, गुलिक कालः 09:43 ए एम से 11:00 ए एम, यमगण्डः 07:08 ए एम से 08:26 ए एम, अभिजित मुहूर्तः 11:57 ए एम से 12:38 पी एम, दुर्मुहूर्तः 10:35 ए एम से 11:16 ए एम, दुर्मुहूर्तः 02:42 पी एम से 03:24 पी एम, अमृत कालः 08:27 ए एम से 10:14 ए एम, वर्ज्यः 02:21 ए एम, दिसम्बर 19 से 04:08 ए एम, दिसम्बर 19

## भविष्य फल



**मेषः** अत्यधिक फिजूलखर्ची वित्तीय कठिनाइयों को दावत दे सकती है। आप कुछ चिड़चिड़ाहट महसूस करेंगे।

**वृषः** आज आप आलस और थकान भी महसूस कर सकते हैं। काम को लेकर किसी तरह का डर मन में न रखें।

**मिथुनः** आज आप अपने डेली रूटीन में बदलाव कर सकते हैं। आप अपने साथियों को खुश रखने की कोशिश करेंगे।

**कर्कः** आज आपको अपने गुस्से पर नियंत्रण रखने की आवश्यकता है। यदि कोई समस्या है, तो उसे शान्ति से बातचीत करके सुलझाएं।

**सिंहः** परीक्षा या प्रतियोगिता के माध्यम से उच्च अध्ययन के लिए प्रवेश पाने वाले सफल होंगे।

**कन्याः** नौकरी में बेकार के कामों में आप उलझ सकते हैं। अच्छे नतीजों के लिए जरूरत से ज्यादा मेहनत करनी पड़ सकती है।

**तुलाः** आज आपको कुछ घरेलू सामान की खरीदारी करनी पड़ सकती है। आप कामकाज में बहुत हद तक सफल हो सकते हैं।

**वृश्चिकः** आप अपनी कलात्मकता और सृजनात्मकता का उपयोग कर पाएंगें। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें।

**धनुः** आज का दिन हंसी-खुशी बीतेगा। आपके पास कई अच्छे अवसर होंगे। वरिष्ठों के सहयोग से वित्तीय स्थिति में भी काफी सुधार होगा।

**मकरः** आज आपका कारोबार बढ़ सकता है। जूनियर भी आपकी मदद करेंगे। कोई टेंशन भी आज खत्म हो सकती है।

**कुंभः** आज आपका सोचा हुआ काम अचानक से पूरा हो जाएगा। आर्थिक पक्ष काफी मजबूत रहेगा।

**मीनः** आज आप परिवार के किसी सदस्य के मनोदशा के साथ खेलकर मनमाना कदम उठा सकते हैं। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती हैं।

# पावर डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर में एआई-एमएल इनोवेशन के लिए अप्रावा एनर्जी को विद्युत मंत्रालय का राष्ट्रीय पुरस्कार

शिमला। भारत की अग्रणी इंटीग्रेटेड एनर्जी सॉल्यूशंस प्रदाता कंपनी अप्रावा एनर्जी को अपने उत्कृष्ट आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) एवं मशीन लर्निंग (एमएल) सॉल्यूशन के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार मिला है। इसे भारत में डाटा द्वारा संचालित उपभोक्ताओं को केंद्र में रखने वाले और भविष्य के लिए तैयार एनर्जी सॉल्यूशंस को ध्यान में रखकर विकसित किया गया है।यह पुरस्कार रीवैम्प्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम (आरडीएसएस)के तहत विद्युत मंत्रालय द्वारा पावर डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर में एआई एवं एमएल के प्रयोग पर आयोजित राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में प्रदान किया गया।इस दो दिवसीय कॉन्फ्रेंस में भारत में बिजली वितरण कंपनियों में उपभोक्ताओं की संतुष्टि का स्तर बेहतर करने,इनोवेशन को बढ़ावा देने और परिचालन दक्षता बढ़ाने के लिए अत्याधुनिक उदाहरणों पर चर्चा हुई। माननीय केंद्रीय विद्युत और आवास एवं शहरी मामले मंत्री श्री मनोहर लाल खट्टर ने अप्रावा एनर्जी की टीम को रनर अप अवार्ड प्रदान किया। अप्रावा एनर्जी के मैनेजिंग डायरेक्टर राजीव रंजन मिश्रा ने कहा ग्रिड भारत में पावर डिस्ट्रीब्यूशन के भविष्य को नए सिरे से परिभाषित करने के अप्रावा के प्रयासों को दिखाता है।यह सिर्फ टेक्नोलॉजी अपग्रेड नहीं है बल्कि पावर यूटिलिटी ऑपरेशंस में एआई और मशीन लर्निंग को गहराई से शामिल करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

# खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2025 में खेल विश्वविद्यालय हरियाणा की बॉक्सिंग टीम का ऐतिहासिक प्रदर्शन, चार पदक जीतकर रचा कीर्तिमान

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। खेल विश्वविद्यालय हरियाणा की बॉक्सिंग टीम ने खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2025 में उत्कृष्ट एवं ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए विश्वविद्यालय का नाम राष्ट्रीय पटल पर गौरवान्वित किया है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता भरतपुर, राजस्थान में आयोजित की गई, जिसमें ऑल इंडिया इंटर-यूनिवर्सिटी बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2025 के माध्यम से चयनित छह मुक्केबाज़ों ने विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया। इस प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों ने चार पदक जीतकर उल्लेखनीय





उपलब्धि हासिल किया जिसमें आर्यन यादव ने 75 किग्रा भार वर्ग में स्वर्ण पदक, मोहिनी ने 52 किग्रा में रजत पदक, जबकि शीतल ने 50 किग्रा और शिवानी ने 54 किग्रा भार वर्ग में कांस्य पदक अर्जित किया। विश्वविद्यालय के कुलपति श्री अशोक कुमार ने खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षक दल को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि ऐतिहासिक है और खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन एवं समर्पण का प्रतिफल है।

इस शानदार प्रदर्शन के साथ खेल विश्वविद्यालय हरियाणा ने बॉक्सिंग स्पर्धा में हरियाणा राज्य के समस्त विश्वविद्यालयों में सर्वाधिक पदक जीतने का गौरव प्राप्त किया। साथ ही, देशभर की लगभग 1,150 विश्वविद्यालयों के बीच राष्ट्रीय स्तर पर 39वाँ स्थान हासिल कर विश्वविद्यालय ने एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। खेल निदेशक श्री संजय सारस्वत और डॉ. संदीप कुमार, सहायक प्राध्यापक (स्पोर्ट्स बायोमैकेनिक्स) एवं मुख्य प्रशिक्षक, बॉक्सिंग ने भी खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं। वहीं प्रोफेसर योगेश चंदर, अधिष्ठाता (शैक्षणिक कार्य), ने कोचिंग विभाग एवं मुक्केबाज़ों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता खेल विश्वविद्यालय हरियाणा में विकसित हो रहे उच्च स्तरीय खेल वातावरण, सुदृढ़ प्रशिक्षण व्यवस्था और निरंतर उत्कृष्टता की दिशा में किए जा रहे प्रयासों का सशक्त प्रमाण है।

# अमेजन पे ने इंडस्ट्री में पहली बार यूपीआई बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन लॉन्च किया

शिमला। अमेजन पे ने आज यूपीआई बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन लॉन्च करने की घोषणा की। इसके साथ ही अमेजन पे यह जबरदस्त फीचर शुरू करने वाला भारत का पहला पेमेंट सर्विस प्रोवाइडर बन गया है।अब ग्राहक बिना पिन याद रखे या डाले सिर्फ फिंगरप्रिंट या फेस स्कैन से अपने ट्रांजैक्शन को मंजूरी दे सकते हैं। चाहे किसी दोस्त को पैसे भेजने हों,दुकान पर भुगतान करना हो या अमेजन पे यूपीआई के जरिए बैलेंस चेक करना हो अब आपकी उंगली का निशान या चेहरा ही आपकी सुरक्षित चाबी बनेगा।नई बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन सुविधा के तहत 5000 रुपये तक के लेनदेन के लिए यूपीआई पिन डालने की जरूरत नहीं होगी। शुरुआती आंकड़े बताते हैं कि ग्राहकों को यह अनुभव काफी पसंद आ रहा है।

अमेजन इंडिया के डायरेक्टर ऑफ पेमेंट्स गिरीश कृष्णन ने कहा हमारा लक्ष्य हमेशा डिजिटल पेमेंट को आसान और सुरक्षित बनाना रहा है।यूपीआई बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन के साथ हम रोजमर्रा के भुगतान से एक और झंझट खत्म कर रहे हैं और पेमेंट को दोगुना तेज बना रहे हैं। जिस तरह से ग्राहक इसे अपना रहे हैं उससे साफ है कि वे तेजी,सरलता और भरोसे को महत्व देते हैं।अब तक जो प्रतिक्रिया मिली है वह खासतौर पर इस अनुभव की सहजता और तेजी को लेकर बेहद उत्साहजनक है और यह हमें भारत में डिजिटल भुगतान के स्तर को और ऊंचा उठाने के लिए प्रेरित करती है।

# सोनीपत में जिला स्तरीय जूनियर रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर आयोजित

**20 स्कूलों के 100 विद्यार्थियों ने लिया भाग**

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। जिला उपायुक्त एवं जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के प्रधान सुशील सारवान के निर्देशन व रैडक्रॉस सचिव गौरव रामकरण के नेतृत्व में रैडक्रॉस सोसायटी द्वारा एसएम हिन्दू सीनियर सैकेण्डरी स्कूल में 05 दिवसीय जिला स्तरीय जूनियर रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 19 दिसंबर तक किया जा रहा है, जिसमें तीसरे दिन जिले के 20 विद्यालयों से



100 विद्यार्थियों (लड़के एवं लड़कियां) तथा 20 काउंसलरों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस अवसर पर सभी काउंसलरों द्वारा रेडक्रॉस ध्वज फहराकर सलामी दी गई और रेडक्रॉस के संस्थापक सर जीन हेनरी ड्यूना की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। शिविर की शुरुआत में यशपाल आर्य द्वारा विद्यार्थियों को योग अभ्यास करवाया गया तथा योग के शारीरिक एवं मानसिक लाभों की जानकारी दी गई। इसके पश्चात चाइल्ड वेलफेयर कमेटी के पूर्व चेयरमैन राज सिंह सांगवान ने बच्चों को जेजे एक्ट 2015, पीओसीएसओ एक्ट, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम सहित बच्चों के अधिकारों पर विस्तार से जानकारी दी तथा मोबाइल के दुरुपयोग से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में भी जागरूक किया।

शिविर के दौरान विद्यार्थियों के लिए सांस्कृतिक गतिविधियों के अंतर्गत नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। शिविर में विभिन्न विद्यालयों से आए काउंसलर शशि मेहता, आशा, देवेंद्र, अशोक,ज्योति तथा जिला रेडक्रॉस सोसाइटी प्रमेन्द्र कुमार, मांगेराम सहित अन्य सहयोगियों का सराहनीय योगदान रहा।

# एसएलईसीए-2025 के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ी, अब 6 जनवरी तक कर सकते हैं आवेदन: सुशील सारवान

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। उपायुक्त सुशील सारवान ने बताया कि हरियाणा सरकार ने ऊर्जा संरक्षण को एक प्रमुख क्षेत्र के रूप में पहचाना है और इस संबंध में कई पहल की गई हैं। इनमें से एक पहल उन औद्योगिक, वाणिज्यिक, सरकारी भवनों, शैक्षणिक और प्रौद्योगिकी में नवाचार अपनाने वाले उपभोक्ताओं को पुरस्कार देना है जिन्होंने बिजली/अन्य ईंधन बचाने के लिए अपने भवनों / इकाइयों में विभिन्न ऊर्जा संरक्षण उपायों को अपनाने में उत्कृष्टता हासिल की है। उन्होंने बताया कि उपभोक्ताओं की विभिन्न श्रेणियों में अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए राज्य स्तरीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार(एसएलईसीए)-2025 के लिए ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 06 जनवरी 2026 कर दी गई है। इच्छुक एवं पात्र उपभोक्ता हरेडा के पोर्टल https://app.haredasleca.in के माध्यम से अपने आवेदन ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। इच्छुक पात्र उपभोक्ता/उद्योग/एमएसएमई/ वाणिज्यिक और सरकारी भवन पुरस्कार की श्रेणियों में आने वाले भवन ऊर्जा लेखा परीक्षक/डिस्कॉम सबस्टेशनों को सलाह दी जाती है कि वे राज्य स्तरीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार 2025 के लिए अपना नामांकन 06 जनवरी 2026 तक ऑनलाइन प्रस्तुत करें।




# सरकार हर विषय और बिन्दू पर चर्चा के लिए तैयार : मुख्यमंत्री नायब सैनी

**विपक्ष से आग्रह है कि वे सार्थक चर्चा करें और जनहित के मुद्दे लेकर आए**

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 17 दिसंबर।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि सरकार हर विषय और हर बिन्दु पर चर्चा के लिए तैयार है। बिन्दुवार हर विषय का जवाब दिया जाएगा। इसके लिए संवैधानिक प्रतिबद्धता बनाए रखना है।

मुख्यमंत्री बुधवार को हरियाणा विधानसभा में बिजनेस एडवाइजरी कमेटी के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विपक्ष हाउस का समय बढाने की बात कह रहा है लेकिन यह बैठक में निर्णय लिया गया है। इसके अलावा मानसून सत्र के बाद दूसरा सत्र 6 माह के बाद होना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि 26 फरवरी को 6 माह होने हैं उसके बावजूद सरकार ने शीतकालीन सत्र बुलाया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि हाउस का समय बढाने की बात की जाए तो इतिहास उठाकर देखें, पिछले सत्र के बारे में जानकारी मिलेगी। कांग्रेस सरकार ने कम सत्र बुलाए। इस प्रथा को पूर्व मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने बदलने का कार्य किया और वर्ष 2014 में 4 दिन का सत्र किया गया और 2024 में हमने 5 दिन का सत्र किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सत्र बिजनेस के हिसाब से चलता है। पिछला सत्र अच्छा रहा। विपक्ष से आग्रह है कि वे सार्थक चर्चा करें और जनहित के मुद्दे लेकर आए। उन्होंने कहा कि जब सरकार कोई सही बात करती है तो विपक्ष वॉकआउट करता है, उन्हें बात सुननी भी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि लगातार हार से कांग्रेस सरकार में निराशा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले सत्र में भी विपक्ष ने एक दिन जाया कर किया जिसमें विधायकों के प्रश्न भी नहीं पूरे हो पाए। इसलिए विपक्ष से आग्रह है कि जनता के हित में मुद्दों पर चर्चा करें। अविश्वास प्रस्ताव पर मुख्यमंत्री ने कहा कि ''उम्र भर भूल यही करता रहा, धूल चेहरे पर जमी थी आईना साफ करता रहा''।

जांच एजेंसियों के दुरुपयोग के प्रश्न पर मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस झूठ का सहारा लेकर मनघडंत मुद्दे और भ्रम की स्थिति पैदा कर रही है। विपक्ष ने भ्रम फैलाया कि तीसरी बार श्री नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री बन गए तो संविधान खतरे में हो जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब तक श्री नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री है तब तक बाबा साहेब के पवित्र संविधान को कोई खतरा नहीं हो सकता।

पंजाब में खिलाड़ियों पर हो रहे हमलों को लेकर पूछे गए सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा में कानून व्यवस्था बेहतर है और पुलिस पूरी मुस्तैदी से कार्य कर रही है। जिसने भी कोई अपराध किया उसे सलाखों के पीछे पहुंचाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि किसी ब्लाइंड घटना में समय लग सकता है लेकिन कोई भी ऐसा मामला नहीं जिसमें हरियाणा पुलिस ने सही काम न किया हो। पंजाब में पिछली सरकारें और अब आप सरकार केवल मलाई चाटने में लगी हुई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब में महिलाओं, युवाओं, खिलाड़ियों की स्थिति दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में खेल नीति के अच्छे परिणाम सामने आ रहे हैं। यह उदाहरण स्पष्ट है कि वर्ष 2014 से पहले प्रदेश में कितने मेडल आए। अब वर्तमान समय में कितने मेडल आए है। सरकार ने खेल इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने का कार्य किया है।

# नेशनल हैराल्ड मामले की सुनवाई खारिज होने के बाद कांग्रेस ने भाजपा मुख्यालय का किया घेराव

**कांग्रेसी बोले नेशनल हेराल्ड केस में भाजपा की हुई हार झूठ की राजनीति धराशाई**

**हुड्डा ने कहा–भाजपा की झूठी राजनीति को करारा झटका, नेशनल हेराल्ड केस में सत्य की जीत**

अर्थ प्रकाश/आदित्य शर्मा







**पंचकूला, 17 नवंबर।** नेशनल हेराल्ड से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दिल्ली की अदालत ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की चार्जशीट पर संज्ञान लेने से इनकार कर दिया है। इस फैसले को कांग्रेस ने अपनी बड़ी जीत करार देते हुए बुधवार को पंचकूला स्थित भाजपा मुख्यालय का घेराव किया, और प्रदर्शन कर जमकर भाजपा के खिलाफ नारेबाजी की एवं प्रदर्शन किया। पार्टी नेताओं ने इसे भाजपा की राजनीतिक बदनीयत का पर्दाफाश करार दिया और केंद्र सरकार पर एजेंसियों के दुरुपयोग का गंभीर आरोप लगाया। इसी प्रकरण के चलते हरियाणा कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह, एवं नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस के विधायकों, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा प्रदर्शन किया गया।

इस प्रदर्शन के दौरान हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष राम किशन गुर्जर, विधायक मामन खान, राम करण काला, नरेश सेलवाल, राजबीर फर्टिया, बलराम डांगी, इंदुराज नरवाल और जस्सी पेटवाड़, पूर्व विधायक शमशेर सिंह गोगी, मेवा सिंह, प्रदीप चौधरी, सुरेन्द्र पंवार और बलबीर बाल्मीकि, प्रदेश मीडिया प्रभारी संजीव भारद्वाज, जिला कांग्रेस अध्यक्ष संजय चौहान मौजूद रहे।

प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि अदालत ने अपने फैसले में स्पष्ट किया कि मामला निजी शिकायत पर आधारित है और मूल अपराध (प्रेडिकेट ऑफेंस) की एफआईआर दर्ज नहीं होने के कारण ईडी की शिकायत पर आगे कार्रवाई नहीं की जा सकती। इससे सोनिया गांधी, राहुल गांधी सहित अन्य कांग्रेस नेताओं को तत्काल राहत मिली है। उन्होंने ने इसे मोदी सरकार की कथित साजिश की नाकामी बताया। राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि बिना नींव के झूठ की इमारत खड़ी करने की भाजपा की कोशिश नाकाम हुई। ना कोई लेनदेन हुआ ना मनी लांड्रिंग, कंपनी का ऋण हस्तांतरित करना किस अपराध की श्रेणी में आता है। उन्होंने कहा पूरा मामला राजनैतिक प्रतिशोध से प्रेरित था। अदालत की फैसले ने यह साबित कर दिया कि असत्य के पर सत्य की जीत निश्चित है, भले ही देर हो जाए।

वहीं पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने भी तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि एजेंसी का दुरुपयोग कर कांग्रेस की आवाज को दबाया नहीं जा सकता। भाजपा की यह साजिश कांग्रेस को कमजोर करने की थी, लेकिन जनता सब देख रही है। हमारी पार्टी और मजबूत होकर उभरेगी। उन्होंने कहा कि इस फैसले के बाद पार्टी कार्यकर्ता उत्साहित हैं और कई जगहों पर भाजपा मुख्यालय के घेराव की योजना बनाई जा रही है। यह प्रदर्शन एजेंसियों के दुरुपयोग और लोकतंत्र पर हमले के खिलाफ होगा।

उन्होंने इसे सत्य की जीत बताते हुए कहा कि भाजपा की संकीर्ण मानसिकता और षड्यंत्र पूरी तरह बेनकाब हो चुका है। उन्होंने कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी एवं कांग्रेस की बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए यह भ्रष्टाचारी लोग पूरी तरह परेशान हो चुके हैं, और अब तरह-तरह के हथकंडे अपनाकर हमारे नेताओं और कांग्रेस को बदनाम करने की साजिश रची जा रही है। लेकिन अब लोकतंत्र को बचाने की इस बुलंद आवाज को रोक नहीं जा सकता।

# 7.50 करोड़ रुपये की लागत से बन रहा सामुदायिक केंद्र, निर्माण अंतिम चरण में

अर्थ प्रकाश/आदित्य शर्मा



**पंचकूला, 17 दिसंबर।** सेक्टर-10 में निर्माणाधीन नए सामुदायिक केंद्र का कार्य अब अंतिम चरण में पहुंच गया है। इस परियोजना पर लगभग 7.50 करोड़ रुपये की लागत आई है। विशेष रूप से मध्यम वर्ग के परिवारों के लिए यह केंद्र लाभकारी साबित होगा, क्योंकि उन्हें अपने बच्चों की शादियों व अन्य सामाजिक आयोजनों के लिए महंगे मैरिज पैलेसों में नहीं जाना पड़ेगा। सामुदायिक केंद्र के ग्राउंड फ्लोर पर आधुनिक सुविधाओं से युक्त बैंक्वेट हॉल बनाए गए हैं, जहां करीब 600 लोगों के बैठने की व्यवस्था होगी। यहां किचन व पेंट्री की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। इसके अलावा बैंक्वेट हॉल में पार्टीशन की व्यवस्था की गई है, जिससे 150-150 लोगों के छोटे कार्यक्रम भी आसानी से आयोजित किए जा सकेंगे।

पहली मंजिल पर बैंक्वेट हॉल के साथ छह कमरे, दो बैडमिंटन कोर्ट तथा एक खेल कक्ष का निर्माण किया गया है, जिसमें कुल 12 कमरे शामिल हैं। वहीं दूसरी मंजिल पर एक बड़ा हॉल, लाइब्रेरी तथा छह अतिरिक्त कमरों का निर्माण किया जा रहा है, जिससे सामुदायिक गतिविधियों के साथ-साथ शैक्षणिक व सांस्कृतिक आयोजनों को भी बढ़ावा मिलेगा।

**मेयर कर चुके निरीक्षण:** मेयर कुलभूषण गोयल सामुदायिक केंद्र का दौरा कर चुके हैं। उनका कहना है कि क्षेत्रवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करेगा और सामाजिक जीवन को नई दिशा देगा। उन्होंने सामुदायिक केंद्र का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा है कि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।













अर्थ प्रकाश न्यूज पेपर्स के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक महावीर जैन द्वारा 'अर्थ प्रकाश प्रेस' से मुद्रित एवं प्रकाशित तथा अर्थ प्रकाश कार्यालय अर्थ प्रकाश भवन, सैक्टर 29-डी, चण्डीगढ़ से जारी। प्रधान सम्पादक : **महावीर जैन,** सम्पादक एवं मुख्य संवाददाता **कैलाश चन्द जैन**
आर.एन.आई. पंजीक्रम : **42427/86** डाक पंजीक्रम : **G/CHD/0197/2021-23** फोन : 0172-2638515, 9814019928 E-mail : arthparkash@gmail.com, arthparkashnews@gmail.com मुख्य सलाहकार : **हरीश चंद्र जैन,** एचसीएस (सेवानिवृत्त)

# खिलाड़ियों के प्रदर्शन में दिखा अनुशासन, खेल व राष्ट्रभक्ति का अद्भुत संगम : मुख्यमंत्री योगी

अर्थ प्रकाश/विजय कुमार निगम

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपीपीएसी के संस्थापना दिवस समारोह-2025 के शुभारंभ अवसर पर सर्वोत्तम वाहिनी, सर्वोत्तम बाढ़ राहत दल, उत्कृष्ट खिलाड़ी, बेस्ट पुलिस मॉडर्न स्कूल और शीर्ष मेधावी छात्र-छात्राओं को भी पुरस्कृत किया।

उत्तम वाहिनी-32 वीं वाहिनी पीएसी लखनऊ (सेनानायक- प्राची सिंह ने ग्रहण किया पुरस्कार), अतिउत्तम वाहिनी- 39वीं वाहिनी पीएसी मीरजापुर (सेनानायक नेपाल सिंह ने ग्रहण किया पुरस्कार), सर्वोत्तम वाहिनी- 47वीं वाहिनी पीएसी गाजियाबाद (सेनानायक चारू निगम ने पुरस्कार प्राप्त किया), अति उत्तम प्लाटून ड्रिल- 36वीं वाहिनी पीएसी (अनिल कुमार पांडेय ने लिया पुरस्कार), सर्वोत्तम प्लाटून ड्रिल- 37वीं वाहिनी पीएसी (सेनानायक बजरंग बली ने प्राप्त किया पुरस्कार), अति उत्तम डिमांस्ट्रेशन- 36वीं वाहिनी पीएसी वाराणसी (सेनानायक डॉ. अनिल कुमार पांडेय ने लिया), सर्वोत्तम डिमास्ट्रेशन ट्रॉफी- 41वीं वाहिनी पीएसी गाजियाबाद (सेनानायक-दिनेश यादव ने ट्रॉफी प्राप्त की), श्रेष्ठ बाढ़ राहत दल- 36वीं वाहिनी पीएसी वाराणसी (डॉ. अनिल कुमार पांडेय), श्रेष्ठ कार्य- 34वीं



वाहिनी पीएसी वाराणसी के दलनायक सुधीर कुमार सिंह, सर्वश्रेष्ठ कार्य- 23वीं वाहिनी पीएसी मुरादाबाद के मुख्य आरक्षी जितेंद्र सिंह राणा, आरक्षी आकिल अंसारी व कृष्ण कुमार को संयुक्त रूप से नकद पुरस्कार दिया गया।

सर्वोत्तम खिलाड़ी- मुख्य आरक्षी किशन कुमार मिश्र (25वीं वाहिनी पीएसी रायबरेली), अखिल भारतीय भारोत्तोलन कलस्टर प्रतियोगिता में तीन स्वर्ण पदक हासिल किया। पीएमएस (पुलिस मॉडर्न स्कूल) की बेस्ट परफॉर्मेंस ट्रॉफी (मिडिल सेकेंड्री स्कूल) बहराइच को मिली। पुरस्कार प्रिंसिपल निशा सिंह ने प्राप्त किया। 31 विद्यालयों की यह प्रतियोगिता पहली बार आयोजित हुई।

सीनियर सेकेंड्री वर्ग में पुलिस मॉडर्न स्कूल डॉ. भीमराव आंबेडकर एकेडमी मुरादाबाद की प्रिंसिपल डॉ. सीमा सिंह ने प्राप्त किया।

मेधावी छात्र- साक्षी सेमल व शुभ्रा सक्सेना को नकद पुरस्कार (दोनों ने 2025 में इंटरमीडिएट में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया), आदर्श तिवारी (2024 में इंटरमीडिएट परीक्षा में शानदार प्रदर्शन)

35वीं वाहिनी पीएसी परिसर, महानगर में हुए समारोह में पीएसी के जवानों-खिलाड़ियों ने हैरत अंगेज प्रदर्शन कर सभी की वाहवाही लूटी। यहां खिलाड़ियों/जवानों के प्रदर्शन में अनुशासन, खेल व राष्ट्रभक्ति का अद्भुत संगम दिखा। सबसे पहले 44 खिलाड़ियों की टीम ने मलखंभ पर शानदार प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों ने अपने प्रदर्शन के जरिए यातायात नियमों के प्रति भी जागरूक किया। इसके बाद जिम्नास्टों का प्रदर्शन देख दर्शकों ने तालियों से जवानों का उत्साहवर्धन किया। योग की टीम ने विभिन्न आसन कर 'स्वस्थ भारत' का संदेश दिया तो वहीं पीटी डिस्प्ले की टीम ने भी अपने प्रदर्शन से बताया कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का वास होता है। बैंड प्रदर्शन ने राष्ट्रभक्ति समेत विभिन्न धुन बजाकर देशप्रेम की भावना का संचार किया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी जवानों की प्रस्तुति देखी और अपने संबोधन में सभी की प्रशंसा करते हुए उनकी हौसलाअफजाई की। सीएम ने कहा कि यूपी पुलिस के गार्ड ऑफ ऑनर, पीएसी बल की पहचान मलखंभ, जिम्नास्टिक, वेपन्स ड्रिल, पीटी डिस्प्ले, बैंड प्रदर्शन को देखा। पीएसी जवानों द्वारा वंदे मातरम का धुन प्रस्तुत किया गया। वंदे मातरम ने आजादी के लिए उस समय नौजवानों को जोश प्रदान किया था। इस गीत ने तत्कालीन युवा पीढ़ी को मंत्र के रूप में नई प्रेरणा प्रदान की थी। उसके 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सार्वजनिक स्थलों पर पीएसी के बैंड ने राष्ट्रभक्ति की भावना को जागृत करने के लिए जो अभिनव पहल प्रारंभ किया है, वह सराहनीय है।

### वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी के लक्ष्य को लेकर मुख्यमंत्री योगी सख्त

# विभागीय कार्यों में तेजी लाने के निर्देश

अर्थ प्रकाश/विजय कुमार निगम

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज एनेक्सी में आयोजित एक उच्चस्तरीय बैठक में वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी से जुड़े कार्यों तथा वित्तीय वर्ष 2025-26 में विभिन्न विभागों के बजट आवंटन एवं व्यय की अद्यतन प्रगति की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने विभागवार समीक्षा करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनाने की दिशा में कार्य सही मार्ग पर हैं तथा इनमें और अधिक प्रगति की व्यापक संभावनाएं हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि इस दिशा में कार्यों को और तेज गति से आगे बढ़ाया जाए।

मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि प्रदेश का सकल राज्य घरेलू उत्पाद 29.78 लाख करोड़ रुपये है। वर्ष 2024-25 के अनुसार देश की अर्थव्यवस्था में उत्तर प्रदेश का योगदान 9 प्रतिशत हो गया है, जबकि वर्ष 2022-23 में यह 8.6 प्रतिशत था। बैठक में यह भी बताया गया कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में जीएसडीपी लक्ष्य का 93 प्रतिशत पहले ही प्राप्त किया जा चुका है। अब लगभग 42 लाख करोड़ रुपये के जीएसडीपी लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि मंत्रिगण वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी से संबंधित विभागीय कार्यो की मासिक समीक्षा, मुख्य सचिव द्वारा पाक्षिक



समीक्षा तथा अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/विभागाध्यक्ष द्वारा साप्ताहिक समीक्षा सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि बैठकों में निर्धारित बिंदुओं की गुणवत्तापूर्ण समीक्षा हो और यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण हों। साथ ही, सभी सक्षम अधिकारी फाइलों का समयबद्ध निस्तारण करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विभिन्न विभागों के कार्यों का रियल टाइम डेटा समय से अपलोड किया जाए तथा डेटा संकलन की प्रक्रिया में और तेजी लाई जाए। मंत्रिगण एवं विभागीय अधिकारी केंद्र सरकार के अधिकारियों से सतत संवाद बनाए रखें, ताकि केंद्रांश समय से प्राप्त हो सके। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि आवंटित बजट का समय से व्यय सुनिश्चित किया जाए। नियोजन विभाग को सभी विभागों का डेटा साप्ताहिक रूप से एकत्र करने हेतु एक मजबूत तंत्र स्थापित करने के निर्देश दिए गए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश देश के कुल 21 प्रतिशत खाद्यान्न उत्पादन में योगदान देता है। खाद्यान्न एवं पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए कृषि रणनीति के माध्यम से किसानों की आय बढ़ाना सरकार का लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि प्रदेश की कृषि विकास दर 13 प्रतिशत से अधिक बनी हुई है। इस क्रम में सीड पार्क के निर्माण तथा यूपी एग्रीज परियोजना के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए गए।

प्रदेश की अर्थव्यवस्था में वृद्धि का सबसे बड़ा कारण कृषि उत्पादन में बढ़ोतरी है। बेहतर बीज, उन्नत तकनीक तथा खेती के क्षेत्र के विस्तार से फसलों की पैदावार बढ़ी है। साथ ही, उच्च उत्पादन और अधिक मूल्य देने वाली फसलों की खेती से किसानों की आय और कुल उत्पादन–दोनों में वृद्धि हुई है। इसके अतिरिक्त, फसलों के किस्मवार सटीक मूल्य आकलन से कृषि उत्पादन का अधिक सटीक और बेहतर मूल्यांकन संभव हो सका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़क सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। कोहरे आदि के दृष्टिगत सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए ठोस प्रयास किए जाएं। उन्होंने परिवहन विभाग को इस संबंध में एक व्यापक समीक्षा बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए। साथ ही, कॉमर्शियल वाहनों की पंजीकरण फीस को व्यावहारिक बनाने तथा आमजन की सुलभ यात्रा के लिए गुणवत्तापूर्ण बस सेवाओं में वृद्धि करने के निर्देश दिए।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 28 से 30 तक झारखंड दौरे पर, जमशेदपुर और गुमला में प्रमुख कार्यक्रमों में होंगी शामिल

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

रांची। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 28 दिसंबर से तीन दिवसीय झारखंड दौरे पर रहेंगी। अपने दौरे के दौरान वह राज्य के विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत करेंगी, जिनमें शिक्षा, संस्कृति और जनसांस्कृतिक समागम से जुड़े महत्वपूर्ण आयोजन शामिल हैं। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मू 28 दिसंबर को झारखंड आगमन के बाद रांची स्थित लोकभवन में रात्रि विश्राम करेंगी। इसके अगले दिन 29 दिसंबर को वह जमशेदपुर जाएंगी, जहां राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) के दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। इस अवसर पर वह विद्यार्थियों को संबोधित करेंगी और उन्हें डिग्रियां प्रदान करेंगी।

इसी दिन श्रीमती मुर्मू ओलचिकी लिपि के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित विशेष कार्यक्रम में भी भाग लेंगी। इस कार्यक्रम में आदिवासी समाज की भाषा, संस्कृति और परंपराओं की समृद्ध विरासत को



रेखांकित किया जाएगा। ओलचिकी लिपि के सौ वर्ष पूरे होना संथाली भाषा और आदिवासी पहचान के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि मानी जा रही है। जमशेदपुर के कार्यक्रमों में भाग लेने के बाद राष्ट्रपति वापस रांची लौटेंगी और लोकभवन में रात्रि विश्राम करेंगी। अपने दौरे के अंतिम दिन 30 दिसंबर को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू गुमला जिले के रायडीह प्रखंड में आयोजित जनसांस्कृतिक समागम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। इस कार्यक्रम में जनजातीय संस्कृति, लोक परंपराओं और सामाजिक एकता से जुड़े विविध आयोजन प्रस्तुत किए जाएंगे।

## घिराय में दो दिवसीय ऐतिहासिक दस्तावेजों व छायाचित्रों की प्रदर्शनी

एसडीएम राजेश खोथ ने किया उद्घाटन

अर्थ प्रकाश संवाददाता

हांसी। क्षेत्रीय अभिलेखागार, हिसार मंडल द्वारा राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय घिराय में दो दिवसीय ऐतिहासिक दस्तावेजों एवं छायाचित्रों की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन एसडीएम राजेश खोथ ने किया।

एसडीएम राजेश खोथ ने इस दौरान कहा कि यह प्रदर्शनी विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों के ज्ञानवर्धन में अत्यंत सहायक सिद्ध होगी। इससे विद्यार्थियों और आमजन को अपने इतिहास तथा क्षेत्र के स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्षो के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिलेगी। उन्होंने यह भी कहा कि हांसी के संयुक्त कार्यालय परिसर में भी इस तरह की प्रदर्शनी का आयोजन करवाया जाएगा।

सहायक निदेशक, क्षेत्रीय अभिलेखागार, हिसार मंडल अनिल कुमार ने प्रदर्शनी के उद्देश्य पर



प्रकाश डालते हुए कहा कि इस प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों एवं आमजन को हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से रूबरू करवाना है, ताकि वे यह जान सकें कि देश की आजादी के लिए कितने देशभक्तों ने अपना सर्वस्व न्यौछावर किया।

दिल्ली विश्वविद्यालय से आए इतिहासविद् डॉ. उमा शंकर ने छात्रों को इतिहास के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि इतिहास का ज्ञान वर्तमान को समझने और भविष्य को उज्ज्वल बनाने में सहायक होता है। इस प्रदर्शनी के माध्यम से यह उद्देश्य सार्थक रूप में सिद्ध होता है। प्रदर्शनी के दौरान राजकुमार जांगड़ा ने कहा कि हम इतिहास में दूर-दूर की घटनाओं को पढ़ते हैं, लेकिन अपने आसपास घटित महत्वपूर्ण घटनाओं के बारे में कम जानते हैं। यह प्रदर्शनी स्थानीय स्तर पर घटित ऐतिहासिक घटनाओं एवं स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान से परिचित करवाने का सशक्त माध्यम है। प्रदर्शनी में वर्ष 1857 से 1947 तक भारत की आजादी की लड़ाई में भाग लेने वाले स्वतंत्रता सेनानियों के जीवन से जुड़ी महत्वपूर्ण घटनाओं एवं दुर्लभ छायाचित्रों को प्रदर्शित किया गया। इनमें 1857 की क्रांति में भाग लेने वाले हरियाणा के वीर शहीद लाला हुकमचंद जैन एवं मुनीर बेग (हांसी), झज्जर के नवाब अब्दुर्रहमान खां, राजा नाहर सिंह तथा राव तुलाराम की वीर गाथाएं प्रमुख रूप से दर्शाई गईं। इसके अतिरिक्त 19 अगस्त 1857 को हिसार के नागौरी गेट पर हुई लड़ाई, गांवों से संबंधित दस्तावेज, राष्ट्रीय आंदोलन में महिलाओं की भूमिका, हिसार व फतेहाबाद जिले के स्वतंत्रता सेनानियों के छायाचित्र, दादा गणेशी लाल, बलवंत राय तायल, लाला हरदेव सहाय का योगदान, शहीद भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव का जीवनवृत्त, नेताजी सुभाष चंद्र बोस की हिसार यात्रा तथा संविधान सभा के सदस्यों का 24 जनवरी 1950 का दुर्लभ फोटोग्राफ भी प्रदर्शनी में शामिल रहा।

कार्यक्रम में गुरुग्राम से आए अधिवक्ता अभय सिंह दहिया द्वारा विद्यालय की 142 छात्राओं को ब्लेजर भेंट किए गए। वहीं चतर सिंह, पूर्व इंस्पेक्टर, दिल्ली पुलिस द्वारा कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को 3100-3100 नकद राशि देकर सम्मानित किया गया। एसडीएम द्वारा भी प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को नकद पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया।

## लखनऊ खादी प्रदर्शनी–2025 का उद्घाटन करेंगे सुरेश खन्ना

अर्थ प्रकाश/टी.डी. पाण्डेय

लखनऊ। उत्तर प्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड, लखनऊ खादी प्रदर्शनी-2025 का उद्घाटन 18 दिसंबर को वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना करेंगे। मंडल स्तरीय खादी प्रदर्शनी प्रदेश में खादी एवं ग्रामोद्योग उत्पादों की विविधता को प्रदर्शित करेगी, जो ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। ये प्रदर्शनी 18 से लेकर 28 दिसंबर तक केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के लखनऊ परिसर, गोमती नगर में लगेगी। खादी प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य मंडल स्तर के खादी एवं ग्रामोद्योग के कारीगरों और उनके उत्पादों को मंच प्रदान करना है। जहां पर खादी वस्त्र, हस्तशिल्प, चमड़े के सामान, मिट्टी के बर्तन, बांस की कलाकृतियां और जैविक उत्पादों को एक छत के नीचे प्रदर्शनी एवं बिक्री का स्थल उपलब्ध कराएगा। लगभग 50 स्टॉलों पर स्थापित इन उत्पादों से उपभोक्ता स्थानीय कारीगरों को सीधे उनके उत्पाद खरीद सकेंगे, जो कारीगरों के आर्थिक स्वावलंबन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

प्रदर्शनी का उद्देश्य न केवल उत्पादों की बिक्री को बढ़ावा देना है, बल्कि युवाओं को ग्रामोद्योग की ओर आकर्षित करना भी है। उत्तर प्रदेश में खादी एवं ग्रामोद्योग क्षेत्र से लाखों परिवार जुड़े हैं, और यह प्रदर्शनी %आत्मनिर्भर भारत% अभियान के अनुरूप सिद्ध होगी। ऐसी पहल ग्रामीण प्रवास को रोकने और सतत विकास को प्रोत्साहित करेंगी। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रदर्शन और कार्यशालाएं भी आयोजित की जाएंगी, जहां कारीगर अपनी कला के रहस्य साझा करेंगे। खादी बोर्ड की यह पहल प्रदेश सरकार की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक सकारात्मक कदम है। खादी बोर्ड की ओर से पूरे प्रदेश में मंडल स्तर पर इस प्रकार की प्रदर्शनियों का आयोजन किया जा रहा है।

## एनएफआर गुवाहाटी–सैरांग रूट पर यात्रियों को बड़ी राहत, क्रिसमस के लिए स्पेशल ट्रेनों का परिचालन



अर्थ प्रकाश नेटवर्क

गुवाहाटी। क्रिसमस और नए साल के त्योहारों के मौसम में उत्तर पूर्वी क्षेत्र में यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए नॉर्थईस्ट फ्रंटियर रेलवे (एनएफआर) ने बड़ा फैसला लिया है। एनएफआर ने गुवाहाटी और सैरांग (मिजोरम) के बीच स्पेशल क्रिसमस ट्रेनें चलाने की घोषणा की है, जिससे मिजोरम और आसपास के राज्यों में घर जाने वाले यात्रियों को सुविधा मिलेगी। ये ट्रेनें 22 से 25 दिसंबर 2025 तक चुनिंदा दिनों में संचालित होंगी।

इस रूट पर हाल ही में शुरू हुई रेल कनेक्टिविटी ने मिजोरम को मुख्यधारा से जोड़ा है, और त्योहारों में यात्रियों की संख्या बढ़ने से अतिरिक्त ट्रेनों की मांग थी। एनएफआर के अनुसार, ट्रेन नंबर 05609 गुवाहाटी से सैरांग के लिए सोमवार और बुधवार को चलेगी। यह 22 दिसंबर और 24 दिसंबर को सुबह 6:00 बजे गुवाहाटी से रवाना होकर शाम 7:30 बजे सैरांग पहुंचेगी।

वापसी में ट्रेन नंबर 05610 सैरांग से गुवाहाटी के लिए मंगलवार और गुरुवार को संचालित होगी। यह 23 दिसंबर और 25 दिसंबर को सुबह 6:00 बजे सैरांग से प्रस्थान कर शाम 7:50 बजे गुवाहाटी पहुंचेगी। ये समयसूची यात्रियों को दिन के उजाले में यात्रा करने की सुविधा देगी।

ये स्पेशल ट्रेनें रास्ते में कई महत्वपूर्ण स्टेशनों पर ठहराव लेंगी, जिनमें जागीरोड, चपरमुख, होजाई, लुमडिंग, माइबोंग, न्यू हाफलोंग, न्यू हरंगाजाओ, बदरपुर, कटखल जंक्शन, हैलाकांडी, लालाबजार, जमिरा और बैराबी शामिल हैं। इससे छोटे शहरों और कस्बों के यात्रियों को भी सीधी कनेक्टिविटी मिलेगी।

कोच कंपोजिशन की बात करें तो प्रत्येक ट्रेन में कुल 14 कोच होंगे। इनमें दो एसी 3-टियर कोच, आठ स्लीपर क्लास कोच, दो जनरल सेकंड क्लास कोच और दो जीएसएलआर (जनरेटर कार सह लगेज) कोच शामिल हैं। यह व्यवस्था विभिन्न वर्गों के यात्रियों की जरूरतों को ध्यान में रखकर की गई है, ताकि आरामदायक यात्रा सुनिश्चित हो।

एनएफआर का यह कदम उत्तर पूर्वी राज्यों में रेल कनेक्टिविटी को मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण है। हाल ही में फ्लाइट कैंसिलेशन और सर्दियों की छुट्टियों में पर्यटकों की आमद से रेल यात्रा की मांग बढ़ी है। ये स्पेशल ट्रेनें न केवल क्रिसमस मनाने घर जाने वालों के लिए राहत देंगी, बल्कि क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था और पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

## सांस्कृतिक गतिविधियों को मिलेगा नया मंच, शहर के विकास को मिलेगी गति : वर्मा

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

रायपुर। छत्तीसगढ़ में नगर पालिका तिल्दा के वार्ड क्रमांक 22 में आधुनिक सभागार के निर्माण का मार्ग प्रशस्त हो गया है। राज्य शासन द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत 490.06 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। यह स्वीकृति अधोसंरचना मद अंतर्गत दी गई है, जिससे क्षेत्र में सांस्कृतिक, सामाजिक और शैक्षणिक गतिविधियों को नया आयाम मिलेगा। राज्य के राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा ने बुधवार कहा कि तिल्दा के वार्ड 22 में आधुनिक ऑडिटोरियम का निर्माण स्थानीय प्रतिभाओं, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और सामाजिक आयोजनों के लिए एक सशक्त मंच प्रदान करेगा। इससे न केवल नागरिक सुविधाओं का विस्तार होगा, बल्कि क्षेत्र की पहचान और आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा।

राज्य सरकार आधारभूत संरचना के सुदृढ़ीकरण के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है। उन्होंने आगे कहा कि शासन की प्राथमिकता है कि विकास कार्य समयबद्ध, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण हों, ताकि आमजन को उनका सीधा लाभ मिले। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मुख्य नगरपालिक अधिकारी, नगर पालिका परिषद तिल्दा के प्रस्ताव के आधार पर यह स्वीकृति जारी की गई है। निर्माण कार्य संबंधित अधिनियमों, नियमों एवं तकनीकी मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किया जाएगा।

## हरियाणा सरकार बुजुर्गों और सेवानिवृत्त कर्मचारियों के कल्याण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध : रामकुमार कश्यप

हरियाणा सिविल पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन के 41वां स्थापना दिवस पर कार्यक्रम आयोजित, विधायक रामकुमार कश्यप ने बतौर मुख्य अतिथि की शिरकत

अर्थ प्रकाश/सीमा देवी



इंद्री। विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार बुजुर्गों और सेवानिवृत्त कर्मचारियों के कल्याण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। पेंशनर्स के मान-सम्मान में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी और उनके जायज अधिकारों व मांगों को पूरा करना सरकार की प्राथमिकता है।

विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप बुधवार को राज्य निकाय मुख्यालय में हरियाणा सिविल पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन के 41वां स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। कार्यक्रम में पहुंचने पर एसोसिएशन के प्रदेश व जिला पदाधिकारियों ने विधायक रामकुमार कश्यप का पुष्प गुच्छ और स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया।

इस अवसर पर विधायक रामकुमार कश्यप ने कहा कि किसी भी राज्य की प्रगति में वहां के सरकारी कर्मचारियों का सबसे बड़ा योगदान होता है।आज हरियाणा विकास की जिन बुलंदियों पर है, उसकी नींव में हमारे पेंशनर्स साथियों का अनुभव और वर्षो की कड़ी मेहनत छिपी है। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्त कर्मचारी समाज का मार्गदर्शन करने वाली वह शक्ति हैं, जिनके पास अनुभव का भंडार है। उन्होंने आह्वान किया कि सेवानिवृत्ति के बाद भी पेंशनर्स समाज सुधार के कार्यों में अपना योगदान देते रहें।

इस अवसर पर एसोसिएशन के प्रधान सुंदर लाल दुरेजा, उप-प्रधान तेक चंद गौतम, हरबंस लाल सेठी, बालकिशन मेहता, रामेशवर दास , सुरेंद्र गुप्ता, सुभाष यादव, अशोक मनचंदा , सुभाष दुरेजा, मदन गोपाल, सुरेश खन्ना, नरेश गुप्ता, दयालु अरोड़ा, नरेन्द्र, महावीर, गिरधारी लाल शर्मा, सुरेश कुमार, विनोद ओबरॉय सहित अन्य मौजूद रहे।

## आरेडिका में राष्ट्रव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र अभियान 4.0 का आयोजन

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

रायबरेली। आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली में राष्ट्रव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र अभियान 4.0 का आयोजन आरेडिका के महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्र के मार्गदर्शन एवं प्रधान वित्त सलाहकार बत्ती लाल मीना, वित्त सलाहकार एवं लेखाधिकारी अरविंद कुमार तथा प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी रुपेश श्रीवास्तव के नेतृत्व में 01 नवंबर 2024 से 30 नवंबर 2024 के मध्य किया गया। जिसमें आरेडिका के सभी पेंशनरो में जागरुकता लाने के लिए प्रयास किया गया हैं तथा पेंशनरों को हर साल की तरह पूरी प्रक्रिया की जानकारी प्रदान की गई जिससे वे अपने सुविधानुसार कहीं भी, किसी भी समय अपने फोन के माध्यम से



जीवन प्रमाण पत्र सम्मिलित कर सकें।

इस कार्य को लेखा एवं कार्मिक विभाग के अधिकारियों के नेतृत्व में तथा कर्मचारियों के प्रयास से यह कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण हो सका। जिसमें सभी पेंशनरों को फोन से सम्पर्क किया गया। 45 लोगों (जिसमें फैमिली पेंशनधारी भी सम्मलित हैं) का फेस स्कैन कर तथा डिजीटली सर्टिफिकेट सम्मिलित कराने की प्रक्रिया को समझाया गया। इस कैंपेन को सफलतापूर्वक जनसंपर्क में पहुचाने के लिए भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण,(आधार) इलैक्ट्रॉनिक और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय तथा पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग की मदद से यह संभव हो पाया है। आरेडिका के लेखा विभाग के उप मुख्य लेखाधिकारी/सामान्य अष्ठानंद पाठक, उप वित्त एवं मुख्य लेखाधिकारी निखिल अग्रवाल, वित्त सलाहकार बिनोद कुमार, वरिष्ठ अनुभाग अधिकारी जितेंद्र कुमार तथा कार्मिक विभाग के सहयोग एवं प्रयासों से कार्यक्रम सफल बन सका।

## संस्कारों से ही राष्ट्र की दिशा तय करती है महिला : दिया कुमारी

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

पाली। राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने बुधवार को कहा कि संस्कारों से ही महिला राष्ट्र की दिशा तय करती है और वर्तमान में उसकी भूमिका पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। सुश्री दिया कुमारी बुधवार को पाली जिले के सिरियारी गांव में आचार्य भिक्षु के 300वां जन्मदिन के उपलक्ष्य में अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल द्वारा आयोजित महिला सम्मेलन में बोल रही थी। उन्होंने आयोजन की सराहना करते हुए महिला मंडल को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह सम्मेलन अत्यंत महत्वपूर्ण है और यह भूमि साधना एवं तप की भूमि है। उन्होंने कहा कि महिलाएं अब समाज के हर क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण पहचान बना रही हैं और वर्तमान समय महिलाओं के लिए सुनहरा अवसर लेकर आया है। प्रत्येक महिला को आगे बढ़ाने के लिए सभी को मिलकर प्रयास करने की आवश्यकता है। उन्होंने नयी पीढ़ी को संस्कारों और त्योहारों से जोड़ने पर जोर देते हुए कहा कि यदि ऐसा नहीं किया गया तो आने वाली पीढ़ी परंपराओं से दूर हो सकती है। उन्होंने कहा कि महिला में अपार शक्ति है, आवश्यकता है उस शक्ति को पहचानने की। उन्होंने समाज के लिए योगदान देने की भावना से कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है और आने वाले समय में भी महिलाओं को विभिन्न योजनाओं का लाभ मिलता रहेगा।

# नगर परिषद परिसर में अव्यवस्थित पार्किंग बनी सिरदर्द, ट्रैफिक जाम से लोग परेशान

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



**जीरकपुर, 17 दिसंबर।** नगर परिषद परिसर में अव्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था अब आम लोगों के साथ-साथ अधिकारियों के लिए भी बड़ी परेशानी का कारण बनती जा रही है। नगर परिषद परिसर में दो गेट बनाए गए हैं, जिनमें से एक गेट से प्रवेश और दूसरे गेट से बाहर निकलने की व्यवस्था है। यहां प्रॉपर्टी टैक्स, रजिस्ट्री, पानी के बिल समेत कई विभागों के काम होते हैं। इसके अलावा पुलिस अधिकारियों के बैठने के कारण भी रोजाना बड़ी संख्या में लोगों की आवाजाही बनी रहती है। प्रतिदिन सैकड़ों लोग अपने निजी वाहनों से नगर परिषद कार्यालय पहुंचते हैं। लगातार बढ़ती भीड़ के चलते परिषद की पार्किंग में दिनभर वाहनों का जमावड़ा लगा रहता है। समस्या तब और गंभीर हो जाती है, जब लोग बिना किसी व्यवस्था को देखे अपने वाहन इधर-उधर खड़े कर कार्यालय के अंदर चले जाते हैं। इससे पार्किंग पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो जाती है और कई बार वाहनों के निकलने का रास्ता तक बंद हो जाता है। नतीजतन पार्किंग से लेकर बाहर मुख्य सड़क तक ट्रैफिक जाम की स्थिति बन जाती है।

स्थानीय लोगों के अनुसार पहले नगर परिषद प्रशासन ने इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए दो सिक्योरिटी गार्ड तैनात किए थे। ये गार्ड पूरे दिन पार्किंग में मौजूद रहते थे और आने-जाने वाले वाहनों को सही तरीके से खड़ा करवाते थे। इससे न सिर्फ पार्किंग में व्यवस्था बनी रहती थी, बल्कि ट्रैफिक जाम की स्थिति भी नहीं बनती थी। लेकिन पिछले कुछ समय से ये सिक्योरिटी गार्ड नजर नहीं आ रहे हैं। उनके हटते ही पार्किंग व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है।

वर्तमान हालात यह हैं कि कोई भी व्यक्ति कहीं भी वाहन खड़ा कर चला जाता है। कई बार वाहन इस तरह खड़े कर दिए जाते हैं कि अन्य गाड़ियों का निकलना मुश्किल हो जाता है। इससे बुजुर्गों, महिलाओं और दिव्यांग लोगों को खास तौर पर परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं नगर परिषद कार्यालय में आने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को भी समय पर बाहर निकलने में दिक्कतें झेलनी पड़ती हैं। स्थानीय व्यापारियों और आसपास रहने वाले लोगों का कहना है कि पार्किंग की अव्यवस्था के कारण बाहर सड़क पर भी जाम लगने लगा है, जिससे आम राहगीरों को परेशानी हो रही है। उनका आरोप है कि नगर परिषद प्रशासन इस समस्या को जानबूझकर नजरअंदाज कर रहा है। यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो भविष्य में हालात और भी बदतर हो सकते हैं। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि नगर परिषद परिसर की पार्किंग व्यवस्था को तत्काल दुरुस्त किया जाए। साथ ही पहले की तरह सिक्योरिटी गार्ड की पुनः तैनाती कर एक स्थायी व्यवस्था बनाई जाए, ताकि आम जनता और अधिकारियों को राहत मिल सके।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि नगर परिषद परिसर में फिर से सिक्योरिटी गार्ड तैनात किए जाएं और पार्किंग के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश तय किए जाएं, तो जाम और अव्यवस्था की समस्या काफी हद तक खत्म हो सकती है। लोगों ने यह भी सुझाव दिया कि प्रवेश और निकास गेट पर सख्त निगरानी रखी जाए। 'पहले गार्ड होने से पार्किंग में व्यवस्था रहती थी, अब हालात बद से बदतर हो गए हैं। हर रोज जाम लगता है, लेकिन प्रशासन कोई ध्यान नहीं दे रहा।'

— स्थानीय निवासी

## डेराबस्सी के वाल्मीकि मोहल्ले में पीने के पानी में मिक्स होकर आ रहा सीवरेज का पानी, नगर परिषद के खिलाफ लोगों में भारी रोष

अर्थ प्रकाश/चौहान



**डेराबस्सी, 17 दिसंबर।** डेराबस्सी के वाल्मीकि मोहल्ले के लोग इस समय गंभीर स्वास्थ्य संकट का सामना कर रहे हैं। मोहल्ले में पीने के पानी की पाइप बिछाने का काम चल रहा है, लेकिन लापरवाही के कारण पीने के पानी की पाइप में सीवेज का पानी मिल रहा है। इससे इलाके के लोगों में नगर परिषद प्रशासन के खिलाफ काफी गुस्सा है। स्थानीय लोगों ने कहा कि मोहल्ले में नई पाइप बिछाने के दौरान सीवर पाइप लीक होने के कारण गंदा पानी सप्लाई में मिल रहा है।

जिससे मोहल्ले में भयानक बीमारियां फैलने का डर है। लोगों का कहना है कि गंदा पानी पीने से बच्चों और बुजुर्गों में उल्टी, दस्त और दूसरी भयानक बीमारियां होने का खतरा बन गया है। स्थानीय प्रशासन की बेपरवाही से लोगों में गुस्सा है। इलाके के लोगों ने आरोप लगाया कि उन्होंने इस बारे में कई बार नगर परिषद के अधिकारियों को बताया है, लेकिन अभी तक कोई जवाब नहीं मिला है। मोहल्ले के लोगों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही पानी की सप्लाई ठीक नहीं हुई और साफ पानी नहीं दिया गया, तो वे नगर परिषद ऑफिस के सामने धरना देने को मजबूर होंगे। उन्होंने मांग की कि काम साइट पर टेक्निकल एक्सपर्ट की देखरेख में किया जाए ताकि सीवेज लीकेज को रोका जा सके।

जब नगर परिषद के एग्जीक्यूटिव ऑफिसर रवनीत सिंह से संपर्क किया गया, तो उन्होंने कहा कि वाल्मीकि मोहल्ले में पीने के पानी की लाइनें पुरानी हो गई थीं। उन्हें बदलने का काम चल रहा है। सीवेज का पानी एक जगह से मिक्स हो गया था। उन्होंने सीवरेज बोर्ड के एसडीओ से समस्या को जल्द हल करने को कहा है।

## लिवासा अस्पताल होशियारपुर ने हार्ट प्रोसीजर के लिए एडवांस्ड इमेजिंग तकनीक आईवीयूएस लॉन्च की

अर्थ प्रकाश/तरसेम दीवाना



**होशियारपुर, 17 दिसंबर।** हार्ट प्रोसीजर की सुरक्षा, सटीकता और सफलता दर को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाने में सक्षम एडवांस्ड इमेजिंग तकनीक, इंट्रावैस्कुलड्डर अल्ट्रासाउंड (आईवीयूएस) को बुधवार को लिवासा अस्पताल होशियारपुर में लॉन्च किया गया। एसोसिएट डायरेक्टर-कार्डियोलॉजी डॉ. रवि कुमार वी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि आईवीयूएस कोरोनरी धमनियों के अंदर से वास्तविक समय, 360-डिग्री छवियों को वितरित करने के लिए कैथेटर पर एक लघु अल्ट्रासाउंड जांच का उपयोग करती है। एंजियोग्राफी के विपरीत, जो केवल टू-डायमेंशनल आउटलाइन प्रदान करता है, आईवीयूएस प्लाक के निर्माण, धमनी के आकार, रुकावट की गंभीरता और स्टेंट स्थिति में विस्तृत अंतर्दृष्टि प्रदान करता है। इसके परिणामस्वरूप अधिक सटीक उपचार निर्णय और पेशेंट सेफ्टी में सुधार होता है। डॉ. रवि ने कहा कि आईवीयूएस एक गेम-चेंजिंग तकनीक है क्योंकि यह अनुमान लगाने की प्रक्रिया को समाप्त करती है। अब हम धमनियों को सटीक रूप से माप सकते हैं, सही स्टेंट आकार चुन सकते हैं और सही डिप्लॉयमेंट सुनिश्चित कर सकते हैं - ये सभी जटिलताओं को कम करते हैं और दीर्घकालिक परिणामों में सुधार करते हैं। फैसिलिटी डायरेक्टर-लिवासा अस्पताल होशियारपुर अभिनव श्रीवास्तव ने कहा कि अब एडवांस्ड हार्ट संबंधी इंटरवेंशन के लिए लंबी यात्रा करने की आवश्यकता नहीं है।

## दूसरी जगह से आने वाले कूड़े को रोकने के लिए, पीरमुछल्ला डंपिंग की एंट्री पर लगाया गेट

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



**जीरकपुर, 17 दिसंबर।** पीरमुछल्ला के डम्पिंग ग्राउंड की एंट्री प्वाइंट पर वार्ड पार्षद के पति गुरसेवक पुनिया ने लोहे का गेट लगवा दिया है। दरअसल पीरमुछल्ला एरिया की सोसायटी के निवासियों ने कहना है कि शहर के दूसरे हिस्सों से कूड़ा लाकर यहां गिराया जा रहा है जिस कारण उन्हें परेशानी हो रही है। कूड़े से उठने वाली दुर्गंध और लगातार लग रहे कूड़े के ढेर ने उनका सांस लेने भी दुभर कर रखा है। गेट को लगाने का मुख्य उद्देश्य दूसरे इलाकों से रेहड़ियों में कूड़ा लेकर आने वाले सफाई सेवकों को रोकना है, जो अवैध रूप से यहां कूड़ा फेंक रहे थे। स्थानीय निवासियों को उम्मीद है कि इस पहल से पंचकूला के नजदीकी सेक्टरों समेत दूर-दराज के क्षेत्रों से आने वाली कूड़े पर काफी हद तक लगाम लग सकेगी। डंपिंग एरिया बन रहा था बाहरी कूड़े का केंद्र

समाजसेवी गुरसेवक पूनिया ने बताया कि पीरमुछल्ला डंपिंग एरिया बाहरी कूड़े का केंद्र बनता जा रहा था। हर दिन बड़ी मात्रा में कूड़ा यहां लाकर फेंका जा रहा था। कूड़े की अत्यधिक मात्रा के कारण इलाके में न केवल भयंकर गंदगी फैल रही थी, बल्कि बदबू और स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भी बढ़ रही थीं। कूड़े की बढ़ती आमद से यहां से गुजरने वाले वाहन चालकों को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। कई बार कूड़े में घूमने वाले आवारा पशुओं के कारण ट्रैफिक जाम की स्थिति भी बन जाती थी। गुरसेवक पूनिया ने कहा कि इस गंभीर समस्या को लेकर वह कई बार नगर परिषद और प्रशासनिक अधिकारियों के संज्ञान में मामला ला चुके थे। हर बार उन्हें यही आश्वासन दिया गया कि जीरकपुर में डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन के लिए टेंडर अलॉट हो चुका है और संबंधित कंपनी जल्द ही शहर का सारा कूड़ा उठाकर उसका नियमित निपटान शुरू कर देगी। प्रशासन ने उन्हें दो हफ्तों का समय दिया था, लेकिन तीन हफ्ते बीत जाने के बावजूद न तो बाहर से आने वाला कूड़ा रुका और न ही रोज कूड़े का निपटारा शुरू हो सका।

### निजी खर्च पर गेट लगाने को हुए मजबूर

लगातार अनदेखी और समस्या का हल न होने के कारण गुरसेवक पूनिया को तंग आकर अपनी जेब से पैसा खर्च करके डंपिंग एरिया के बाहर गेट लगवाने के लिए मजबूर होना पड़ा। उन्होंने यह भी चिंता जताई कि इस बेलगाम डंपिंग के कारण पीरमुछल्ला इलाके का ग्राउंड वाटर भी बुरी तरह प्रभावित हो रहा है, जो भविष्य में गंभीर जल संकट का कारण बन सकता है। पूनिया ने बताया कि यदि जरूरत पड़ी, तो इलाके की सोसाइटियों के सहयोग से यहां एक सिक्योरिटी गार्ड भी तैनात किया जाएगा। इसका मकसद यह सुनिश्चित करना है कि इस डंपिंग एरिया में केवल पीरमुछल्ला की सोसाइटियों और कॉलोनियों का ही कूड़ा डंप किया जाए। स्थानीय निवासियों का मानना है कि गेट लगने से हालात में कुछ सुधार अवश्य आएगा, लेकिन इस समस्या का स्थायी समाधान तभी संभव है जब ज़ीरकपुर में डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन की व्यवस्था पूरी तरह लागू हो और कूड़े का रोजाना आधार पर वैज्ञानिक तरीके से निपटारा किया जाए।

## लीनेस अवार्ड सेरेमनी धूमधाम से सम्पन्न

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



**जीरकपुर, 17 दिसंबर।** मल्टीपल 3 देवभूमि पुरस्कार समारोह 'संतुष्टि' का आयोजन एमडीपी लीनेस मनीषा शर्मा द्वारा किया गया, जिसमें एआईएलसी पैट्रन लीनेस इंदु मेहता मुख्य अतिथि रहे। चार जिलों के सदस्य समारोह में शामिल हुए। देहरादून, सहारनपुर, हल्दवानी, दिल्ली, पानीपत, कैथल से सभी लीनेस सदस्यों ने भाग लिया।

पीडीपी लीनेस शशी कुठीयाला, जिला अध्यक्ष लीनेस मीना कोहली, जिला अध्यक्ष लीनेस अनिता गुप्ता और जिला अध्यक्ष लीनेस नीरजा बोरा सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही।

एमडीपी लीनेस मनीषा शर्मा ने विभिन्न जिलों के सदस्यों को मानवतावादी सेवाओं के सम्मान में पुरस्कार प्रदान किए व सभी को भविष्य हेतु शुभकामनाएं दी। दिल्ली से लीनेस सविता कोहली ने 2026 के आगामी मल्टीपल देवभूमि अध्यक्ष के रूप में पदभार ग्रहण किया।सभी ने उन्हें बधाई संदेश दिए। यह एक यादगार और सुव्यवस्थित कार्यक्रम रहा।

सवेरा क्लब जीरकपुर से अध्यक्ष लीनेस मधु मनोचा, सचिव लीनेस करुणा, लीनेस निहारिका गर्ग, इंदरजीत,उमा,आशा, सुनीता, कविता, राधा,सुजाता व सभी लीनेस सदस्य कार्यक्रम में सहर्ष उपस्थित रहे। लीनेस क्लब महिलाओ की महत्वपूर्ण एक समाजसेवी संस्था है।

## हाई टेंशन तारों के नीचे अवैध वाशिंग सेंटर, नगर परिषद की नाक के नीचे नियमों की खुलेआम अनदेखी

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा




**जीरकपुर, 17 दिसंबर।** नगर परिषद कार्यालय से महज कुछ मीटर की दूरी पर हाई टेंशन बिजली तारों के ठीक नीचे अवैध रूप से टीन शेड लगाकर वाशिंग सेंटर संचालित किया जा रहा है। हैरानी की बात यह है कि जिस नगर परिषद के आदेशों पर शहर भर में अवैध निर्माण हटाने और नियमों का सख्ती से पालन कराने की बातें की जाती हैं, उसी के नजदीक नियमों की सरेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। यह नजारा न केवल प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल खड़े करता है, बल्कि आम लोगों की सुरक्षा को भी गंभीर खतरे में डाल रहा है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, उक्त टीन शेड को लगे करीब 10 दिन से अधिक का समय बीत चुका है। इस दौरान कई बार नगर परिषद के अधिकारी और कर्मचारी कार्यालय आते-जाते रहे, लेकिन किसी ने भी अवैध निर्माण या वाशिंग सेंटर पर कार्रवाई करना जरूरी नहीं समझा। हाई टेंशन तारों के नीचे चल रहे इस वाशिंग सेंटर में रोजाना पानी और बिजली का उपयोग किया जा रहा है, जो किसी भी समय बड़े हादसे का कारण बन सकता है। बरसात के मौसम में करंट फैलने और आग लगने की आशंका और भी बढ़ जाती है।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि शहर के अन्य इलाकों में छोटे-मोटे निर्माण को लेकर तुरंत नोटिस थमा दिए जाते हैं, लेकिन यहां मामला बिल्कुल उलटा नजर आ रहा है। लोगों में चर्चा है कि कहीं न कहीं इस अवैध निर्माण को किसी प्रभावशाली व्यक्ति का संरक्षण प्राप्त है, तभी इतने स्पष्ट खतरे के बावजूद कार्रवाई नहीं हो रही। सवाल यह भी उठ रहा है कि क्या प्रशासन किसी बड़े हादसे के इंतजार में है, ताकि उसके बाद खानापूर्ति की कार्रवाई की जा सके।

हाई टेंशन लाइन के नीचे किसी भी तरह का निर्माण और व्यवसाय नियमों के खिलाफ है। बिजली विभाग के नियमों के अनुसार, ऐसी जगह पर न तो स्थायी और न ही अस्थायी ढांचा खड़ा किया जा सकता है। इसके बावजूद टीन शेड लगाकर वाशिंग सेंटर का संचालन किया जाना गंभीर लापरवाही को दर्शाता है। नगर परिषद की यह चुप्पी न केवल नियमों की अवहेलना है, बल्कि जनता के भरोसे के साथ भी खिलवाड़ है।

स्थानीय व्यापारियों और सामाजिक संगठनों ने मांग की है कि इस अवैध शेड को तुरंत हटाया जाए और वाशिंग सेंटर को बंद कराया जाए। साथ ही, यह भी जांच हो कि अब तक कार्रवाई क्यों नहीं हुई और इसके लिए कौन जिम्मेदार है। लोगों का कहना है कि अगर समय रहते सख्त कदम नहीं उठाए गए तो भविष्य में कोई बड़ा हादसा प्रशासन के लिए भी मुश्किलें खड़ी कर सकता है।

नगर परिषद के एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि असिस्टेंट टाउन प्लानर (एटीपी) के कार्यालय में संबंधित अवैध निर्माण को लेकर नोटिस तैयार कर भेज दिया गया था, लेकिन वह नोटिस अब तक मंजूरी के बाद कमरे से बाहर नहीं आ पाया है।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि 'हाई टेंशन तारों के नीचे वाशिंग सेंटर चलना बेहद खतरनाक है। अगर कोई हादसा हुआ तो इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा?' एक सामाजिक कार्यकर्ता ने कहा कि 'नगर परिषद को तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए। नियम सबके लिए समान होने चाहिए, न कि चुनिंदा लोगों के लिए।'

## होशियारपुर के मेयर सुरिंदर कुमार आल इंडिया कौंसिल आफ मेयर्स के हुए सचिव नियुक्त

### सूरत में हुआ शपथ ग्रहण समारोह

अर्थ प्रकाश/तरसेम दीवाना



**होशियारपुर, 17 दिसंबर।** आल इंडिया कौंसिल आफ मेयर्स की ओर से होशियारपुर के मेयर सुरिंदर कुमार को कौंसिल का सचिव नियुक्त किए जाने के उपलक्ष्य में कौंसिल द्वारा मनोनीत पदाधिकारियों का भव्य शपथ ग्रहण समारोह सूरत (गुजरात) में आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम देशभर के शहरी निकायों के प्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ।

समारोह में गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र भाई पटेल तथा केन्द्रीय जल संसाधन मंत्री सी. आर. पाटिल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। केन्द्रीय मंत्री सी. आर. पाटिल ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को शपथ दिलाई और उन्हें अपने दायित्व पूरी निष्ठा, पारदर्शिता और ईमानदारी के साथ निभाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शहरी प्रशासन को मजबूत करने में मेयर्स की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और आपसी समन्वय से ही शहरों का समग्र विकास संभव है।

कार्यक्रम में भाग लेकर लौटे मेयर सुरिंदर कुमार ने जानकारी दी कि यह कौंसिल की 116वीं बैठक थी, जो 13 व 14 दिसंबर को सूरत में आयोजित की गई। इस अवसर पर कौंसिल की अध्यक्ष रेनू बाला गुप्ता (मेयर करनाल), सूरत के मेयर दक्षेश किशोरभाई मवानी, सूरत की जिलाधीश शालनी अग्रवाल, आल इंडिया सचिव मनोज गुप्ता सहित देशभर से विभिन्न नगर निगमों के मेयर और प्रतिनिधि उपस्थित थे।

मेयर सुरिंदर कुमार ने कौंसिल द्वारा उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपे जाने पर समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे अपने अनुभव का उपयोग करते हुए देशभर के शहरी निकायों के हित में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

## डेराबस्सी बस स्टैंड निर्माण का रास्ता हुआ साफ

### बस स्टैंड में बाधा बन रहे पेड़ों और पुरानी डिस्पेंसरी भवन को तोड़ने का ठेका आवंटित

खुली बोली के माध्यम से हुआ ठेका

अर्थ प्रकाश/चौहान



**डेराबस्सी, 17 दिसंबर।** डेराबस्सी में नगर परिषद की पुरानी इमारत वाली जगह पर प्रस्तावित बस स्टैंड के निर्माण का रास्ता अब साफ हो गया है। बस स्टैंड के निर्माण में बाधा बन रहे पेड़ों तथा पुरानी डिस्पेंसरी की इमारत को तोड़ने के लिए आज ठेका आवंटित कर दिया गया। इस संबंध में नगर परिषद की अध्यक्ष आशु उपनेजा की अगुवाई में खुली बोली करवाई गई। जानकारी देते हुए नगर परिषद अध्यक्ष आशु उपनेजा ने बताया कि बस स्टैंड परिसर में खड़े पेड़ों के कारण निर्माण कार्य में रुकावट आ रही थी। इन्हें काटने के लिए आज खुली बोली रखी गई। उन्होंने बताया कि पेड़ों को काटने की बोली 1 करोड़ 68 लाख रुपये से शुरू हुई, जो बढ़कर 5 करोड़ 81 लाख रुपये में जाकर समाप्त हुई।

इसके अलावा बस स्टैंड परिसर में स्थित पुरानी डिस्पेंसरी और कुछ दुकानों को तोड़ने के कार्य की बोली 1 लाख 28 हजार रुपये से शुरू हुई, जो साढ़े चार लाख रुपये में पूरी हुई। उन्होंने बताया कि यह खुली बोली बस स्टैंड परिसर में ही करवाई गई थी, जिसमें भाग लेने के लिए खुला निमंत्रण दिया गया था। बड़ी संख्या में बोलीदाता इसमें शामिल हुए।

अध्यक्ष आशु उपनेजा ने कहा कि पेड़ों की कटाई और पुरानी इमारत को गिराए जाने के बाद बस स्टैंड के निर्माण का रास्ता पूरी तरह साफ हो जाएगा और कार्य तेजी से आगे बढ़ सकेगा।

## डिप्टी कमिश्नर ने शहरों और गांवों में कुत्तों के लिए खास फीडिंग पॉइंट पहचानने के दिए आदेश

- हेल्थ डिपार्टमेंट को एंटी-रेबीज वैक्सीन और इम्यूनोग्लोबुलिन की उपलब्धता पक्का करने के निर्देश जारी किए गए
- कुत्ते के काटने के मामलों की तुरंत रिपोर्टिंग भी ज़रूरी की गई
- एबीसी सेंटर में कुत्तों के स्टरलाइज़ेशन और कंट्रोल के बारे में भी जानकारी मांगी गई

अर्थ प्रकाश/प्रदीप पाल



**लुधियाना, 16 दिसंबर।** डिप्टी कमिश्नर हिमांशु जैन ने मंगलवार को म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन लुधियाना, सभी म्युनिसिपल काउंसिल/नगर पंचायतों और रूरल डेवलपमेंट और पंचायत डिपार्टमेंट को शहरी और ग्रामीण इलाकों में आवारा कुत्तों के लिए खास फीडिंग पॉइंट पहचानने का निर्देश दिया। इस पहल का मकसद आवारा कुत्तों को भरपूर खाना देकर उनके गुस्से और रहने वालों के साथ झगड़े को कम करना है।

म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन, सभी म्युनिसिपल काउंसिल/नगर पंचायतों, नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया (एनएचएआई), रूरल डेवलपमेंट और पंचायतों, हेल्थ, एनिमल हसबैंड्री, पुलिस, सोसाइटी फॉर प्रिवेंशन ऑफ़ क्रुएल्टी टू एनिमल्स (एसपीसीए) और दूसरे स्टेकहोल्डर्स के साथ एक मीटिंग की अध्यक्षता करते हुए, हिमांशु जैन ने सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइंस का पालन करने पर ज़ोर दिया।

उन्होंने म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन, सभी म्युनिसिपल काउंसिल/नगर पंचायत और पंचायत डिपार्टमेंट को सही फीडिंग ज़ोन बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आवारा कुत्ते झुंड में रहते हैं और खाने के लिए शायद ही कभी दूसरे ग्रुप के इलाके में जाते हैं। तय किए गए एरिया भूख से होने वाले हमलों को रोकने, कुत्तों की आबादी को कम करने और पब्लिक जगहों पर बिना कंट्रोल के फीडिंग को रोकने में मदद करेंगे, जिससे लोगों की सुरक्षा को खतरा या परेशानी हो सकती है। उन्होंने कॉर्पोरेशन के कर्मचारियों से इन फीडिंग ज़ोन में साफ-सफाई बनाए रखने के लिए भी कहा।

उन्होंने कुत्तों को पकड़ने वाली टीमों और संबंधित सेंटर्स पर एनिमल बर्थ कंट्रोल (एबीसी) प्रोग्राम के तहत चल रही स्टरलाइज़ेशन एक्टिविटीज़ पर डिटेल्ड रिपोर्ट मांगी। उन्होंने रूरल डेवलपमेंट और पंचायत डिपार्टमेंट से गांवों में कुत्तों की स्टरलाइज़ेशन के बारे में सरपंचों से बात करने के लिए भी कहा।

इसके अलावा, हिमांशु जैन ने हेल्थ डिपार्टमेंट को सभी अस्पतालों में एंटी-रेबीज वैक्सीन और इम्यूनोग्लोबुलिन की लगातार उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। कुत्तों के काटने की घटनाओं की तुरंत डिस्ट्रिक्ट एडमिनिस्ट्रेशन को रिपोर्ट की जानी चाहिए। जल्द ही एक डेडिकेटेड कंट्रोल रूम बनाया जाएगा, साथ ही एक पब्लिक हेल्पलाइन भी शुरू की जाएगी।

रोड सेफ्टी के मुद्दों पर बात करते हुए, डिप्टी कमिश्नर ने म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन लुधियाना, सभी म्युनिसिपल काउंसिल/नगर पंचायतों, ह्मद्ध और रूरल डेवलपमेंट और पंचायत डिपार्टमेंट को निर्देश दिया कि वे हाईवे और सड़कों से आवारा जानवरों को गांव बुर्ज पवात में सरकारी गौशाला में पनाह दें ताकि एक्सीडेंट कम हो सकें।

हिमांशु जैन ने कहा कि इन उपायों की प्रोग्रेस का हर मंगलवार को रिव्यू किया जाएगा, जिसमें डिपार्टमेंट के परफॉर्मेंस के आधार पर सही एक्शन लिया जाएगा।

# ऊना में 46,167 बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो ड्रॉप्स

## एडीसी ने पल्स पोलियो अभियान के सफल क्रियान्वयन को लेकर संबंधित विभागों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा



**ऊना।** राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के सफल आयोजन को लेकर अतिरिक्त उपायुक्त(एडीसी) ऊना महेंद्र पाल गुर्जर ने स्वास्थ्य सहित अन्य संबंधित विभागों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने अभियान की तैयारियों, कार्ययोजना और विभिन्न विभागों की जिम्मेदारियों पर विस्तार से चर्चा की।

एडीसी ने बताया कि आगामी 21 दिसंबर को जिलाभर में पल्स पोलियो अभियान मनाया जाएगा, जिसके तहत 5 वर्ष से कम आयु के प्रत्येक बच्चे को पोलियो ड्रॉप्स पिलाई जाएगी। उन्होंने बताया कि इस बार पूरे जिला में 46,167 बच्चों को पोलियो ड्रॉप्स पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके लिए जिले में 362 बूथ स्थापित किए जाएंगे, जबकि 55 ट्रांजिट प्वाइंट्स पर भी पोलियो ड्रॉप्स पिलाई जाएंगी। इसके अतिरिक्त 22 मोबाइल टीमें भी सक्रिय रहेंगी, जो दूर-दराज और संवेदनशील क्षेत्रों में बच्चों तक पहुंचेंगी।

उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए कि कोई भी बच्चा प्लस पोलियो ड्रॉप्स से वंचित नहीं रहना चाहिए। उन्होंने विशेष रूप से जिले में झुग्गी-झोप?ियों, निर्माण स्थलों, अस्थायी बस्तियों तथा प्रवासी मजदूरों के बीच रहने वाले सभी बच्चों को चिन्हित कर उन्हें पोलियो ड्रॉप्स अवश्य पिलाने को लेकर निर्देश दिए। साथ ही जिला में बच्चों को पिलाई जाने वाले पोलियो ड्रॉप्स का पूर्ण रिकॉर्ड रखने को कहा। उन्होंने सभी विभागों को निर्देश दिए कि वे इस अभियान को सफल बनाने के लिए अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का पूरी निष्ठा से निर्वहन करें, ताकि जिला ऊना को पूरी तरह पोलियो मुक्त बनाए रखा जा सके। महेंद्र पाल गुर्जर ने बताया कि आईएसबीटी ऊना, रेलवे स्टेशन, मुख्य बस अड्डों सहित जिला के अन्य प्रमुख स्थानों पर पोलियो ड्रॉप्स केंद्र स्थापित किए जाएंगे ताकि यात्रा कर रहे बच्चों को भी पोलियो ड्रॉप्स पिलाई जा सके। इस दौरान आंगनवा?ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता तथा स्वास्थ्य विभाग के अन्य कर्मचारी सक्रिय भूमिका निभाएंगे। पोलियों ड्रॉप्स सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक प्रत्येक बूथ पर पिलाई जाएगी। उन्होंने कहा कि किसी कारणवश पोलियो ड्रॉप्स से छूट जाने वाले बच्चों को 22 और 23 दिसंबर को घर-घर जाकर पोलियो ड्रॉप्स पिलाई जाएंगी ताकि कोई भी बच्चा पोलियो ड्रॉप्स से वंचित न रहे।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ऊना डॉ संजीव वर्मा ने बताया कि यह अभियान सरकारी आयुर्वेदिक अस्पताल, आंगनवा?ी केंद्रों, स्कूलों सहित अन्य चिन्हित स्थानों पर भी चलाया जाएगा, जहां आशा कार्यकर्ता, आंगनवा?ी कार्यकर्ता और स्वास्थ्य विभाग का स्टाफ बच्चों को पोलियो ड्रॉप्स पिलाएगा।

एडीसी ने आम जनता से अपील की कि वे इस राष्ट्रीय अभियान में पूरा सहयोग दें और अपने 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों को पोलियो ड्रॉप्स अवश्य पिलवाएं, ताकि भविष्य की पी?ी को पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखा जा सके। बैठक में जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुखदीप सिंह सिधू, आईसीडीएस डीपीओ नरेंद्र कुमार, जिला श्रम अधिकारी अक्षय शर्मा, डीएसपी पदम श्री अजय ठाकुर जिला आयुर्वेदिक अधिकारी किरण शर्मा स्वास्थ्य विभाग से गोपाल कृष्ण और संबंधित विभागों के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



## डीसी कुल्लू ने किया चाइल्ड केयर इंस्टीट्यूट कलैहली का निरीक्षण

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

**कुल्लू 17 दिसंबर।** उपायुक्त कुल्लू, तोरुल एस. रवीश ने बुधवार को चाइल्ड केयर इंस्टीट्यूट (सीसीआई) कलैहली का दौरा कर संस्थान में बच्चों को प्रदान की जा रही सुविधाओं की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने बच्चों के रहन-सहन, सुरक्षा एवं सुविधाओं से संबंधित विभिन्न व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर संबंधित विभाग को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

उपायुक्त ने संस्थान की लाइब्रेरी, आवासीय कमरों, रसोईघर, शौचालय, स्नानगृह सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण किया तथा आवश्यक सुधार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।इसके उपरांत उपायुक्त ने बिहाली स्थित निर्माणाधीन चाइल्ड केयर इंस्टीट्यूट भवन के कार्यों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्यों में गुणवत्ता एवं समयबद्धता सुनिश्चित करते हुए आगामी सत्र से संस्थान को आरंभ करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत शौचालय निर्माण तथा बच्चों के लिए बेहतर एवं आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करवाने के भी निर्देश संबंधित विभाग को दिए।

## पीएनबी आरसेटी में कंप्यूटर आधारित बुक-कीपिंग कोर्स शुरू

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा



**ऊना।** पीएनबी आरसेटी ऊना में ग्रामीण युवाओं को स्वरोजगार के लिए सक्षम बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण पहल करते हुए कंप्यूटर आधारित बुक-कीपिंग कोर्स का नया प्रशिक्षण बैच शुरू किया गया। इस अवसर पर निदेशक पीएनबी आरसेटी ऊना सुधीर कुमार शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि पीएनबी आरसेटी ऊना जिले का एकमात्र ऐसा प्रशिक्षण संस्थान है, जो ग्रामीण विकास मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के तहत तथा हिमाचल प्रदेश राज्य सरकार के साथ समन्वय में कार्य कर रहा है।

उन्होंने बताया कि संस्थान का मुख्य उद्देश्य जिले में बेरोजगारी की समस्या को कम करना तथा ग्रामीण युवाओं को स्वरोजगार के लिए आवश्यक कौशल और ज्ञान प्रदान करना है। इसके अंतर्गत लघु अवधि के प्रशिक्षण पाठ्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जिनमें एक सफल उद्यमी बनने के लिए बैंकिंग ज्ञान, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी, बाजार सर्वेक्षण तथा एसडब्ल्यूओटी विश्लेषण जैसी महत्वपूर्ण तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जाता है।

निदेशक ने बताया कि आज(बुधवार) को एलडीएम ऊना संजीव सक्सेना की उपस्थिति में 38 दिवसीय बुक-कीपिंग (कंप्यूटर कोर्स) प्रशिक्षण बैच का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्राज डोगरा (एफएलसी) तथा आकाश भारद्वाज, सीनियर फैकल्टी उपस्थित रहे, जिन्होंने प्रतिभागियों को स्वरोजगार आरंभ करने हेतु बैंकिंग सेवाओं और वित्तीय सहयोग से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी।

यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 18 से 50 वर्ष की आयु के ग्रामीण युवाओं के लिए आयोजित किया जाता है, ताकि वे स्वयं का व्यवसाय शुरू कर सकें। पीएनबी आरसेटी ऊना द्वारा प्रशिक्षण पूर्ण करने के उपरांत प्रतिभागियों को अगले दो वर्षों तक निरंतर सहयोग प्रदान किया जाता है, जिसमें कम ब्याज दर पर बैंकों से ऋष्ा (क्रेडिट लिंकेज) प्राप्त करने के लिए मार्गदर्शन भी शामिल है।

निदेशक ने बताया कि इस प्रकार के सभी प्रशिक्षण पाठ्यक्रम पूरी तरह निःशुल्क होते हैं। संस्थान में आयोजित घरेलू प्रशिक्षण के दौरान आवास एवं भोजन की सुविधा भी निःशुल्क प्रदान की जाती है, जबकि ऑफ-साइट प्रशिक्षण के लिए डे-बोर्डिंग की सुविधा उपलब्ध करवाई जाती है। सफल प्रशिक्षणार्थियों को सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त प्रमाण पत्र भी प्रदान किया जाता है।

उन्होंने कहा कि पीएनबी आरसेटी ऊना से प्रशिक्षण प्राप्त कर कई युवा अपना स्वयं का व्यवसाय स्थापित कर चुके हैं और आज वे न केवल आत्मनिर्भर बने हैं, बल्कि दूसरों को रोजगार प्रदान कर समाज के लिए प्रेरणास्रोत भी बन रहे हैं।

## लारजी–बिहाली मार्ग पर यातायात का डायवर्जन

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

**कुल्लू 17 दिसंबर।** लारजीङ्कसैंज मार्ग पर चल रहे मरम्मत एवं पुनर्स्थापन कार्य के दृष्टिगत आमजन की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन कुल्लू द्वारा यातायात व्यवस्था में अस्थायी परिवर्तन किया गया है।

उप-मंडलाधिकारी (ना.) बंजार की रिपोर्ट के अनुसार 4 दिसंबर, 2025 को पुलिस विभाग, एनएच-एचपीपीडब्ल्यूडी, राजस्व विभाग तथा एनएचपीसी पार्बती-III पावर स्टेशन के अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में यह पाया गया कि लारजीङ्कसैंज सड़क की वर्तमान स्थिति सुचारू एवं सुरक्षित यातायात के लिए उपयुक्त नहीं है। सड़क की खराब स्थिति से आम जनता की सुरक्षा को खतरा हो सकता है।

इसी के मद्देनज़र उपायुक्त कुल्लू तोरुल एस. रवीश, ने मोटर वाहन अधिनियम, के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए आदेश जारी किए हैं कि लारजी से बिहाली खंड पर सैंज नदी के बाएं तट (लेफ्ट बैंक) मार्ग से सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही को मरम्मत एवं पुनर्स्थापन कार्य पूर्ण होने तक सैंज नदी के दाएं तट (राइट बैंक) मार्ग की ओर डायवर्ट किया जाएगा। यह आदेश आपातकालीन वाहनों पर लागू नहीं होगा।

आदेश के अनुसार एनएच-एचपीपीडब्ल्यूडी बंजार के अधिशासी अभियंता को आम जनता की जानकारी हेतु आवश्यक सूचना पट्ट एवं साइन बोर्ड स्थापित करने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस अधीक्षक कुल्लू को प्रभावी ट्रैफिक प्रबंधन एवं आदेशों के सख्ती से क्रियान्वयन हेतु पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित करने को कहा गया है।

## ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त बनाने को लेकर आरएच ऊना में प्रशिक्षण शिविर आयोजित

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा



**ऊना।** क्षेत्रीय अस्पताल (आरएच) ऊना के सभागार में आज (बुधवार) को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजीव वर्मा की अध्यक्षता में ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त ग्राम बनाने के उद्देश्य से एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य पंचायत स्तर पर क्षय रोग की पहचान, उपचार और उन्मूलन की प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी बनाना रहा।

डॉ. संजीव वर्मा ने प्रशिक्षण के दौरान बताया कि टीबी मुक्त ग्राम पंचायत के लिए निर्धारित मापदंडों के अनुसार प्रत्येक पंचायत में एक हजार जनसंख्या पर संभावित टीबी रोग की जांच दर 30 से अधिक होनी चाहिए, जबकि एक हजार जनसंख्या पर टीबी रोगियों की संख्या एक या उससे कम होना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि पंचायत में कुल टीबी रोगियों में से कम से कम 85 प्रतिशत रोगियों का उपचार सफलतापूर्वक पूरा होना चाहिए।

उन्होंने यह भी जानकारी दी कि बलगम जांच में टीबी पॉजिटिव पाए गए सभी रोगियों में से कम से कम 60 प्रतिशत रोगियों की यूडीएसटी जांच सुनिश्चित की जानी चाहिए। साथ ही, ग्राम पंचायत में उपचार ले रहे सभी टीबी रोगियों को निक्षय पोषण योजना के अंतर्गत कम से कम एक किस्त प्राप्त होनी चाहिए तथा सहमति देने वाले सभी टीबी रोगियों को निक्षय मित्रों के माध्यम से पोषण सहायता उपलब्ध करवाई जानी चाहिए।

डॉ. वर्मा ने बताया कि जिला ऊना की सभी 245 पंचायतों में क्षय रोग के मापदंडों के अनुसार संभावित रोगियों की जांच का लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया है। इसके आधार पर जिले की लगभग 190 पंचायतों को क्षय रोग उन्मूलन के लिए चयनित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान के तहत प्रत्येक खंड स्तर पर आशा कार्यकर्ताओं को समय-समय पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है, ताकि क्षय रोग पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित किया जा सके।

इस अवसर पर चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संजय मंकोटिया, डॉ. सुखदीप सिंह सिधू, डॉ. विशाल ठाकुर, खंड चिकित्सा अधिकारी थानाकलां डॉ. नरेश शर्मा, गगरेट से डॉ. पंकज प्राशर, हरोली से डॉ. शिगारा, गुलशन शर्मा, संदीप धीर, राकेश कुमार, ऋष्ु शर्मा, रीता देवी, कल्पना शर्मा, धर्म पाल सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### 18 दिसम्बर को विद्युत आपूर्ति बाधित

**नालागढ़ (पवन कौशल)।** हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड बद्दी से प्राप्त जानकारी के अनुसार आवश्यक रखरखाव के दृष्टिगत 18 दिसम्बर, 2025 को विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी वरिष्ठ अधिशाषी अभियंता बद्दी दीपक वर्मा ने दी। दीपक वर्मा ने कहा कि 18 दिसम्बर, 2025 को प्रातः 09.00 बजे से सांय 05.00 बजे तक मलपुर, संधौली, पुलिस थाना बद्दी, भूड़ बस अड्डा, उपरला भूड़, तहसील कार्यालय बद्दी, बद्दी अस्पताल, बद्दी वार्ड नम्बर 01, शीतलपुर तथा इन क्षेत्रों की औद्योगिक इकाइयों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों के लोगों से सहयोग की अपील की है।

### मनाली घूमने आई पश्चिम बंगाल की 61 वर्षीय पर्यटक की मौत

**कुल्लू 17 दिसंबर (अशेष शर्मा)।** मनाली घूमने आई पश्चिम बंगाल की 61 वर्षीय पर्यटक की मौत हो गई है। तबीयत बिगड़ने के बाद उसे उपचार के लिए सिविल अस्पताल मनाली में लाया गया था। जानकारी के मुताबिक महिला मोनिका बाइन पत्नी रंजीत बाइन निवासी देवोग्राम, थाना गगनापुर, तहसील रानाघाट, जिला नदिया, पश्चिम बंगाल अपने बेटे मोनूजीत बाइन, बहू बिदिशा बाइन और पोते मेथ्यू के साथ 14 दिसंबर को मनाली घूमने आई थी। यह सभी अलेउ के एक होटल में रूके। आधी रात बुजुर्ग महिला की तबीयत बिगड़ गई, इसके बाद वह दवाई खाकर सो गई। कुछ समय बाद परिजन उसे सिविल अस्पताल मनाली में लाए, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित किया। इस संबंध में एसपी मदन लाल कौशल ने कहा कि परिजनों ने बुजुर्ग महिला की मौत पर किसी तरह का संदेह नहीं जताया है। वहीं परिजनों के मुताबिक वे बड़े उत्साह के साथ खूबसूरत वादियों के नजारे देखने और यहां के मौसम का लुत्फ उठाने आए थे, लेकिन उन्हें नहीं मालूम था कि उनकी ये खुशियां मातम में बदल जाएंगी।

## संघोई, घुमारों व मांगू गांव के प्रभावितों को निर्धारित समयावधि में प्रतिबद्ध देनदारियां प्रदान करने के निर्देश : निशांत तोमर

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर



**सोलन।** उपमण्डलाधिकारी अर्की निशांत तोमर ने कहा कि अम्बुजा सीमेंट कम्पनी दा?लाघाट को निर्देश दिए गए हैं कि उपमण्डल के संघोई, घुमारों व मांगू गांव के प्रभावितों को पुनर्वास एवं पुर्नस्थापन समझौते के तहत प्रतिबद्ध देनदारियां निर्धारित समयावधि में प्रदान की जाएं।

उपमण्डलाधिकारी गत सांय इन गांव के प्रभावितों के साथ आयोजित एक बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में अम्बुजा सीमेंट कम्पनी के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

निशांत तोमर ने कहा कि बैठक में कम्पनी के प्रतिनिधियों ने आश्वस्त किया कि प्रतिबद्ध देनदारियां शीघ्र प्रदान की जाएंगी। उन्होंने इन गांवों के ऐसे प्रभावितों की सूची उपलब्ध करवाने का आग्रह किया जिन्हें अभी तक प्रतिबद्ध देनदारियां नहीं दी गई हैं।

उपमण्डलाधिकारी ने बैठक में नायब तहसीलदार दा?लाघाट को निर्देश दिए कि ऐसे प्रभावितों की सूची तैयार की जाए जिनके घर व भूमि अधिग्रहित हुई है और जिन्हें अभी तक प्रतिबद्ध मुआव?ा प्राप्त नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि यह सूची कम्पनी को दी जाएगी ताकि इस पर शीघ्र कार्यवाही की जा सके।

बैठक में एक समिति गठित करने का निर्णय भी लिया गया। यह समिति अम्बुजा सीमेंट दा?लाघाट द्वारा की जा रही ब्लास्टिंग के कारण प्रभावितों को होने वाले नुकसान की समीक्षा करेगी। समिति में राजस्व, लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों सहित सम्बन्धित ग्राम पंचायतों के प्रधान एवं वार्ड सदस्य सम्मिलित होंगे।

निशांत तोमर ने कहा कि बैठक में प्रभावित गांव के ग्रामीणों ने सम्पर्क मार्ग के कार्य को शीघ्र पूरा करने की मांग की। उन्होंने कहा कि अम्बुजा सीमेंट कम्पनी के प्रतिनिधियों ने इस सम्बन्ध में शीघ्र कार्यवाही का आश्वासन दिया।

उन्होंने कहा कि सम्बन्धित ग्राम पंचायतों के प्रभावितों द्वारा अवगत करवाया गया कि सम्पर्क मार्ग की उचित देख-रेख एवं मुरम्मत न होने के कारण बारिश के समय पानी खेत व घरों में नुकसान पहुंचा रहा है। इस सम्पर्क मार्ग की मुरम्मत एवं देख-रेख का उत्तरदायित्व कम्पनी का है।

उपमण्डलाधिकारी ने इस सम्बन्ध में कम्पनी प्रतिनिधियों को शीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कम्पनी द्वारा इस समस्या का शीघ्र निदान करने का आश्वासन दिया गया है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में ब्लास्टिंग के कारण धूल इत्यादि से होने वाले प्रदूषण से बचाव के लिए कम्पनी को नियमित जल छि?काव के निर्देश भी दिए गए हैं।

## कुल्लू में पल्स पोलियो अभियान की तैयारियों के लिए जिला टास्क फोर्स की बैठक संपन्न

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

**कुल्लू 17 दिसंबर।** उपायुक्त तोरुल एस रवीश की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में 21 दिसंबर 2025 को आयोजित होने वाले राउंड, नियमित टीकाकरण और खसरा-रुबेला उन्मूलन की तैयारियों कि समीक्षा की गई।

बैठक में आगामी अभियान की रूपरेखा पर चर्चा करते हुए जानकारी दी गई कि आगामी 21 दिसंबर को कुल्लू जिले के विभिन्न क्षेत्रों (आनी, बंजार, जरी, नग्गर, निरमंड और कुल्लू शहरी) में 5 वर्ष से कम आयु के कुल 30,183 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए विभाग ने 43,100 ओरल पोलियो वैक्सीन खुराक और 2,155 वायल की व्यवस्था सुनिश्चित कर ली गई है। व्यापक जनशक्ति और माइक्रो-प्लानिंग अभियान को सफल बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने विस्तृत मैनपावर प्लानिंग तैयार की है।

बैठक में जानकारी दी गई जिले भर में कुल 402 बूथ स्थापित किए जाएंगे। बूथ अभियान के बाद, टीमों द्वारा कुल 97,745 घरों का दौरा किया जाएगा ताकि कोई भी बच्चा छूट न जाए। इसके लिए 803 टीमें तैनात की गई हैं। बस अड्डों और सार्वजनिक स्थानों के लिए 10 ट्रांजिट पॉइंट बनाए गए हैं। साथ ही, दुर्गम क्षेत्रों के लिए 4 मोबाइल टीमें गठित की गई हैं पूरे अभियान की निगरानी के लिए 94 सुपरवाइजर नियुक्त किए गए हैं। कोल्ड चेन और लॉजिस्टिक्स की तैयारी के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि वैक्सीन की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए कोल्ड चेन का पुख्ता इंतजाम किया गया है। जिले में 27 और 26 डीप फ्रीजर पूरी तरह कार्यशील हैं। इसके अतिरिक्त, वैक्सीन को बूथों तक पहुँचाने के लिए 738 वैक्सीन करियर और पर्याप्त संख्या में आइस पैक्स की व्यवस्था की गई है। जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ऊषा ठाकुर ने बताया कि फरवरी 2024 के पिछले राउंड में जिले ने 33,138 बच्चों को कवर कर शानदार उपलब्धि हासिल की थी। उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों, स्वयंसेवकों और अन्य हितधारकों से इस बार भी उसी समर्पण के साथ काम करने का आह्वान किया। बैठक में वैक्सीन प्रिवेंटेबल डिजीज सर्विलांस और खसरा-रुबेला उन्मूलन की वर्तमान स्थिति पर भी चर्चा की गई।

## पाइनग्रोव स्कूल सुबाथू में साइबर सुरक्षा एवं संरक्षा पर क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर



**सोलन।** पाइनग्रोव स्कूल सुबाथू में साइबर सुरक्षा एवं संरक्षा पर एक ज्ञानवर्धक क्षमता निर्माण कार्यक्रम (सीबीपी) का आयोजन किया, जिसका उद्देश्य शिक्षकों को सुरक्षित और जिम्मेदार डिजिटल शिक्षण वातावरण सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य साइबर खतरों के बारे में जागरूकता को बढ़ाना, इसके साथ-साथ जिम्मेदार डिजिटल नागरिकता के महत्व और प्रभावी सुरक्षा उपायों को अपनाने पर जोर देना था, जिसमें मजबूत पासवर्ड प्रबंधन और डेटा सुरक्षा शामिल हैं।

सत्रों का संचालन श्री पंकज धतवालिया ने किया, जिनकी विशेषज्ञता और व्यावहारिक दृष्टिकोण ने चर्चाओं को आकर्षक, प्रासंगिक और अत्यंत ज्ञानवर्धक बनाया। उनके वास्तविक जीवन के उदाहरणों और संवादात्मक स्पष्टीकरणों ने प्रतिभागियों को उभरते साइबर जोखिमों और विद्यालयीय परिवेश में उनसे प्रभावी ढंग से निपटने की रणनीतियों को बेहतर ढंग से समझने में सक्षम बनाया। कार्यक्रम में सुबाथू स्थित पाइनग्रोव स्कूल, धरमपुर स्थित पाइनग्रोव स्कूल और कुठार स्थित टैगोर वनस्थली पब्लिक स्कूल के पंकज शर्मा, गुरप्रीत सिंह, दिगंबर भट्ट, अजेश राणा, ट्विंकल, पंकज वर्मा, प्रियंका, अनीता शर्मा, सलोनी , तरविंद्र कौर, उदय कटोच, वेणी नेगी, वर्षा लिहांतु, अरित्रा, मीनू बरार, बिंदेश्वरी, संदीप, मोनिका, जतिन कश्यप और देवेंद्रा गुमरा 37 शिक्षकों ने भाग लिया।

बैठक — अनुराधा राणा ने जायका फसल विविधीकरण परियोजना की अध्यक्षता की

## आधुनिक, टिकाऊ एवं पर्यावरण अनुकूल कृषि को बल मिलेगा : विधायक

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा



**केलांग (कुल्लू) 17 दिसंबर।** लाहौल एवं स्पीति विधायक अनुराधा राणा ने जापान इंटरनेशनल कोऑपरेशन एजेंसी (जायका) के सहयोग से हिमाचल प्रदेश में चल रही फसल विविधीकरण प्रोत्साहन परियोजना (चरण-II) की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। इस दौरान परियोजना की गतिविधियों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई।

खंड परियोजना प्रबंधक डॉ. जयंत रत्ना ने विधायक को अवगत कराया कि परियोजना का मुख्य उद्देश्य किसानों की आय दोगुनी करते हुए उच्च मूल्य वाली सब्जियों एवं लाभकारी फसलों को बढ़ावा देना है। इसमें सिंचाई सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण, खेतों तक सड़कों का निर्माण, मांग आधारित विपणन, किसान समूहों एवं एफपीओ का गठन तथा डेयरी, मधुमक्खी पालन, मशरूम, विदेशी सब्जियां जैसे उद्यमों को प्रोत्साहन शामिल है।

अनुराधा राणा को बताया गया कि परियोजना प्राकृतिक खेती एवं खुशहाल किसान योजना से समन्वित होकर रसायन रहित खेती को बढ़ावा दे रही है। किसानों को प्रशिक्षण, तकनीकी सहायता, गुणवत्तापूर्ण बीज-पौध उपलब्ध कराए जा रहे हैं। हिम हल्दी, हिम दलिया, हिम आटा जैसे उत्पादों की पैकेजिंग, ब्रांडिंग एवं विपणन पर जोर दिया जा रहा है, जिससे बेहतर मूल्य सुनिश्चित हो। लाहौल-स्पीति क्षेत्र में जल बहाव सिंचाई योजनाएं तेजी से बन रही हैं, जिनसे सैकड़ों हेक्टेयर भूमि पर उच्च मूल्य फसलें उगाई जा सकेंगी।

बैठक में विधायक को जानकारी दी गई कि प्रशिक्षण शिविरों, प्रदर्शन प्लॉटों एवं परामर्श के माध्यम से 700 से अधिक किसान परिवार लाभान्वित होंगे, जिससे लाहौल घाटी की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी तथा युवाओं को कृषि-आधारित रोजगार मिलेगा।

विधायक अनुराधा राणा ने परियोजना प्रबंधन की सराहना करते हुए कहा, फसल विविधीकरण से किसानों की आय बढ़ेगी तथा क्षेत्र में आधुनिक, टिकाऊ एवं पर्यावरण अनुकूल कृषि को बल मिलेगा।÷ उन्होंने लाहौल-स्पीति के किसानों के कल्याण हेतु पूर्ण समर्थन एवं निरंतर समन्वय का आश्वासन दिया।

# पानी को व्यर्थ बहाने वालों पर होगी कार्रवाई : डीसी डा. वशिष्ठ

## राष्ट्रीय जलभूत मानचित्रण, उसकी प्रबंधन योजना एवं आंकड़ा प्रसार पर लघु सचिवालय में कार्यशाला का आयोजन

उपायुक्त ने हथीन खंड की शोध पुस्तिका का विमोचन करते हुए दिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ



**पलवल।** उपायुक्त डा. हरीश कुमार वशिष्ठ ने केंद्रीय भूमि जल बोर्ड से पलवल में टीडीएस तथा हथीन में जलभराव की स्थिति में सुधार के लिए विशेष रूप से सहयोग की अपील की। वे मंगलवार को लघु सचिवालय में आयोजित कार्यशाला की अध्यक्षता कर रहे थे, जिसका विषय राष्ट्रीय जलभूत मानचित्रण, उसकी प्रबंधन योजना एवं आंकड़ा प्रसार रहा।

भारत सरकार के जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग एवं जल शक्ति मंत्रालय के संयोजन में केंद्रीय भूमि जल बोर्ड उत्तर पश्चिमी क्षेत्र चंडीगढ़ के तत्वावधान में कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता कर रहे उपायुक्त डा. हरीश कुमार वशिष्ठ ने भूजल स्तर को ऊंचा उठाने पर विशेष रूप से बल दिया। भूजल संसाधनों के सतत प्रबंधन के उद्देश्य से आयोजित कार्यशाला में उन्होंने पलवल की स्थिति का गंभीरता से आकलन किया। उन्होंने कहा कि यहां पानी में टीडीएस की मात्रा अधिक मिलती है, जिसे कम करने के लिए जरूरी उपाय किये जायें। साथ ही हथीन में हजारों एकड़ भूमि में जलभराव की स्थिति रहती है, जिसकी निकासी की उचित व्यवस्था व स्थाई समाधान करवाया जाए। इसके लिए करोड़ों रुपये की प्रस्तावित परियोजना भी तैयार की गई है। इस दिशा में केंद्रीय भूमि जल बोर्ड उत्तर पश्चिमी क्षेत्र से विशेष सहयोग अपेक्षित है।

उपायुक्त डा. वशिष्ठ ने कहा कि उन्हें जलस्तर की पूर्ण रिपोर्ट प्रेषित करें। कहां जल स्तर में गिरावट दर्ज की गई है और कहां वृद्धि हुई है। इसके कारणों के साथ रिपोर्ट दें ताकि उचित कदम उठाये जायें। साथ ही उन्होंने व्यर्थ जल दोहन पर भी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण सबका संयुक्त दायित्व है। जल के महत्व को गंभीरता से समझने की आवश्यकता है। व्यर्थ में जल की बर्बादी नहीं करनी चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में जल की व्यर्थ बर्बादी करने वालों के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए। पानी की पाइप से गाडि?ों को लंबे समय तक साफ करके पानी की बर्बादी नहीं करनी चाहिए। नल को खुला नहीं छोड़ना चाहिए। छोटे-छोटे प्रयासों से ही हम जल संरक्षण को मजबूती दे सकते हैं। इस दौरान उपायुक्त डा. हरीश कुमार वशिष्ठ ने जल शक्ति मंत्रालय एवं केंद्रीय भूमि जल बोर्ड उत्तर पश्चिमी क्षेत्र के संयोजन में हथीन खंड की शोध पुस्तिका का भी लोकार्पण किया। इनसे पहले क्षेत्रीय निदेशक निधिश वर्मा ने विस्तार से संबंधित विषय पर चर्चा की।

कार्यशाला की शुरुआत में निधिश कुमार क्षेत्रीय निदेशक केंद्रीय भूजल बोर्ड (सीजीडब्ल्यूबी) ने राष्ट्रीय जलभृत मानचित्रण एवं प्रबंधन कार्यक्रम के उद्देश्यों एवं अपेक्षित परिणामों पर प्रकाश डाला।

### एनएक्यूयूआईएम अध्ययनों पर दी विस्तृत प्रस्तुति

तकनीकी सत्रों के दौरान सीजीडब्ल्यूबी के वरिष्ठ वैज्ञानिक विद्यानंद नेगी ने पलवल जिला में किए गए एनएक्यूयूआईएम अध्ययनों पर विस्तृत प्रस्तुति दी। उन्होंने विभिन्न जलभृतों की विशेषताओं तथा हथीन खंड के लिए प्रस्तावित भूजल पुनर्भरण योजना के प्रमुख बिंदुओं को रेखांकित किया। इसके पश्चात सीजीडब्ल्यूबी भूभौतिकीविद् डॉ. मयंक दीक्षित ने डेटा प्रसार विषय पर प्रस्तुति दी, जिसमें उन्होंने सीजीडब्ल्यूबी की वेबसाइट एवं आईएनजीआरईएस पोर्टल के माध्यम से भूजल से संबंधित डेटा एवं रिपोर्टों तक पहुंचने और उन्हें डाउनलोड करने की प्रक्रिया को विस्तार से समझाया, जिससे योजनाओं के निर्माण एवं क्रियान्वयन में वैज्ञानिक सूचनाओं का व्यापक उपयोग हो सके। कार्यशाला में सिंचाई विभाग, कृषि विभाग, ग्राउंड वाटर सेल, लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग तथा उपायुक्त कार्यालय के अधिकारियों ने भाग लिया और जलभृत प्रबंधन रणनीतियों, विभागीय योजनाओं के अभिसरण तथा भूजल संसाधनों के सतत उपयोग पर विचार-विमर्श किया। कार्यशाला के उपरांत सीजीडब्ल्यूबी एवं सिंचाई विभाग के अधिकारियों द्वारा हथीन खंड के जलभराव प्रभावित स्थलों का संयुक्त क्षेत्रीय निरीक्षण किया गया, जिसमें वास्तविक परिस्थितियों का आकलन कर तकनीकी रूप से व्यवहार्य समाधान तलाशे गए। कार्यशाला का समापन इस संकल्प के साथ हुआ कि वैज्ञानिक विचार-विमर्श, हितधारकों के सुझावों तथा क्षेत्रीय निरीक्षणों के निष्कर्षों को कार्यान्वयन योग्य कार्य योजनाओं में परिवर्तित कर पलवल जिले में दीर्घकालिक भूजल सुरक्षा एवं सतत विकास सुनिश्चित किया जाएगा।

# गुंडा तत्वों पर कार्रवाई करने में बीजेपी सरकार विफल : दुष्यंत

अर्थ प्रकाश/सुकरमपाल



**चंडीगढ़, 17 दिसंबर।** हरियाणा के पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने एक बार फिर प्रदेश की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। दुष्यंत चौटाला ने एक ट्वीट के जरिए रोहतक की महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी में बुधवार को हुए झगड़े की वीडियो शेयर करते हुए प्रदेश सरकार से पूछा कि क्या ये है प्रदेश की कानून व्यवस्था ? उन्होंने कहा कि हमला करने के इरादे से आए बदमाश यूनिवर्सिटी में बुलेटप्रूफ गाड़ी लेकर घुसे हैं, इस पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी क्या जवाब देंगे ?

दुष्यंत चौटाला ने आगे कहा कि अगर सरकार को कार्रवाई करनी है तो पहले बुलेटप्रूफ गाड़ियां लेकर चलने वाले गुंडा तत्वों पर कार्रवाई करें। पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने कहा कि आज प्रदेश की खराब कानून व्यवस्था किसी से छुपी हुई नहीं है। उन्होंने कहा कि आए दिन हो रही लूट, डकैती, हत्या अपहरण जैसी वारदातों से दहल रहे हरियाणा में अब शिक्षा के मंदिर तक सुरक्षित नहीं है। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि एमडीयू में दिनदहाड़े पथराव और लाठियां चली, यहां तक कि एक बुलेटप्रूफ गाड़ी ने युवकों को टक्कर मारी है। उन्होंने कहा कि इन गुंडा तत्वों को वहां रोकने वाला कोई नहीं है।

दुष्यंत ने कहा कि ये खौफनाक दृश्य दर्शाते है कि प्रदेश में कानून नाम की कोई चीज नहीं है और आज गुंडा तत्वों में पुलिस का कोई खौफ नहीं है। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि प्रदेश में असुरक्षा का माहौल है और लंबे समय से हम निरंतर ये ही मांग कर रहे हैं कि हरियाणा में गृह विभाग का जिम्मा संभाल रहे सीएम नायब सैनी कोई सख्त कदम उठाएँ, लेकिन अब तक कोई मजबूत कदम न उठाने की वजह से हरियाणा की कानून व्यवस्था चरमराई हुई है।

## 19 से 21 तक आयोजित होंगी खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताएं

**फतेहाबाद, 17 दिसंबर।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, जिसमे खंड रतिया के गांव रत्ता खेड़ा में 19 व 20 दिसंबर को आयोजित की जाएगी। इस प्रतियोगिता में खंड रतिया एवं भूना के लड?ं व लड़कियां भाग ले सकेंगे। इसी प्रकार से खंड टोहाना के गांव माधुवाला में 20 एवं 21 दिसंबर को खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

जिला युवा अधिकारी पूनम कुमारी ने बताया कि कि इस प्रतियोगिता में 15 से 29 वर्ष की आयु वाले लड?ं व लड़कियां भाग ले सकते हैं। इस प्रतियोगिता में लड?ों के लिए 800 मीटर दौड़, वॉलीबॉल मैच व लंबी कूद और लड़कियों के लिए खो-खो, 400 मीटर दौड़ व लंबी कूद का आयोजन किया जाएगा।

# प्रदेश में 4000 नए राशन डिपो आवंटित होंगे : राजेश नागर

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ



**फरीदाबाद।** हरियाणा सरकार में खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री राजेश नागर ने आज चंडीगढ़ में विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की और उन्हें समय पर अनाज आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ जनता को समय पर और पूरा मिले, इसका ख्याल रखा जाए। मंत्री राजेश नागर ने बताया कि प्रदेश में जल्द ही 4000 नए राशन डिपो का आवंटन होगा, जिससे लोगों को राशन समय पर वितरित करने में और मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था को जल्द संपन्न किया जाएगा। इसकी तैयारियां अंतिम चरण में हैं। इसके लिए लोगों से आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाएंगे और योग्य लोगों को विभागीय जांच के बाद डिपो आमंत्रित कर दिए जाएंगे। मंत्री राजेश नागर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह राशन को समय पर डिपो तक पहुंचाने और उसके वितरण को सुनिश्चित करें। इसके लिए सभी जिलों पर तैनात खाद्य आपूर्ति नियंत्रकों को स्वयं डिपो की जांच करने के निर्देश दिए।

मंत्री ने यह भी कहा कि जो डिपो धारक सही काम नहीं कर रहे हैं, उनके डिपो की भी जांच की जाए। नागर ने कहा कि हमारा एक ही ध्येय होना चाहिए की सभी योग्य लोगों तक सही समय पर और पूरा राशन पहुंच जाए।

इस अवसर पर खाद्य आपूर्ति विभाग के एसीएस डी सुरेश, निर्देशक अंशज सिंह सहित अन्य अधिकारी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# श्री रामसुखदास महाराज के सानिध्य में गुरु का लंगर हेतु शेड एवं प्याऊ का उद्घाटन

अर्थ प्रकाश/सुकरमपाल



**रोहतक, 17 दिसंबर दिसंबर।** मानव सेवा संस्था सती भाई साई दास सेवादल द्वारा आयोजित सिविल सर्जन आफिस के पास, मैडिकल में परम पूज्य गद्दीनशीन महंत श्री रामसुखदास महाराज के पावन सानिध्य में गुरु का लंगर हेतु शेड एवं प्याऊ का साधु संतों की छत्र छाया व शहर के गणमान्य व्यक्तियों व श्रद्धालुओं की उपस्थित में उद्घाटन किया। इस अवसर पर काफी संख्या में सेवादल के भक्त मौजूद थे। इसमें महिलाएं भी काफी संख्या में शामिल थी।

मीडिया प्रभारी राजीव जैन ने बताया मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री भाजपा उपाध्यक्ष हरियाणा मनीष ग्रोवर एवं एम डी एलपीएस बोसार्ड समाजसेवी एवं उद्योगपति राजेश जैन, वाईस चांसलर पी.टी.बी.डी शर्मा यू.एम.एस. रोहतक डा. एच.के. अग्रवाल,सी.एम.ओ. रोहतक रमेश चन्द्र, होली हार्ट हास्पीटल से डा. कर्ण भुटानी, समाज सेवी सतीश मलिक, जोहन वैसले स्कूल के डायरेक्टर सुरेन्द्र मलिक, प्रधान नरेशानंद, सानिध्य सेवा दल के संरक्षक महंत श्री रामसुखदास गद्दी नशीन कलानौर ने पहले पंडित जी के द्वारा प्याऊ पर पूजा अर्चना की और रिबन खोलकर प्याउ का उद्घाटन किया और पानी पीकर मैडिकल में आने जाने वालों के लिए समर्पित किया। तत्पश्चात शैड पर बने प्रवेश द्वार का रिबन खोलकर उद्घाटन किया और सैक?ों की संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं को मुख्य अतिथियों के द्वारा अपने हाथ से लंगर वितरित किया गया। प्रतिदिन गुरु का लंगर दोपहर 12 बजे व सांय 6 बजे लगाया जाता है। शैड काफी ब?ा बनाया गया है इसमें 500 आदमियों के बैठने की व्यवस्था है इसके पूरे फर्श पर संगमरमर का पत्थर लगाया गया और चारों तरफ श्रद्धालुओं के लिए लंगर चखने के लिए पत्थर के लम्बे स्टूल बनाये गये हैं जिसमें बैठकर आराम से श्रद्धालु लंगर चख सके। सभी के लिए वही विशेष अटूट लंगर का आयोजन ककिया। रोहतक जो कि पिछले 28 वर्षो से शहर में विभिन्न आयोजनों व विशेष सेवा कार्यो को निरंतर गति दे रहा है जिसमें पीजीआइएमएस रोहतक वार्ड नंबर 2 के पीछे पिछले कई वर्षो से दोपहर में गुरु के लंगर का आयोजन कर रहा है जिसमें प्रतिदिन 500 से 600 लोगों के लिए भोजन की व्यवस्था की जाती है जो लोग मेडिकल में एडमिट है उनके अटेंडेंस ओपीडी में आए हुए मरीजों के लिए होती है।

इस विशेष अवसर पर प्रवीन मक्क?, गुलशन खुराना, राकेश सिक्का, अशोक बत्तरा, नवीन हुडिया, गौरव सप?ा, रोहित दुआ, कुनाल अरो?ा, विनोद खुराना, जितेन्द्र मक्क?, देवेन्द्र शर्मा, कंवल शाह, प्रदीप शाह, नन्द लाल भुटानी, प्रीत पाल भुटानी, राजीव जैन, सन्नी निझावन, शीतल और शहर के विभिन्न गण मान्य व्यक्तियों ने पहुंच गुरु महाराज जी का आशीर्वाद एवं प्रसाद प्राप्त कर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई सेवा दल के प्रधान श्री नरेश आनंद ने शेड के विशेष योगदान के लिए श्री मनीष ग्रोवर एवं राजेश जैन का आभार व्यक्त किया और उनको सभी अतिथियों को गिफट व प्रसाद देकर सम्मानित किया। सेवा दल के सदस्यों ने आए हुए अतिथियों का फूल मालाओं से स्वागत किया सेवा दल की महिला मंडल का भी इस आयोजन में विशेष योगदान रहा

# सफल आयोजन के पीछे समर्पित टीम का अहम योगदान : वेद

एमएम कॉलेज फतेहाबाद में सांसद खेल महोत्सव को सफल बनाने वाले स्टाफ का सम्मान

अर्थ प्रकाश/आत्मा राम



**फतेहाबाद, 17 दिसंबर।** फतेहाबाद स्थित एमएम कॉलेज में सांसद खेल महोत्सव के भव्य एवं ऐतिहासिक आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले कॉलेज प्रबंधन, शिक्षण, गैर-शिक्षण एवं फोर्थ क्लास कर्मचारियों के सम्मान में एक विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एमएम कॉलेज के प्रिंसिपल सहित समस्त स्टाफ को उनके अतुलनीय योगदान, कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण के लिए सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में सांसद खेल महोत्सव के लोकसभा प्रभारी एवं हरकोफेड के चेयरमैन वेद फुल्लां मुख्य रूप से उपस्थित रहे। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि किसी भी बड़े, ऐतिहासिक और सफल आयोजन के पीछे एक समर्पित टीम का अथक परिश्रम और सामूहिक प्रयास होता है। सांसद खेल महोत्सव के ग्रैंड फिनाले को सफल बनाने में एमएम कॉलेज के फोर्थ क्लास कर्मचारियों से लेकर प्रिंसिपल, शिक्षकों और कॉलेज प्रबंधन तक सभी ने अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का पूरी निष्ठा, लगन और समर्पण के साथ निर्वहन किया।

वेद फुल्लां ने कहा कि खेल मैदान की समुचित व्यवस्था, ग्राउंड मेंटेनेंस, साफ-सफाई, प्रतिभागियों और अतिथियों की सुविधाओं से लेकर आयोजन की हर छोटी-बड़ी व्यवस्था को बेहतरीन ढंग से संभाला गया, जिसके कारण यह आयोजन एक मिसाल बन सका। उन्होंने कहा कि टीमवर्क और अनुशासन के कारण ही इतना विशाल आयोजन सुचारू रूप से संपन्न हो पाया। उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से आज लोकसभा क्षेत्र के अनेक ऐसे साथी इस मंच पर उपस्थित नहीं हो सके, जिन्होंने ब्लॉक स्तर और विधानसभा स्तर पर आयोजित खेल प्रतियोगिताओं को सफल बनाने में दिन-रात मेहनत की। निचले स्तर पर खेलों को मजबूती देने में अनेक ग्राम पंचायतों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों एवं गणमान्य नागरिकों का भी अमूल्य योगदान रहा है। सांसद खेल महोत्सव की पूरी टीम उनके इस सहयोग और समर्पण को कभी भुला नहीं सकती।

# आईएएस अधिकारी सुभीता ढाका ने संभाला एडीसी पलवल का कार्यभार

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ



**पलवल।** 2018 बैच की आईएएस अधिकारी सुभीता ढाका ने बुधवार को अतिरिक्त उपायुक्त (एडीसी) पलवल का कार्यभार संभाल लिया है। कार्यभार संभालने उपरांत उन्होंने उपायुक्त डा. हरीश कुमार वशिष्ठ से शिष्टाचार भेंट कर मार्गदर्शन प्राप्त किया। उपायुक्त ने उनका स्वागत करते हुए बेहतरीन कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दी।

आईएएस अधिकारी सुभीता ढ़ाका ने कार्यभार ग्रहण करने के साथ ही अपने अधीनस्थ कर्मियों से भेंट कर परिचय लिया। उन्होंने कहा कि वे जनता के कार्यों के लिए हैं। आम जनमानस को किसी भी कार्य के लिए कार्यालय का दो बार चक्कर न काटना पड़े, यह सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिकता रहेगी। समयबद्धता के साथ लोगों के कार्यो को पूर्ण कर उनकी समस्याओं का समाधान करवाया जाएगा।

अतिरिक्त उपायुक्त सुभीता ढ़ाका ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों का पूर्ण लाभ जन-जन तक पहुंचाने के लिए सुनियोजित ढंग से कार्य किया जाएगा। साथ ही विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित किया जाएगा कि प्राथमिकता के आधार पर आम जनमानस की समस्याओं का समाधान करें। लोगों की समस्याओं की गंभीरता के साथ सुनवाई करते हुए समयबद्धता के साथ निवारण करवाएं। सुशासन को बढ़ावा देते हुए पूर्ण पारदर्शिता के साथ कार्य करते हुए लोगों की सुनवाई की जाएगी।

# नशा मुक्त हरियाणा व बाल विवाह मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने में अधिक से अधिक करें भागीदारी : गायत्री

सीजेएम गायत्री ने एडीआर सेंटर में फतेहाबाद खंड के सरपंचों, पंचों व ग्राम सचिवों के साथ की बैठक

अर्थ प्रकाश/आत्मा राम




**फतेहाबाद, 17 दिसंबर।** हरियाणा राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण के निर्देश पर जिला फतेहाबाद में नशा मुक्त हरियाणा मिशन व बाल विवाह मुक्त भारत अभियान को गति देने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा 7 दिसंबर से 7 जनवरी 2026 तक चलने वाले इस नशा मुक्त हरियाणा मिशन के तहत जागरूकता अभियान के माध्यम से आमजन विशेष कर युवाओं को नशे के जानलेवा खतरों से दूर रहने के लिए प्रेरित कर रहा है।

अभियान की ओर अधिक गति देने के लिए जिला एडीआर सेंटर में फतेहाबाद खंड के सरपंचों, पंचों व ग्राम सचिवों के साथ बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव गायत्री ने की। उन्होंने बताया कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के अध्यक्ष दीपक अग्रवाल के मार्गदर्शन में इस अभियान का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को नशे के खतरे, इसके दीर्घकालिक दुष्प्रभाव और एनडीपीएस अधिनियम के कानूनी प्रावधानों के बारे में जागरूक करना है। उन्होंने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य नशे की गिरफ्त में आ चुके युवाओं को मुख्य धारा से जोड़ना है। ऐसे में उन्हें जिले में उपलब्ध पुनर्वास सेवाओं के बारे में भी विस्तार से बताया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस व्यापक अभियान का उद्देश्य एक सशक्त जन आंदोलन का रूप देना है। समाज को प्रेरित करने के लिए उन नागरिकों की सकारात्मक कहानियों को लोगों तक पहुंचाया जाएगा जिन्होंने नशा छोड?र एक नया जीवन शुरू किया है। उन्होंने बताया कि गांव से लेकर शिक्षण संस्थानों तक जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण ने अभियान को सफल बनाने के लिए एक विस्तृत कार्यक्रम जारी किया है।

# नेशनल कला उत्सव में हरियाणा का प्रतिनिधित्व करेंगे फतेहाबाद के छात्र

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**फतेहाबाद, 17 दिसंबर।** 20 से 24 दिसंबर तक महाराष्ट्र के पुणे में आयोजित होने जा रहे नेशनल कला उत्सव में राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, फतेहाबाद के छात्र हरियाणा का प्रतिनिधित्व करेंगे। जिले के लिए गर्व का विषय है कि फतेहाबाद जिला के प्रतिभाशाली छात्र राष्ट्रीय मंच पर अपनी कला और प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

विद्यालय से चयनित छात्र कृति, कृष, आजाद सिंह और राकेश कुमार इस प्रतिष्ठित कला उत्सव में भाग लेकर हरियाणा की सांस्कृतिक विरासत, कला एवं रचनात्मक प्रतिभा को राष्ट्रीय स्तर पर प्रस्तुत करेंगे। छात्रों की इस उपलब्धि पर बुधवार को विद्यालय परिसर में एक स्पेशल असेंबली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी विजय कुमार ने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ऐसे मंच विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने छात्रों को आत्मविश्वास के साथ श्रेष्ठ प्रदर्शन करने और हरियाणा का नाम रोशन करने के लिए शुभकामनाएं दीं। प्राचार्य हरमिंदर ने छात्रों को केस अवार्ड देते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और विद्यालय के सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण का परिणाम है। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, समर्पण और रचनात्मकता के साथ प्रतिभा प्रस्तुत करने के लिए प्रेरित किया।

प्रतियोगिता

## राजकीय स्कूल मताना में वीर साहिबजादों की शहादत पर सैंड आर्ट शो आयोजित

# सैंड आर्ट कलाकारों ने स्क्रीन पर चार साहिबजादों की शहादत का दृश्य उकेरा

अर्थ प्रकाश/आत्मा राम



**फतेहाबाद, 17 दिसंबर।** हरियाणा सरकार द्वारा श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के चार साहिबजादों के बलिदान के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से सैंड आर्ट शो व जिला स्तरीय निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित करवाई जा रही है। इसी कड़ी में बुधवार को वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य में स्थानीय राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मताना के परिसर में एनएसबी प्रोडक्शन के कलाकारों ने भव्य सैंड आर्ट शो प्रस्तुत किया, जिसके माध्यम से स्क्रीन पर चार साहिबजादों की शहादत का सजीव चित्रण किया।

वीर बाल दिवस के अवसर पर शिक्षा विभाग तथा हरियाणा कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में सैंड आर्ट शो एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के चार साहिबजादों की अद्वितीय वीरता एवं शहादत से परिचित कराना है।

इस अवसर पर एनएसबी प्रोडेक्शन के कलाकारों मनीषा स्वर्णकार तथा राजेश जोशी की टीम ने सैंड आर्ट के माध्यम से साहिबजादा अजीत सिंह, साहिबजादा जुझार सिंह, साहिबजादा जोरावर सिंह एवं साहिबजादा फतेह सिंह के शौर्य, बलिदान और त्याग के ऐतिहासिक प्रसंगों को अत्यंत प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया।

सैंड आर्ट शो में एनएसबी की कलाकार मनीषा स्वर्णकार ने दसवें गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के चार साहिबजादों के जीवन से जुड़े महत्वपूर्ण घटनाक्रमों को रेत कला के माध्यम से जीवंत किया। इसमें खालसा पंथ की स्थापना के पश्चात मुगल शासकों के साथ संघर्ष, 20 व 21 दिसम्बर 1704 को मुगल सेना से युद्ध, गुरु गोबिंद सिंह जी द्वारा श्री आनंदपुर साहिब का किला छोड़ना, सरसा नदी पर परिवार का बिछुड़ना तथा माता गुजरी और छोटे साहिबजादों की गिरफ्तारी का मार्मिक चित्रण किया गया। इसके अतिरिक्त वीर बाल दिवस विषय पर हिंदी, अंग्रेजी, पंजाबी एवं संस्कृत भाषाओं में निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया।

# इग्नू में जनवरी 2026 सत्र के लिए दाखिले शुरू : डॉ. धर्मपाल

अर्थ प्रकाश/सुभाष जैन

**पानीपत, 17 दिसंबर।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. धर्म पाल ने जानकारी देते हुए बताया कि जनवरी 2026 सत्र के लिए ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग एवं ऑनलाइन लर्निंग कार्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। इच्छुक अभ्यर्थी 31 जनवरी 2026 तक इग्नू में विभिन्न पाठ्यक्रमों में दाखिला ले सकते हैं।

डॉ. धर्म पाल ने कहा कि इग्नू भारत का सबसे प्रतिष्ठित केंद्रीय मुक्त विश्वविद्यालय है, जो वर्ष में दो बार जनवरी और जुलाई सत्र में प्रवेश प्रक्रिया संचालित करता है। इग्नू में जनवरी 2026 सत्र के लिए दाखिले शुरू हो चुके है। कौशल आधारित एवं ज्ञान आधारित शिक्षा प्राप्त करने के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए इग्नू एक उत्कृष्ट विकल्प है। विश्वविद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों के ज्ञान का संवर्धन कर उन्हें समान अवसर प्रदान करना है।

इग्नू विशेष रूप से दूरदराज क्षेत्रों, ग्रामीण अंचलों एवं वंचित वर्गों के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा पहुंचाने का कार्य कर रहा है। ऐसे विद्यार्थी जिन्हें मेरिट या किसी अन्य कारणवश नियमित कॉलेज या विश्वविद्यालय में प्रवेश नहीं मिल पाया हो, अथवा जो किसी कारण से नियमित शिक्षा ग्रहण नहीं कर सकते, वे इग्नू के माध्यम से अपनी पढ़ाई जारी रखकर डिग्री प्राप्त कर सकते हैं। नौकरीपेशा व्यक्ति भी दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से अपनी उच्च शिक्षा को सहज रूप से आगे बढ़ा सकते हैं।

## 12 पेटी अवैध शराब की व सफेद कार (टोयोटा इटियोस) सहित कब्जे मे आरोपी पर मामला किया दर्ज– सतिंदर मल्ही



अर्थ प्रकाश/जे के बत्ता न्यू– चंडीगढ । कल 16.12.2025 को, श्री तरसेम चंद, डिप्टी कमिश्नर (एक्साइज), पटियाला, और श्री राजेश एरी, असिस्टेंट कमिश्नर (एक्साइज), रोपड़ रेंज के कुशल मार्गदर्शन में और एक्साइज ऑफिसर, मोहाली की सीधी देखरेख में चल रहे प्रवर्तन अभियान को जारी रखते हुए, जे टी पी एल गेट के पास एक नाका लगाया गया, जिसका नेतृत्व एक्साइज इंस्पेक्टर श्री सतिंदर मल्ही ने एक्साइज पुलिस के साथ मिलकर किया। ऑपरेशन के दौरान, रजिस्ट्रेशन नंबर PB-65-AX-0260 वाली एक सफेद कार (टोयोटा इटियोस) को रोका गया। जांच करने पर आरोपी के पास से निम्नलिखित अवैध शराब बरामद हुई-–1. टैंगो संतरा के 04 केस (48 बोतलें)बैच नंबर- 14/Oct/2025-–2. टैंगो संतरा के 05 केस (120 पिंट)बैच नंबर- 13/Oct/2025–- 3. शौकीन संतरा के 03 केस (150 निप्स) बैच नंबर- 21/Oct/2025 । अवैध शराब बरामद की गई । यह शराब रॉक एंड स्टॉर्म प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नंबर 214, इंडस्ट्रियल एरिया, फेज–I, चंडीगढ़ द्वारा बनाई गई थी और यह 'केवल चंडीगढ़ में बिक्री के लिए' थी। शराब बिना होलोग्राम और क्यूआर कोड के पाई गई। आरोपी की पहचान रवि पुत्र श्री चरण दास, निवासी गांव कराला, तहसील बनूर, जिला मोहाली के रूप में हुई है। आरोपी के खिलाफ पुलिस स्टेशन सदर खरड़ में पंजाब एक्साइज एक्ट, 1914 की धारा 61 और 78(2) के तहत FIR नंबर 396 दिनांक 16.12.2025 दर्ज की गई है।

## पंजाब सबऑर्डिनेट सर्विसेज फेडरेशन (वैज्ञानिक ) मोहाली ने सर्वसम्मति से एनडी तिवाड़ी को डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट और चरणजीत सिंह सिद्धू को जनरल सेक्रेटरी चुना



अर्थ प्रकाश/जे के बत्ता न्यू– चंडीगढ़ । नयागांव में श्री एन डी तिवारी जी ने बताया की पंजाब सबऑर्डिनेट सर्विसेज़ फेडरेशन (वैज्ञानिक ) डिस्ट्रिक्ट मोहाली का चुनाव गवर्नमेंट टीचर्स यूनियन पंजाब (वैज्ञानिक ) के पूर्व प्रेसिडेंट और फेडरेशन वैज्ञानिक के फाइनेंस सेक्रेटरी हरजीत सिंह बसोता की अध्यक्षता में कांसल में सर्वसम्मति से जिला मोहाली का चुनाव हुआ। इस डिस्ट्रिक्ट मीटिंग में UT फेडरेशन चंडीगढ़ के प्रेसिडेंट राजिंदर कटोच और मोहाली चंडीगढ़ CITU के जनरल सेक्रेटरी दिनेश कुमार और टीचर्स यूनियन की पूर्व सीनियर वाइस प्रेसिडेंट पेंशनर लीडर बलजिंदर कौर खास तौर पर शामिल होकर भाईचारे का मैसेज दिया। आज की मीटिंग में डिस्ट्रिक्ट रिपोर्ट पेश की गईं और अलग-अलग लीडर्स ने इन रिपोर्ट्स पर चर्चा की। GTU वैज्ञानिक के डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट गुरजीत सिंह ने अगले तीन साल के लिए डिस्ट्रिक्ट पैनल का नाम पेश किया और एकमत से एन डी तिवाड़ी को प्रेसिडेंट, चरणजीत सिंह सिद्धू को जनरल सेक्रेटरी, धर्मिंदर ठाकरे को फाइनेंस सेक्रेटरी, गुरजीत सिंह को सीनियर वाइस प्रेसिडेंट, गुरमीत सिंह खालसा, सुखपाल कौर लाहिली को वाइस प्रेसिडेंट, गुरनाम सिंह टांडा को जॉइंट सेक्रेटरी, गुरेक सिंह को मीडिया और प्रेस सेक्रेटरी, और अंग्रेज सिंह बटोली को ऑफिस सेक्रेटरी चुना। नई चुनी गई टीम ने 20 मेंबर डेलीगेट चुना जो 21 दिसंबर को टीचर्स होम बठिंडा में होने वाली स्टेट मीटिंग में शामिल होंगे। इस मौके पर पूरी डिस्ट्रिक्ट कमेटी ने भरोसा दिलाया कि फेडरेशन वैज्ञानिक अगले संघर्ष और पब्लिक के हित में डटी रहेगी। इस मौके पर करमजीत सिंह नया गांव, सुखविंदर सिंह, अवनीस कल्याण, जतिंदर सिंह काने दा वाड़ा, गुरप्रीत कौर, मधु बाला, पिंकी कुमारी, मैडम सुमन, मैडम अमनदीप, नरेश कुमार, संदीप यादव और बड़ी संख्या में वैज्ञानिक लीडर मौजूद थे।

## नयागांव में कचरे के लिये, सीसीटीवी कैमरों के लिये तथा साफ-सफाई के डिस्प्ले बोर्ड लगाने सम्बंधित उचित स्थान का निरीक्षण करने पहुंचे मोहाली के अतिरिक्त उपायुक्त (शहरी विकास) श्री अनमोल सिंह धालीवाल– मनप्रीत सिंह

अर्थ प्रकाश/जे के बत्ता न्यू– चंडीगढ । नगर काउंसिल नयागांव के कार्यकारी अधिकारी मनप्रीत सिंह ने बताया कि मोहाली जिले के माननीय अतिरिक्त उपायुक्त (शहरी विकास) श्री अनमोल सिंह धालीवाल जी ने नयागांव में सॉलिड वेस्ट ट्रांसफर पॉइंट का निरीक्षण दौरा किया।

निरीक्षण दौरे की मुख्य बातें– मौजूदा व्यवस्था की समीक्षा करें और साइट पर एस डब्लयू एम के नियम, 2016 का पालन सुनिश्चित करना।

मुख्य निर्देश और मुख्य बातें– कचरा फैलने से रोकने और कचरे के फैलाव को नियंत्रित करने के लिए चारदीवारी का निर्माण और विंड ब्रेकर लगाना। ट्रांसफर पॉइंट पर निगरानी, सुरक्षा और पारदर्शिता बढ़ाने के लिए सीसीटीवी कैमरे और पर्याप्त रोशनी लगाना। सार्वजनिक जानकारी और जवाबदेही के लिए रोज़ाना इकट्ठा किए गए और ट्रांसफर किए गए कचरे का समय और वज़न साफ़-साफ़ दिखाने वाला डिस्प्ले बोर्ड लगाना। माननीय अतिरिक्त उपायुक्त (शहरी विकास) ने संबंधित अधिकारियों जिसमें नगर काउंसिल नयागांव के कार्यकारी अधिकारी मनप्रीत सिंह, एएमई हरभजन सिह, सेनेटरी इंस्पेक्टर मैडम संतोष वर्मा, गुरप्रीत सिंह अतिरिक्त उपायुक्त (शहरी विकास)दफतर से, जैस्मिन संधू अतिरिक्त उपायुक्त (शहरी विकास) के दफतर से तथा सरदार सतबीर सिंह नगर काउंसिल नयागांव आदि को तत्काल ज़रूरी कार्रवाई करने और प्रभावी और टिकाऊ ठोस कचरा प्रबंधन के लिए दिशा निर्देशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

# नेशनल हेराल्ड मामले में देश से माफी मांगे पीएम नरेंद्र मोदी: राजेश राम

### – ईडी की भूमिका संदिग्ध, हमारे नेताओं को भाजपा के इशारे पर बदनाम करने की रच रहा है साजिश– राजेश राम




**नई दिल्ली(एजेंसी)।** पटना, (ईएमएस)। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व को राजनीतिक द्वेष के तहत फँसाने हेतु केंद्र सरकार के इशारे पर नेशनल हेराल्ड केस में प्रवर्तन निदेशालय के द्वारा की जा रही दुर्भावनापूर्ण कार्रवाई को राउज एवेन्यू कोर्ट से संज्ञान लेने से इंकार करने को जीत बताते हुए भाजपा के नीतियों के विरोध में बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के द्वारा प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम के नेतृत्व में विरोध मार्च पटना के आयकर गोलंबर से भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय तक आयोजित हुआ। इस विरोध मार्च का नेतृत्व कर रहे बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि नेशनल हेराल्ड मामले में हमारे नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय की चार्जशीट पर संज्ञान लेने से इंकार कर दिया। अदालत ने दोनों के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की तरफ से दोनों के खिलाफ दायर की गई चार्जशीट का संज्ञान लेने से इनकार कर दिया। जबकि ईडी ने दोनों नेताओं को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में नाहक परेशान करने के लिए आरोपी बनाया। नेशनल हेराल्ड केस सिर्फ गांधी परिवार को परेशान करने के लिए है। इस सत्ताधारी भाजपा सरकार द्वारा राजनीतिक बदले की भावना से इस केस को आगे बढ़ाया जा रहा है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि हाल में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि ईडी को कानून के दायरे में रहकर काम करना होगा। साथ ही बताया था कि प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) के मामलों में दोष सिद्धि की दर 10 प्रतिशत से भी कम है। इसलिए यह केस केवल गांधी परिवार को बदनाम करने और देश में कांग्रेस की छवि को भाजपा के इशारे पर बिगाड़ने के लिए बार बार उठाने का प्रयास किया जा रहा है। इस मामले में संज्ञान नहीं लेने पर हम कोर्ट के आदेश का सम्मान करते हैं और ईडी की भूमिका को संदिग्ध मानते हैं। इसीलिए हम आज विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा से हम मांग करते हैं कि वें राजनीतिक विद्वेष में ऐसे मामले दर्ज कराने से बाज आएं और देश से माफी मांगे। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला फूंक कर कांग्रेस नेताओं ने उनके विरोध में गगनभेदी नारे भी लगाएं। आयकर गोलंबर से आगे पुलिस के द्वारा बलपूर्वक प्रदर्शन को रोक लिया गया। प्रदर्शन में पूर्व विधान पार्षद प्रेमचन्द्र मिश्रा, पूर्व विधायक इजहारूल हुसैन, राजेश राठौड़, प्रतिमा कुमारी दास, अमित कुमार टुन्ना, डॉ संजय यादव, डॉ.स्नेहाशीष वर्द्धन पाण्डेय, सौरभ सिन्हा , शशि रंजन, कुमार आशीष, शिशिर कौडिल्य, पंकज यादव, चन्द्र प्रकाश सिंह, शशिकांत तिवारी, कमल कमलेश, कमलदेव नारायण शुक्ला, सत्येन्द्र कुमार सिंह, गुंजन पटेल,केसर कुमार सिंह, संजय पाण्डेय, संतोष कुमार श्रीवास्तव, सुधीर शर्मा, मृणाल अनामय, मुकुल यादव, राजेन्द्र चौधरी, रंजीत कुमार, रीता सिंह, कुमारी माला, गुरूजीत सिंह, विमलेश तिवारी, नीरज कुमार, अरूण पाठक, विशाल यादव, सहित सैकड़ों की संख्या में कांग्रेसजन मौजूद थे।

## वेरिफिकेशन के बाद पांच राज्यों में वोटर लिस्ट जारी, एक करोड़ से ज्यादा नाम कटे



नई दिल्ली। चुनाव आयोग के कराए गए एसआईआर या सामान्य शब्दों में कहें वोटर वेरिफिकेशन के बाद पश्चिम बंगाल, राजस्थान, गोवा, लक्षद्वीप और पुडुचेरी की ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी की गई है। इसमें कुल मतदाताओं की संख्या में 7.6फीसदी की कमी दर्ज की गई है। आयोग के आंकड़ों के मुताबिक 27 अक्टूबर को एसआईआर की घोषणा के समय जहां इन राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में 13.35 करोड़ मतदाता थे, वहीं ड्राफ्ट सूची में यह संख्या घटकर 12.33 करोड़ रह गई यानी 1.02 करोड़ नाम हटाए गए हैं। बंगाल में 58 लाख 20 हजार 898 वोटरों के नाम हटाने के लिए चिह्नित किए गए हैं। वहीं राजस्थान में 41.85 लाख और पुडुचेरी में 85 हजार वोटर्स के नाम काटे गए हैं। इसके साथ ही घर-घर जाकर जानकारी जुटाने का काम पूरा हो गया है। अब आगे दावा, आपत्ति और सुनवाई की प्रक्रिया शुरू होगी। एसआईआर का दूसरा चरण फरवरी 2026 तक चलेगा और अंतिम वोटर लिस्ट 14 फरवरी 2026 को जारी होगी। इसके साथ ही गोवा और लक्षद्वीप में भी वोटर लिस्ट का ड्राफ्ट प्रकाशित की जाएगी।

## ममता का बचाव कर अभिषेक ने कहा... झुकता वहीं है जिसमें जान है, वरना अकड़ मुर्दों की पहचान



**कोलकाता (एजेंसी)।** मशहूर फुटबॉल खिलाड़ी लियोनेल मेसी के कोलकाता दौरे के दौरान हुई अव्यवस्था और उस पर मची राजनीतिक हलचल ने राज्य का पारा चढ़ा रखा है। वहीं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी ने उत्तर प्रदेश के कुंभ मेला और अन्य राज्यों की घटनाओं का उदाहरण देकर पश्चिम बंगाल सरकार का बचाव किया है।

सांसद अभिषेक बनर्जी ने भाजपा शासित राज्यों में हुई दुर्घटनाओं (जैसे कुंभ और दिल्ली रेलवे स्टेशन की भगदड़) का जिक्र कर कहा कि वहां किसी ने जिम्मेदारी नहीं ली। उन्होंने ममता बनर्जी की प्रशंसा करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने घटना के एक घंटे के भीतर माफी मांग ली। उन्होंने इसके लिए एक शेर का उपयोग किया कि झुकता वहीं है जिसमें जान है, वरना अकड़ मुर्दों की पहचान है। उनके अनुसार, जवाबदेही तय करना ही टीएमसी की जीत का कारण है। दरअसल मेसी का गोटा टूर 2025 कोलकाता के सॉल्ट लेक स्टेडियम में अव्यवस्था का शिकार हो गया था। फुटबाल प्रशंसकों का आरोप है कि मैदान पर वीआईपी और राजनेताओं की अत्यधिक भीड़ के कारण आम दर्शक मेसी को देख नहीं पाए। टिकट खरीदने के बावजूद मेसी की झलक न मिलने पर प्रशंसकों ने स्टेडियम में तोड़फोड़ की। आयोजकों पर सुरक्षा और समन्वय की कमी के गंभीर आरोप लगे। विवाद बढ़ने के बाद राज्य सरकार ने कड़े कदम उठाए हैं। ममता सरकार में खेल मंत्री अरूप बिस्वास ने नैतिक जिम्मेदारी लेकर अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। घटना की जांच के लिए चार वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों की एक विशेष जांच दल (एसआईटी) बनाई गई है। डीजीपी राजीव कुमार को 24 घंटे के भीतर स्पष्टीकरण देने के लिए नोटिस जारी किया गया है।

# पाकिस्तान के कुख्यात डॉन भट्टी ने दी नीतीश को धमकी... हिजाब मामले में माफी मांगे ले



**पटना, (एजेंसी)।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा एक मुस्लिम महिला के चेहरे से हिजाब खींचने के विवाद में अब पाकिस्तानी डॉन भी कूद गया है। पाकिस्तान के कुख्यात डॉन शहजाद भट्टी ने वीडियो जारी कर धमकी दी है कि सीएम नीतीश माफी मांग लें वरना फिर ये मत कहना है कि चेतावनी नहीं दी।

दरअसल पटना में नवनियुक्त एक आयुष चिकित्सक तब असहज हो गई, जब मुख्यमंत्री नीतीश ने नियुक्ति पत्र प्रदान करने के दौरान उनके चेहरे से हिजाब हटा दिया। घटना का एक वीडियो क्लिप सोशल मीडिया पर भी वायरल हुआ है। यह घटना मुख्यमंत्री सचिवालय 'संवाद' में एक कार्यक्रम के दौरान हुई, जहां एक हजार से अधिक आयुष चिकित्सकों को नियुक्ति पत्र वितरित किए जा रहे थे।

नियुक्ति पत्र देने के दौरान जब नुसरत परवीन की बारी आई, जो चेहरे पर हिजाब डाले हुई थीं, तब 75 वर्षीय मुख्यमंत्री ने नाराजगी जताकर कहा, ÷यह क्या है?÷ इसके बाद मुख्यमंत्री उनके चेहरे से हिजाब हटा दिया। घबराई हुई नवनियुक्त चिकित्सक को इसके बाद वहां मौजूद एक अधिकारी ने तुरंत एक ओर कर दिया। इस दौरान मुख्यमंत्री के बगल में खड़े उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी उन्हें रोकने के प्रयास में उनकी आस्तीन खींचते हुए नजर आए। इस पर पाकिस्तानी डॉन शहजाद भट्टी ने अपना वीडियो जारी कर कहा है कि सभी लोगों ने देखा होगा कि बिहार में क्या हुआ। एक बड़े पद पर बैठा व्यक्ति एक मुस्लिम महिला के साथ व्यवहार करता है। फिर बाद में मुझपर आरोप लगाए जाते हैं कि भट्टी ने यह कर दिया, वह कर दिया। उस व्यक्ति के पास अभी भी समय है कि वह उस बच्ची और उस महिला से माफी मांगे। अगर आज माफी नहीं मांगी गई, तब जिम्मेदार संस्थानों को इस पर कार्रवाई करनी चाहिए। बाद में यह मत कहना है कि चेतावनी नहीं दी गई थी। कुछ मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, शहजाद भट्टी पाकिस्तान के पंजाब प्रांत का रहने वाला है।

## उत्तर और पूर्वी भारत में घना कोहरा, उड़ानों में देरी की संभावना– मौसम विभाग ने जारी किया ऑरेंज अलर्ट

नई दिल्ली (एजेंसी)। उत्तर और पूर्वी भारत के कई हिस्से इस समय घने कोहरे की चपेट में हैं। मौसम विभाग (आईएमडी) ने अगले कुछ घंटों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। विशेषज्ञों का कहना है कि दृश्यता कम होने के कारण सड़क और हवाई यातायात पर असर पड़ सकता है। इंडिगो एयरलाइन ने मंगलवार रात को यात्रियों के लिए ट्रैवल एडवाइजरी जारी की। इंडिगो ने कहा कि सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उड़ान संचालन में बदलाव किया जा सकता है। एयरलाइन की टीमें एयरपोर्ट पर पूरी तरह तैयार हैं और वे फ्लाइट शेड्यूल को अपडेट करने तथा यात्रियों की मदद के लिए काम कर रही हैं। या ?त्रियों को सलाह दी जाती है ?कि घने कोहरे के कारण सड़क यातायात प्रभावित हो सकता है, इसलिए समय से पहले एयरपोर्ट पहुंचें, फ्लाइट की सही टाइमिंग और अपडेट के लिए इंडिगो की आधिकारिक वेबसाइट या ऐप चेक करें एवं किसी भी असुविधा या जानकारी के लिए एयरपोर्ट ग्राउंड स्टाफ से संपर्क करें।

# बीजेपी के केंद्रीय मंत्री का दावा... राहुल गांधी और बहन प्रियंका गांधी वाड्रा के बीच झगड़ा

### –बीजेपी का आरोप, कांग्रेस की आंतरिक कलह अब बाहर आ गई



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और उनकी बहन प्रियंका गांधी वाड्रा के बीच विवाद को लेकर दावा किया है। उन्होंने कहा है कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष परिवार से झगड़ा कर विदेश चले गए हैं। फिलहाल, बीजेपी नेता के इन दावों पर कांग्रेस की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। इसके पहले भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस से निकाले गए नेता मोहम्मद मुकीम के पत्र के हवाले से इसतरह का दावा किया था।

केंद्रीय मंत्री बिट्टू से कांग्रेस के प्रदर्शन की तैयारी पर सवाल पूछा गया। इसपर उन्होंने कहा, उनके पास लोग हैं प्रदर्शन करने के लिए? उन्हें महात्मा गांधी से कोई लेना देना नहीं है। उन्हें जो उनका गांधी है, प्रियंका गांधी, राहुल गांधी, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, संजय गांधी, उन्हें उस गांधी से दिक्कत है कि वहां कहां जा रहा है। उन्होंने कहा, लोग उस गांधी को भूल चुके हैं, जो उनके नाम से जुड़ा हुआ है। उस गांधी को नकार चुके हैं। और बापू गांधी थे हैं और हमेशा रहने वाले है। उन्होंने कहा, राहुल गांधी हैं कहां? अभी मैं उनकी तस्वीरें जर्मनी में देख रहा था। उन्होंने कहा, दोनों गांधी में लड़ाई चल रही है, बड़ी भारी लड़ाई चल रही है। जो मुझे पता लगा है... सदन में जो दो तीन बार जो भाषण हुआ है, उस भी लोगों ने प्रियंका गांधी वाड्रा का जो भाषण है, उसकी तुलना की है। और राहुल गांधी इस चीज से नाराज होकर परिवार और पार्टी से लड़कर यहां से चले गए हैं। उन्होंने कहा, उनकी पार्टी और फैमिली में जो प्रॉब्लम है। इसलिए राहुल गांधी छोड़कर चले गए हैं। बात दें कि इसके पहले भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने लिखा था, टीम प्रियंका बनाम टीम राहुल खुलकर सामने आ गया है। कांग्रेस की आंतरिक कलह अब बाहर आ गई है। उन्होंने लिखा, ओडिशा से वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने सोनिया गांधी को लिखा कि खरगे हटाओ, प्रियंका लाओ। साथ ही प्रदेश और केंद्रीय नेतृत्व पर सवाल उठाए हैं।

# धर्मांतरण कानून पर रोक ! राज्यपाल ने लौटा दिया उम्रकैद की सजा वाला बिल



**देहरादून (एजेंसी)।** जबरन धर्मांतरण के मामलों में सजा का दायरा बढ़ाने से जुड़े उत्तराखंड धर्म स्वतंत्रता (संशोधन) विधेयक 2025 को फिलहाल मंजूरी नहीं मिल सकी है। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने इस विधेयक को पुनर्विचार के संदेश के साथ राज्य सरकार को वापस भेज दिया है। बताया जा रहा है कि विधेयक के मसौदे में कुछ तकनीकी खामियों के कारण यह निर्णय लिया गया। विधायी विभाग को यह विधेयक मंगलवार को प्राप्त हुआ।

सरकार के सामने अब इस विधेयक को लागू करने के लिए सीमित विकल्प रह गए हैं। वरिष्ठ अधिकारियों के अनुसार, या तो सरकार अध्यादेश के जरिए इसे प्रभावी बनाए, अथवा अगले विधानसभा सत्र में इसे संशोधनों के साथ दोबारा पारित कराए। धामी सरकार के लिए यह विधेयक काफी अहम माना जा रहा है, क्योंकि इसके जरिए जबरन और छल-बल से होने वाले धर्मांतरण पर सख्ती बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है।राज्य में धर्म स्वतंत्रता कानून का इतिहास पहले से रहा है। वर्ष 2018 में पहली बार उत्तराखंड धर्म स्वतंत्रता (संशोधन) कानून लागू किया गया था। इसके बाद वर्ष 2022 में इसमें संशोधन कर सजाओं को और कठोर बनाया गया। हाल के वर्षों में सामने आए मामलों को देखते हुए सरकार ने 13 अगस्त 2025 को कैबिनेट में प्रस्ताव पारित कर नए संशोधन विधेयक को मंजूरी दी। यह विधेयक 20 अगस्त को गैरसैंण में आयोजित विधानसभा सत्र में पारित भी हो गया था, जिसके बाद इसे राज्यपाल की स्वीकृति के लिए भेजा गया।

### सजा और प्रावधानों में बड़े बदलाव

नए विधेयक में छल, दबाव या प्रलोभन से धर्मांतरण कराने पर कड़े दंड का प्रावधान किया गया है। अब ऐसे मामलों में कोई भी व्यक्ति शिकायत दर्ज करा सकेगा, जबकि पहले यह दायरा केवल खून के रिश्तों तक सीमित था। सामान्य धर्म परिवर्तन के मामलों में जेल की सजा को बढ़ाकर तीन से दस वर्ष कर दिया गया है, जो पहले दो से सात वर्ष थी। इसके अलावा जिलाधिकारी को गैंगस्टर एक्ट की तर्ज पर संपत्ति कुर्क करने का अधिकार देने का प्रस्ताव है। विवाह का झांसा देकर, हमला, षड्यंत्र, नाबालिगों की तस्करी, दुष्कर्म जैसे गंभीर अपराधों के जरिए धर्मांतरण कराने पर न्यूनतम 20 वर्ष से लेकर आजीवन कारावास तक की सजा का प्रावधान रखा गया है। ऐसे मामलों में दोषियों पर दस लाख रुपये तक का जुर्माना भी लगाया जा सकेगा।

# बॉन्डी बीच पर हमला करने वाला साजिद हैदराबाद का रहने वाला

### –तेलंगाना पुलिस ने किया खुलासा, रोजगार की तलाश में चला गया था आस्ट्रेलिया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में बॉन्डी बीच पर यहूदी समुदाय के हनुक्का कार्यक्रम में हुए आतंकी हमले ने दुनिया को हिलाकर रख दिया है। इस हमले में 15 लोगों की मौत और दर्जनों लोग घायल हो गए थे। भारत से लेकर ऑस्ट्रेलिया और फिलीपींस तक कई एजेंसियां इस आतंकी साजिश के तार खंगालने में जुटी हैं। शुरुआती रिपोर्ट्स में हमलावरों को पाकिस्तानी मूल का बताया था, लेकिन भारत के तेलंगाना पुलिस के मुताबिक साजिद अकरम मूल रूप से हैदराबाद का रहने वाला था और उसने वहीं से बीकॉम की पढ़ाई पूरी की थी।

वर्ष 1998 में रोजगार की तलाश में ऑस्ट्रेलिया चला गया था और बीते करीब 27 सालों से उसका भारत से कोई संबंध नहीं रहा। पुलिस के मुताबिक साजिद ने इस दौरान केवल छह बार भारत आया यहां तक कि पिता के निधन के समय भी वह भारत नहीं आया। तेलंगाना पुलिस ने साफ किया है कि इस हमले के पीछे भारत या तेलंगाना से जुड़ा कोई स्थानीय लिंक नहीं है और कट्टरपंथी विचारधारा के सूत्र विदेश में ही विकसित हुए हैं।

तेलंगाना पुलिस के मुताबिक साजिद अकरम के पास अब भी भारतीय पासपोर्ट था, लेकिन भारत से उसका रिश्ता सीमित था। पुलिस के मुताबिक ऑस्ट्रेलिया जाने के बाद वह केवल छह बार ही भारत आया और वह भी मुख्य रूप से संपत्ति से जुड़े कामों या बुजुर्ग माता-पिता से मिलने के लिए। ऑस्ट्रेलिया में बसने के बाद साजिद ने यूरोपीय मूल की महिला वेनेरा ग्रोसो से शादी की। उनके दो बच्चे हुए, जिसमें एक बेटा नावेद अकरम और एक बेटी है। दोनों बच्चे ऑस्ट्रेलिया में जन्मे और ऑस्ट्रेलियाई नागरिक हैं।

बता दें 14 दिसंबर को सिडनी के बॉन्डी बीच पर हनुक्का समारोह के दौरान हुए आतंकी हमले में साजिद और उसके बेटे नावेद अकरम ने गोलीबारी की। इस हमले में 15 लोगों की मौत हुई और 42 से ज्यादा लोग घायल हुए। पुलिस मुठभेड़ में साजिद मारा गया, जबकि नावेद गंभीर रूप से घायल अवस्था में पुलिस हिरासत में है। जांच में सामने आया है कि हमले से कुछ हफ्ते पहले साजिद और नावेद फिलीपींस गए थे। वे 1 नवंबर 2025 को सिडनी से फिलीपींस पहुंचे और 28 नवंबर को वापस लौटे। उन्होंने मिंडानाओ के दावाओ क्षेत्र की यात्रा की थी, जो पहले आईएस से जुड़े आतंकी नेटवर्क के लिए जाना जाता रहा है। बॉन्डी बीच हमला ऑस्ट्रेलिया में पिछले करीब 30 सालों का सबसे बड़ा और सबसे घातक हमला माना जा रहा है।



# हरियाणा फुटबॉल लीग का भव्य शुभारंभ, 8 जिलों की टीमें ले रहीं भाग, फुटबॉल के जरिए नशे के खिलाफ संदेश, युवाओं को खेलों से जोड़ने की पहल

अर्थ प्रकाश/अवतार सिंह चुग

**यमुनानगर,17 दिसम्बर।** हरियाणा में खेलों को बढ़ावा देने और युवाओं को नशे से दूर रखने के उद्देश्य से आज हरियाणा फुटबॉल लीग का विपुल गोयल राजस्व एवं स्थानीय निकाय मंत्री हरियाणा द्वारा शुभारंभ किया गया। इस लीग में प्रदेश के 8 जिलों से आए खिलाड़ी भाग ले रहे हैं, जो 8 टीमों में विभाजित होकर मुकाबले खेलेंगे। यह आयोजन न केवल फुटबॉल जैसे अनुशासित खेल को आगे बढ़ाएगा, बल्कि युवाओं को सकारात्मक दिशा देने का भी कार्य करेगा।

हरियाणा फुटबॉल लीग के शुभारंभ अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि खेलों को प्रोत्साहित करना हरियाणा सरकार की प्राथमिकता रही है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में चाहे साइक्लोथॉन हो या फुटबॉल जैसे आयोजन, सरकार का स्पष्ट संदेश है कि युवा नशे से दूर रहें और खेलों में अपना भविष्य बनाएं। फुटबॉल जैसे खेल अनुशासन, टीम भावना और स्वस्थ जीवनशैली का संदेश समाज तक पहुंचाते हैं।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 2047 तक विकसित भारत का संकल्प तभी साकार होगा, जब देश के युवा हर क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करेंगे। खेल इस दिशा में एक मजबूत आधार हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि खेलों के आयोजन को लेकर किसी भी राज्य के साथ भेदभाव नहीं किया जा रहा। जिस खेल के लिए जहां बेहतर मौसम, इंफ्रास्ट्रक्चर और सुविधाएं उपलब्ध हों, वहां आयोजन किया जाता है। भविष्य में यदि भारत 2036 ओलंपिक की मेजबानी करता है, तो इसका लाभ पूरे देश को मिलेगा, न कि किसी एक राज्य को।

**राजस्व एवं स्थानीय निकाय मंत्री हरियाणा**

ने राजनीतिक मुद्दों पर बोलते हुए विपुल गोयल ने कहा कि कांग्रेस द्वारा लगाए जा रहे आरोप आधारहीन हैं। चाहे वोट चोरी का मुद्दा हो या अन्य आरोप, इन सभी का जवाब संसद में विस्तार से दिया जा चुका है। इसके बावजूद कांग्रेस रैलियों के माध्यम से लोगों को भ्रमित करने का प्रयास कर रही है। जनता यह भली-भांति जानती है कि 2014 से पहले कांग्रेस लंबे समय तक सत्ता में रही, और उस दौर की स्थिति की तुलना आज के हालात से की जा सकती है। हाल ही में एक दुखद दुर्घटना का जिक्र करते हुए कहा गया कि यह घटना पंचायत के एक स्टेडियम में हुई थी। इसके बाद मुख्यमंत्री ने प्रदेश के सभी खेल नर्सरी और स्टेडियमों में सुरक्षा और सुविधाओं की नियमित जांच के निर्देश दिए हैं। वहीं, हरियाणा देश का पहला राज्य बना जिसने पेपरलेस रजिस्ट्री की शुरुआत की। शुरुआती दिनों में कुछ तकनीकी दिक्कतें आईं, लेकिन अब व्यवस्था



सुचारू रूप से चल रही है। साथ ही हांसी को नया जिला बनाए जाने पर वहां के लोगों को बधाई दी गई। यह वर्षों पुरानी मांग थी, जिसे अब पूरा किया गया है। वक्ताओं ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी को पूर्ण बहुमत का जनसमर्थन प्राप्त है और जनता अविश्वास प्रस्ताव जैसे राजनीतिक हथकंडों का उद्देश्य भली-भांति समझती है।

## अब दिल्ली में सिर्फ BS-VI गाड़ियों की एंट्री...

### -गुरुवार से दिल्ली के बाहर से सिर्फ़ BS-VI गाड़ियों को ही आने की इजाज़त होगी: पर्यावरण मंत्री सिरसा
### -18 दिसंबर से दिल्ली में इन गाड़ियों की एंट्री पर लगा बैन, पेट्रोल-डीजल भी नहीं मिलेगा



अर्थ प्रकाश/ अनिल गुप्ता अर्थ प्रकाश दिल्ली/ नई दिल्ली । बढ़ते प्रदूषण के बीच दिल्ली सरकार ने ये फैसला लिया है. बीएस-6 से नीचे की गाड़ियों को कल रात तक दिल्ली की सीमा से बाहर जाने का आदेश दिया गया है. बीएस-6 डीज़ल से नीचे के वाहनों का 18 दिसंबर से दिल्ली में प्रवेश पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा. सिर्फ दिल्ली रजिस्ट्रेशन की गाड़ियां ही चलेंगी. बाहर राज्य के रजिस्ट्रेशन वाले प्राइवेट वाहन दिल्ली में प्रवेश नहीं पाएंगे. जिन वाहनों के पास प्रदूषण का पीयूसीसी सर्टिफिकेट नहीं होगा उन्हें 18 दिसंबर से पेट्रोल-डीजल पेट्रोल पम्प पर नहीं मिलेगा. दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने इसकी घोषणा की. सिरसा ने कहा कि निर्माण सामग्री ले जाने वाले ट्रकों पर भारी जुर्माना लगाया जाएगा और वाहन जब्त किए जाएंगे।

## गाँव पोटली के किसानों की समस्याओं लेकर जिला उपायुक्त ने अधिकारियों के साथ की बैठक - अधिकारियों को दिए निर्देश



अर्थ प्रकाश/अवतार सिंह चुग /यमुनानगर, 17 दिसम्बर। उपायुक्त प्रीति ने अपने कार्यालय में पोटली गांव के किसानों, किसान यूनियन के नेता व नेशनल हाइवे अथॉरिटी के अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उपायुक्त ने गांव पोटली के किसानों, किसान यूनियन के नेता की समस्याओं को सुना और जन भावनाओं को समझते हुए नेशनल हाईवे अथॉरिटी के अधिकारियों को गांव पोटली के लोगों की समस्याओं पर दोबारा विचार करने के निर्देश दिए। उन्होंने नेशनल हाईवे अथॉरिटी के अधिकारियों को कहा कि तकनीकी रूप सभी पहलुओं की जांच कर गांव वालों की समस्याओं का समुचित समाधान करें। उन्होंने एनएचएआई के अधिकारियों द्वारा रास्ते के समाधान के लिए प्रस्तुत किए गए प्रस्ताव को पुन- और गांव वालों की मांग के अनुरुप मूर्त रूप देने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने किसानों/ग्रामवासियों को आश्वासन दिया कि उपयुक्त समन्वय का मार्ग निकाल कर समुचित निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने किसानों से भी सहयोग की अपील की और क्षेत्र के विकास से भी सहयोग की अपील की और क्षेत्र के विकास में सडक़ निर्माण कार्य को महत्वपूर्ण कड़ी बताया। सडक़ से जहां आवागमन सरल एव तेज होता है वहीं आस-पास के इलाके के लिए नए रोजगार के अवसर भी खोलता है। उन्होंने रादौर एसडीएम नरेन्द्र कुमार को निर्देश दिए कि गांव वालों और किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए सटीक समाधान निकालें। इस मौके पर रादौर के एसडीएम नरेन्द्र कुमार, डीआईपीआरओ डॉ. मनोज कुमार, किसान मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष रतनमान, प्रदेश उपाध्यक्ष दीप राणा, जिलाध्यक्ष सुभाष गुर्जर, सुभाष, यादविंदर काम्बोज, पोटली के सरपंच बलजीत, गुरनाम, देवेन्द्र सहित अन्य किसान मौजूद रहे।

## 'खाकी सम्मान 2025' से नवाजे जाएंगे जांबाज पुलिस कर्मी

अर्थ प्रकाश/ *अयोध्या*हनुमान शरण पांडे

जिले के नाका स्थित नीलकंठ लॉन में 19 दिसंबर से 2 जनवरी तक आयोजित होने वाले 15 दिवसीय श्री अवध धाम महोत्सव के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को 'खाकी सम्मान 2025' से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान समारोह 22 दिसंबर 2025 को महोत्सव स्थल पर आयोजित होगा, जिसमें जिले के कुल 32 पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया जाना तय है।

खाकी सम्मान के प्रभारी सब इंस्पेक्टर रणजीत यादव 'खाकी वाले गुरुजी' ने बताया कि सम्मान के लिए चयन प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। चयनित सूची में सिविल पुलिस, जल पुलिस, घुड़सवार पुलिस और फायर सर्विस के ऐसे जवान शामिल हैं, जिन्होंने अपने कर्तव्यनिष्ठ और सराहनीय कार्यों से जनसुरक्षा को मजबूती दी है।

खाकी सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि रील और रियल लाइफ हीरो क्षेत्राधिकारी अनिरुद्ध सिंह होंगे। श्री अवध धाम महोत्सव के अध्यक्ष मोहित महाराज ने कहा कि अपने घर-परिवार से दूर रहकर दिन-रात नागरिकों की सुरक्षा में जुटे पुलिसकर्मियों को सम्मानित करना पूरे महोत्सव के लिए गर्व का विषय है। यह आयोजन खाकी की सेवा, साहस और समर्पण को सार्वजनिक मंच से सम्मान देने की एक सशक्त पहल होगी।

## न्यूज ब्रीफ

### श्रवण संस्कृति परमार्थ संस्थान ग्रेटर ग्वालियर के द्वारा णमोकार मंत्र की आराधना दीप महाअर्चना ओर गोद भराई की।


-श्रमण संस्कृति परमार्थ ने संगीतमय णमोकार के 35 मंत्रो से आराधना कर 35 दीपो से की महाअर्चना, हुई गोद भराई

-भिंड में होने वाले पंचकल्याणक में बने वाले भगवान के माता पिता की की गोद भराई।



अर्थ प्रकाश/ ग्वालियर – जैन समाज में अग्रणी संस्था श्रवण संस्कृति परमार्थ संस्थान ग्रेटर ग्वालियर के द्वारा आज बुधवार को दाना ओली स्थित दिगंबर पार्श्वनाथ वरैया जैन मंदिर में जैन धर्म का सबसे बड़ा महामंत्र णमोकार महामंत्र के दीप महार्चना के साथ भगवान की माता पिता गोद भराई की गई। जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि श्रमण संस्कृति परमार्थ संस्थान ओर पुण्यार्जक श्रीमती पुष्पलता जैन, श्रीमती सुषमा जैन और श्रीमती राखी-अमित जैन भंडारी परिवार को ओर से संस्था के संस्थापक अध्यक्ष पंडित भरत जैन वैरागी ने णमोकार महामंत्र के 35 प्रत्येक अक्षर पर अरिहंत, सिद्ध, आचार्य, उपाध्याय ओर साधु परमेष्ठि के मंत्रोचारण की आराधना करते हुए प्रत्येक सदस्यों के द्वारा एक एक 35 दीप प्रज्वलित कर णमोकार महामंत्र के मंडली पर संगीतमय भक्ति नृत्य करते हुए समर्पित किए। जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि इसके पश्चात 29 दिसंबर को भिंड में होने वाले पंचकल्याणक में भगवान के माता पिता श्री मति रेखा जैन ओर पिता वीरेंद्र जैन श्याऊ वालों की गोद भराई श्रवण संस्कृति परमार संस्थान के साथ वरैया सामाजिक कल्याण समिति ओर सभी पदाधिकारी ने नारियल, मखाने, फल, मेवा, कपड़े, आदि से गोद भराई की। गोद भराई के समय सभी सदस्यों ने हर्षोल्लास के साथ मंगल भजनों की प्रस्तुति दी। वह कार्यक्रम में संस्था के वीरेंद्र जैन सर्राफ, निर्मला जैन,नीतू जैन, राखी जैन, श्रीमती अलका जैन, श्रीमती पूजा चौधरी, रीना जैन एवं सामाजिक कल्याण समिति की श्रीमान वीरेंद्र जैन चौधरी ,सूरज जैन, नीरज जैन आदि महानुभाव उपस्थित रहे।

### MC चंडीगढ़ ने रामदरबार में अवैध मलबा फेंकने वालों पर कार्रवाई की, भारी जुर्माना लगाया



अर्थ प्रकाश/ वीरेन्द्र सिंह/ चंडीगढ़। सार्वजनिक ज़मीन की सुरक्षा और साफ़-सफ़ाई के मानकों को बनाए रखने के लिए एक सख़्त कार्रवाई करते हुए, नगर निगम चंडीगढ़ ने रामदरबार इलाके के एक निवासी पर चंडीगढ़ प्रशासन की खुली जगह पर अवैध रूप से कंस्ट्रक्शन का मलबा फेंकने के लिए चालान किया है। सुबह की रूटीन मॉनिटरिंग के दौरान, MC चंडीगढ़ की एक सैनिटरी टीम ने एक निवासी को खुली जगह पर मलबा उतारते हुए देखा। तुरंत कार्रवाई करते हुए, टीम ने उल्लंघन करने वाले को रंगे हाथों पकड़ा और मौके पर ही म्युनिसिपल सॉलिड वेस्ट (MSW) नियमों के उल्लंघन के लिए चालान जारी किया। अपराधी पर रू.13,401 का जुर्माना लगाया गया है। MC चंडीगढ़ के कमिश्नर, श्री अमित कुमार, IAS, ने सभी सैनिटरी इंस्पेक्टरों को कड़ी निगरानी रखने और सार्वजनिक ज़मीन पर कचरा या मलबा फेंकते पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ तुरंत कार्रवाई करने के सख्त निर्देश दिए हैं। उन्होंने निर्देश दिया कि उल्लंघन करने वालों का बिना किसी देरी के चालान किया जाए, ऐसी अवैध गतिविधियों में इस्तेमाल होने वाले वाहनों को ज़ब्त किया जाए, और MSW नियमों के प्रावधानों के अनुसार कानूनी कार्यवाही शुरू की जाए। नगर निगम चंडीगढ़ ने अवैध रूप से कचरा फेंकने के प्रति अपनी ज़ीरो-टॉलरेंस नीति को दोहराया है और नागरिकों से अपील की है कि वे साफ़-सफ़ाई और पर्यावरण संरक्षण के हित में कचरा और कंस्ट्रक्शन सामग्री केवल निर्धारित जगहों पर ही डालें।

### सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के बाद MC चंडीगढ़ ने अनाधिकृत वेंडरों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की; 310 वेंडरों के चालान काटे गए

अर्थ प्रकाश/ वीरेन्द्र सिंह/ चंडीगढ़। * भारत के माननीय सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का पालन करते हुए, नगर निगम चंडीगढ़ ने आज शहर भर में अनाधिकृत और बिना रजिस्ट्रेशन वाले स्ट्रीट वेंडरों के खिलाफ एक अभियान चलाया, जो सार्वजनिक जगहों पर अतिक्रमण कर रहे थे, खासकर मनीमाजरा इलाके में। सुप्रीम कोर्ट के उस आदेश पर तुरंत कार्रवाई करते हुए, जिसमें अनाधिकृत वेंडरों को सार्वजनिक ज़मीन खाली करने और तय वेंडिंग ज़ोन में अलॉट की गई जगहों पर जाने का निर्देश दिया गया था, MC चंडीगढ़ ने कानून का पालन सुनिश्चित करने के लिए अपने फील्ड ऑपरेशन तेज़ कर दिए हैं। माननीय सुप्रीम कोर्ट ने अधिकारियों को सार्वजनिक रास्तों, सड़कों और अन्य सार्वजनिक संपत्तियों से अतिक्रमण हटाने के लिए एक विशेष अभियान चलाने और एक हलफनामे के ज़रिए कंप्लायंस रिपोर्ट जमा करने का भी निर्देश दिया था। आज की कार्रवाई के तहत, MC चंडीगढ़ की एनफोर्समेंट टीमों ने शहर भर में कई जगहों का निरीक्षण किया। शाम 6:00 बजे तक, बिना रजिस्ट्रेशन के काम कर रहे या अनाधिकृत जगहों पर कब्ज़ा किए हुए कुल 310 वेंडरों के चालान काटे गए। यह कार्रवाई पैदल चलने वालों के रास्तों में रुकावट, ट्रैफिक जाम और अवैध वेंडिंग गतिविधियों के कारण सार्वजनिक ज़मीन के दुरुपयोग के बारे में लंबे समय से मिल रही शिकायतों को देखते हुए महत्वपूर्ण है। नगर निगम ने दोहराया कि जहां एक ओर वैध स्ट्रीट वेंडरों के अधिकारों और आजीविका की कानून के अनुसार रक्षा की जाएगी, वहीं सार्वजनिक संपत्ति पर अतिक्रमण और वेंडिंग नियमों का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# सरकार कर रही पूरी तरह बस चुकी अवैध कॉलोनियों को नियमित करने की तैयारी: विपुल गोयल

-शहरी स्थानीय निकाय मंत्री के साथ मेयर, अधिकारियों व पार्षदों ने की बैठक

-नगर निगम क्षेत्र की अवैध कॉलोनियों को नियमित करने की पर 25 दिसंबर को होगा निर्णय

कर्मचारियों की संख्या में बढ़ोतरी करने, अवैध कॉलोनियों को नियमित करने, स्टॉर्म वाटर लाइन डालने समेत विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा

-नगर निगम कार्यालय के नए भवन के लिए 40 करोड़ रुपये देने पर मेयर ने जताया मंत्री का आभार

अर्थ प्रकाश/अवतार सिंह चुग



**यमुनानगर. 17 दिसम्बर ।** राजस्व एवं शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल के साथ मेयर सुमन बहमनी ने बुधवार को विधायक घनश्याम दास अरोड़ा, नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद, भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा, पूर्व मेयर मदन चौहान समेत सभी पार्षदों व अन्य नेताओं की मौजूदगी में अपने निवास स्थान पर बैठक की। बैठक में मेयर बहमनी ने 1996 में बसी 74 कॉलोनियों व जीआईएस (ज्योग्राफिकल इन्फॉर्मेशन सिस्टम) पोर्टल आने के बाद अन एप्रूव्ड हुई कॉलोनियों को नियमित करने, सफाई कर्मचारियों की संख्या में बढ़ोतरी करने, चांदपुर फ्लाईओवर के पास रेलवे लाइन के नीचे से स्टॉर्म वाटर लाइन निकालने, अंडरग्राउंड नालों की सफाई के लिए अत्याधुनिक मशीनें लेने समेत अन्य मांगे रखी। शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल ने अवैध कॉलोनियों को नियमित करने की मांग पर 25 दिसंबर को चंडीगढ़ में विधायक, मेयर व निगम के अधिकारियों के साथ बैठक कर उचित निर्णय लेने का आश्वासन दिया। इस दौरान मेयर ने नगर निगम कार्यालय के नए भवन बनाने के लिए 40 करोड़ रुपये देने पर आभार जताया। इससे पूर्व मेयर निवास पर शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल का पहुंचने पर मेयर सुमन बहमनी, विधायक घनश्याम दास अरोड़ा, भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा समेत सभी पार्षदों ने पुष्पगुच्छ देकर भव्य स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने मेयर, पार्षदों व अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में शहर के विकास, सफाई व्यवस्था, अवैध कॉलोनियों समेत विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। मेयर सुमन बहमनी ने मंत्री गोयल के समक्ष मांग रखते हुए कहा कि शहर की काफी कॉलोनियां ऐसी है तो पूरी तरह आबाद है, लेकिन ये कॉलोनियों अवैध होने के कारण इनमें विकास कार्य नहीं करवाए जा सकते है। जिससे लाखों शहरवासी परेशान है। इसके अतिरिक्त 1996 में बसी 74 कॉलोनियों को वैध कर दिया गया था। लेकिन जीआईएस (ज्योग्राफिकल इन्फॉर्मेशन सिस्टम) पोर्टल आने के बाद इन कॉलोनियों में भवनों का नियमित कर दिया गया। जीआईएस पोर्टल पर इन सभी कॉलोनियों को अनअप्रूव्ड श्रेणी में रखा गया है। जिसके कारण नगर निगम इन कॉलोनियों में विकास कार्य करवाने में असमर्थ है। इससे जनता परेशान है। नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद ने कहा कि पोर्टल आने के बाद जगाधरी क्षेत्र की 54 और यमुनानगर क्षेत्र की 22 कॉलोनियों को अवैध दर्शाया गया है। जो की टेक्निकल फाल्ट की वजह से हुई। इसे ठीक करने को लेकर उच्च अधिकारियों से बातचीत हुई है। शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल ने इस बारे में 25 दिसंबर को मंत्रालय में मेयर, विधायक की मौजूदगी में निकाय के उच्च अधिकारियों से बातचीत कर कॉलोनियों को नियमित करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य की काफी कॉलोनियों को नियमित करने की तैयारी में है। इस पर कार्य चल रहा है। उसमें नगर निगम यमुनानगर-जगाधरी की भी कुछ कॉलोनियों को नियमित किया जाएगा। इस दौरान मेयर ने मंत्री को बताया कि शहर की सफाई व्यवस्था बेहतर बनाने को लेकर कर्मचारियों की आवश्यकता होती है। नगर निगम कार्यालय में 1197 पद सफाई कर्मचारी के स्वीकृत है। जिनमें से 562 रिक्त है। जिसके चलते नगर निगम क्षेत्र की सफाई व्यवस्था बेहद प्रभावित होती है। इस दौरान मेयर बहमनी ने कई साल से रुके पड़े स्टॉर्म वाटर लाइन डालने के कार्य को निपटाया जाए। साथ ही शहर की नालियों, अंडरग्राउंड नालियों की सफाई के लिए अत्याधुनिक मशीनें खरीदने की भी बात रखी गई। मंत्री विपुल गोयल ने उन्हें सभी मांगों पर विचार विमर्श कर उचित कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। मौके पर आयुष विभाग के पूर्व निदेशक डा. सतपाल बहमनी, अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार, उप निगम आयुक्त कुलदीप मलिक, एक्सईएन विकास धीमान, एमई मृणाल जायसवाल, सुरेंद्र दहिया, सीएसआई अनिल नैन, राकेश त्यागी, भाजपा मंडल अध्यक्ष शुभम राणा, सभी पार्षद व भाजपा नेता मौजूद रहें।

# टेनामेंट्स कॉलोनी और रेजीडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के प्रतिनिधि मंडल ने अध्यक्ष अनिल दुबे के नेतृत्व में चीफ़ सेक्रेटरी से की मुलाक़ात

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह

**चंडीगढ़-** बुधवार को चंडीगढ़ टेनामेंट्स कॉलोनी और रेजीडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के प्रतिनिधि मंडल ने अध्यक्ष अनिल दुबे के नेतृत्व में चंडीगढ़ प्रदेश के चीफ़ सेक्रेटरी माननीय राजेश प्रसाद जी से मुलाकात की। और टेनामेंटस कोलोनिओ के मकानों के मालिकाना हक को लेकर ज्ञापन भी सोंपा।

प्रतिनिधि मण्डल में संस्था के चेयरमैन दीपक शर्मा,सलाहकार व चंडीगढ़ के पूर्व मेयर अरुण सूद, संस्था के उपाध्यक्ष बलबीर सिंह एवं रामलाल, सचिव सतपाल, ललित एवं रवि कुमार उपस्थित रहे।



अध्यक्ष अनिल दुबे ने बताया की एसोसिएशन की तरफ से चीफ़ सेक्रेटरी के समक्ष कालोनिवासियों की चिंता का विषय मालिकाना हक़ उनके समक्ष रखा । उनसे कॉलोनियों में रह रहे लोगों को उनके घरों की मिल्कियत प्रदान करने का आग्रह किया । इस मौक़े पर शहर के वेंडरों को उनके उचित स्थानों पर कार्य करने दिया जाए, उस अहम विषय पर उनसे चर्चा की।

चंडीगढ़ चीफ़ सेक्रेटरी राजेश प्रसाद ने चंडीगढ़ टेनिमेंट्स कॉलोनी और रेजीडेंट वेलफेयर एसोसिएशन संस्था के द्वारा बताए गए सारे विषय को सुनकर आश्वासन दिया कि चंडीगढ़ प्रशासन की तरफ से टेनामेंटस के मकानों में रह रहें लोगों की उचित माँग के लिए जल्द से जल्द उनके हक़ में रणनीति बनाई जाएगी। जिससे उन्हें राहत दी जा सके।

# मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम पर प्रस्तुत श्रेष्ठ रचनाओं की कालजयी कृति है 'राष्ट्र और राम' : डा राधाकृष्ण दीक्षित

*राष्ट्र और राम- एक काव्यांजलि का भव्य लोकार्पण

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**नई दिल्ली/** प्रयागराज बीते दिवस शनिवार को प्रयागराज स्थित राज्य शिक्षा संस्थान में एटा के जवाहर लाल नेहरू डिग्री कालेज के पूर्व छात्र रहे एवं सीआईएसएफ के सेवा निवृत्त असिस्टेंस कमांडेंट देवेंद्र सिंह की काव्य कृति के लोकार्पण प्रयागराज में संपन्न हुआ।

आयोजन 'काव्यांगन ' राष्ट्रीय साहित्यिक संस्था( पंजीकृत) के वार्षिक अधिवेशन में साहित्यिक जगत के मूर्धन्य विद्वानों की उपस्थित में आदरणीय डाक्टर राधाकृष्ण दीक्षित, सदस्य , उत्तर प्रदेश राज्य शिक्षा सेवा चतन आयोग एवम वरिष्ठ साहित्यकार आदरणीय महेन्द्र राय ( सेवानिवृत्त प्रोफेसर, आजमगढ़) के कर कमलों से प्रयागराज की पावन भूमि पर देवेंद्र सिंह के सद्यः प्रकाशित काव्य संग्रह 'राष्ट्र और राम-एक काव्यांजलि' का भव्य लोकार्पण सम्पन्न हुआ ।

देवेन्द्र सिंह ने वर्ष 1985 में जवाहरलाल नेहरू डिग्री कालेज एटा से प्रथम श्रेणी में स्नातक की उपाधि प्राप्त की थी और उसी समय जिले में होने वाले कवि सम्मेलनों में तत्कालीन प्रमुख कवियों को सुनकर उनके मन में भी काव्य के अंकुर फूटे लेकिन पुलिस फोर्स की सेवा के सर्वथा विपरीत वातावरण में सृजन का अंकुर पल्लवित नहीं हो पाया। सेवानिवृत्त होने के बाद उन्होने अपने साहित्य सृजन के उस जुनून को पुनः जाग्रत किया।

इस अवसर काव्यांगन राष्ट्रीय साहित्य संस्था के वरिष्ठ सदस्यों के अतिरिक्त वरिष्ठ शिक्षाविद श्री आर सी सिंह, साहित्यकार डाक्टर राकेश कुमार शर्मा सहित अनेक विद्वान रचनाकारों की गरिमामय उपस्थिति उल्लेखनीय रही ।

देवेन्द्र सिंह ने अपने काव्य संग्रह 'राष्ट्र और राम- एक काव्यांजलि' के सृजन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि पुलिस फोर्स में 37 वर्ष की उत्कृष्ट सेवाओं के दौरान जहाँ एक ओर राष्ट्र के प्रति अगाध प्रेम का भाव संपुष्ट हुआ और दूसरी ओर इसी दौरान राम मंदिर आंदोलन के दौरान राजनैतिक, एतिहासिक संदर्भों के अध्ययन और अनुभव ने मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के प्रति अनुराग उनकी काव्य चेतना के केन्द्र बिन्दु बने ।

अपने काव्य संग्रह में उन्होंने राष्ट्र और राम पर सृजित अपने पसंदीदा गीतों को एक संग्रह का रूप देकर पाठकों के सम्मुख प्रस्तुत किया है । वरिष्ठ साहित्यकार श्री महेन्द्र राय और श्री राधाकृष्ण दीक्षित जी ने पुस्तक के बारे में अपने विचार व्यक्त हुए संग्रह की सभी रचनाओं को उत्कृष्ट और पठनीय ही नहीं अपितु राष्ट्र और मर्यादापुरुषोत्तम श्रीराम पर प्रस्तुत एक श्रेष्ठ और कालजयी कृति बताया। रचनाकार को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि साहित्य जगत इस काव्य संग्रह का खुले मन से अभिनन्दन करेगा । मई 2024 में सेवानिवृत्त होने के बाद देवेन्द्र सिंह के अब तक चार काव्य संग्रह , 'बंदूक और कलम', गीतायन, एक और गीतांजलि एवम राष्ट्र और राम- एक काव्यांजलि प्रकाशित हो चुके हैं । इस अवसर पर एटा के ओल्ड स्टूडेंट्स



एसोसिएशन के सचिव पत्रकार राजू उपाध्याय एवं अध्यक्ष खेमचंद्र वार्ष्णेय वैद्य जी ने हार्दिक बधाई देते हुए आशा व्यक्त की है कि देवेंद्र सिंह की कृतियों का साहित्य जगत में स्वागत होगा।